RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 16
लखनऊ, सोमवार, 2 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नफरत भरे भाषण लोकतंत्र के लिए अच्छे नहीं: राजनाथ

राष्ट्रीय-8

## बिहार चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री का राहुल-तेजस्वी पर तंज

# डबल-डबल युवराज का होगा उप्र जैसा हाल

**दीपक उप्रेती।** नई दिल्ली

- उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में *राहुल-अखिलेश गठबंधन* की हुई थी बुरी तरह हार
- लालू के गढ़ छपरा में प्रधानमंत्री की ललकार, जंगलराज और सुशासन के बीच का अंतर समझे जनता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को विपक्ष पर हमला करते हुए राजद और कांग्रेस के महागठबंधन को वंशवाद चलाने वालों का गठबंधन करार दिया और कहा कि उनकी एकमात्र चिंता अपना परिवार है। उन्होंने बिहार के लोगों से आग्रह किया कि वे बिहार को 'फिर बीमार' न बनाए और 'जंगलराज तथा सुशासन' के बीच अंतर को देखे। बिहार में चुनाव अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पहले दौर के मतदान ने 'एनडीए के जीत के संकेत' दिए हैं।

पहले चरण के चुनाव में बुधवार को जिस तरह से मतदाता घरों से निकले वह यह साबित करता है कि नीतीश कुमार के शासन में एनडीए सरकार फिर सत्ता में लौट रही है। लालू राजनैतिक गढ़ छपरा में मोदी की पहली रैली थी। राजद नेता भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में सजा काट रहे हैं। बिहार में 28 अक्टूबर को पहले चरण के चुनाव में बुधवार को 54 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 3 नवंबर को 94 सीटों के लिए मतदान होगा। तीसरे चरण में 7 नवंबर को 78 सीटों के लिए वोटिंग होगी। मतगणना 10 नवंबर को होगी। प्रधानमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने तेजस्वी को 'जंगलराज का युवराज' तथा राहुल गांधी को 'दूसरा युवराज' बताते हुए कहा कि जिन्हें जनता पहले ही परख चुकी है। मोदी ने कहा कि बिहार में टक्कर 'डबल युवराज बनाम डबल इंजन' है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के



बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए समस्तीपुर में एक जनसभा में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

दौरान पुलवामा हमले, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण सहित केंद्र और बिहार सरकार की कल्याण योजनाओं का भी जिक्र किया।

मोदी ने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि जब देश के जवान शहीद हुए थे, उस वक्त सत्ता एवं स्वार्थ की राजनीति करने वालों ने खूब भ्रम फैलाने की कोशिश की और ऐसे लोग आज वोट मांग रहे हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे लोगों से सचेत रहने की अपील करते हुए कहा कि दो-तीन दिन पहले पड़ोसी देश ने पुलवामा हमले की सच्चाई को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि इस सच्चाई ने उन लोगों के चेहरे से नकाब हटा दिया, जो हमले के बाद अफवाह फैला रहे थे। गौरतलब है कि मोदी पाकिस्तान की इमरान खान सरकार के मंत्री फवाद चौधरी के वहां की संसद में पुलवामा हमले को लेकर दिए गए बयान का जिक्र कर रहे थे। फवाद ने पाकिस्तानी संसद में कहा था कि पुलवामा हमला उनकी (खान की) सरकार के कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि है। छपरा, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज देश में एक तरफ लोकतंत्र के लिए पूर्ण रूप से समर्पित राजग का गठबंधन है, दूसरी तरफ अपने निहित स्वार्थ को समर्पित पारिवारिक गठबंधन हैं।

उन्होंने विपक्षी महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए यह कहा। उन्होंने बिहार को बीमार होने से बचाने के लिये लोगों से राज्य में नीतीश कुमार नीत राजग को जनादेश देने की लोगों से अपील की। मोदी ने कहा कि आज बिहार के सामने, डबल इंजन की सरकार है, तो दूसरी तरफ डबल-डबल युवराज भी हैं। उनमें से एक तो जंगलराज के युवराज भी हैं।' उन्होंने कहा, 'डबल इंजन वाली राजग सरकार, बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, तो ये डबल-डबल युवराज अपने-अपने सिंहासन को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।' उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि तीन-चार साल पहले वहां भी 'डबल-डबल युवराज' बस के ऊपर चढ़कर लोगों के सामने

( शेष पेज 9 )

## मुठभेड़ में हिज्बुल के चीफ कमांडर सैफुल्लाह का सफाया



श्रीनगर में आतंकियों से मुठभेड़ के बाद घटना स्थल पर उपस्थित सुरक्षाबलों के जवान।

**मोहित कंधारी।** जम्मू

- वर्ष 2014 से था घाटी में सक्रिय, रियाज के मारे जाने के बाद पाक समर्थित आतंकी संगठन ने सौंपी थी कमान

**हिजबुल** मुजाहिदीन के चीफ ऑपरेशन कमांडर सैफुल्लाह उर्फ गाजी हैदर (कोड नाम) को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने रविवार की दोपहर श्रीनगर के रंगरेथ इलाके में मुठभेड़ में ढेर कर दिया। वह कश्मीर घाटी में सबसे वांछित आतंकवादियों में शामिल था और सुरक्षा बलों पर हुए कई हमलों में सीधे संलिप्त रहा था।

पुलिस रिकार्ड के मुताबिक मारे गए आतंकवादी की पहचान मलंगपोरा के रहने वाले सैफ उल इस्लाम मीर उर्फ डॉ. सैफ उर्फ गाजी हैदर के तौर पर हुई है। सैफुल्लाह वर्ष 2014 से कश्मीर में सक्रिय था और बीते मई में हिज्बुल मुजाहिदीन के कमांडर रियाज नायकू के मारे जाने के बाद उसे पाकिस्तान समर्थित संगठन हिज्बुल का ऑपरेशनल कमांडर बनाया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि शनिवार देर शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस के खुफिया नेटवर्क ने श्रीनगर के रंगरेथ इलाके में आतंकियों के शीर्ष कमांडरों में से एक की उपस्थिति के बारे में जानकारी दी थी।

रविवार की दोपहर बाद ऑपरेशन सुरक्षा बलों ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया। कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा

( शेष पेज 9 )

## सेना प्रमुख के नेपाल दौरे में सुलझ सकता है सड़क को लेकर उठा विवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मई में शुरू हुआ था गतिरोध, राजनाथ सिंह ने मानसरोवर जाने वाली सड़क का किया था उद्घाटन

**उत्तराखंड** से कैलाश मानसरोवर जाने वाली सड़क के निर्माण को लेकर नेपाल के साथ खड़ा हुआ विवाद शीघ्र सुलझ सकता है। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवाणे तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नेपाल जा रहे हैं। इस दौरान वह वहां के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से भी मिलेंगे। दोनों के बीच मुलाकात में इस मुद्दे पर बात हो सकती है।

लिपुलेख में सड़क का उद्घाटन बीते मई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था, लेकिन इसके खिलाफ नेपाल में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इससे दोनों पुराने और पारंपरिक दोस्तों के बीच संबंधों को में खटास आ गई थी। यह सड़क बनने पर कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा कई किलोमीटर कम हो जाएगी। भारत के सड़क निर्माण पर आपत्ति जताते हुए नेपाल ने कहा था कि इस सड़क का निर्माण उसके क्षेत्र में किया जा रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने इसे अपनी सीमा के भीतर बताया था और यह भी कहा था कि सड़क चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से कई किलोमीटर दूर है।

बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शनों के अलावा नेपाल ने अपने देश का नया नक्शा भी जारी किया जिसमें भारत के नियंत्रण वाले कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को अपने हिस्से में दिखाया गया। इससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया था। उस समय एक सेमिनार में चीन की ओर इशारा करते हुए नरवाणे ने कहा था कि नेपाल में भारत के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किसी अन्य के इशारे पर किए जा रहे हैं। सेना प्रमुख की इन टिप्पणियों के इतर नेपाली रक्षा मंत्री ईश्वर पोखरेल ने कहा था कि उन्होंने उन नेपाली गोरखा जवानों की भावनाओं को आहत किया है जो भारत की रक्षा के लिए अपना जीवन दांव पर लगा देते हैं।

द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत के अलावा दोनों देशों की सेनाओं के बीच लंबे समय से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी विशेष समारोह में एमएम नरवाणे को नेपाली सेना के जनरल के मानद रैंक की उपाधि से नवाजेंगी। भारत और नेपाल के बीच लंबे समय से मजबूत रक्षा संबंध हैं और दोनों देशों की सेनाएं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लेती हैं। यही नहीं, भारतीय सेना की सात रेजीमेंटों में लगभग 30,000 गोरखा सैनिक हैं। सूत्रों ने रविवार को नई दिल्ली में बताया कि सेना प्रमुख की यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी तथा संयुक्त प्रशिक्षण और अध्ययन के लिए सैनिकों के आदान-प्रदान के लिए वार्ता की संभावना तलाशेगी।

## यूपी में सात विधानसभा सीटों पर थमा प्रचार, मतदान कल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** की सात विधान सभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार रविवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। इन सभी सीटों पर तीन नवंबर को मतदान होगा। इन सीटों पर बीजेपी समेत कांग्रेस और सपा भी चुनाव मैदान में हैं।

वहीं बीजेपी के प्रत्याशियों के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले वर्चुअल कार्यकर्ताओं से संवाद किया फिर विधानसभावार जनसभा को संबोधित किया। चुनाव प्रचार में योगी सरकार के मंत्रियों की भी जिम्मेदारी प्रचार में निधार्रित की गई थी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष व महामंत्री की भी विधानसभावार जिम्मेदारी नियत की गई थी। 2017 के विधान सभा चुनाव में इन सात सीटों में छह बीजेपी के पास थी जबकि एक सपा के पास थी। भाजपा के दोनों उप मुख्यमंत्री एवं केशव प्रसाद मौर्य, एवं डॉ. दिनेश शर्मा सहित प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, फिल्म स्टार व सांसद रवि किशन के अलावा सरकार और संगठन के लोगों ने चुनाव प्रचार किया। रविवार शाम पांच बजे सभी सात सीटों पर चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अगले 48 घंटों के लिए ड्राई डे लागू हो गया है। शराब व बीयर तथा भांग की सभी लाइसेंसी दुकानें बंद कर दी गई। यह दुकानें मंगलवार 3 नवम्बर को मतदान खत्म होने के बाद खुलेंगी।

अमरोहा की नौगवां सादात, बुलंदशहर, फिरोजाबाद जिले की टूण्डला सुरक्षित, उन्नाव की बांगरमऊ, कानपुर नगर की घाटमपुर सुरक्षित, देवरिया और जौनपुर जिले की मल्हनी। रविवार की शाम से ही इन सातों जिलों से जुड़े प्रदेश के अन्य जिलों की सीमाओं पर चौकसी भी बढ़ा दी गई है। इस बार केन्द्रीय चुनाव आयोग ने कोविड-19 के मद्देनजर मतदान के लिए नयी गाईडलाइन जारी की हैं। इस नयी गाइडलाइन के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर अधिकतम एक हजार वोटर ही मतदान कर सकेंगे। इस

( शेष पेज 9 )

## जनांदोलन बने शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा: योगी

- कहा, जब तक बचपन स्वस्थ और सुरक्षित नहीं होगा तब तक सुनहरे उत्तर प्रदेश के सपना साकार नहीं हो सकता
- टीबी मरीजों की खोज के विशेष अभियान का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम के अवसर पर एक लाभार्थी को गोल्डेन कार्ड प्रदान करते हुए

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि जब तक बचपन स्वस्थ और सुरक्षित नहीं होगा तब तक सुनहरे उत्तर प्रदेश के सपना साकार नहीं हो सकता।

सीएम ने कहा है कि प्रदेश में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है, पर अब भी हमारे लिए यह एक बड़ी चुनौती है। हम इसे राष्ट्रीय औसत से नीचे लाने के लिए हर कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड संक्रमण काल में छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए समर्पित विशेष टीकाकरण अभियान, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत छूटे हुए लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरण तथा टीबी मरीजों की खोज के विशेष अभियान का शुभारंभ कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की हर प्रकार से सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार समर्पित है। कोविड संक्रमण काल में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए ज़रूरी टीकाकरण का कार्य रुक गया था। अब अभियान चला कर इसे पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का कार्य बुधवार एवं शनिवार के साथ अब सोमवार को भी होगा। अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में टीकों से छूटे हुए बच्चों को समस्त खुराकों से आच्छादित किया जाना है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत की संकल्पना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको स्तरीय चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत जैसी बेहतरीन योजना शुरू की है। इससे छूटे जरूरतमंदों के लिए मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना भी शुरू की

( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,614 | |
| निफ्टी | 11,642 | |
| सोना | 50,812 | /10g |
| चांदी | 60,098 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### गिलगित-बाल्टिस्तान को प्रांत का दर्जा देने के पाक के कदम को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने तथाकथित गिलगित बाल्टिस्तान को प्रांतीय दर्जा देने के पाकिस्तान के प्रयास की निंदा करते हुए कहा कि इसका मकसद इस्लामाबाद द्वारा इस क्षेत्र पर अवैध कब्जे को छिपाना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि इस्लामाबाद के अवैध और जबरन कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र के एक हिस्से में बदलाव लाने के पाकिस्तान के किसी भी प्रयास को भारत दृढ़ता से खारिज करता है और पड़ोसी देश से तत्काल उस इलाके को खाली करने को कहा। पाक प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा रविवार को गिलगित में कहा गया था कि उनकी सरकार ने गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र को अस्थाई प्रांत का दर्जा देने की घोषणा की थी।

## दंतेवाड़ा में 27 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से पांच पर इनाम घोषित था। एक अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का कहना है कि उन्होंने पुलिस के पुनर्वास अभियान से प्रभावित होकर और माओवादी विचारधारा से निराशा के चलते यह फैसला किया। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस ने इस साल जून में नक्सलियों के पुनर्वास के तहत लॉन वर्राु (अपने घरागांव लौटो) अभियान चलाया था, जिसके सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं और अब तक 177 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने कहा, इस हालिया मामले में, छह महिलाओं समेत 27 नक्सलियों ने जिले के बारसूर पुलिस थाने में पुलिस एवं सीआरपीएफ के

( शेष पेज 9 )

## अक्टूबर में कोरोना के 30 प्रतिशत कम मामले आए

- देश में पिछले 24 घंटों में 46,963 नए रोगी, 470 मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 81.84 लाख हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण के नए मामलों और कोविड-19 से होने वाली मौत की संख्या में सितंबर के मुकाबले अक्टूबर में लगभग 30 प्रतिशत की कमी देखी गई और ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 74.91 लाख पर पहुंच गई।

सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में संक्रमण के 46,963 नए मामले सामने आए तथा महामारी से 470 और मरीजों की मौत हो गई। मृतकों में से 74 महाराष्ट्र, 63 छत्तीसगढ़, 57 पश्चिम बंगाल, 41 दिल्ली और 31 तमिलनाडु के थे। इसके साथ ही कुल मामलों



की संख्या बढ़कर 81,84,082 हो गई और मृतकों की संख्या 1,22,111 पर पहुंच गई। अक्टूबर के पहले सप्ताह से कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है।

अक्टूबर के महीने में देश में संक्रमण के कुल 18,71,498 नए मामले सामने आए जो कि पिछले महीने सामने आए 26,21,418 मामलों से कम हैं। देश में तक सामने आए संक्रमण के मामलों की संख्या का यह लगभग 22.87 प्रतिशत है। पिछले महीने महामारी से 23,433 लोगों की जान चली गई थी जो कि कोविड-19 से अब तक हुई

( शेष पेज 9 )

## 2021 की दूसरी तिमाही में आएगा कोविड19 का टीका

- नियामक प्राधिकरणों से जरूरी मंजूरी मिलने के बाद भारत बायोटेक कंपनी का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दवा** बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक कोविड-19 के लिये अपने वैक्सीन (टीके) को अगले साल दूसरी तिमाही में पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारतीय नियामक प्राधिकरणों से अपेक्षित मंजूरी मिल जाने की स्थिति में कंपनी की यह योजना है। कंपनी फिलहाल देश के विभिन्न स्थानों पर तीसरे चरण के परीक्षण पर ध्यान दे रही है। कंपनी ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) के सहयोग से संभावित




टीके कोवैक्सीन को विकसित किया गया है। भारत बायोटेक इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक साई प्रसाद ने कहा कि यदि हम परीक्षण के अपने अंतिम चरण में मजबूत प्रायोगिक साक्ष्य और डेटा, प्रभावकारिता तथा सुरक्षा डेटा स्थापित करने के बाद सभी अनुमोदन प्राप्त करते हैं, तो हम 2021 की दूसरी तिमाही में इसे पेश करने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से तीसरे चरण का नैदानिक परीक्षण करने के लिये अनुमोदन प्राप्त करने के बाद तीसरे चरण के परीक्षण के लिये स्थलों की तैयारी शुरू की गई है। प्रसाद ने कहा कि 13-14 राज्यों में 25 से 30 स्थलों पर आयोजित होने वाले इस चरण में वैक्सीन और प्लेसबो प्राप्तकर्ताओं को दो खुराकें दी जाएंगी। एक अस्पताल में लगभग 2,000 लोगों को पंजीकृत किया जा सकता है।

वैक्सीन पर निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा निवेश वैक्सीन के विकास और नई विनिर्माण सुविधाओं के लिये लगभग 350-400 करोड़ रुपये है। इसमें अगले तीन महीनों में चरण 3 नैदानिक परीक्षण के संचालन के लिये हमारा निवेश शामिल हैं। हम सरकारी और निजी दोनों बाजारों के लिए आपूर्ति करना चाहते हैं। हम संभावित आपूर्ति के लिये अन्य देशों के साथ प्रारंभिक चर्चा में भी हैं।' प्रसाद ने कहा कि वैक्सीन की कीमत अभी निर्धारित नहीं की गई है, क्योंकि कंपनी अभी भी उत्पाद विकास की लागत देख रही है। उन्होंने कहा कि हमारा तत्काल ध्यान साइटों पर सफलतापूर्वक चरण 3 का परीक्षण करना है।

# यूपी में हुईं सबसे अधिक डेढ़ करोड़ कोरोना जांचें: योगी

● लखनऊ में डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए साफ-सफाई का अभियान पूरी सक्रिता से चलाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में अब तक देश भर में सबसे ज्यादा कोरोना जांचें की गई हैं। यह ग्राफ 1.5 करोड़ जांचों से अधिक हो चुका है जो एक रिकार्ड है। उन्होंने प्रदेश में कोरोना पर प्रभावी अंकुश के लिए रणनीति बनाने के निर्देश दिए। साथ ही लखनऊ में डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए साफ-सफाई का अभियान पूरी सक्रियता से चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एण्टीलार्वा छिड़काव और फागिंग भी नियमित रूप से करवाई जाए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि डेंगू और अन्य संचारी रोगों के देखते हुए सभी को कोरोना के प्रति निरन्तर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। कोरोना की रोकथाम के संबंध में निर्धारित प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन सभी को इस संक्रमण से बचा सकता है। मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी, हाथों को साबुन से बार-बार धोना और सैनिटाइज करने से इस बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने कोविड.19 के प्रसार को रोकने के लिए लोगों को एसएमएस यानी सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और सैनिटाइज़ेशन के प्रति जागरूक किए जाने पर बल दिया।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई और सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा. रजनीश दुबे और सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## आलू-प्याज और दालों के दाम सख्ती से रोकें: सीएम

● जमाखोरों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई करने के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि आलू, प्याज, सब्जियों और दाल के दामों को सख्ती से नियंत्रित किया जाए। जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जमाखोरों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार इन आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के सभी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी के माध्यम से मुनाफाखोरी में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार जनता की कठिनाइयों के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है। जनता को राहत देने के लिए सभी सम्भव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमाखोरों के खिलाफ प्रभावी ढंग से छापेमारी की कार्रवाई कर आलू, प्याज, सब्जियों और दालों इत्यादि की बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

नियंत्रण के लिए कार्यवाही तेजी से जारी रखी जाए। सैनिटाइजेशन पूरी सक्रियता से किया जाए। कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया का प्रभावी इस्तेमाल किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के खिलाफ पूरी सतर्कता और सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। त्योहारों, पर्वों को

# ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले गया सिंह ने की सीएम से भेंट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सुलतानपुर** जिले में ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले गया प्रसाद सिंह उर्फ मुरारी सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले किसान गया प्रसाद का जिक्र मन की बात कार्यक्रम में किया था। लम्भुआ के ग्राम कोयरा खुर्द में गया प्रसाद सिंह प्रदेश के इकलौते किसान हैं जो चाइनीज फल ड्रैगन फ्रूट की खेती आर्गेनिक तरीके से बड़े पैमाने पर करते हैं। गया सिंह ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट असल में वियतनाम का है। गया सिंह के मुताबिक आर्गेनिक तरीके से प्रदेश में बड़े स्तर पर ड्रैगन फ्रूट की खेती की जा सकती है। इससे किसानों की आय में 8 गुना तक की बढ़ोत्तरी होगी। गया सिंह करीब 100 आरसीसी के पिलर पर ड्रैगन फ्रूट उगाते हैं।

# मतदाताओं को डराने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि तीन नवम्बर 2020 को होने वाले राज्य विधान सभा के उपचुनावों में सातों सीटों पर जनता ने भाजपा को हराने और समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के प्रत्याशी को जिताने का मन बना लिया है। अपनी हार के अंदेशे में भाजपा अब सत्ता का दुरुप्रयोग कर मतदाताओं को भयभीत करने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है। भाजपा को लोकतंत्र, लोकलाज और लोकमर्यादा के प्रति कभी आस्था नहीं रही है। वह तो सत्ता पाने के लिए कुछ भी गलत करने में परहेज नहीं करती है। इसलिए उपचुनावों में मतदान की स्वतंत्रता और निष्पक्षता बनी रहे इसके लिए चुनाव आयोग को संवेदनशील क्षेत्रों में केन्द्रीय सुरक्षा बल लगाना चाहिए और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में कड़ाई बरतनी चाहिए। अखिलेश ने कहा कि उप चुनावों को प्रभावित करने के लिए भाजपा सरकार के मंत्रीगण सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं। बेसिक शिक्षामंत्री तो शिक्षकों से सीधे ही भाजपा के पक्ष में मत डलवाने को कह रहे है। प्रधानों, कोटेदारों, लेखपालों और पुलिस कर्मियों को धमकी और प्रलोभन देकर भाजपा सरकार मनमानी करने पर उतारू है। लेकिन भाजपा की नीति, नीयत, चाल और चरित्र से जनता भलीभांति परिचित हो चुकी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की जनता से आव्हान किया कि उपचुनावों को आप पूरी गम्भीरता से लें। आज लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। उपचुनावों के परिणामों से तय होगा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति किस रास्ते पर जाएगी। मतदाताओं के लिए विकास और विनाश के बीच चुनाव है। एक ओर सौहार्द, सर्वतोमुखी विकास और सभी के सम्मान की सुरक्षा और गारन्टी है तो दूसरी ओर विद्वेष और बदले की राजनीति है।

# बीएसपी उम्मीदवारों को जिता कर विरोधियों को दें राजनीतिक संदेश: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सूबे में** 3 नवम्बर को प्रस्तावित विधानसभा उपचुनाव को लेकर रविवार शाम को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। ऐसे में प्रचार की अवधि समाप्त होने से पूर्व बसपा सुप्रीमो मायावती ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बीएसपी के उम्मीदवारों को सफल बनाकर विरोधियों को सही राजनीतिक संदेश दें तो बेहतर होगा।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पट ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश की 7 व मध्यप्रदेश की 28 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव हेतु प्रचार की आज समाप्ति के साथ ही आगामी 3 नवम्बर के मतदान पर सभी का ध्यान केन्द्रित है। मतदाताओं से अपील है कि वे बीएसपी के उम्मीदवारों को सफल बनाकर यहाँ विरोधियों को सही राजनीतिक संदेश दें तो बेहतर। वहीं बिहार चुनाव को लेकर बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि बिहार विधानसभा आमचुनाव के अन्तर्गत दूसरे चरण में 94 सीटों पर प्रचार की प्रक्रिया आज समाप्त होने के साथ ही 3 नवम्बर को मतदान पर समग्र ध्यान केन्द्रित है। मतदाताओं से अपील है कि उन्होंने जदयू व राजद गठबंधन की सरकारों को बहुत आजमाया है। अब हमारे नए गठबंधन को एक मौका जरूर दें।

# रोजगार देकर स्थानीय लोगों को जंगल से जोड़ें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● टाइगर रिजर्व में हेरिटेज लुक के लिए बनाया जाए थारू हट: दारा सिंह चौहान

● वन मंत्री ने दुधवा एवं पीलीभीत टाईगर रिजर्व के वर्ष 2020-21 के पर्यटन सत्र का किया आनलाइन शुभारम्भ

**प्रदेश के** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि वन मैन-वन जॉब की तर्ज पर दुधवा नेशनल पार्क एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व में ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये। स्थानीय लोगों को ड्राईवर, गाइड आदि पदों पर रखने से वे जंगल के प्रति समर्पित भाव से काम करेंगे। यह विचार श्री चौहान ने रविवार को वन विभाग के मुख्यालय पर दुधवा नेशनल पार्क एवं पीलीभीत टाईगर रिजर्व के वर्ष 2020-21 के पर्यटन सत्र के आनलाइन शुभारम्भ के उपरान्त व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पूर्व में पर्यटन सत्र 15 नवम्बर से आरम्भ हुआ करता था, परन्तु कतिपय स्रोतों से यह अनुरोध प्राप्त होने पर कि जिस प्रकार अन्य प्रदेशों में टाइगर रिजर्व 15 अक्टूबर से खोल दिये जाते हैं उसी प्रकार उत्तर प्रदेश के टाइगर रिजर्वो को भी खोला जाये। विभाग के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाईगर रिजर्व 15 दिन पहले खोल दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व के आस पास थारू हट बनाया जाए, जिससे टाइगर रिजर्व को हेरिटेज लुक मिल सके।

उन्होंने कहा कि सबसे खास बात यह रही कि सैलानियों के स्वागत के लिए शेरनी ने आज चार बच्चों को जन्म भी दिया है, यह बड़े हर्ष का विषय है। इससे पहले दुधवा में पिछले साल का विश्व रिकार्ड है कि शेरनी ने एक साथ 5 बच्चों को जन्म दिया था।

वन मंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश दिये कि पर्यटन हेतु विकसित संसाधनों के अतिरिक्त स्थानीय निवासियों को सैलानियों के होम स्टे हेतु संसाधन विकसित कराकर जोड़ने का प्रयास किया जाये। उन्होंने कहा कि सैलानियों के लिए उपलब्ध पर्यटन सुविधा के आधार पर प्रतिदिन भ्रमण किये जाने वाले सैलानियों की संख्या निर्धारित की जाये तथा सैलानियों की उत्सुकता के लिए उनके भ्रमण के दौरान एक से दो मिनट का संक्षिप्त वीडियों क्लिप तैयार कराकर उनके अनुभवों एवं सुझावों को भविष्य में उन्हें उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के लिए आधार बनाया जाये। श्री चौहान ने कहा कि विश्व में काजीरंगा के बाद दुधवा नेशनल पार्क में गैंडा पाया जाता है और विभाग से यह अपेक्षा करता हूं कि आने वाले समय में काफी स्कीम लाई जाएं, जिससे सैलानियों को और सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उनहोंने कहा पूरे विश्व में उत्तर प्रदेश को ख्याति मिले इसके लिए विभागीय कर्मी पूरी निष्ठा के साथ मिलकर काम करें।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव सुधीर गर्ग ने आनलाइन उद्घाटन के मौके पर कहा कि 15 दिन पहले दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाइगर रिजर्व को खोलना गर्व की बात है। साथ ही विभागीय अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन में अधिकतम कितने सैलानी जा सकते हैं इसका निर्धारण अधिकारी कर लें क्योंकि जब तक सैलानी व्यवस्थाओं से संतुष्ट नहीं दिखेंगे तबतक हम अपनी कार्ययोजना को सफल नहीं मान सकते हैं। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव सुनील पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष डा. राजीव गर्ग, प्रबन्ध निदेशक वन निगम अजय कुमार और मुकेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# उपचुनाव: विधानसभा की सात सीटों पर निर्दलीय समेत 88 प्रत्याशी मैदान में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● दागी व बागी दोनों ठोंक रहे ताल

**यूपी की** सात सीटों पर उप चुनाव के लिए मतदान तीन नवंबर को होगा जिनमें से पहले छह सीटें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और एक सीट समाजवादी पार्टी के पास रही है। इस उपचुनाव का परिणाम 10 नवंबर को आएगा। सातों सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में निर्दलीय समेत कुल 88 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सर्वाधिक 18 प्रत्याशी बुलंदशहर सीट पर हैं। जौनपुर जिले की मल्हनी सीट पर 16 उम्मीदवार आमने-सामने हैं। अमरोहा जिले की नौगांव-सादात सीट और देवरिया सीट पर 14-14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा फिरोजाबाद की टूंडला और उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर 10-10 उम्मीदवार मैदान में हैं जबकि कानपुर की घाटमपुर विधानसभा सीट पर सबसे कम छह उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा, सपा, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने इस चुनाव में अपने-अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

यह चुनाव सत्तारुढ़ दल के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है क्योंकि 2017 के आम चुनाव में इनमें से छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। हालांकि सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का लक्ष्य 2022 का विधानसभा चुनाव है और जीत की शुरुआत उपचुनाव से ही होगी। राज्य सरकार में मंत्री रहे पूर्व क्रिकेटर चेतन चौहान के निधन से रिक्त हुई नौगांव-सादात सीट पर भाजपा से उनकी पत्नी संगीता चौहान, कांग्रेस से कमलेश सिंह, सपा से जावेद अब्बास, बसपा से फुरकान और राकांपा से हशमत अली समेत अन्य उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य सरकार में मंत्री कमल रानी वरुण के निधन के रिक्त हुई घाटमपुर सीट पर भाजपा से उपेंद्र नाथ पासवान, सपा से इंद्रजीत कोरी, बसपा से कुलदीप संखवार और कांग्रेस से डॉ कृपा शंकर उम्मीदवार हैं। विधानसभा में बीजेपी के मुख्य सचेतक रहे वीरेंद्र सिंह सिरोही के निधन के बाद भाजपा ने बुलंदशहर सीट पर सिरोही की पत्नी ऊषा सिरोही, बसपा ने मोहम्मद युनूस, कांग्रेस ने सुशील चौधरी और राष्ट्रीय लोकदल ने प्रवीण कुमार सिंह को मौका दिया है। सपा ने इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल को समर्थन दिया है। उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर कांग्रेस से आरती बाजपेयी, बसपा से महेश प्रसाद और बीजेपी से श्रीकांत कटियार चुनाव मैदान में हैं जबकि सपा ने यहां सुरेश कुमार पाल को मैदान में उतारा है। बांगरमऊ सीट विधायक कुलदीप सेंगर के सजायाफ्ता होने से रिक्त हुई है। भाजपा विधायक जनमेजय सिंह के निधन से रिक्त हुई देवरिया सीट पर बीजेपी से सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, सपा से ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, बसपा से अभय नाथ त्रिपाठी और कांग्रेस से मुकुंद भाष्कर चुनाव मैदान में हैं। देवरिया में भाजपा से टिकट न मिलने पर जनमेजय के पुत्र अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। सपा विधायक पारसनाथ यादव के निधन से रिक्त हुई मल्हनी सीट पर सपा ने लकी यादव, बीजेपी ने मनोज कुमार सिंह, बसपा ने जयप्रकाश दुबे, कांग्रेस ने राकेश मिश्र को मौका दिया है। मल्हनी सीट पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह भी किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा सरकार में मंत्री रहे एसपी सिंह बघेल के आगरा से सांसद बनने के बाद रिक्त हुई टूंडला सीट पर भाजपा से प्रेम पाल सिंह धनगर, सपा से महराज सिंह धनगर और बसपा से संजीव चक मैदान में हैं। यहां कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन पहले ही निरस्त हो चुका है।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ व चौरसिया महासभा के कई पदाधिकारियों ने ली अपना दल की सदस्यता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पूर्व केंद्रीय मंत्री** एवं अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में चौरसिया महासभा व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अनुप्रिया पटेल ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए पदाधिकारियों से मुलाकात की और पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने त्यौहारों एवं सर्दियों के मौसम में कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की। श्रीमती पटेल ने कहा कि जब तक वैक्सीन न आ जाए तब तक कोरोना से बचाव के लिए महत्वपूर्ण नियमों का पालन करना जरूरी है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ के प्रदेश संगठन मंत्री सुनील पाल, चौरसिया महासभा के लखनऊ मंडल के अध्यक्ष सुनील चौरसिया, लखनऊ मंडल के चौरसिया महासभा के प्रभारी राजेश चौरसिया, चौरसिया महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चौरसिया, चौरसिया महासभा के युवा मंच के प्रदेश मंत्री लक्ष्मण चौरसिया सहित कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार, प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री जयकुमार सिंह जैकी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रेखा पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# डायट के शिक्षक निभाएंगे मेंटर की भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद स्तर** पर संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता अब मेंटर की भूमिका भी निभाएंगे। जिससे वो परिषदीय विद्यालयों का मुआयना कर सकें। इसके लिए राज्य परियोजना निदेशक ने सभी डायट प्राचार्यों को निर्देश जारी कर कदम उठाने को कहा है। राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद के स्तर से जारी आदेश में सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया है कि सभी प्रवक्ता को मेंटर जरूर बनाएं। यदि किसी जनपद में ब्लाक की संख्या कम है तो एक ब्लाक में विद्यालय की संख्या के आधार पर दो या तीन डायट मेंटर नियुक्त किए जाएं। साथ ही इनके बीच न्याय पंचायत का बंटवारा किया जाए जिससे सभी डायट मेंटर अपनी न्याय पंचायत या विकासखंड में विद्यालय का सपोर्टिव सुपरविजन कर सकें। यदि कहीं पर ब्लाक संख्या अधिक है और डायट प्रवक्ताओं की संख्या कम है तो एक प्रवक्ता को एक से अधिक ब्लाक का मेंटर बनाया जाए। यह भी निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मेंटर महीने में कुल दस विद्यालयों का सपोर्टिव सुपरविजन जरूर करें।

# फसल अवशेष न जलाने को लेकर चलाया जाए जागरूकता अभियान

● एनसीसी,एनएसएस तथा भारत स्काउट एवं गाइड की ली जाएं सेवाएं: देवेश चतुर्वेदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा फसल अवशेष, कूड़ा या अन्य अवशेष न जलाने के प्रति जनसामान्य के मध्य जागरूकता अभियान चलाने के लिए जनपद में स्थित एनसीसी,एनएसएस तथा भारत स्काउट एवं गाइड की सेवाएं लिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए जनपद में स्थित इन संस्थाओं के जनपद स्तरीय प्रमुख एवं संयोजक के साथ बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार कर ली जाए। सरकार द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि जनपद में स्थित समस्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षारत विद्यार्थियों व अन्य स्वयंसेवकों का सहयोग लिया जाए। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी ने देते हुए बताया कि इस संबंध में कृषि विभाग द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



अपर मुख्य सचिव ने बताया कि जारी निर्देशों में इन संस्थाओं के वॉलिंटियर्स द्वारा अपने गांव के निवासियों को पराली जलाने से हो रहे नुकसान, बढ़ते हुए प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य को हो रहे नुकसान तथा पराली जलाने से मृदा को हो रहे नुकसान तथा इसके कारण कोरोना इलाज में आने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि वॉलिंटियर्स के समझाने के उपरांत भी किसी व्यक्ति द्वारा पराली व कूड़ा जलाया जाता है, तो इसकी सूचना जिले में स्थापित राजस्व विभाग के कंट्रोल रूम को दी जाए। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से भी छात्रों के मध्य संदेश प्रसारित किया जाए, जिससे वह अपने क्षेत्र में किसानों को पराली प्रबंधन हेतु जागरूक कर सकें। जनपद में स्थित समस्त विभागों के प्रचार वाहनों का उपयोग कर पराली प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को हो रहे नुकसानए कोरोना संकटकाल में कोरोना के मरीजों पर इसके दुष्प्रभाव तथा स्वास्थ्य के नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए।

डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ नगरीय क्षेत्र में भी कूड़ा जलाने एवं अन्य अपशिष्ट जलाने की घटनाओं से प्रदूषण बढ़ रहा है। इस कार्य में भी एनसीसी, एनएसएस एवं भारत स्काउट व गाइड के स्वयंसेवकों की सहायता ली जाए। स्वयंसेवकों का कार्य पराली अथवा कूड़ा आदि न जलाने के संदेश को जनसामान्य तक पहुंचाने हेतु प्रचार प्रसार करना, लोगों को प्रेरित करना और समझाना है। स्वयंसेवकों को किसी प्रकार की कठिनाई एवं सूचना आदान प्रदान के लिए जिले में स्थापित कंट्रोल रूम से संपर्क करना होगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भूड़ाखान विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी।

पत्रांक/टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21/दिनांक 27.10.2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भूड़ाखान वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वां/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्रपत्र निधयों से पंचायत भवन/इण्टरलाकिंग मार्ग, खड़ंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईंट, सीमेन्ट, रोडी, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.11.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन निर्माण कार्य | 1274000.00 | 20000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 27.10.2020 से 02.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम भूड़ाखान के नाम बंधक होनी चाहिए।

अशोक कुमार
प्रधान
ग्राम पंचायत-भूड़ाखान
विकास खण्ड-मोहम्मदी जनपद-खीरी

चित्र बहादुर क्षेत्री
सचिव
ग्राम पंचायत-भूड़ाखान
विकास खण्ड-मोहम्मदी जनपद-खीरी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582




# वृंदावन क्षेत्र में मारपीट, प्रापर्टी डीलर की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 5 डी में शनिवार देर रात दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुछ आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक मृतक अफसान सिद्दीकी पुत्र करम अली मूल निवासी मलिहाबाद अपने दो भाइयों इमरान सिद्दीकी, सलमान सिद्दीकी और अपनी पत्नी के साथ सेक्टर 6 बी–296 वृन्दावन योजना पीजीआई में परिवार के साथ किराए पर रहता था। मृतक प्रापर्टी डीलर का काम करता था और टैम्पो भी चलवाता था।

लोगों का कहना है कि मृतक तेलीबाग इलाके में दबंगई के दम पर अक्सर बवाल करता था पुलिस भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं करती थी। कमजोर टैम्पो चालक अक्सर उसकी अभद्रता का शिकार होते थे। कद काठी से मजबूत अफसान सिद्दीकी ने पत्नी के रहते हुए वृंदावन योजना सेक्टर 5 डी में एक महिला को रखैल बना कर रखा था। शनिवार देर रात अफसान सिद्दीकी अपने कुछ साथियों दानिश, जानिब और समीर सिद्दीकी के साथ सेक्टर 5 डी में उसी महिला से मिलने गया था जहां उसका स्थानीय युवकों से महिला से मिलने आने की बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें हुई मारपीट में मृतक अफसान सिद्दीकी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे लोक बंधु



अस्पताल फिर वहां से ट्रामा सेन्टर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक अफसान सिद्दीकी 35 वर्ष के भाई इमरान सिद्दीकी ने महिला रिंकी व रिंकी के पति नाम अज्ञात, रिंकू उर्फ भौकाली, राशिद, रमेश चंद्र निवासी तेलीबाग व अन्य अज्ञात के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उक्त घटना क्रम में शामिल नामजद लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जांच पड़ताल की जा रही है। इंस्पेक्टर पीजीआई कण्व कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक अपने साथियों के साथ सेक्टर 5 डी किससे मिलने गया था और विवाद का कारण क्या था, इस की पूरी जानकारी इकट्ठा की जा रही है और उसी आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शाइन व सॉलिटेयर सिटी कालोनी पर

# चला बुलडोजर, ढहाए गए अवैध निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अवैध** निर्माणों के खिलाफ जिला प्रशासन और एलडीए द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। शाइन सिटी, सॉलिटेयर सिटी कालोनी के अवैध निमार्ण पर जिला अधिकारी के आदेश पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। एलडीए की विहित प्राधिकारी की सुनवाई के दौरान मानचित्र स्वीकृत न होने के इन निमार्ण को अवैध घोषित किया गया था। वहीं मोहनलाल गंज और मलिहाबाद में खाली कराई रिक्त भूमि का बाजार मूल्य 2 करोड़ 30 लाख 40 हज़ार 2 सौ रुपये आंका गया है।

रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा शहर में किये गए अवैध निर्माणों को ध्वस्तीकरण करने की योजना पर प्रारम्भ कर दी गई है। राशिद नईम, मेसर्स शाइन सिटी, सॉलिटेयर सिटी कालोनी, नहर के किनारे, मोहनलालगंज, गोसाईगंज रोड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए कालोनियों का निर्माण किया जा रहा था। अवैध निर्माण किये जाने पर प्राधिकरण विहित न्यायालय में वाद सँख्या 18–2018 योजित था। स्वीकृत मानचित्र न प्रस्तुत किये जाने और अवैध निर्माण किये जाने पर 4 दिसम्बर 2019 को ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए। जिला प्रशासन व लखनऊ विकास

**संयुक्त टीम ने 2 करोड़ 30 लाख 40 हजार रुपये मूल्य की 5.468 हेक्टेयर भूमि अवमुक्त कराई**



प्राधिकरण की टीमों ने क्षेत्रीय पुलिस थाना के पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से स्थल पर अवैध रूप से किये गए विकास कार्यो तथा निर्माणों को ध्वस्त किया गया। जिलाधिकारी एवं एलडीए के उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस अभियान पर पहले दिन लगभग 5.468 हेक्टेयर भूमि खाली कराई जा चुकी है। रिक्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ 30 लाख 40 हज़ार 2 सौ रुपये है। तहसीलवार मुक्त कराई गई भूमि मोहनलालगंज 1.043 हेक्टेयर मूल्य 39,63,400 और मलिहाबाद 4.425 हेक्टेयर मूल्य 1 करोड़ 90 लाख 76 हज़ार है।

# टोकन व्यवस्था बन गई सिरदर्द

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ट्रांसपोर्टनगर** आरटीओ कार्यालय में आवेदकों की सुविधा और कोरोना संक्रमण से बचने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई। अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता खुलेआम टोकन के चक्कर में आवेदकों के बीच सामाजिक दूरी तार तार होती नजर आ रही है। आलम यह है कि टोकन लेने के लिए आवेदकों की लंबी कतार है। जहां सोशल डिस्टेंसिंग की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

आरटीओ में टोकन व्यवस्था इसलिए लागू की गई थी ताकि आवेदकों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा सके, लेकिन ठीक उसका उल्टा हो रहा है। टोकन मिलने में देरी होने से आवेदक रोजाना हंगामा कर रहे हैं। कर्मचारियों से उलझ रहे हैं। ऐसे में पूछताछ काउंटर पर टोकन बांटने के लिए बैठे कर्मचारियों पर पैसा लेकर टोकन देने का आरोप आवेदक लग रहे हैं। वहीं डीएल बनवाने

**सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ रहीं धज्जियां**

के लिए आवेदकों को चार बार लाइन में लगना होगा। पहला टोकन लेने के लिए, दूसरा फोटो खिंचवाने के लिए, तीसरा बायोमैट्रिक लगाने के लिए और चौथा कंप्यूटर पर टेस्ट देने के लिए।आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी बताते है कि शुरूआत में परेशानी हो रही है। धीरे धीरे सब ठीक हो जाएगा। आवेदकों को डीएल संबंधी काम के लिए टोकन लेने पुरानी बिल्डिंग आना होगा। यहां से टोकन लेकर बाकी काम नई बिल्डिंग के सारथी भवन में होगा। आरटीओ ऑफिस में सोशल डिस्टेंसिंग की व्यवस्था के लिए लागू हुई टोकन व्यवस्था यहां के अधिकारियों के लिए गले की हड्डी बन गई है। हालांकि इस व्यवस्था के चलते यहां पर तलवारे खिंच गई है। आरटीओ ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारी और ऑनलाइन व्यवस्था

*मुख्यालय से जो आदेश जारी किया गया है, वह जनता के हित में लिया गया है। भीड़ में लोग एक साथ ना पहुंचे इसी के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है। टोकन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।*

**रामफेर द्विवेदी, आरटीओ प्रशासन**

का काम देखने के वाले स्मार्ट चिप के लोगों में ही विवाद शुरू हो गया है। मामला सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। टोकन का खामियाजा आवेदकों को भी भुगतना पड़ रहा है। पहले जहां लाइसेंस के लिए आने वाले आदेवकों को एक से डेढ़ घंटे ही समय यहां लगता था वहीं अब वे तीन से चार घंटे यहां पर खड़े होने को मजबूर हैं। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि पहले की व्यवस्था बेहतर थी। लेकिन परिवहन विभाग से पहुंचे आदेश के खिलाफ नहीं बोल पा रहे हैं। बताते चलें कि तकरीबन एक हफ्ता पहले आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस के लिए टोकन की व्यवस्था शुरू हुई। लर्निंग और स्थाई लाइसेंस के लिए आने वालों को बायोमैट्रिक कराने से पहले टोकन लेना अनिवार्य कर दिया गया। पहले टोकन वितरण की जिम्मेदारी स्मार्टचिप कंपनी के कर्मचारियों को दी गई। जब वहां पर दलाल पहुंचने लगे तो आरटीओ ऑफिस ने अपने एक कर्मचारी की नियुक्ति ही इसके लिए कर दी। इस कर्मचारी से भी दलालों ने सौ से पांच सौ रुपए में टोकन लेना शुरू कर दिया। इसका खुलासा भी तब हुआ जब 60 नंबर का टोकन लेकर आवेदक सबसे पहले खिड़की पर पहुंच गया। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि टोकन के चलते स्मार्टचिप कंपनी और आरटीओ ऑफिस के कर्मचारी आमने सामने हो गए है। यहां आने वाले आवेदकों ने बताया कि टोकन के चक्कर में अब उन्हें चार से पांच घंटे यहां बिताना पड़ रहा है। टाइम स्लॉट के अनुसार पहले जो व्यवस्था चल रही थी, वह सही थी।

# राजधानी में कोरोना के 253 नए मामले मिले

**लखनऊ।** कोरोना के सेकेंड वेब को सूबे में रोकने के लिए सरकार की तरफ से किये जा रहे प्रयास के बीच इसके प्रसार में काफी कमी देखने को मिल रही है। सूबे में रविवार को कोरोना वायरस के 1989 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 253 केस सामने आए हैं। सूबे में 23323 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3151 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7051 मरीजों की और राजधानी में 886 की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 253, कानपुर में 72, प्रयागराज में 76, गोरखपुर में 57, गाजियाबाद में 154, वाराणसी में 76, नोएडा में 173, मेरठ में 121, बरेली में 34, मुरादाबाद में 19, अलीगढ़ में 34, झांसी में 26, सहारनपुर में 22, बाराबंकी में 21, अयोध्या में 23, आगरा में 53, बलिया में 34, लखीमपुर खीरी में 17 , शाहजहांपुर में 7, देवरिया में 8, मुजफ्फरनगर में 20, जौनपुर में 13, महाराजगंज में 22, कुशीनगर में 20, आजमगढ़ में 27, हरदोई में 20, रामपुर में 9, इटावा में 17, मथुरा में 20, गाजीपुर में 15, बस्ती में 20, गोंडा में 12, बुलंद शहर में 24, प्रतापगढ़ में 11, सीतापुर में 11, उन्नाव में 8, सुल्तानपुर में 22, फर्रुखाबाद में 12, पीलीभीत में 8, चंदौली में 16, सिद्धार्थ नगर में 11, रायबरेली में 20, बहराइच में 12, सोनभद्र में 16, बिजनौर में 4, अमरोहा में 12, हापुर में 30, बदायूं में 10, मैनपुरी में 8, फिरोजाबाद में 16, कन्नौज में 13, संत कबीर नगर में 9, अमेठी में 14, फतेहपुर में 21, ललितपुर में 3, शामली में 9, मिर्जापुर में 6, मऊ में 5, जालौन में 23, औरैया में 16, संभल में 10, बांदा में 22, एटा में 5, भदोही में 4, कानपुर देहात में 9, कौशांबी में 11, बलरामपुर में 5, चित्रकूट में 10, कासगंज में 7, अम्बेडकर नगर में 2, बागपत में 25, हमीरपुर में 3, हाथरस में 3, श्रावस्ती में 4, महोबा में 5 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

**सूबे में 1989 और मरीज पाए गए**

## तेज रफ्तार बस ने युवती को रौंदा, मौत

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट इलाके में अयोध्या हाईवे पर बीबीडी के पास रविवार देर शाम एक तेज रफ्तार अनुबंधित बस में सड़क पार कर रही युवती को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहींए पुलिस ने आरोपी चालक को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6.30 बजे अनुबंधित बस सवारी लेकर बाराबंकी जा रही थी। इस दौरान अयोध्या हाईवे पर बीबीडी के पास हाईवे पार कर रही युवती बहराइच जिले के कैसरगंज निवासी 20 वर्षीय शाहीन पुत्री कमाल खान को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बस के नीचे आ गई। इसके साथ ही करीब 50 मीटर दूर तक घिसटती चली गई।

## ई-लोक अदालत में 104 मामले निपटे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर रविवार को जिला अदालत में ई.लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित इस ई.लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 79 मामलों का निस्तारण हुआ।

## अवैध हुक्का बार चलाने पर मैनेजर समेत सात गिरफ्तार

**लखनऊ।** प्रशासन के नाक के नीचे आंख मिचौली कर महीनों से विभूतिखंड इलाके में संचालित हुक्का बार पर स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर मैनेजर समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान तीन हुक्का बरामद हुए हैं। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रविवार सुबह अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान विभूतिखंड थाना क्षेत्र इलाके के हैनीमैन चौराहे के पास विराज खंड की एक बिल्डिंग में हुक्का बार संचालित होने की जानकारी मिली तो स्थानीय प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला के नेतृत्व में टीम गठित की गई। साथ ही मिली जानकारी के आधार पर छापेमारी कर तलाशी ली गई। मौके पर हुक्का बार संचालित मिला। साथ ही पुलिस टीम को सामने देखकर लोग भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि चकमा दे पाते उससे पहले मौके से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें मैनेजर और कैशियर समेत अन्य युवक शामिल हैं।

# हादसे में छह लोग घायल

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र के सीतापुर रोड स्थित छठामील के पास रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने चल रहे ट्रैक्टर ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर ट्राली उछलकर दूसरी तरफ जाकर पलट गया। वही ट्रक भी डिवाइडर तोड़ते हुए सामने आ रही दूसरी ट्रक में टक्कर मार दी। इससे सामने आ रही ट्रक पलट गई। हादसे में ड्राइवर खलासी समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की वजह से सीतापुर हाइवे पर एक तरफ का रास्ता बन्द होने से जाम लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुचीं पुलिस काफी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक को साइड में कराकर रास्ता खुलवाया। हादसे की वजह से करीब एक घण्टे आवागमन प्रभावित रहा। छठामील चौकी इंचार्ज अर्जुन द्विवेदी ने बताया कि रविवार सुबह करीब पौने छह बजे ट्रक पीबी.13 यू.9336 सीतापुर से लखनऊ की ओर जा रहा था। छठा मील चौराहे के पास सामने चल रही मूली लदी ट्रैक्टर ट्राली को उसने जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर ट्राली उछलकर रोड के दूसरी तरफ जाकर पलट गयी। वहीं ट्रक भी डिवाइडर तोड़ते हुए सामने लखनऊ से सीतापुर की ओर जा रही ट्रक पीबी.13 बीए.2555 में जाकर भीड़ गया। जिससे सामने आ रहा ट्रक पलट गया। हादसे में एक ट्रक के ड्राइवर राजेन्द्र सिंह, खलासी मंगूराम व दूसरी ट्रक ड्राइवर शहजाद, खलासी अंकित और ट्रैक्टर ड्राइवर व किसान समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ट्रैक्टर चालक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# रजिस्ट्रार इलेवन ने तीन विकेट से जीता क्रिकेट मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शताब्दी** वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह की शुरुआत रविवार को कुलपति इलेवन और रजिस्ट्रार इलेवन के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के साथ शुरू हुई। मैच के शुरुआत से लेकर आखिरी तक एम्पायर संदेह के दायरे में रहे। बार बार एलबीडब्ल्यू देने के चलते बीच मैच में रजिस्ट्रार की टीम ने विरोध कर दिया। जिसके चलते कुछ देर तक मैच को रोकना पड़ा, हालांकि दोनों पक्षों की मध्यस्थता के चलते मैच दोबारा शुरू हुआ। अंत मे रजिस्ट्रार इलेवन की टीम ने तीन विकेट से मैच जीत लिया।

विवि परिसर स्थित परांजपे ग्राउंड पर आयोजित क्रिकेट मैच मैत्रीपूर्ण जरूर रहा पर क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों में जानकारी एम्पायर के फैसले के आगे दम तोड़ती नजर आई। एम्पायर की



**एम्पायर के संदिग्ध फैसलों को लेकर कुछ समय के लिए मैच रुका, फिर हुआ शुरू**

भूमिका मैच के दौरान शिक्षकों के पक्ष में खड़ी दिखाई दी। जिसका विरोध रजिस्ट्रार की टीम और उनके समर्थकों ने मैच के दौरान लगातार जारी रखा जिसके चलते अंतत: उन्हें जीत नसीब हुई। शुरुआत में ग्राउंड पर उतरी दोनो टीमो के बीच टॉस हुआ। रजिस्ट्रार इलेवन की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी का निर्णय लिया। डॉ नागेंद्र मौर्य और प्रो राजीव मनोहर सलामी बल्लेबाज के रूप में गए लेकिन मैच के शुरुवात में ही डॉ मौर्य ने अपनी विकेट गवा दी जबकि प्रो.मनोहर ने 19 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 4 चौके भी शामिल थे। प्रो मनोहर गेंदबाज अजय की यॉर्कर पर एलबीडब्ल्यू हो गए। इसके बाद डॉ शबीब अल्वी और कुलपति प्रो आलोक कुमार रायअगले बल्लेबाज थे। डॉ शबीब द्वारा बनाए गए 20 रन और प्रो राय के द्वारा 14 रन के साथ दोनों बल्लेबाज़ अपनी टीम के स्कोर में कुछ रन जोड़ पाए। दोनों बल्लेबाज़ बॉलर नीरज के शिकार हुए। प्रो राय के विकेट जाने के बाद वीसी इलेवन ने एक के बाद एक 5 विकेटों को श्रृंखला में खोया, जो केवल 113 रनों के कुल स्कोर पर 13 रन जोड़ पाए। 4 विकेट के साथ नीरज रजिस्ट्रार इलेवन की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज साबित हुए। रजिस्ट्रार इलेवन की शुरुआत अतुल और संदीप के साथ हुई, जिन्होंने जल्दी जल्दी स्कोरबोर्ड पर एक साथ 25 रन बनाए। संदीप का विकेट प्रोफेसर दिनेश कुमार ने लिया, जिन्होंने संयमित और तंग गेंदबाजी का शानदार स्पैल किया। विद्यानंद के आउट होने के बाद क्रीज पर आए खिलाड़ी को एम्पायर ने एलबीडब्ल्यू दे दिया। जिसके बाद रजिस्ट्रार इलेवन की टीम विरोध में उतर आई। टीम का कहना था कि जब एम्पायर को ऐसे ही टीम को जिताना है तो वॉक ओवर दे दिया जाय। इसके बाद रजिस्ट्रार की टीम ने खेलने से मना कर दिया। इस दौरान दोनों टीमो के बीच हल्की नोक झोंक भी हुई और कुछ समय के लिए मैच रुका रहा।

# वाहन फिटनेस में अब नहीं चलेगा खेल, देनी होगी ऑनलाइन डिटेल

**लखनऊ।** दलालों की मिली भगत से हो रही वाहनों की फिटनेस का खेल अब खत्म हो जाएगा। बिना वाहनों के फिटनेस सेंटर पहुंचे वाहनों की फिटनेस नहीं हो सकेगी। फिटनेस सेंटर पर तैनात अधिकारी को अब फिटनेस के लिए आने वाली सभी वाहनों की डिटेल ऑनलाइन देनी होगी। ऐसे में बिना आए वाहनों की फिटनेस देने पर अब आरआई से पूछताछ की जाएगी और उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार फिटनेस के लिए एक एप तैयार किया गया है। इस एप सभी वाहनों की जानकारी आरआई को देनी होगी।

*एप की व्यवस्था लागू होने से वाहनों को फिटनेस सेंटर पहुंचना होगा। फोटो अपलोड होने से वाहनों की सही तस्वीर भी सामने आ सकेगी। गलत फिटनेस जारी करने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।*

**धीरज साहू, परिवहन आयुक्त**

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फिटनेस सेंटर पर बिना वाहनों के पहुंचे ही फिटनेस प्रमाण प्रत्र बनाया जा रहा था। मोटी कमाई के चलते फिटनेस सेंटर पर तैनात कर्मचारी और विभागीय अधिकारी दलालों के साथ मिल कर इस काम को अंजाम देने में जुटे थे। लगातार इसकी शिकायतें भी परिवहन विभाग पहुंच रही थी। इतना ही नहीं कमाई के चलते अनफिट वाहनों को भी फिटनेस प्रमाण पत्र जारी कर दिया जा रहा था। ऐसे में परिवहन विभाग ने एक एप तैयार करवाया है। इस एप के प्रयोग की जिम्मेदारी फिटनेस सेंटर पर तैनात परिवहन विभाग के आरआई को दी जाएगी।

फिटनेस सेंटर पर आने वाले वाहनों की फिटनेस से पहले और बाद दोनों ही हालत में वाहन की फोटो इस एप पर डाली जाएगी। तस्वीर डालने से यह पता चल जाएगा कि संबंधित वाहन में क्या कमियां पहले थी और क्या ठीक किया गया। सबसे खास बात यह है कि एप में लोकेशन फीड की गई है। यदि आरआई फिटनेस सेंटर से 500 मीटर से अधिक की दूरी पर वाहनों की फोटो अपलोड करेगा तो फोटो अपलोड नहीं होंगी। ऐसे में आरआई के साथ ही फिटनेस के लिए वाहनों का फिटनेस सेंटर पहुंचना जरूरी होगा। जल्द ही इसकी शुरुआत हो जाएगी।

# इंद्रजीतखेड़ा समेत आधा दर्जन पंचायतों का अस्तित्व होगा खत्म

## डलौना बनी रहेगी ग्राम पंचायत

संवाददाता। मोहनलालगंज

**नगर पंचायत** मोहनलालगंज अमल में आने के साथ ही ब्लाक मुख्यालय का आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का अस्तित्व समाप्त होने जा रहा है। खास बात यह है कि इनमें से पांच पंचायतें तो नगर पंचायत में शामिल हो रही हैं जबकि इन्द्रजीतखेड़ा को आबादी का आंकड़ा पूरा नहीं करने की वजह से पास की दूसरी ग्राम पंचायत में जोड़ने की तैयारी है। हालांकि डलौना का अस्तित्व ग्राम पंचायत के रूप में बरकरार रहेगा।

मोहनलालगंज नगर पंचायत बनने के बाद ग्राम पंचायत बिन्दौवा, गौरा, अतरौली, डेहवा और पुरसेनी को इनके 30 मजरों समेत नगर पंचायत में शामिल किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त हरिकंशगढ़ी को भी नगर पंचायत में शामिल किया गया है। लेकिन 1200 से अधिक जनसंख्या होने की वजह से ग्राम पंचायत डलौना का अस्तित्व बरकरार रहेगा। हालांकि 600 से अधिक जनसंख्या ही होने के कारण अब तक जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रहे इन्द्रजीतखेड़ा को पास की सबसे नजदीक ग्राम पंचायत में बतौर मजरा शामिल करने की तैयारी है।

पुख्ता सूत्रों की मानें तो राजस्व ग्राम इन्द्रजीतखेड़ा और ग्राम पंचायत रायभानखेड़ा की सीमाएं सटी हुई हैं इसलिए संभव है कि इन्द्रजीतखेड़ा को इसी ग्राम पंचायत में शामिल कर दिया जाए। शासन की ओर से प्रमाणपत्र मांगे जाने के बाद जिला प्रशासन




की ओर से गठित समिति इन्द्रजीत खेड़ा और डलौना पर अन्तिम निर्णय लेने जा रही है। इस तरह आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का अस्तित्व समाप्त होने के बाद मोहनलालगंज ब्लाक में 78 ग्राम पंचायतें ही शेष रह जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू ने बताया डलौना और इन्द्रजीतखेड़ा के बारे में निर्णय लेने के लिए विवरण मांग लिया गया है। जिसके आधार पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति निर्णय लेकर शासन को प्रमाण पत्र प्रेषित करेगी।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में परेशानी होगी दूर

मोहनलालगंज की इन्द्रजीतखेड़ा और डलौना ग्राम पंचायतों को लेकर स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं होने की वजह से बीएलओ को पंचायत चुनाव की मतदाता सूची पुनरीक्षण में काफी परेशानियां आ रही हैं। इन पंचायतों के भविष्य का फैसला आने के बाद बीएलओ को घर घर सर्वे कर मतदाता सूची तैयार करने में आ रही बाधाएं दूर हो जाएंगी।

### आमजन को समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

मोहनलालगंज नगर पंचायत बनने के बाद इसमें शामिल सभी पंचायतों में हैण्डपम्प मरम्मत, नाली, रोड, साफ-सफाई, आवास, शौचालय, राशन कार्ड, गोवंश आश्रय केन्द्र की देखरेख और पाइप पेयजल योजना समेत आमजन से जुड़ी विभिन्न प्रकार की योजनाओं के कार्य ठप पड़े हुए हैं। लिहाजा ब्लाक और तहसील अफसरों के चक्कर लगाने के बावजूद भी आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। नगर पंचायत का कामकाज शुरु होने से लोगों की तमाम परेशानियां दूर हो जाएंगी।

# चार तस्कर गिरफ्तार, 998.49 किलो गांजा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अवैध मादक** पदार्थ की तस्करी करने वाले चार तस्करों को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर करीब दो करोड़ चालीस लाख का 998.49 किलो गांजा बरामद किया है। इसमें से दो तस्करों को रविवार को झांसी के नवाबाद क्षेत्र से जबकि दो अन्य को कोतवाली खागा फतेहपुर से गिरफ्तार किया गया है।

एसटीएफ के अनुसार विगत काफी दिनों से आन्ध्र प्रदेश से लाकर राज्य के विभिन्न जिलों में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। जिसको लेकर एसटीएफ ने एक टीम गठित कर सूचनाएं एकत्रित करनी शुरू की और इस दौरान एसटीएफ को जानकारी मिली कि रविवार को एक 10 टायरा एलपी ट्रक आन्ध्र प्रदेश के राजमुन्द्री से गांजे की बड़ी खेप लेकर हाथरस लाया जा रहा है और वहां यह डिलवरी देनी है। इस सूचना पर विश्वास करते हुए एसटीएफ की टीम मुखबिर के बताए गए स्थान बजरंग

## झांसी व खागा फतेहपुर में एसटीएफ ने की कार्रवाई

चौकी स्थित सखी हनुमान मन्दिर के सामने झांसी-कानपुर हाइवे पर नवाबाद पहुंचकर ट्रक की तलाशी के दौरान 708.49 किलोग्राम गांजा बरामद किया। मौके से एटा निवासी पुष्पेन्द्र सिंह और अनिल प्रताप को गिरफ्तार किया। उनके पास से तीन मोबाइल और अन्य कागजात बरामद किए। पूछताछ करने पर गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि काफी समय से वह इस धंधे में लिप्त हैं। बरामद गांजा हाथरस के अनिल चौधरी एवं सतेन्द्र पण्डित का है। वह यह माल आन्ध्र प्रदेश के राजमुन्द्री से लाकर हाथरस में इन्हीं लोगों को देते हैं। गांजा लाने के लिए उन्हें प्रति चक्कर 50 हज़ार से एक लाख रुपये तक मिलता था। जिसे यह लोग आपस में बांट लेते हैं। इसी मुनाफे की लालच में वह यह कार्य करते रहते हैं।

वहीं एसटीएफ को सूचना मिली कि आन्ध्र प्रदेश से गांजे की बड़ी खेप लेकर एक कन्टेनर ट्रक में छिपा कर अवैध मादक पदार्थ गांजा ले जाया जा रहा है। जो प्रयागराज से कानपुर होते हुए आगरा जा रहा है। इस सूचना पर भरोस करते हुए एसटीएफ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच गई और उक्त तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा तलाशी पर ट्रक कन्टेनर चालक की केबिन में गुप्त स्थान बनाकर 58 पैकेट में उपरोक्त गाँजे की बरामदगी की गयी। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तों हरियाणा के रहने वाले सचिन शर्मा और हनी ने बताया कि यह लोग गांजे की तस्करी का काम काफी दिनों से कर रहे है। हनी ने बताया कि उसके रिश्तेदारी में भाई लगने वाला गुड़गांव का अरुण कुमार भी हम लोगों से साथ इस धन्धे में लिप्त है। यह लोग आन्ध्र प्रदेश के विशाखापटनम से गाँजा लाकर ऊँची कीमत पर पश्चिम यूपी व हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों सप्लाई करते हैं। आज भी माल लेकर आ रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

# बीते पांच साल में बिजली मीटर खरीद प्रक्रिया की हो सीबीआई जांचः उपभोक्ता परिषद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पावर कारपोरेशन** द्वारा बीते पांच साल में उपभोक्ताओं के यहां लगने वाले बिजली मीटरों की खरीद प्रक्रिया की सीबीआई द्वारा जांच की मांग की है।

उप्र विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से यह मांग करते हुए कहा है कि पिछले पांच सालों में करीब 2500 करोड़ रुपये के स्मार्ट मीटर खरीदे गए। जांच में कई चौकाने वाले खुलासे होंगे। जन्माष्टमी को स्मार्ट मीटर बत्ती गुल प्रकरण भार जंपिंग मीटर रीडिंग जंपिंग के बाद अब 10 सदस्यीय यूएटी टेस्ट तीन माह में करने के लिए प्रबंध निदेशक मध्यांचल की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई जो जांच में लगी है। अब सवाल यह उठता है कि यूएटी कार्यवाही पहले बिना किए स्मार्ट मीटर लगाने का काम क्यों शुरू कराया गया और अनेक जांच रिपोर्ट आने के बाद भी आज तक किसी दोषी अभियंता पर ही कार्रवाई क्यों नहीं हुई। परिषद ने कहा कि इतना ही नहीं मीटर निर्माता कंपनी को ही ब्लैकलिस्ट भी नहीं किया गया। इसीलिए पिछले पांच सालों में प्रदेश में खरीदे गए करीब 2000 हजार करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक मीटर व लगभग 500 करोड़ के 12 लाख स्मार्ट मीटर व एमडीएम की सीबीआई जांच करा लें तो स्वतः बड़े रैकेट का खुलासा होगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह सौभाग्य मीटर उपभोक्ताओं के यहां लगने के लिए पावरटेक मीटर कंपनी से खरीदा गया। इसमें भी कई तकनीकी कमियां सामने आई थीं और बड़े पैमाने पर रीडिंग व भार जंपिंग आ रही थी। उपभोक्ता परिषद के विरोध पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने तत्काल प्रभाव से पावर टेक मीटर लगाने पर रोक लगाई गई। उपभोक्ता परिषद ने कहा सौभाग्य में और भी जिन कंपनियों के मीटर खरीदे गए है तत्काल उनकी जांच कराकर उसे भी उतरवाया जाए।

# दुर्घटना में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**निगोहां।** निगोहां कस्बे में भगवानपुर गांव के मोड़ के पास शनिवार की रात साइकिल सवार मजदूर को एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकप डाला ने जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान मजदूर की रविवार सुबह मौत हो गयी। परिवारीजन शव लेकर निगोहां थाने पहुँचे जहां पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। निगोहां के भगवानपुर गांव निवासी मजदूर 30वर्षीय सुखराम अपनी साइकिल से शनिवार की रात निगोहां के चौरसिया ढाबे पर खाना खाने जा रहा था तभी तेज रफ्तार अज्ञात पिकप डाला ने पीछे से सुखराम की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं टक्कर मारने के बाद पिकप डाला चालक मौके से भाग निकला था। मौके पर पहुंची निगोहां पुलिस ने घायल मजदूर को इलाज के लिये एम्बुलेंस की मदद से मोहनलालगंज सीएचसी भेजा जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गम्भीर देखते हुये ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया था। रविवार सुबह मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# गुम मोबाइल पाकर खिले लोगों के चेहरे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सर्विलांस की** मोबाइल रिकवरी सेल ने गुम हुए 101 मोबाइल तलाश कर उनके मालिकों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई है। बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई जा रही है। रविवार को डीसीपी सेंट्रल के कार्यालय में मोबाइल मालिकों को बुलाकर उन्हें मोबाइल दिए गए, लोगों ने भी पुलिस के इस प्रयास की सराहना की है।

डीसीपी सेंट्रल सोमेन बर्मा ने बताया कि कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद गुम मोबाइल तलाशने

## सर्विलांस टीम ने 101 गुम हुए मोबाइल 16 जिलों से किये बरामद

के लिए सर्विलांस की मोबाइल रिकवरी सेल बनाई गई। इसके तहत जिन लोगों के मोबाइल गुम होते हैं, उनकी शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज कर मोबाइल को सर्विलांस के जरिए तलाशने की कोशिश की जाती है। मोबाइल बरामद होने पर उन्हें उनके मालिकों को सौंप दिए जाते हैं।

एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया की मोबाइल बरामद करने में स्थानीय पुलिस का भी बड़ा सहयोग रहता है। सर्विलांस के माध्यम से मोबाइल ट्रेस होने पर पहले तो उस शख्स से बात कर मोबाइल को स्थानीय थाने पर जमा कराने का अनुरोध किया जाता है, न मानने पर स्थानीय थाने की पुलिस से टेलीफोन के माध्यम से संपर्क कर मदद ली जाती है। मोबाइल मिलने पर पुलिस द्वारा उसे लखनऊ सेल को भेज दिया जाता है।

### 16 जिले और छह राज्यों से बरामद हुए मोबाइल

सर्विलांस सेल के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बरामद मोबाइल यूपी के 16 जनपदों लखनऊ, रायबरेली, गोंडा, बाराबंकी, सीतापुर, कानपुर, उन्नाव, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी, सुल्तानपुर, बहराइच, बस्ती, फैजाबाद, हरदोई और लखीमपुर के अलावा अन्य प्रान्त पश्चिम बंगाल, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, बिहार व झारखंड से बरामद किए गए।

# यूनियन बैंक ने किया लखनऊ रन का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूनियन** बैंक द्वारा मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजनों की श्रृंखला में आज लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक राजीव मिश्रा ने कुकरैल पिकनिक स्पॉट में प्रातः 6 बजे लखनऊ रन के प्रतिभागियों को झंडा दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर लखनऊ क्षेत्र के उप महाप्रबंधक संतोष शुक्ला, सहायक महाप्रबंधक राजेश मिश्रा, अंचलीय सतर्कता कक्ष के प्रभारी पीके सिंह एवं बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। आयोजन में उपस्थित बैंक कर्मियों ने कर्तव्य एवं सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण करते हुए ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करते हुए देश सेवा का संकल्प लिया तथा समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार की बुराई को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों को जागरूक करने की शपथ उठाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रतिवर्ष भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सभी सरकारी विभागों, सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा प्रतिष्ठानों द्वारा मनाया जाता है जिसके माध्यम से समाज में व्याप्त भ्रष्टचार को खत्म करने के लिए, जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

# साइन्स व मैथ्स ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को सिल्वर मैडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-11 के मेधावी छात्र आर्यन वर्मा ने इण्टरनेशनल सोसाइटी फॉर ओलम्पियाड के तत्वाधान में ऑनलाइन आयोजित साइन्स एवं मैथ्स ओलम्पियाड में सिल्वर मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश-विदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के इस मेधावी छात्र ने सिल्वर मैडल अर्जित किया। विदित हो कि भावी पीढ़ी में विज्ञान व गणित के प्रति गहन अभिरूचि विकसित करने के उद्देश्य से यह ओलम्पियाड प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस में वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास किये जा रहे हैं, यही कारण है सीएमएस छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार उपलब्धि अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# एनएसएस बनाएगा महिलाओं को साइबर सुरक्षित व सशक्तः डॉ अमित भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय सेवा योजना,** उत्तर प्रदेश और कॉलकम के तत्वावधान एवं यूनिसेफ यूपी के सहयोग से रविवार को साइबर अपराध जागरूकता अभियान (चलो एक साइबर सुरक्षित महिला बनें, मिशन शक्ति-2020 के अंतर्गत) के विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को साइबर क्षेत्र में सुरक्षित एवं सशक्त बनाना रहा।

वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बाराबंकी पुलिस अधीक्षक आईपीएस डॉ अरविंद चतुर्वेदी एवं मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा निदेशक डॉ अमित भारद्वाज और एनएसएस के राज्य संपर्क अधिकारी अंशुमालि शर्मा मौजूद रहे। निदेशक उच्च शिक्षा डॉ अमित भारद्वाज ने एनएसएस द्वारा ऑनलाइन साइबर अपराध जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया और कहा



कि पूरे प्रदेश में बालिकाओं वेबिनार की अध्यक्षता डॉ संजीव शर्मा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने की। बता दें कि भारत में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों में, साइबर क्राइम बहुत ही जगह है। ऐसे में इस वेबिनार की भूमिका और बढ़ जाती है जहां महिलाओं को ऐसा माहौल दिया जाए जहाँ वे अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# सबसे अधिक प्रधानमंत्री देने वाला राज्य अभी भी पिछड़ा

**लखनऊ।** जनसेवा, संघर्ष और त्याग के बल पर चुनाव लड़ने की घोषणा करने के बाद जनता के बीच खुद को स्थापित करने में जुटे तहरीक फिक्र ए मिल्लत फाउण्डेशन उप्र के महासचिव मोहम्मद हनीफ खान ने पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत राजा विहार, अशोक नगर व गुलाब नगर में आहूत बैठकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह विडम्बना है कि देश को सबसे अधिक प्रधानमंत्री देने वाला उप्र आज देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। शिक्षा, स्वास्थ, बेरोजगारी, सड़क, बिजली, पानी से लेकर कानून व्यवस्था तक प्रदेश के हालात चिंताजनक है। उन्होंने प्रदेश के इन हालातों के लिये पिछले तीन दशक से प्रदेश की सत्ता पर काबिज रहे सभी दलों को जिम्मेदार ठहराया है। खान ने कहा कि विकास के मुद्दे पर बुरी तरह पिट चुके इन सभी दलों के लिये धार्मिक व जातिगत राजनीति ही एक मात्र विकल्प है। इनकी इसी राजनीति ने प्रदेश को बदहाली के हवाले कर दिया है। 50 वर्ष की आयु में जबरन रिटायमेंट देने वाली सरकार के द्वारा नई नौकरीयां देने की घोषणा करने को हास्यास्पद बताते हुए उन्होने कहा कि प्रदेश का विकास कागजों तक सीमित हो चुका है।

# नियमों का पालन करने वालों को किया गया सम्मानित

## सड़क सुरक्षा यातायात माह अभियान

संवाददाता। निगोहां

**सड़क** सुरक्षा यातायात माह अभियान के तहत रविवार को निगोहां के दखिना शेखपुर स्थित टोल प्लाजा पर के कैम्प लगाकर हाइवे से गुजरने वाले वाहनों को रोककर सड़क सुरक्षा यातायात के अधिनियमों का पालन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कराया वहीं इस अवसर पर जो वाहन चालक पूरे नियमो का पालन करते हुए हाइवे से गुजरे उनको एसपी ग्रामीण ने माल्यार्पण व पुष्प भेटकर सम्मानित किया ।

रविवार को निगोहां के टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा यातयात माह की शुरुवात की जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदयेश कुमार ने किया। एसपी ग्रामीण के पहुंचने पर सीओ निगोहां सैय्यद



नैमुल हसन ने उन्हें बुके भेट कीं। वही एसपी ग्रमीण ने बताया कि सड़क सुरक्षा यातायात माह में हमें उन लोगों को जागरूक करना है जो लोग वाहन चलाते समय नियमों का पालन नहीं करते हैं। आप ने देखा होगा कि हमने कई बाइक से आने वाले लोगो को जिन्होंने ने यातयात के नियमों का पालन किया है उन्हें माला पहनाकर कर उन्हें सम्मानित किया गया वही नियमों की अनदेखी करने वाले लोगों को आज चेतावनी देते हुए पुष्प भेंट किया गया इस अवसर पर सी ओ निगोहां सैय्यद नैमुल हसन थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह अपने भारी पुलिस बल के साथ हाइवे पर गुजरने वाले वाहनों को यातायात नियमों का पालन कराने में लगे रहे।

# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा थीम पर यातायात माह शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हर साल** नवंबर माह में मनाए जाने वाले यातायात माह का शुभारंभ सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा थीम पर 1090 चौराहे से किया गया है। यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वर्ष साल 1999 से लगातार हर वर्ष एक नवम्बर को यातायात माह की शुरूआत की जाती रही है लेकिन लखनऊ मे पुलिस कमिश्नरी लागू होने के बाद ये पहला यातायात माह है। इस अवसर पर यातायात प्रर्दशनी का आयोजन भी किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि एडीजी प्रशान्त कुमार थे। कार्यक्रम का संचालन एसीपी काकोरी सैय्यद कासिम आब्दी और एसीपी प्राची सिंह ने किया। इस अवसर पर पुलिस के अफसरों ने लखनऊ कमिश्नरेट की यातायात व्यवस्था को सुधारने पर बल देते हुए लोगों से अपील की कि लोग यातायात नियमों का पालन कर खुद भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित



रखे।

यातायात माह समारोह के मुख्य अतिथि एडीजी ला एन्ड आर्डर प्रशान्त कुमार ने कहा कि लखनऊ की यातायात पुलिस द्वारा डिफेन्स एक्सपो के दौरान जिस तरह की बेहतरीन यातायात व्यवस्था की गई थी उस व्यवस्था से आर्मी चीफ भी प्रभावित हुए थे। वहीं समारोह में बोलते हुए एडीजी जोन एसएन साबत ने कहा कि कोई भी अभियान जन सहयोग के बगैर कामयाब नहीं होता है इसलिए जरूरी है कि यातायात माह के दौरान जनता की भागीदारी को भी सुनिश्चत किया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत है कि एक दूसरे को समझा जाए पुलिस जनता की भावना को समझे और जनता पुलिस की भावना को समझे तभी यातायात जागरूकता अभियान कामयाब होगा। साल 2020 में सड़क हादसे कम हुए है इसका मतलब ये नहीं है कि लोग पूरी तरह से जागरूक हो गए है बल्कि साल 2020 में मार्च के महीने से पूरे देश में लाकडाउन लागू हो गया था जिसकी वजह से करीब दो महीने लोगों ने सड़क पर वाहन ही नहीं चलाए जिसकी वजह से हादसों में कमी आई थी। इस अवसर पर यातायात नियमों को समझाने वाली पथ प्रदर्शक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इसके अलावा लखनऊ यातायात पुलिस की तरफ से 9454405155 व्हाटसएप नम्बर जारी किया गया। इस अवसर पर एडीजी यातायात अशोक कुमार सिंह, ज्वाइन्ट पुलिस कमिश्नर नवीन अरोड़ा, नगर आयुक्त अजय कुमार एडीसीपी यातायात ख्याति गर्ग समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# डिजाइनर मोमबत्तियों से गांव को जगमगाएंगी समूह की महिलाएं

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कोड़रा** रायपुर के तीन दर्जन परिवार इस दीपावली अपने हाथों से बनी डिजाइनर मोमबत्तियों से पूरे गांव को जगमगाएंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से डिजाइनर रंग बिरंगी मोमबत्तियां बनाने की ट्रेनिंग लेकर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी इन परिवारों की महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए इन दिनों जोर शोर से मोमबत्तियां बना रही हैं।

मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत कोड़ा रायपुर की सोनम, ज्ञानवती, रेनू, किरन समेत आधा दर्जन स्वयं सहायता समूह की 35 महिलाओं ने आरसेटी से डिजाइनर और रंग बिरंगी मोमबत्तियां बनाने की ट्रेनिंग पूरी कर ली है। करवाचौथ से पूर्व ही ट्रेनिंग लेकर मनमोहक मोमबत्तियां बनाने में पारंगत हो चुकीं समूह की इन महिलाओं ने छोटी छोटी बचत के सहारे कच्चा माल खरीदने के लिए पूंजी भी जुटा ली है। ब्लाक मिशन टीम की मदद से महिलाओं ने अलग



अलग प्रकार की मोमबत्तियां बनानी भी शुरु कर दी है। प्रत्येक परिवार ने दीपावली तक हजारों रुपये की मोमबत्ती तैयार कर आमदनी करने की ठानी है। आत्मनिर्भर बनने के लालायित समूह की महिलाओं का उत्साह देखकर डीसी एनआरएलएम सुखराज बन्धु और बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने ब्लाक मिशन की टीम को महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही मोमबत्तियों का बाजार के साथ ही सरकारी दफ्तरों में भी स्टाल लगवाने के निर्देश दिए हैं। ब्लाक मिशन



मैनेजर दिवाकर ने बताया मोमबत्ती बिक्री कर आमदनी जुटाने के लिए कोड़रा रायपुर की महिलाओं का ब्लाक और विकास भवन में स्टाल लगवाया जाएगा। इसके साथ ही महिलाएं गांव में भी व्यापक प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों को खुद की तैयार की हुई मोमबत्तियां बिक्री करेंगी।

# सांसद ने रानीबाजार मण्डल में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग का किया उद्घाटन

संवाददाता। बीकापुर, अयोध्या



**बीकापुर** विधानसभा के रानीबाजार मंडल में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सांसद लल्लू सिंह ने किया। उदघाटन सत्र में बोलते हुए श्री सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया। सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस देकर उनका सम्मान किया तो किसानों को किसान सम्मान निधि देकर उनका सम्मान किया वही युवाओं के सम्मान एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी भारत सरकार ने स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट, आत्मनिर्भर जैसी तमाम बड़ी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की श्रृंखला प्रदान की है। श्री सिंह ने आगे बोलते हुए कहा कि मोदी जी स्वामी विवेकानंद जी ने जो युवाओं को स्वावलंबी बनाने का देखा था उसको पूरा कर रहे हैं। मोदी जी की आकांक्षा हैं कि भारत के प्रत्येक युवाओं के पास रोजगार हो। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की पूंजी हैं। वह समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करता हैं, मंडल अध्यक्ष पद को अति महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में बताते हुए कहा कि निरंतर संवाद बनाना पार्टी का आईना है, प्रत्येक कार्यकर्ता का आचार विचार उसकी वेशभूषा से, उसके आचरण से पार्टी की छवि पर प्रभाव पड़ता हैं इसलिये निरन्तर संवाद के साथ अनुशासन बहुत ही महत्वपूर्ण है। पार्टी के वरिष्ठ नेता कमला शंकर पांडे ने अंत्योदय पर प्रकाश डालते हुए अंत्योदय को पार्टी की आत्मा बताते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अनुसरण करने की सलाह दी। वरिष्ठ नेता ब्रम्हानन्द शुक्ल ने हमारी कार्यपद्धति एवं संगठन संरचना में हमारी भूमिका पर बल दिया। सोहावल पूर्व प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन जिला महामंत्री अशोक कसौधन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्तित्व के विकास पर जोर दिया वही समापन सत्र में रवि तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्टी के इतिहास एवं सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। भरतकुंड मंडल में जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीतियों एव नीतियों से परिचित कराया तो वही वरिष्ठ नेता दान बहादुर सिंह ने सोशल मीडिया की ताकत और उसके सकारात्मक उपयोग करने की सलाह कार्यकर्ताओं को दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश श्रीवास्तव ने सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पर बोलते हुए भारत की अंतरराष्ट्रीय मजबूती से कार्यकर्ताओं को रूबरू करवाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश सिंह ने रानीबाजार, अमरनाथ वर्मा ने भरतकुंडए एवं अरुण ने सोहावल में की। कार्यक्रम का संचालन जगदंबा मिश्रा व प्रेम मौर्या ने किया । कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, शिवशंकर पांडे, आशुतोष सिंह, सूर्यनारायण गुप्ता, तिलक राज सिंह गोविंद मिश्रा, अनिरुद्ध जायसवाल, सरोज जायसवाल, राकेश मिश्रा, विनोद पांडे, सुनील श्रीवास्तव, धर्म राज वर्मा, हंसराज दूबे, सत्यप्रकाश दूबे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थिति रहें ।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**अंबेडकरनगर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जैतपुर थाना क्षेत्र के हंसवापुर निवासी 38 वर्षीय छैल बिहारी पुत्र फिरतु हंसवर थाना क्षेत्र के भूलेपुर गांव में स्थित ससुराल में नेवासे पर रहते थे।बताया जाता है कि छैल बिहारी शराब का सेवन करते थे तथा उसी के कारण आये दिन परिवार में कलह होती थी। शनिवार शाम को छैल बिहारी शराब पीकर घर में तांडव मचाकर सो गये। रविवार की सुबह लगभग 8 बजे खेत में पहुंचे गांव वालों ने बगीचे में पेड़ से छैल बिहारी का शव लटकता हुआ देखा तो परिजनों को सूचना दी।शव लटकने की सूचना क्षेत्र में पूरी तरह आग की तरह फैल गई तथा मौके पर आसपास के गांव से भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में लिया तथा पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छैल बिहारी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## श्रीराम के जन्म से राज्याभिषेक तक की हुई प्रस्तुति

● भारतीय संस्कृति उत्सव 2020 सांस्कृतिक संध्या का हुआ आगाज कलाकारों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए लोग



**अयोध्या।** मां सरयू के पावन तट पर स्थित भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में भारतीय संस्कृति उत्सव 2020 के सांस्कृतिक संध्या का आगाज श्री राम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रवि शंकर सिंह मगध विश्वविद्यालय के कुलपति राजेंद्र प्रसाद रामकथा के मर्मज्ञ प्रेमभूषण जी महाराज उदया पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चंद्र प्रकाश त्रिपाठी आयोजक शैलेंद्र मणि त्रिपाठी संयोजक हिमा बिंदु नायक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। भारतीय संस्कृति उत्सव में आए हुए कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक संध्या की प्रस्तुति भगवान श्री राम के जन्म से प्रारंभ हुई और राज्याभिषेक पर समाप्त हुई। सभी कलाकारों को उदया पब्लिक स्कूल के चेयरमैन और चंद्र प्रकाश त्रिपाठी रामकथा के मर्मज्ञ प्रेमभूषण जी महाराज ने रामनमा और सम्मान पत्र देकर के सम्मानित किया। लोक में राम संस्कार गीतों में भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर यज्ञोपवीत और विवाह गीत से संजोली पांडे ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कहां से आईल बा बारात सखियां ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। निधि श्रीवास्तव ने की टीम ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के नृत्य नाटिका गीत से लोगों को भाववभोर कर दिया और उस मनोहारी मित्र को देख कर पूरा हाल तालियों से गुंजायमान हो गया उनकी पूरी टीम सर प्रदीप मालाएं रख कर के भगवान की अगवानी की प्रस्तुति दी। अंकिता बाजपेई अवध की जय हो भव्य राम मंदिर बनवाना है के नृत्य नाटिका गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं अयोध्या की शान संत मिथिला बिहारी शरण जी महाराज ने भगवान राम के गीतों जन्म और विवाह गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्वरा त्रिपाठी, प्रिया रघुवंशी सनाया गुप्ता और उन्नत श्री भगवान राम के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी और अंत में प्रेमभूषण जी महाराज के राम कथा और भजनों की प्रस्तुति से सांस्कृतिक संध्या का समापन हुआ। समापन के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भगवान श्री राम की जन्म स्थली इस कार्यक्रम का आगाज हुआ है और संतों के आशीर्वाद से देश ही नहीं विदेशों में भी राम की संस्कृति का प्रचार प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ नाथ मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सहसंयोजक वरिष्ठ पत्रकार रमेश मिश्र शूलपाणि सिंह पूर्व आयकर आयुक्त डॉ रामसमुझ दीपिका मणि त्रिपाठी आचार्य गिरिजेश धर द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हर्ष फायरिंग करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाना क्षेत्र के सूर्यबिहार कालोनी में गीता तिवारी के घर जन्मदिन पार्टी में हर्ष हुई फायरिंग में दो लोग घायल हुए थे। मामले को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटना में शामिल अभियुक्तो की गिरफ्तारी का सख्त निर्देश दिया था। पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी कोतवाली के निर्देशन में आज थाना तिवारीपुर पुलिस टीम द्वारा कुख्यात अपराधी जस्सू जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल निवासी राप्ती नगर शाहपुर व गीता तिवारी पत्नी स्व. शिवकुमार तिवारी निवासी सूर्यबिहार कालोनी तिवारीपुर, को डोमिनगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब दोनो कही भागने की फिराक में थे। जस्सू जायसवाल के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व दो कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद हुआ। पुसिल ने घटना में शामिल फरार वांछित अभियुक्तों में सिरिस सोनकर पुत्र दिनेश सोनकर निवासी 10 नम्बर बोरिंग लच्छीपुर थाना गोरखनाथ, अश्वनी उर्फ राकी पुत्र सुरेश प्रसाद निवासी राघोनगर गसड़वार रेलवे किनारे थाना कोतवाली, देवरिया, छोटू कुरैशी पुत्र स्व. करीम कुरैशी निवासी अंधियारीबाग थाना तिवारीपुर जिन पर 15-15 हजार का इनाम रखा गया है, की तलाश कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध पहले से ही गंभीर धाराओं में कई मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र.नि. मनोज कुमार राय, उ.नि. शत्रुजीत सिंह, विकास कुमार सिंह, हे.का. प्रभाकर मिश्रा, म.का. रिचा सिंह आदि शामिल रहें।

## पशु तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** एसएसपी जोगेन्द्र कुमार के आदेशानुसार अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण शील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वस्तुओं पर ध्यान रखें। उसकी शिनाख्त कर ही उन्हे छोड़ा जाए। उसी क्रम में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पांडे हाता चौकी अंतर्गत नागालिया हॉस्पिटल से होकर नॉर्मल टैक्सी स्टैंड कब्रिस्तान गली के पास चौकी प्रभारी अरुण, कांस्टेबल अरविंद, दीपक ने पिकअप को रोका। जब पिकअप की मौके पर तलाशी ली गई तो अंदर पांच जानवर मिले। मौके पर पकड़े गए व्यक्ति के पास एक चाकू बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान सैफ अली पुत्र मुस्तकीम ग्राम जैतपुर के गौसपुर थाना गीडा का रहने वाले के रूप में हुई।

# रविवार को थानों में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**अंबेडकरनगर।** कोविड -19 से बचाव के लिए स्वच्छता को विशेष महत्व दिया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार अपने आस-पास साफ-सफाई करने के साथ ही हाथ की सफाई करके ही कोरोना जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है। वैसे तो जिले में कोरोना का संक्रमण स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार काफी कम हो गया है लेकिन नवम्बर माह के मध्य से दिसम्बर तक इसके संक्रमण के बढ़ने की संभावना पुन: जताई जा रही है। इसके दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस कार्यालय के साथ-साथ सभी थानों के कार्यालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं। रविवार को जिले के सभी थानों में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत कार्यालय व आस-पास साफ-सफाई की गई। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार सप्ताह में एक दिन स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दे रखा है।




महिला थाने में सफाई करतीं पुलिस कर्मी — पायनियर

## क्विक न्यूज

### सिलेंडर से मारकर की गई हत्या का खुलासा

**गोरखपुर।** विगत दिनों गोरखनाथ थाना क्षेत्र के लच्छीपुर निवासी वाजिद अली की सिलेंडर से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। गोरखनाथ पुलिस इस घटना का अनावरण करते हुए आरोपी आकाश केवट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त सिलेंडर को बरामद किया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि कुछ दिनों पहले मृतक वाजिद अली ने मुझ पर चोरी का इल्जाम लगाया था। जिस कारण मैं गुस्से में था घटना के दिन शराब के नशें मैंने सिलेंडर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर डॉक्टर कौस्तुभ ने घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह थाना गोरखनाथ, हे.का. अजय नरायन सिंह, का. आशुतोष राय, का. राहुल यादव, रोहित कुमार राम आदि शामिल रहें।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष कैण्ट पुलिस की टीम चौकी प्रभारी पैडलेगंज उ.नि. कमलेश कुमार यादव द्वारा शातिर अपराधी को चेकिंग के दौरान कैण्ट चौराहा थाना कैण्ट के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम पता पुनीत ओझा पुत्र गौतम कुमार निवासी 81बी तारामण्डल रोड सेन्ट्रल एकेडमी के पास सिद्धार्थ इन्क्लेव थाना रामगढताल बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उक्त के अलावा उ.नि. इत्यानन्द पाण्डेय चौकी प्रभारी जटेपुर, कां. राकेश यादव, भूपेन्द्र मिश्रा, राजीव यादव, कृष्णा आदि शामिल रहें।

### यातायात माह का शुभारम्भ, किया गया जागरूक

**गोरखपुर।** सुरक्षित यातायात को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात आशुतोष शुक्ल ने आज से यातायात माह का शुभारंभ यातायात कार्यालय से किया। पुलिस अधीक्षक यातायात ने कार्यक्रम में बताया कि वाहनों को सावधानी पूर्वक व नियमानुसार चलाएं। बाईक ड्राइव करने के दौरान हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। तेज वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। साथ ही वाहन चलाते समय नशीली पदार्थों का सेवन न करने की अपील किया। यातायात माह पूरे नवम्बर तक चलाया जायेगा और इस दौरान विशेष तौर पर कम उम्र के वाहन चालकों पर विशेष नज़र रखी जायेगी। स्कूल संचालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर टीआई अख्तियार अहमद अंसारी, टीआई विनोद कुमार शर्मा, हरिद्वार सिंह सहित तमाम यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहें।

### हमलावर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सहदोडाड़ में बीते दिनों जान मारने की नीयत से चाकू द्वारा हमला करने वाले को गोला पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेकिन इस घटना में नामजद एक अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसे गोला पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार के जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीते दिनों छप्पर में बैठ के शराब पीते समय एक व्यक्ति पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया था। जिसमे पीड़ित के तहरीर पर अपराध संख्या 164/20 धारा 307 आईपीसी गोला थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्त जेल चले गए थे। जिसमें आलोक चन्द पुत्र तेजबहादुर चन्द निवासी सहदोडाड़ थाना गोला फरार चल रहे थे। गोला पुलिस सरगर्मी के साथ तलाश कर रही थी । कोतवाल गोला सन्तोष कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त व वांछित अभियुक्त तलाश निकले थे कि फरार अभियुक्त गोला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गोला पुलिस घटना में संलिप्त नामजद अभियुक्त आलोक चन्द को धारा 307 आई पी सी में रविवार को जेल भेज दिया।

### ई-लोक अदालत में वादों का किया गया निस्तारण

**गोरखपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुपालन में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों व पारिवारिक वादों के निस्तारण हेतु आज जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमोद कुमार श्रीवास्तव- द्वितीय के निर्देशन में ई-लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों के निस्तारण हेतु मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण में ई-लोक अदालत का आयोजन किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण विरजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा कुल 27 वादों का निस्तारण करते हुए एक करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार रू. प्रतिकर एवार्ड दिया गया। इसी क्रम में दीवानी न्यायालय परिसर मे पारिवारिक वादों के निस्तारण हेतु ई-लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय देवेन्द्र सिंह द्वारा 05, अपर प्रधान न्यायाधीश-तृतीय श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव द्वारा 06, अपर प्रधान न्यायाधीश-चतुर्थ कुमार प्रशान्त द्वारा 11 व अपर प्रधान न्यायाधीश-प्रथम सुभाष चन्द यादव द्वारा 07 वादो का निस्तारण किया गया। ई-लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय देवेन्द्र सिंह द्वारा ऐसे 04 युगल जोड़े जो एक दूसरे से अलग रह रहे थे, एक साथ दाम्पत्य जीवन व्यतीत करने हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें भेंट देकर उनको एक साथ रहने हेतु विदा कराया गया। इसी प्रकार इस ई-लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के कुल 27 व पारिवारिक वादो के कुल 29 वादो का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया।

## ई -लोक अदालत आयोजित

**अंबेडकरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में रविवार को जनपद न्यायालय में ई-लोक अदालत का आयोजन डॉ0 बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधी/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार अशोक कुमार, सिविल जज (सी0डि0)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के देख-रेख में कोविड -19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए आनलाईन माध्यम से कराया गया। इस ई-लोक अदालत में पारिवारिक वादों के निस्तारण हेतु कुल दो अदालतें लगायी गयी। अनमोल पाल, प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय एवं निरूपमा विक्रम, न्यायाधीश, अपर पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल पांच वाद नियत किये गये जिसमें से तीन वादों का निस्तारण किया गया। दो दम्पत्तियों, जो कि वर्षों से अलग-अलग रह रहे थे एक साथ रहने को राजी हुए। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय एवं अपर पारिवारिक न्यायाधीश ने सभी दम्पत्तियों को आन-लाइन आशीर्वाद देकर विदा किया। इस ई-लोक अदालत में अशोक कुमार सिविल जज (सी0डि0)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इशरतुल्लाह, प्रदीप प्रजापति, विकास सिंह भारती, रिम्पू कुमार सहित न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिले में घटा कोरोना का ग्राफ

**अंबेडकरनगर।** एक तरफ जहां देश के विभिन्न अंचलों में कोविड -19 का ग्राफ फिर से बढ़ने लगा है वहीं अम्बेडकरनगर जनपद में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। यह कमी वास्तव में संक्रमित मरीजों की संख्या को दर्शा रही है अथवा जांच प्रक्रिया ही ढीली हो गई, यह बता पाना जल्दबाजी होगी लेकिन यह सत्य है कि जिले में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। रविवार को हुई जांच में कोरोना के केवल दो मामले सामने आये। जिले में अब सक्रिय मरीजों की संख्या मात्र 54 रह गई है जिनमें से 16 मरीज होम आइसोलेशन में रहक स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। इसके बावजूद भी प्रशासन मरीजों से सतर्कता बरतने की अपील कर रहा है।

## यहां तो जीतने के लिए नही, चंदे के लिए लड़ा जाता है चुनाव

संवाददाता। अंबेडकरनगर

● मौके पर सोशल मीडिया पर चुनाव लड़ने वालों की भरमार

● कर रहे सम्पर्क, भर रहे दम, मांग रहे चंदा

**दिसंबर** अथवा जनवरी माह में होने वाले संभावित पंचायत चुनाव को देखते हुए सरगर्मी काफी हद तक बढ़ गई है। प्रशासनिक मशीनरी के साथ ही राजनीतिक दल भी पंचायत चुनाव के प्रति गम्भीर हो चले हैं। भारतीय जनता पार्टी ने तो पंचायत चुनाव में सफलता अर्जित करने के उद्देश्य से व्यापक अभियान छेड़ रखा है तथा मण्डल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर पार्टी कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव के महत्व के प्रति सचेत कर रही है। सोशल मीडिया पर पंचायत चुनाव के संभावित उम्मीदवारों ने सम्पर्क अभियान छेड़ रखा है। कोई खुद को भाजपा समर्थित प्रत्याशी बता रहा है तो कोई सपा समर्थक प्रत्याशी। सबसे ज्यादा होड़ जिला पंचायत सदस्य पद के लिए देखी जा रही है। वहीं यह भी ज्ञात हुआ है कि बड़ी संख्या में प्रत्याशी केवल चंदे के लिए ही मैदान में उतरते हैं। उनका उद्देश्य चुनाव जीतना नही बल्कि चंदे के सहारे धनार्जन करना रहता है। भारतीय जनता पार्टी के युवा वर्ग के कुछ नेताओं ने तो चंदे की मांग को लेकर अभी से ही अभियान छेड़ दिया है।

## बदलते मौसम में स्वांस व हृदय रोगी रखें विशेष सावधानी

**वाराणसी।** बदलते मसेम में स्वास रोगियों और हृदय रोगियों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। ऐसे रोगियों को स्माग धुल और कोहरे में जाने से बचना चाहिए। बदलते मौसम उच्च रक्त चाप से ग्रसित रोगियों के लिए भी मुश्किलें पैदा करते हैं। उक्त बातें स्वास व हृदय रोग के जानकार डाक्टर मोहित भाटिया ने ने कही। डाक्टर मोहित भाटिया ने कहा कि 30 से अधिक 78 वर्ष के मरीजों को समय समय पर ब्लडप्रेशर की जाँच कराते रहना चाहिए। बदलते मौसम स्वास रोगियों के लिए भी समस्या लेकर आता है। ऐसे में ऐसे रोगियों को अपने चिकित्सक के स पर्क में रहना चाहिए। इस प्रकार के रोगियों स्मॉग से बचना चाहिए। घर से बाहर निकलते समय मुंह और नाक अच्छी तरह से कवर होने चाहिए। बहुत जरूरी नहीं होतो घर में रहना बेहतर विकल्प है। आज जब कोरोना संक्रमण काल है ऐसे में स्वास व हृदय रोग के रोगियों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हाइपरटेंशन किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता हैं। इसके अलग-अलग कारण हो सकते हैं जैसे फैमिली हिस्ट्री, तनाव, गलत खानपान और लाइफ स्टाइल आदि लेकिन इससे बचने के लिए न केवल संतुलित आहार और जीवन शैली पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए नियमित योगा एवं व्यायाम भी बेहद जरूरी है। डॉ. एसके पाठक ने बताया कि कोविड-19 के दौरान उच्च रक्त चाप के मामले बढ़े हैं। आजकल 30 वर्ष से 50 वर्ष के लोग हाइपरटेंशन के अधिक शिकार हैं। 60 वर्ष की उम्र से पहले पुरुषों में उच्च रक्तचाप का खतरा ज्यादा रहता है। उन्होने बताया कि उच्च रक्तचाप के मरीजों की स्थिति में सुधार लाने के लिए अस्पताल में आये प्रत्येक 30 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मरीजों की रक्तचाप जांच आवश्यक है।

## धूमधाम से मना सांसद लल्लू सिंह का जन्मदिन

**अयोध्या।** जन्मदिन के अवसर पर सांसद लल्लू सिंह को कैम्प कार्यालय से लेकर पार्टी कार्यालय तक बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कसौधन समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता ने व्यापारी नेताओं के साथ कैम्प कार्यालय में साफा बांधकर जन्मदिन की बधाई दी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या समेत प्रदेश कई बड़े नेताओं ने विभिन्न माध्यमों से उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। कसौधन समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता का कहना है कि सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में अयोध्या विकास की राह पर काफी तेजी से गतिशील हुआ है। जनता की अपेक्षाओं को सांसद लल्लू सिंह लगातार संसद से लेकर मंत्रालयों में उठाते रहते है। जिसके परिणाम स्वरुप लगातार केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या जनपद को कई परियोजनाएं मिली है। बधाई देने वालों में महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल, महंत गिरीशपति त्रिपाठी, महंत मनमोहनदास, मवई ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह, समेत अयोध्या के संतो महंतो, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं समेत कई समाजिकए कर्मचारीए धार्मिक संगठनों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

# सपा ने शिक्षक सभा के जिला व विस पदाधिकारियों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

संवाददाता। अयोध्या



**समाजवादी** पार्टी के फ्रंटल संगठन शिक्षक सभा के जिला कमेटी व विधानसभा पदाधिकारियों को आज पार्टी कार्यालय पर उनके पदों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद पार्टी के जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक सभा एक ऐसा संगठन है जिसने समाजवादी पार्टी में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को स्थान देकर पार्टी को और मजबूत किया है। श्री यादव ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में शिक्षक सभा की जिम्मेदारियां और बढ़ गई है, शिक्षक सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर पार्टी की नीतियों व रीतियों से लोगों को रूबरू कराना होगा ।समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के खिलाफ काम कर रही हैए तदर्थ शिक्षकों को निकालने की इस सरकार ने जो साजिश रची है उसे कभी भी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तदर्थ शिक्षकों समेत वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मान पूर्ण मानदेय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है और आने वाले विधानसभा चुनाव में इस प्रमुख समस्या को पार्टी अपने घोषणा पत्र में शामिल करें इसके लिए जल्द ही संगठन के लोग पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलेंगे। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज पार्टी कार्यालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया साथ ही मिशन 2022 को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से एक बार फिर सहयोग मांगा। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे महासचिव डॉ घनश्याम यादव ने भी आने वाली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को और मजबूत करने का आह्वान किया। इससे पूर्व समाजवादी शिक्षक सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया अन्य कार्यकर्ताओं ने भी इन पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्याय संत प्रसाद मिश्र, विमल सिंह यादव, जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, बाबू राम गौड, छोटे लाल यादव, जिला सचिव गण डॉ रामचंद्र वर्मा, अवनीश प्रताप सिंह, डॉ हनुमान प्रसाद मिश्र, तहसीलदार सिंह, जगन्नाथ यादव, मृत्युंजय सिंह, डॉ चंद्र प्रकाश वर्मा, रामजीत यादव, राम कैलाश यादव, हुकुम सिंह यादव, डॉ विजय निगम, राम बक्स यादव, डॉ आरके यादव, रणधीर सिंह, रविंद्र गुप्ता, अमिताभ श्रीवास्तव, अमित कुमार मौर्य, लालचंद यादव, संतोष मौर्य, डॉ मनोज कौशल, अंबुज मालवीय व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी अवधेश यादव, दलजीत सिंह गौड़ आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों का अधिकार

### मजबूत शिक्षा व्यवस्था

**हम** सभी शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल अंतर के बारे में जानते हैं। इससे ग्रामीण भारत के बच्चे इंटरनेट व तकनीकी संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा व्यवस्था से नहीं जुड़ पाते हैं तथा महामारी के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। यह पहले लगाए अनुमान से भी अधिक गंभीर है। वार्षिक स्टेट आफ एजुकेशन रिपोर्ट-असर सर्वेक्षण के अनुसार स्कूल बंद होने के कारण लगभग 20 प्रतिशत ग्रामीण बच्चों के पास घर पर कोई पाठ्यपुस्तकें नहीं हैं। इसी प्रकार इस वर्ष 6 से 10 वर्ष आयुवर्ग के तीन प्रतिशत बच्चे स्कूलों तक नहीं पहुंच सके हैं, जबकि 2018 में इनकी संख्या केवल 1.8 प्रतिशत थी। सितंबर में सर्वेक्षण वाले सप्ताह में तीन ग्रामीण बच्चों में से एक ने किसी शिक्षण गतिविधि में भाग नहीं लिया था तथा तीन में से दो बच्चों का सामना किसी शिक्षण सामग्री या स्कूल उन्मुखीकरण गतिविधि से नहीं हुआ था। सभी आयुवर्ग वाले छात्रों में निजी स्कूलों के बजाय सरकारी स्कूलों में दाखिले की ओर थोड़ा झुकाव दिखाई दिया है। खुशी की बात है क देश के प्रत्येक 10 ग्रामीण परिवारों में से एक ने बच्चे की डिजिटल शिक्षा के लिए नया स्मार्ट फोन खरीदा था। लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आनलाइन कक्षाओं तक बहुत थोड़े ग्रामीण बच्चों की पहुंच है। उन बच्चों की शिक्षा पर भी नकारात्मक असर पड़ा है जिनकी पहुंच स्मार्टफोन या कंप्यूटर तक नहीं है जिससे वे समूहों में शिक्षा संसाधनों का साझा नहीं कर पाते हैं। स्थिति इससे और बिगड़ती है कि सभी पंजीकृत बच्चों में से केवल एक तिहाई को ही पाठ्यपुस्तकें, वर्कशीट, आनलाइन-रिकार्डेड कक्षाओं तथा वीडियो या शिक्षकों की वर्चुअल कक्षाओं तक पहुंच मिली है। यहां भी गरीबों व अमीरों में अंतर बढ़ा है क्योंकि निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 28.7 प्रतिशत बच्चों ने वीडियो या



अन्य पूर्व रिकार्डेड विषयवस्तु आनलाइन देखी है, जबकि सरकारी स्कूल के छात्रों में यह प्रतिशत 18.3 है। हालांकि, 28.7 प्रतिशत का आंकड़ा भी बहुत खराब है जिससे स्पष्ट होता है कि तकनीकी समाधानों के माध्यम से शिक्षा सभी तक नहीं पहुंच रही है। इस प्रकार असर रिपोर्ट के आधार पर नतीजा निकाला जा सकता है कि शहरी माडल ग्रामीण भारत पर लागू नहीं होते हैं जहां तकनीक को सामुदायिक फार्मेट में उपग्रह टीवी नेटवर्क के माध्यम से सुदूर शिक्षा के रूप में होना चाहिए। आज भारत दुनिया में स्मार्टफोनों का एक सबसे बड़ा उपभोक्ता है और यहां दूसरे स्थान पर सबसे बड़ा इंटरनेट का संजाल है, लेकिन अभी पूरे देश में विश्वसनीय व मजबूत ब्राडबैंड कनेक्शनों की कमी है। इस स्थिति तक आनलाइन शिक्षा तक पहुंच में बाधायें बनी रहेंगी। शहरों में समग्र रूप से 4जी इंटरनेट उपलब्ध है, लेकिन यहां भी माता-पिता, छात्र और शिक्षक अनेक बड़े व्यवधानों का सामना करते हैं। शहरी घरों में पावर बैकअप की व्यवस्था हो सकती है, पर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई सुचारु नहीं है और यह बात औद्योगिक व कृषि क्षेत्र, दोनों पर लागू होती है। ऐसे में आनलाइन कक्षायें कठिन हैं। इसके साथ ही अनेक ग्रामीण शिक्षक भी आनलाइन कक्षायें लेने के प्रति सहज नहीं हैं। यदि माता-पिता बच्चे को अध्ययन के लिए अलग से फोन देने में सक्षम हों तो भी उनको डेटा बचाने के लिए वीडियो विकल्प चुनना पड़ता है। इससे कक्षाओं के प्रति छात्रों की दिलचस्पी कम हो जाती है तथा शिक्षक उनकी निगरानी नहीं कर पाते हैं। भाषा की बाधा भी बहुत बड़ी है क्योंकि अधिकांश विषयवस्तु अंग्रेजी या हिंदी में ही उपलब्ध है जिससे क्षेत्रीय भाषायें बोलने वालों को कठिनाई होती है। ऐसे संकट के समय में भारत को अपने शिक्षा उपग्रह-एजुसैट का पूरा लाभ उठाना चाहिए था, लेकिन अभी घरों तक सीधी पहुंच वाले-डीटीएच शिक्षा चैनलों की कमी है। एक ज्ञानवान समाज को ज्यादा लोकतांत्रिक व समावेशी होना चाहिए। सरकारी स्कूलों में दाखिले बढ़ने के साथ समय आ गया है कि हम शिक्षकों के कौशल संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ें तथा नए माड्यूलों का मानकीकरण करें। ग्रामीण भारत को पीछे नहीं छोड़ा जा सकता है।

# फ्रांस में सभ्यताओं का संघर्ष नहीं

**यदि फ्रांस अपनी स्वयं की राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर अपने मूल्यों की प्रधानता को लेकर इतना दृढ़ है तो उसके पास आदर्श रूप में यूरोपीय संघ की विश्व को अपने चश्मे से देखने की नीति के लिए बहुत कम समय बचा है।**



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हमारे पूर्वजों के विपरीत, जो संघर्ष के आदी हुआ करते थे, समसयामयिक विश्व संघर्ष से परहेज करता है। विभिन्न स्तरों पर, स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, संबंधित नागरिकों एवं सरकारों ने, यदि रोकने के लिए नहीं, तो असहमतियों के विध्वंस व रक्तपात में रूपांतरित होने की संभावना को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए संस्थाओं की स्थापना की है, एवं कानूनों का निर्धारण किया है। यह अनावश्यक नहीं है कि पिछली शताब्दी में हुए दो विश्व युद्धों के कड़वे अनुभवों के पश्चात, मनुष्य वास्तविक भौतिक लड़ाइयों के बजाय शीत युद्धों में लिप्त होना ज्यादा सहज महसूस करता है। और जब युद्ध वाकई होते हैं, जैसा कि विश्व के विभिन्न हिस्सों में होता रहता है, प्रयास यह सुनिश्चित करने के होते हैं कि वे स्थानीय स्तरों पर ही सीमित रहें।

पिछले 25 वर्षों में, हार्वर्ड के एक प्रोफेसर, सैमुएल हटिंगटन, की बदौलत, 'सभ्यताओं का संघर्ष' शब्द वैश्विक शब्दकोश में प्रविष्ट हो गया है। यद्यपि इस विचार को प्रभुत्वकारी अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा खारिज कर दिया गया था जिसने दुनिया का भविष्य को वैश्वीकरण तथा राष्ट्रीय व अन्य अस्मिताओं के धूमिल होने तथा एक वैश्विक नागरिकता की उत्पत्ति के तौर पर देखा, प्राथमिक निष्ठाओं का भय उभरकर सतह पर आना भी एक यथार्थ है।

19वीं सदी के मध्यकाल से लेकर लगभग 100 वर्षों से, कभी पसंदीदा संदर्भ बिंदु रहा राष्ट्रवाद अब उन लोगों के लिए भय का विषय बन गया है जो इसे वैश्विक पूंजीवाद की आकांक्षाओं में हस्तक्षेप करने वाले कारक के तौर पर देखते हैं। इसके साथ ही इसने धार्मिक अस्मिताओं को नई ऊर्जा प्रदान की है, जो शायद तेजी से बदलते जगत में निश्चितता एवं नैतिक मार्गदर्शन के तलाश के मामले में अवश्यंभावी है, जो अंततः संघर्षों एवं संवर्धित अस्मिताओं के लिए आधार बन गया है।

विभिन्न जगहों पर होने वाली हत्याओं एवं फ्रांस में आतंकवादी कृत्यों के संदर्भ में व्यापक वैश्विक रुझानों का उपयोग करना किसी बहस को बहुत ज्यादा खींचना माना जा सकता है। कई तरीकों से ऐसा है क्योंकि वह मुद्दा जो पहले से ही यूरोप में अंतहीन कोविड-19 महामारी को लेकर लागू नवीनीकृत लाकडाउन से आच्छादित है, हो सकता है कुछ हफ्तों व महीनों में लुप्त हो जाए। फिर भी लगातार यही भय बना हुआ है कि इसके चलते पैदा हुए तनाव नियंत्रण के बाहर जा सकते हैं।

क्या भारत में हमें फ्रांस में हो रही घटनाओं व उससे परे किसी अवैध प्रवासी द्वारा एक स्कूल शिक्षक की हत्या के परिणामों को लेकर चिंतित होना चाहिए? कई तरह से नहीं। एक स्कूल टीचर जिसे लगा कि उसके छात्रों को सांस्कृतिक तथा धार्मिक धारणाओं में व्याप्त अंतरों की जानकारी दिए जाने की आवश्यकता है, आदर्श रूप से इसकी सराहना की जानी चाहिए। फिर भी, जब शिक्षक ने अपनी कक्षा को पैगंबर मोहम्मद का कार्टून दिखाकर प्रघटना का विवरण देने का प्रयास किया, तो मिश्रित परिणाम देखने को मिले। निश्चय ही, यह कहा जा सकता है, चार्ली हेब्दो नामक व्यंग्यात्मक पत्रिका के मुख्यपृष्ठ को संदर्भ देने के बजाए समान रूप से विवरण देने के बहुत से अच्छे अन्य तरीके भी हो सकते थे। इसका जवाब हां है। हालांकि, समान रूप से एक प्रासंगिक बिंदु है : क्या मूल्यों पर संघर्ष के यथार्थ को स्थायी रूप से जमीन में दफन कर देना चाहिए? जब तक नहीं किया जाता तब तक निश्चित रूप से आग भड़केगी।

चूंकि इस्लाम पैगंबर के किसी भी चित्रात्मक प्रस्तुतीकरण का निषेध करता है, ऐसे में यह काफिरों द्वारा मजहब के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन माना जाएगा। उस तथाकथित अपमान के लिए, मजहब में आस्था रखने वाले ने कानून अपने हाथों में ले लिया और स्कूल टीचर को मौत के घाट उतार दिया। फ्रांस के कानून के मुताबिक, स्कूल टीचर की शिक्षण पद्धतियों से देश के कानून का उल्लंघन नहीं हुआ, लेकिन इस्लाम के स्वयंभू योद्धा द्वारा बदले की कार्रवाई ने उल्लंघन अवश्य कर दिया। इसके अतिरिक्त, चूंकि हत्या अनुकरणीय थी तथा अन्यों को इस्लाम का अपमान करने से बचने हेतु चेतावनी देने के लिए की गई थी, जिस तरह कुछ वर्ष पूर्व चार्ली हेब्दो के एक कर्मचारी की हत्या हुई थी, ऐसे में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा हस्तक्षेप किया जाना व दुनिया को स्पष्ट रूप से बताना आवश्यक था जो संभवतः ज्ञात न हो।

सर्वप्रथम, मैक्रों ने जोर दिया कि किसी अन्य की आस्था पर हमला बोलने को फ्रांस में अपराध नहीं माना जाता है और यह बात 1789 की क्रांति के समय से चली आ रही देश की परम्पराओं में मानी गई है। दूसरे, परिणामतः, मैक्रों ने हर किसी को याद दिलाया कि इस्लामी कानून, जिनका इस्तेमाल हत्यारे द्वारा की गई भयावह हत्या की अनुशस्ति के तौर पर किया गया, फ्रांस पर लागू नहीं होता।

हत्या का परिणाम एवं मैक्रों द्वारा लिया गया कड़ा रुख सर्वज्ञात है और उसको दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, एक बिंदु महत्वपूर्ण है। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण है राष्ट्रीय संप्रभुता की अवधारणा। एक समय, प्रत्येक देश का अपने मामलों को संचालित करने का अधिकार अलंघनीय माना जाता था, और यही साम्राज्यवाद विरोधी आंदोलन का आधारा बना था। हालांकि, हालिया समय में, रेखाएं धूमिल हो चुकी हैं। चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर यूरोपीय संघ तक, फ्रांस जिसका अविभाज्य अंग है, सार्वभौमिक मूल्यों की आकांक्षा उभर रही है। उग्रपंथी इस्लाम के एक समानांतर आंदोलन की निगाहें एक वैश्विक खलीफत स्थापित करने पर लगी हैं। फ्रांस के हालिया अनुभव को देखते हुए पुनर्विचार की आवश्यकता है।

यदि फ्रांस अपनी स्वयं की राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर अपने मूल्यों की प्रधानता को लेकर इतना दृढ़ है, तो उसके पास आदर्श रूप में यूरोपीय संघ की विश्व को अपने चश्मे से देखने की नीति के लिए बहुत कम समय बचा है। यहां तक कि यूरोप के भीतर भी बहुत से सदस्य देशों के घृणास्पद भाषण के प्रतिरूपों के विरुद्ध अपने घरेलू कानून हैं, पवित्र पहलुओं पर हमला बोलने को लेकर कोई आम सहमति नहीं है। यदि फ्रांस का विश्वास है कि तुर्की और शेष मुस्लिम जगत को उस पर इस्लामोफोबिया का आरोप लगाने से बचना चाहिए, तो उसे संपूर्ण जगत को अपनी छवि खुद की छवि में ढालने के यूरोपीय संघ के स्वप्न से दूर करन लेना चाहिए। सभ्यताओं का संघर्ष जारी है। मुद्दा इसे स्वीकार्य सीमाओं में बांधने का है।

# पाकिस्तान में भारी उथल-पुथल

**मार्कंडेय काटजू**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं)



पाकिस्तान में इस समय भारी उथलपुथल जारी है। लेकिन पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट-पीडीएम की रैलियों के कारण मचे शोर शराबे के बावजूद इनका कोई खास नतीजा नहीं निकलेगा। पीडीएम का गठन सितंबन में जमीयत उलेमाए इस्लाम के नेता फुजलुर रहमान ने किया था। इसमें 11 राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं जो पाकिस्तान में सभी राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। खासकर पीडीएम में मुख्यधारा की दो पार्टियां-बिलावल भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी-पीपीपी तथा निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-पीएमएल शमिल हैं जिसका नेतृत्व वर्तमान समय में उनकी बेटी मरियम नवाज़ कर रही हैं।

निसंदेह गंभीर आर्थिक संकट के कारण पाकिस्तानी जनता परेशान है। खाद्य पदार्थों व दवाइयों जैसी जरूरी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं तथा भयंकर बेरोजगारी है। लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की जनता पीडीएम को ज्यादा समर्थन नहीं देगी क्योंकि यह भ्रष्ट नेताओं का अपवित्र गठबंधन है। नवाज शरीफ का नाम पनामा पेपर्स में शामिल है और उनकी बेटी मरियम पर प्रधानमंत्री इमरान खान ने लंदन में चार बड़े फ्लैट होने का आरोप लगाया है। बिलावल भुट्टो की मां कथित रूप से भारी धनराशि देश से बाहर ले गई थीं तथा पाकिस्तान के रास्पुतिन कहे जाने वाले मौलाना फजलुर रहमान भयंकर अवसरवादी हैं। इन राजनेताओं को असली प्रेम पाकिस्तान की जनता से नहीं है, बल्कि वे पतित लोग हैं जिनके बीच कुछ भी समान नहीं है। वास्तव में वे सालों तक एक दूसरे का गला काटने पर आमादा थे, पर अब सत्ता व पद के लालच में एक हो गए हैं।

नवाज शरीफ ने लंदन से आनलाइन भाषण के माध्यम से पीडीएम की गुजरांवाला रैली में जनरल बाजवा व कुछ अन्य सैनिक अधिकारियों पर सीधे हमला बोला। शायद वे सोचते हैं कि पाकिस्तानी जनरलों में मतभेद पैदा कर उनको सेना प्रमुख के खिलाफ विद्रोह के लिए उकसा सकेंगे, लेकिन इसका कोई असर नहीं होगा। सेना अपनी प्रकृति से किसी भीड़ से अलग होती है। यह अत्यधिक अनुशासित संगठन होता है जो पदानुक्रम वाली कमांड श्रृंखला से संचालित होता है। इसमें निचली रैंक वाला हर आदमी बिना कोई सवाल पूछे अपने वरिष्ठों के आदेश का पालन करता है। सेना प्रमुख इस पदानुक्रम में सबसे ऊपर होते हैं और भले ही कार्पर्स कमांडर कभी उनसे असहमत हों, पर उनके आदेशों का पालन करते हैं। वे जानते हैं कि अनुशासन टूटने पर सेना और स्वयं वे नष्ट हो जाएंगे। इसलिए नवाज शरीफ चाहे जो चाहें, पाकिस्तानी सेना में कोई विद्रोह नहीं होगा। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी मजबूती से अपने सेवारत व सेवानिवृत्त जनरलों की रक्षा करते हैं और उनका अपमान सहन करने को तैयार नहीं हैं। वे जानते हैं कि ऐसा होने पर उनको भी इन्हीं स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। संभवतः नवाज शरीफ द्वारा जनरल मुशर्रफ पर निशाना लगाने के कारण ही सेना उनके खिलाफ हो गई थी।

सेना और नौकरशाही अवस्थापना किसी राज्य का आधार होती है। पाकिस्तान में असली शक्ति सेना के पास है, हालांकि



वह एक सिविलियन सरकार के पीछे छिप कर रहना पसंद करती है ताकि उसे बिना किसी जिम्मेदारी के शक्ति मिल सके। इमरान खान यह बात अच्छी तरह समझते हैं कि जब तक वे सेना को खुश रखेंगे, सुरक्षित रहेंगे। वे बहुत सावधानी से यह काम कर रहे हैं। यह सोचना यथार्थ से परे और मूर्खतापूर्ण है कि कोई भीड़ सेना से लड़ कर उसे हरा सकती है, भले ही उसकी संख्या वर्तमान की तुलना में सौ गुना अधिक हो। इससे मुझे अक्टूबर, 1795 की पेरिस में वेडीमियरे की घटना याद आती है जब ब्रिगेडियर जनरल नेपोलियन बोनापार्ट के 4,000 सैनिकों ने अपने से 10 गुना अधिक भीड़ को भगा दिया था। इस प्रकार पीडीएम के सभी समर्थक और जनता का पाकिस्तान की सत्तारूढ़ अवस्थापना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, वे चाहे जितनी रैलियां करें। लेकिन एक तत्व इस मामले में प्रभावी है और उस पर गौर किया जाना चाहिए।

पहले पाकिस्तान अमेरिका समर्थक तथा उससे सैनिक व आर्थिक रूप से नजदीकी से जुड़ा था। लेकिन वर्तमान समय में वह चीन के बहुत निकट है जो दुनिया की दूसरी महाशक्ति के रूप में उभरा है। चीन की पाकिस्तान से बहुत नजदीकी है और उसने वहां भारी निवेश किया है। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा दोनों देशों के बीच मजबूत संपर्क है। चीनी बलूचिस्तान से भारी मात्रा में कच्चा माल ले जा रहे हैं। ग्वादर बंदरगाह चीन को 40 साल के पट्टे पर दे दिया गया है और पाकिस्तानी बाजार सस्ती चीनी वस्तुओं से पटे हैं। इस प्रकार जहां पहले पाकिस्तान का एक मालिक था, इस समय दो हैं। सभी जानते हैं कि इन दोनों-अमेरिका व चीन के बीच भारी टकराव है और वह लगातार बढ़ रहा है। इसका प्रभाव अनिवार्य रूप से पाकिस्तानी अवस्थापना पर पड़ेगा जो विभाजित हो जाएगी। इसका एक हिस्सा अमेरिका और दूसरा चीन के साथ होगा। हालांकि, पाकिस्तानी जनता में बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी व अन्य परेशानियों के कारण पैदा असंतोष अकेले शासकों को सत्ता से हटाने के लिए काफी नहीं है। लेकिन यदि उपरोक्त दूसरे मालिक के उभार के भय से एक मालिक इस स्थिति का लाभ उठाना चाहे तो पाकिस्तान की सत्तारूढ़ अवस्थापना में दरार पड़ जाएगी। दीर्घकालीन रूप से यह स्थिति पैदा होने की संभावना है, ऐसे में हमारे पड़ोसी देश का भविष्य भी उथलपुथल से भरा है।

## आप की बात

### आत्महत्या या हत्या?

**जिंदगी** से तो हर किसी को शिकवे होते हैं परंतु आत्महत्या। यह नहीं है एकमात्र द्वार। मुसीबतें तो हर किसी की जिंदगी में आती है लेकिन अपने आप को पहचान कर ही तो नई दास्तान लिखी जाती हैं। यद्यपि अत्यंत परेशानी है, तो जिंदगी जीने का हुनर उन लोगों से सीख लेना चाहिए जिनके पास यह रंगीन कारवां देखने के लिए आंखें भी नहीं होती। बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक ऐसे कलाकार जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन से छोटे पर्दे पर ही नहीं बल्कि बड़े पर्दे पर भी अपने अभिनय का लोहा मनवाया। किस देश में है मेरा दिल नाम के शो से अपने करियर की शुरुआत करने वाले बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने कुछ महीने पेर्व अपने बांद्रा स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जो हकीकत में आत्महत्या थी ही या नहीं इसका हुलासा अभी तक नहीं हुआ हैं। जिसकी अभी उम्मीद भी नहीं दिखाई दे रही है क्योंकि यह जो मामला सुशांत की मौत की गुत्थी से शुरू हुआ था वो धीरे-धीरे भाई-भतीजाबाद, मर्डर थ्योरी से होता हुआ बॉलीवुड ड्रग्स पर जा अटका है। सुशांत की मौत पर होने वाली एफआईआर ड्रग्स की जांच के चक्कर में असली मुद्दे को तो दरकिनार कर दिया गया हैं। सीबीआई अब तक चुप क्यों है?

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### सक्रिय प्रशासन तंत्र

**देश** के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145वी जयंती पर प्रधानमंत्री ने नर्मदा जिले के केवडिया से जलविमान सेवा का उद्घाटन कर इससे यात्रा कर अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवर फ्रंट तक यात्रा की। केवडिया में प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को वीडियो कांन्फ्रेंसिंग से सम्बोधित करते हुए उनसे देश की एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करते हुये संविधान की मूलभावना की ओर ध्यान रखने की सलाह दिया। साथ ही अधिकारियों को आराम शोहरत और प्रचार का मोह छोड़कर मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का मंत्र देते हुये अपनी अलग पहिचान बनाने और आमजनता सशक्त और उसके जीवन मे कम सेकम प्रशासन का हस्तक्षेप करने का सुझाव दिया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शासन की रीढ़ होते है।यदि हमारे अधिकारी गण अपने कर्तव्यके प्रति सजग और सक्रिय हो जाये तो देश मे सुशासन के दुर्लभ आमजन को होने लगें। आज सरकार द्वारा जनता को खुशहाल बनाने के लिये तमाम योजनाये चला रही है। लेकिन तमाम गरीबों को लाभकारी योजनाओ का लाभ अभी भी नही मिल पा रहा है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### दोस्ती करें मगर सतर्क रहकर

**अमेरिका** द्वारा भारत के साथ बढ़ाई जा रही दोस्ती ताजा हालातों में बड़ी अहमियत रखती है। पिछले कुछ समय से वैश्विक स्वार्थ के चलते अमेरिका का झुकाव भारत की ओर हो गया है। भारत की ताकत रखता है उस अमेरिका को भी समझ पड़ गई है जो सत्तर के दशक में उसे किसी बांग्लादेश, श्रीलंका की तरह गिनता था। निश्चित रूप से पिछले सात-आठ सालों में भारत ने जिस तरह से विश्व के अन्य देशों में अपनी साख बनाई है उसकी चकाचौंध अमेरिका तक पहुंचना स्वभाविक ही थी। आज अमेरिका अगर भारत के साथ दोस्ती बढ़ाना चाहता है तो उसके भी मायने हैं। ये अच्छी बात है मगर भारत पूरी तरह अमेरिका पर आश्रित न रहे क्योंकि नया दोस्त और पुराना दुश्मन कभी भी अप्रासंगिक हो सकता है। भारत अन्य देशों से भी मधुर संबंध बनाकर चले तो उचित रहेगा। और यह समय की ही मांग है कि दोनों ही हाथों में लड्डू रखें तभी संतुलन कायम रह सकता है। अब तक हमारा लचीला रुख ही हमारी मुसीबतों का कारण बना हुआ था खैर आयद दुरुस्त आयद।

– **अमृतलाम मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**राष्ट्रपति** के तौर पर मैं दक्षिण कोरिया के साथ खड़ा रहूंगा, पूर्व एशिया व उससे परे गठबंधनों को मजबूत करते हुए।

– **जो बिडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति प्रत्याशी

**विविध** रैली स्थलों पर तेजस्वी यादव की सुरक्षा को पूरी तरह खतरे में डाल दिया गया है। हेलीकाप्टर परिचारलनों में बाधाओं के अलावा उनके जीवन को भी खतरा है।

– **मनोज झा**
राजद राज्यसभा सांसद





**हमने** पिछले चार वर्षों में जो बदलाव किए हैं उनसे हमें दुनियाभर में 200 से अधिक चुनावों की सत्यनिष्ठा की रक्षा में मदद मिली है।

– **मार्क जुकरबर्ग**
फेसबुक के सीईओ

पायनियर

लखनऊ, सोमवार, 2 नवंबर 2020



# बाबा विश्वनाथ की कृपा से साकार हो रहा पीएम का सपना

- नक्काशीदार लाल बलुवा पत्थरों से सज रहे कॉरिडोर को देखा
- तट पहुंच कर मां गंगा को किया प्रणाम

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ इस समय वाराणसी सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के बाद शनिवार की देर शाम श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। दर्शन.पूजन के पश्चात उन्होंने निर्माण कार्यों को देखा। निर्देश देते हुए कहा कि बाबा श्री काशी विश्वनाथ का धाम भव्य होगा।

मुख्यमंत्री करीब 8:10 बजे मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर में सप्तऋषि आरती चल रही थीए जिसमें शामिल हुए। आरती के पश्चात उन्होंने बाबा काशी विश्वनाथ का विधि.विधान से पूजन किया। पूजन के पश्चात मुख्यमंत्री मुख्य प्रवेश द्वार से शनि मंदिर, अक्षय वट और हनुमान मंदिर होते हुए ज्ञानवापी मंडप पहुंचे। मंदिर परिसर के चारों ओर हो रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। रानी भवानी उत्तरी प्रवेश द्वार पर चुनार के लाल बलुआ पत्थरों को तराश कर बनाए जा रहे नए प्रदक्षिणा मार्ग और भव्य प्रवेश द्वार के डिजाइन को देखा। मुख्यमंत्री ने इसे श्री बाबा विश्वनाथ की कृपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना को साकार बताया। मुख्यमंत्री मणिकर्णिका घाट पर बने रैंप से होते हुए जलासेन और ललिता घाट पर गए। उन्होंने जेट्टी के निर्माण कार्य के बारे जानकारी ली। सीएम ने मां गंगा को प्रणाम करते हुए आचमन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समय पर गुणवत्तापूर्वक पूरे कराए जाएं। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम में चल रहे निर्माण कार्यों को देखने के लिए गंगा तट तक गए। साथ ही मंदिर चौकए मुमुक्षु भवनए सिटी म्यूजियमए वाराणसी गैलरी सहित कई निर्माण के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने बताया कि भवनों का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। बारिश के पश्चात जेट्टी का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि जलासेन घाट पर बने पुराने निर्माण को संरक्षित किया जाएगा। साथ ही गोयनका लाइब्रेरी को भी संरक्षण करने की योजना बनाई गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने सभी मंदिरों पुरानी धरोहरों को संरक्षित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री अपने गंतव्य को रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के साथ धर्मार्थ कार्य मंत्री नीलकंठ तिवारीए मंत्री रविंद्र जायसवालए ओएसडी उमेश सिंहए एसडीएम विनोद सिंहए अपर मुख्यकार्यपालक अधिकारी निखिलेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

## कहीं भी अवैध वसूली नहीं होनी चाहिएः योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में कहा कि अपराधियों व माफिया पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहे। किसी भी स्थिति में इसमें रुकना और झुकना नहीं है। अपराधी तत्वों के असलहे निरस्त किए जाएं और हाईवे या अन्य कहीं भी अवैध वसूली नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिहार से सटी सीमाओं पर विशेष सतर्कता का निर्देश दिया।वाराणसी प्रवास पर शनिवार को विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव से पहले गांवों में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते विवाद बढ़ने की आशंका रहती है। ऐसे में पुलिस की निगरानी बढ़ानी होगी। बनारस में गैंगस्टर की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

## क्विक न्यूज

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का हुआ स्वागत

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का भाजपा महानगर प्रयागराज के कार्यकर्ताओं ने दिव्य एवं भव्य माला पहनाकर किया। भारतीय जनता पार्टी महानगर के अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में अंदावा स्थित भाजपा गंगा पार जिला कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का दिव्य एवं भव्य माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत एवं अभिनंदन करने वालों में देवेश सिंह राजेश केसरवानी रमेश पासी राजू पाठक विवेक अग्रवाल प्रमोद मोदी सचिन जायसवाल मयंक यादव मनीष केसरवानी देवेंद्र सिंह श्याम प्रकाश पांडेय अभिषेक सोनकर अमित केसरवानी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बनारस में आज से शुरू हुआ यातायात माह



**वाराणसी।** पूरे प्रदेश में नवम्बर में यातायात माह मनाया जाता है। इसी क्रम में माह नवम्बर की पहली तारीख को यातायात पुलिस लाईन में एसएसपी अमित पाठक ने यातायात माह का शुभारंभ और जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पहले उन्होनें यातायात पुलिस लाइन में एसएसपी अमित पाठक ने यातायात सिपाहियों और स्काउट गाइड के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और उन्हें यातायात माह का महत्व बताया। इस मौके पर एसपी यातायात श्रवण कुमार सिंह और सभी यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे। यातायात माह के बारे में बात करते हुए एसएसपी अमित पाठक ने बताया कि यातायात पुलिस के लिए यातायात के नियमों का पालन करवाना सड़क पर हमेशा चुनौती भरा कार्य होता है। नवम्बर माह में सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लेकर यातायात माह मनाया जाता है।

### डेंगू से पीड़ित युवक की मौत

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर में कोरोना के बाद अब डेंगू ने पैर पसार रखे हैं। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही लोगों पर भारी पड रही है। डेंगू के बुखार से पीड़ित एक सब्जी विक्रेता को झोलाछाप डॉक्टर के यहां इलाज कराना भारी पड़ गया। इलाज के दौरान बिगडे हालात से उसकी मौत हो गयी। मनोज कुमार (40) पुत्र जगदीश निवासी आजाद नगर जो कि सब्जी की दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। विगत कई दिनों से वह बुखार से पीड़ित था। परिजनों की माने तो कई बार इलाज के लिए वह सरकारी अस्पताल गया था। लेकिन वहां समुचित इलाज न मिलने से वह आजाद नगर में ही स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर से अपना इलाज कराने लगा। इधर स्थित बिगडी तो परिजनों ने गंभीर अवस्था में शुक्रवार को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर शनिवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### महिला के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**उन्नाव।** अस्पताल से डयूटी खत्म करने के बाद घर जा रही महिला के साथ एक युवक ने शनिवार की देर रात दुष्कर्म किया। किसी तरह जान बचाकर निकली महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कानपुर के किदवई नगर की रहने वाली एक महिला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर में किराए के मकान में रहकर नर्सिंग होम में नौकरी करती है। शनिवार की रात महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अस्पताल से डयूटी खत्म करके घर जा रही थी। तभी सिटी मारबल के पास एक चौपहिया वाहन से राहुल पुत्र बेचेलाल निवासी आदर्श नगर मिला और उसको कार में बैठा लिया। महिला का आरोप है कि कुछ दूर ले जाकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्व दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### निर्वाचन कार्यालय पहुंच डीएम ने लिया जायजा

**उन्नाव।** बांगरमऊ विधानसभा उप निर्वाचन में उपयोग की जाने वाली ईवीएम मशीन व वीवीपैड के रख रखाव आदि के बारे में डीएम रवीन्द्र कुमार ने रविवार को निर्वाचन कार्यालय पहुंच स्थित का जायजा लिया। डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कडाई से पालन किया जाए। ईवीएम मशीन व वीवीपैड के सुरक्षा व्यवस्था व आरक्षित मशीनों व अतिरिक्त बैट्रियों को समय से सम्बन्धित अधिकारियों को समय से उपलब्ध करा दे। निर्वाचन के बाद प्राप्त मशीनों को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए।

### मंत्री रविंद्र जायसवाल ने लिया तीन सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन की मंशा के अनुरूप शहर उत्तरी के विधायक प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप न्यायालय के पंजीयन विभाग रविंद्र जायसवाल ने अपने उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित हो रहे लगभग सवा तीन सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद ले लिया हैं। मंत्री रविंद्र जायसवाल ने रविवार सायं गुलाब बाग स्थित क्षेत्र कार्यालय में आंगनबाड़ी की मुख्य सेविकाओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर घोषणा की कि वे प्रत्येक माह अति कुपोषित व कुपोषित बच्चों के लिए लाई.चना बिस्कुट का वितरण कराएंगे। उन्होंने बताया कि वरुणा उस पार के घोषित बच्चों के लिए पुष्टाहार थैली का वितरण खजूरी स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय से किया जाएगा। जबकि वरुणा इस पार के कुपोषित बच्चों के वितरण के लिए पुष्टाहार उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के गुलाब बाग कार्यालय से वितरित किया जाएगा। दोनों स्थानों से हर 15 दिन पर यह कार्य संपादित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि कुपोषित बच्चों के लिए वर्ष में एक बार कपड़े भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व राज्यपाल की मंशा के अनुरूप पुष्टाहार सामग्री वितरण का मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों को स्वस्थ करना व रखना है। क्योंकि ये बच्चे देश के भविष्य हैं। उन्होंने बताया कि उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में 400 से ज्यादा कुपोषित बच्चे हैंए इनकी दो श्रेणियां है अतिकुपोषित और कुपोषित।

# यातायात माह का एसपी ने किया शुभारंभ

- बच्चों ने जन-जन को यातायात के प्रति प्रेरित करने का लिया संकल्प

संवाददाता। उन्नाव



**शहर के** सिविल लाइन स्थित निराला प्रेक्षाग्रह में रविवार को एसपी आनन्द कुलकर्णी, एएसपी विनोद कुमार पांडेय व सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी ने यातायात माह नवंबर का शुभारंभ फीता काटकर किया। इसमें आटो व बस चालकों व बच्चों को यातायात नियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने जन–जन को यातायात के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। एसपी ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट जरुर पहनना चाहिए। बिन हेलमेट के बाइक चलाना जीवन में काफी घातक साबित होता है। बच्चे अपने माता–पिता को हेलमेट पहनकर ही मोटरसाइकिल चलाने का आह्वान करें। एएसपी ने कहा कि घर से बाहर निकलते समय हमें सभी कागजात को जांच लेना चाहिए ताकि चेकिंग में किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। नियमों की अनदेखी से जहां गृहस्थी उजड़ जाती है, वहीं बच्चे अनाथ हो जाते हैं। सीओ सिटी ने कहा कि यातायात माह के तहत जनता को नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। हमें यह ख्याल होना चाहिए कि सड़क पर अपने बाएं से चलना है। जब इसका ज्ञान हो जाएगा तो निश्चित रूप से घटना पर अंकुश लग जाएगा। कहा कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरुर लगाएं। वाहनों को इतना ही तेज चलाएं जितने पर नियंत्रण पा सकें। निर्धारित गति से ज्यादा रफ्तार से वाहन संचालन भी हादसे का कारण बन रहा है। वहीं कार्यक्रम में पैट्रियाट इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र, टीएसआई प्रदीप कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा विधायक ने अयोध्या शिशु निकतन में की जनसुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय जनता** पार्टी नेता व कैण्टोनमेण्ट से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने अयोध्या शिशु शिक्षा निकेतन जनसुनवाई की। जनसुनवाई में रामनगर पालिका परिषद तथा भगवानपुर, भीटी, सुल्तानपुर और टेंगरा मोड़ से बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं के बाबत गुहार लगाई। अधिकतर लोगों की समस्या भूमि विवाद, दूषित पेयजल आपूर्ति, त्रुटिपूर्ण बिजली बिल, प्रधानमंत्री आवास योजना, हैंडपम्प एवं सड़क–सीवर आदि से सम्बंधित थे। कुछ का त्वरित निस्तारण मोके पर कर दिया गया जबकि अन्य समस्या समाधान के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया। जनसुनवाई प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगातार चली जिसमें सैकड़ो लोगों की समस्याओं का निस्तारण हुआ। जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुल्तानपुर से बड़ी संख्या में लोग आए उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा आवासीय बस्ती के बीच में कूड़ा घर का निर्माण कराया जा रहा है। जनसुनवाई के बाद विधायक स्वयं सुल्तानपुर गए और उन्होंने जाकर देखा। विधायक ने ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि आवासीय बस्ती के बीच में कूड़ाघर नहीं बनाया जाएगा। वारीगडही के रामनगर पालिका परिषद द्वारा सरकारी नाले को पाटने का भी शिकायत दर्ज कराई। विधायक ने आश्वासन दिया कि नाले पर से अवैध रूप से पाटी गई मिट्टी को हटाया जाएगा और सड़क का निर्माण जनभावना के अनुरूप होगा। जनसुनवाई में सभासद अशोक जायसवाल, संतोष द्विवेदी, डॉ अनुपम गुप्ता, अमित सिंह चिंटू, जितेंद्र पांडेय, सृजन श्रीवास्तव, रितेश राय, कुलदीप वर्मा, विवेक मिश्रा आदि। कैंट से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव लोको छित्तूपुर वार्ड के दो आंगनबाड़ी केंद्रों के 24 कुपोषित बच्चों के परिवारों को पोषण पोटली का वितरण किया। विधायक ने कहा कि उनकी कैंट विधानसभा में एक भी बच्चे को कुपोषित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ बाल रोग चिकित्सक डॉक्टर समीर गुप्ता इन कुपोषित बच्चों की न सिर्फ नि:शुल्क चिकित्सा करेंगे, बल्कि उनकी जांच व दवाई आदि का प्रबंध भी करेंगे। विधायक ने इसमें एक पहल के लिए डॉ समीर गुप्ता के प्रति आभार जताया।

# विकास खंड कार्यालय परिसर में नहीं कोई 'शौचालय'

- रोजाना आने वालों लोगों के लिए नहीं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, ग्राम्य स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों फरियादियों का रोज रहता है आना-जाना

संवाददाता। मौरावां, उन्नाव

**केंद्र से** लेकर सूबे तक की सरकार खुले में शौच पर रोक लगाने के लिए हर घर शौचालय बनवाना अनिवार्य कर रही है। लेकिन विकासखंड हिलौली से सरकार के एक नहीं बल्की कई प्रतिनिधि होने के बावजूद खंड विकास कार्यालय परिसर में ही कोई शौचालय नहीं है। इतना ही नहीं यहां रोजाना आने वालों के लिए शुद्ध पेयजल तक की व्यवस्था नहीं है। क्षेत्रीय लोगों ने विकास खंड कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं के साथ क्षेत्र में कागजों पर पूरे किए गए विकास कार्यों की वास्तविकता जांचे जाने की मांग उठाई है। 50 ग्राम सभाओं वाले ब्लाक हिलौली में सरकारी योजनाओं का पुरसाहाल नहीं है। कागजों पर ओडीएफघोषित कर अपनी पीठ खुद ठोंकने वाले खंड विकास कार्यालय के जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली के प्रमाण देखने के लिए क्षेत्र में जाने की जरूरत ही नहीं है। इसके लिए विकास खंड कार्यालय का नजारा ही काफी है। यहां पर 89 क्षेत्र पंचायत सदस्य व 50 ग्राम है। प्रधानों के अलावा आवास, शौचालय जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर सैकड़ो फरियादियों का रोजाना आना होता है। जबकि यहां पर अब तक न ही शौचालय है, और न पेयजल की ही कोई व्यवस्था है। ब्लाक कार्यालय का ऐसा हाल तब है जबकि इसी ब्लाक के रहने वाले राज्यसभा सांसद संजय सेठ व हृदय नारायण दीक्षित विधानसभा अध्यक्ष हैं। सुनील सिंह यादव विधान परिषद सदस्य है। इतना ही नही क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह भी इसी ब्लाक क्षेत्र के रहने वाले हैं। राजू सिंह, महेश सोनी, जीतू दीक्षित, वैभव सोनी समेत अन्य लोगों ने बताया कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का बुरा हाल है। अधिकांश गांवों में आवागमन, पेयजल व स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदतर है। उसी परिसर में कृषि रक्षा इकाई व पशु चिकित्सालय भी है। ब्लॉक परिसर में जरूरी कामों को लेकर जनप्रतिनिधि के साथ आम जनमानस का आवागमन रहता है। लोगों का कहना है कि हमारे क्षेत्र के इतनी बड़ी महान हस्तियां होने के बावजूद भी परिसर में ना तो एक शौचालय बन सका है और ना ही कोई शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था है।

**लोगों की जुबानी...**

**सरकार** विकास के दावे तो करती है, कितना विकास हुआ है इसका प्रमाण हिलौली विकासखंड आकर कोई भी देख ले, यहां तो शौचालय व शुद्ध पानी की कोई व्यवस्था नही है। सरकार हर घर शौचालय बनवाने का करती है।

**-गंगाप्रसाद**

**दूर** दराज से ब्लाक व पशु चिकित्सालय में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग अपनी समस्यओं के लिए आते हैं। मगर ब्लाक में न तो शुद्ध पानी की कोई व्यवस्था न शौचालय की। इससे गंभीर समस्या क्या हो सकती है।

**-नगीना सिंह**

**जिम्मेदार** अधिकारियों को चाहिए कि इस गंभीर समस्या को ध्यान दे। शौचालय व शुद्ध पेयजल की समस्या का निस्तारण अतिआवश्यक है। अधिकारियों को चाहिए कि इस विषय पर गंभीर हो।

**-रामबाबू शुक्ल**

इस गंभीर समस्या को जिम्मेदार लोगों को ध्यान देना चाहिए। अधूरे पड़े शौचालय को पूर्ण कराकर संचालित करें।

**-नीरज सोनी**

# कोविड संक्रमण काल में किये गए कई बड़े बदलाव

**प्रयागराज।** बहुत थोड़े ही समय में बहुत लोकप्रियता और सफलता मिली। कोविड 19 संक्रमण काल के दौरान किया मोटर्स ने किया सेल्टोस का एनिवर्सरी एडिशन लॉन्च किया। एडिशन देश में इस कार के एक साल पूरा करने की उपलब्धि के जश्न के रूप में पेश किया गया। इसकी तुलना में किया सेल्टोस एनिवर्सरी एडिशन के एक्सटीरियर और इंटीरियर में कई बदलाव किये गये। इस प्रकार यह पहले से ज्यादा मजबूत स्टाइलिश और अनोखी बन गई है। मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कूखयून शिम ने कहा कि पिछले साल सेल्टोस के लॉन्च ने भारत में एक ब्राण्ड के तौर पर किया की मजबूत नींव रखी थी। बेहतरीन गुणवत्ता शक्तिशाली इंजन विकल्पों और दमदार प्रदर्शन के कारण नये मापदंड स्थापित किये हैं। इस मौके पर तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कंपनी के लोगों द्वारा इस मौके पर और भी जागरूकता अभियान का आह्वान किया गया। व्रत को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक करवा चौथ का व्रत बेहद पावन दिन होता है। व्रत को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। इस दिन दुनिया भर में शादीशुदा हिन्दू महिलाएं अपने पतियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबे जीवन की कामना करते हुये व्रत रखती हैं। यह व्रत चार नवंबर को है। शुरूआत में यह त्योहार उत्तर भारत में मनाया जाता था लेकिन अब दुनिया भर में इसे बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं की संतोषी मां ऊर्फ ग्रेसी सिंह और स्वाति यानी कि तन्वी डोगरा करवा चौथ की अहमियत और इससे जुड़ी परंपराओं के बारे में बता रही हैं। संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं सोमवार से शुक्रवार रात नौ बजे सिर्फ एण्ड टीवी पर आता है।

# भगवतपुर के नाम विकास खण्ड की होगी पहचानः सिद्धार्थ नाथ सिंह

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- भगवतपुर में सौ शैय्या केंद्रीय चिकित्सालय के शिलान्यास के लिए कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने रखी आधारशिला



अस्पताल के लिए आधारशिला रखते कैबिनेट मंत्री

**प्रदेश के** कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने आज भगवतपुर में सौ शैय्या केंद्रीय चिकित्सालय पी यूरेथेन के शिलान्यास के लिए आधारशिला रखी। इस मौके पर काबीना मंत्री ने कहा कि यह एल टू का अत्याधुनिक अस्पताल होगा। यह अस्पताल कुंभ मेला के दौरान केंद्रीय चिकित्सालय की व्यवस्था की तरह जनता की सेवा में समर्पित होगा। जो जांच ऑपरेशन सहित समस्त सुविधाओं से युक्त अस्पताल होगा। कहा कि गर्भवती महिलाओं के इलाज का सबसे अच्छा केयर की व्यवस्था अवश्य बने। साथ ही अत्याधुनिक डायलिसिस एक्सरे आदि भी रहे। यहाँ पर स्वच्छता और शहर व गांव को सुंदर बनाने के आहवान के साथ कहा कि जब हम रेलवे स्टेशन के बाहर आते हैं तो अच्छी सड़क साफ सफाई व्यवस्थित यातायात कानून व्यवस्था दिखाई देता है। उसे लगता कि इसी शहर और गांव में निवेश करना चाहिए। यह तभी होगा जब सरकार और जनता मिलकर सहयोग करेंगे। निवेशक आएंगे और शहर पश्चिमी में उद्योग स्थापित होंगे। श्री सिंह ने कहा कि पहले कौड़िहार टू के नाम से शहर पश्चिमी का ब्लॉक नाम से जाना जाता था। अब भगवतपुर के नाम विकास खण्ड की पहचान होगी। महिलाओं की आर्थिक सुदृढ़ता के लिए समूहों को संगठित कर सामाजिक सुरक्षा और जीवन को बढ़ाने का लगातार योजनाओं से जोड़ रहा हूँ। युवाओं को भी तकनीक से जोड़कर आगे बढ़ाने के लिए पालीटेक्निक कालेज की स्थापना के लिए प्रयासरत हूँ। जल्द ही शहर पश्चिमी में युवाओं और महिलाओं के शिक्षा और रोजगार का हब होगा। शहर पश्चिमी से यमुनापार को जोड़ने के लिए जल्द यमुना में पुल बनेगा। साथ ही चौफ्टका से एयरपोर्ट के लिए फ्लाईओवर ब्रिज भी शुरू होगा। मेदांता और पीजीआई गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए नहीं पड़ेगा शहर पश्चिमी में यूनाइटेड मेडिसिटी 900 बेड का अस्पताल बन चुका है।प्रयागराज के सीएमओ डॉक्टर जीएस बाजपेयी ने बताया कि 406ण्01 लाख का 31 अक्टूबर 2021 तक बनकर तैयार हो जाएगा।जिसमें बाउंड्रीवाल एवं गेट ओवरहेड टैंक ट्यूबबेल एवं पंप हाउस सोकपिट एवं सेफ्टी टैंक सरफेस ड्रेन आंतरिक सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स कैंपस का बाहय विद्युतीकरण सहित सौ शैय्या चिकित्सालय पी.यूरेथेन एवं अन्य आवश्यक कार्य प्रावधान किया गया है। कुंभ मेले की तरह ओपीडी हेतु दो महीने में दो कक्ष बनकर तैयार होगा। ओपीडी की शुरुआत हो जाएगी। फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने महिलाओं को सशक्त बनने का आवाहन किया। साथ ही अस्पताल का नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल रखने की मांग किया। जिसपर कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सहमति दी। इससे पहले विधि विधान वैदिक रीति के साथ पूजा अर्जन किया और बटन दबाकर शिलान्यास की आधारशिला जनता को समर्पित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार एसडीएम सदर अजय नारायण सिंह महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी पूर्व उप महापौर लल्लू लाल कुशवाहा पीयूष रंजन निषाद क्षेत्रीय मंत्री कमलेश गौतम राम लोचन साहू पवन श्रीवास्तव चन्द्रभूषण सिंह पटेलए लेखराज सिंह पटेल विजय पुसवानी जगमोहन आर्या अभिषेक शुक्ला संतोष राय संजय विश्वकर्मा राजू राय दिनेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मां भारती की सेवा में समर्पित है विद्या भारतीः दीपक असरानी

- विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद काशी प्रान्त की ओर से ज्वाला देवी स्कूल में मेरा स्कूल मेरा गौरव उत्सव का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




मंच पर उपस्थित अतिथिगण

**विद्या भारती** पूर्व छात्र परिषद काशी प्रान्त की ओर से मेरा स्कूल मेरा गौरव उत्सव का आयोजन ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स के विशाल सभागार में रविवार को किया गया। मेरा स्कूल मेरा गौरव उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि और पूर्व छात्र दीपक असरानी अध्यक्ष राजकुमार अम्बरीश तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राम मनोहर ने माँ सरस्वती के सम्मुख पुष्पार्चन दीपार्चन कर किया। ज्वाला देवी शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य सुमन्त पाण्डेय ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखी। मुख्य अतिथि दीपक असरानी ने कहा कि माँ भारती की सेवा में 68 वर्षों से समर्पित विद्या भारती की पूर्व छात्र परिषद इकाई द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेरा स्कूल मेरा गौरव पर्व का आयोजन किया गया है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य विद्या भारती के सरस्वती शिशु मन्दिर एवं सरस्वती विद्या मन्दिर पढ़े रहे अधिकारिक पूर्व छात्रों का पंजीयन विद्या भारती पोर्टल पर सुनिश्चित करना है। पर्व का आरम्भ 17 अक्टूबर प्रथम नवरात्रि के पावन अवसर पर हुआ। जो आगामी 16 नवम्बर तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रान्त संगठन मंत्री ने कहा कि विद्या भारती के पूर्व छात्रों का योगदान हमेशा से देश और समाज में परोपकार की भावना से जरूरतमंदों की सहायता करना तथा संस्कार युक्त शिक्षा के प्रसार के साथ साथ एक सभ्य एवं समृद्व समाज के निर्माण में रहा है। विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद द्वारा चलाये जा रहे उत्सव से जुड़कर पूर्व छात्र न केवल अपने विद्यार्थी जीवन की यादों को तरोताजा कर पायेगें बल्कि वह अपने पूर्व सहपठियों से समपर्क भी स्थापित कर पायेंगे। उन्होंने विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद द्वारा प्रारम्भ किये गये मेरा स्कूल मेरा गौरव उत्सव कार्यक्रम के लिए पूर्व छात्र प्रमुख दीपक असरानी एवं राजकुमार अम्बरीश की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने कहा कि हम आशा करते हैं कि मातृ भक्ति से ओत प्रोत माँ सरस्वती के सभी सपूत पोर्टल पर अथवा 7231889996 पर मिस्ड कॉल के द्वारा विद्या भारती उत्सव से जुड़कर एक मजबूत खुशहाल समतामूलक समाज की रचना में अपना बहुमूल्य योगदान देकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। अंत में मोहन जी टंडन द्वारा अतिथियों एवं पूर्व छात्रों का आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र विक्रम बहादुर सिंह परिहार वागीश मिश्र जगदीश सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे।कार्यक्रम के पूर्व विद्या भारती के पूर्व छात्र अध्यक्ष दीपक असरानी ने पत्रकारों से बात की। इस मौके पर विद्या भारती काशी प्रान्त के संगठन मंत्री डॉक्टर राम मनोहर मोहन जी टंडन और पूर्व छात्र प्रमुख राजकुमार अम्बरीश सरोज दुबे उपस्थित रहे।

# नेताओं के नफरत भरे भाषण लोकतंत्र के लिए अच्छे नहीं

**भाषा।** पटना/नई दिल्ली



**देश** में राजनीतिक विमर्श के गिरते स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि लोगों के बीच नफरत फैलाकर चुनाव लड़ा और जीता नहीं जाना चाहिए और एक स्वस्थ लोकतंत्र में कड़वाहट भरी और अप्रिय टिप्पणी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह भरोसा भी जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार विधानसभा चुनाव जीतेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि चिराग पासवान नीत लोक जनशक्ति पार्टी के बिहार में राजग से बाहर होने का असर सत्तारूढ़ गठबंधन की चुनाव संभावनाओं पर नहीं पड़ेगा।

सिंह ने इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि पासवान की पार्टी के साथ कोई गुप्त समझौता है। उन्होंने कहा कि भाजपा साथ सुथरी राजनीति में विश्वास रखती है और लोगों के विश्वास से खिलवाड़ नहीं करती। उन्होंने कहा, चिराग और उनकी पार्टी (लोजपा) के गठबंधन से बाहर होने के अपने कारण हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि लोजपा का कोई असर बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा-जद(यू) गठबंधन पर पड़ेगा। हमारा गठबंधन चुनाव जीतेगा और राज्य में अगली सरकार बनाएगा। इस बात का जिक्र किए जाने पर कि चिराग अपने चुनाव प्रचार के दौरान सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर प्रहार कर रहे हैं, भाजपा पर नहीं, इस पर सिंह ने कहा, व्यक्तिगत द्वेष स्वस्थ राजनीति के लिए अच्छा नहीं है। इससे दूर रहना चाहिए और मैं खुद इस तरह की राजनीति नहीं करता।

सभी राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा एक दूसरे के खिलाफ नफरत भरे बयान देने और व्यक्तिगत टिप्पणी किए जाने पर चिंता जाहिर करते हुए सिंह ने कहा, स्वस्थ राजनीति में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है और लोगों के बीच नफरत फैलाकर चुनाव लड़ा और जीता नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एक दूसरे के खिलाफ कटुता, अप्रिय टिप्पणी और व्यक्तिगत आक्षेप लगाने से बचना चाहिए। यह स्वस्थ राजनीति के लिए अच्छा नहीं है। इसके बजाय चर्चा, बहस और यहां तक कि जनहित के मुद्दों पर तर्क-वितर्क होना चाहिए।

सिंह ने बिहार में दर्जन भर से अधिक चुनावी रैलियों को संबोधित किया है और आने वाले दिनों में कई और रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। जनसभाओं में जो प्रतिक्रिया उन्हें देखने को मिली है, वह इस बारे में मजबूत संकेत देती है कि भाजपा-जद(यू) गठबंधन राज्य में चुनाव जीतने जा रहा है। सिंह ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार ने राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा , वहीं दूसरी ओर,चाहे वह बिहार हो या राष्ट्रीय स्तर पर हो, विपक्ष के पास विश्वसनीयता का अभाव है क्योंकि वह हमेशा ही अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है।



भोपाल में मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं आदिवासी महिला कलाकार

# प. बंगाल के लोग राज्य सरकार के केंद्र के साथ टकराव की कीमत अदा कर रहे हैं : राज्यपाल

**भाषा।** सिलीगुड़ी (बंगाल)



**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि राज्य के लोग केंद्र और तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच एक ऐसी लड़ाई की कीमत अदा कर रहे हैं जिसे टाला जा सकता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विकास के दो पहिए हैं और लोगों की मदद के लिए सहयोगात्मक संघवाद और संयुक्त कार्वाई के साथ काम किया जाना चाहिए। महामारी ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य ढांचे की पोल खोल दी है। अगर सरकार आयुष्मान भारत योजना को अंगीकार करती तो अच्छा होता। दुर्भाग्यवाश, राज्य के लोग दूरदर्शिता की कमी और टाले जा सकने वाले टकराव की कीमत चुका रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र सरकार ने देश में प्रत्एक किसान के खाते में सीधे 12,000 रुपए की राशि भेजी, लेकिन राज्य के लोग इस लाभ से वंचित रहे। पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनने के बाद से ही धनखड़ का राज्य सरकार के साथ टकराव जारी है। धनखड़ ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध की भी निंदा की। राज्यपाल रविवार से एक महीने लंबी दार्जिलिंग यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि उनकी इस यात्रा का मकसद जमीनी वास्तविकताओं को जानना है। राज्यपाल की दार्जिलिंग की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब गोरखा जनमुक्ति मोर्चा सुप्रीमो बिमल गुरुंग ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी राजग से अपना समर्थन वापस लेगी।

# देश की नीव को कमजोर करने वाले हैं नए कृषि कानून : राहुल गांधी



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र द्वारा लाए गए नए कृषि कानूनों को किसानों, मजदूरों तथा देश की नींव को कमजोर करने वाला बताते हुए शनिवार को भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन कानूनों पर पुनर्विचार करेंगे। गांधी रविवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में राज्योत्सव कार्यक्रम को वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने इस दौरान राज्य की जनता को बधाई दी और कहा, यह मुश्किल समय है। देश में कोविड महामारी तेजी से फैल रही है। ऐसे समय में जो कमजोर लोग होते हैं उन्हें सबसे ज्यादा कठिनाई होती है। किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार, हमारी माताएं, बहनें, हमारे युवा, इन को सबसे ज्यादा कठिनाई होती है।

# तृणमूल के असंतुष्ट मंत्री को भाजपा सांसद ने दिया पार्टी में शामिल होने का न्योता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सौमित्र खान ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं परिवहन मंत्री शुभेंदु अधिकारी को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया। अधिकारी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनकी पार्टी के सहयोगी उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। भाजपा सांसद ने यह भी कहा कि तृणमूल में निष्ठावान और कर्मठ लोगों के लिए कोई जगह नहीं है और केवल भाजपा में ही ऐसे लोगों को स्वतंत्र होकर काम करने का अवसर मिलता है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर पार्टी को तोड़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि अधिकारी उनकी पूंजी हैं।

राज्य के परिवहन मंत्री अधिकारी ने शनिवार को पुरुलिया में दिए अपने संबोधन में कहा था कि वह कठिन परिश्रम से पार्टी में ऊंचे पद तक पहुंचे हैं और उन्हें पैराशूट से सफलता नहीं मिली है। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके द्वारा पार्टी में शामिल किए गए लोग अब उनके विरोधी बन गए हैं। खान ने यहां संवाददाताओं से कहा, तृणमूल में कठिन परिश्रम करने वालों और निष्ठावान लोगों के लिए कोई स्थान नहीं है। किसी सांसद विशेष के लिए शुभेंदु अधिकारी जैसे लोकप्रिय नेताओं को किनारे लगाया जा सकता है। उन्हें तृणमूल से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए। उन्हें भाजपा जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में काम करने की स्वतंत्रता होगी।

इससे पहले भी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने अधिकारी के जनता से गहरे जुड़ाव की कई मौकों पर सराहना की है। खान की टिप्पणी का जवाब देते हुए तृणमूल के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत रॉय ने कहा कि भाजपा पार्टी में फूट डालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, शुभेंदु तृणमूल की पूंजी हैं। भाजपा को भली भांति पता है कि वह खुद कुछ नहीं कर सकती इसलिए वह पार्टी में फूट डालने का प्रयास कर रही हैं। वह इसी में माहिर हैं।

नंदीग्राम से विधायक अधिकारी पिछले कुछ महीनों से पार्टी से असंतुष्ट हैं और तृणमूल के बैनर के बिना जनसभाएं आयोजित कर रहे हैं। हाल ही में वह राज्य मंत्रिमंडल की बैठकों में भी शामिल नहीं हुए थे। अधिकारी के एक करीबी सहयोगी ने कहा कि वह नंदीग्राम में 10 नवंबर को एक रैली करेंगे जहां वह अपने अगले कदम की घोषणा कर सकते हैं। सहयोगी ने कहा, दादा (शुभेंदु) 10 नवंबर को नंदीग्राम में एक बैठक करेंगे। हम उनके संदेश का इंतजार कर रहे हैं। 2011 में पार्टी को सत्ता में लाने में अहम भूमिका निभाने के बावजूद उन्हें तृणमूल में वह स्थान नहीं मिला जिसके वह हकदार थे। तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अधिकारी के साथ सामंजस्य बिठाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वरिष्ठ नेता ने कहा, हमारी पूरी कोशिश होगी कि वह पार्टी में रहें। बाकी उन पर निर्भर करता है।

## क्विक न्यूज

### धार्मिक स्थल संबंधी विवाद उठाने पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून केप्रावधानों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मे एक याचिका दायर कर 1991 के उस कानून के कुछ प्रावधानो की वैधता को चुनौती दी गई है, जो किसी पूजास्थल पर पुनः दावा करने या 15 अगस्त, 1947 के समय उसकी जो प्रकृति थी, उसमें बदलाव के लिए मुकदमा दायर करने पर प्रतिबंध लगाते है। याचिका में पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) कानून 1991 की धाराओं दो, तीन और चार को दरकिनार किए जाने का अनुरोध किया गया है। यह याचिका इस आधार पर दायर की गई है कि ए प्रावधान किसी भी व्यक्ति या धार्मिकसमूह द्वारा पूजा स्थल पर पुनः दावा करने केलिए न्यायिकसमाधान के अधिकार को छीनते है। इस कानून मे अपवाद का एक ही उदाहरण है और वह अयोध्या मे राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद संबंधी विवाद था। यह याचिका भाजपा नेता एवं वकील अश्विनी उपाध्याय ने वकील अश्विनी दुबे के जरिए दायर की है। याचिका ऐसे समय में दायर की गई है, जब कुछ हिंदू समूह मथुरा और काशी में धार्मिक स्थलो पर पुनः दावा करने की मांग कर रहे है, जो कि 1991 कानून के तहत प्रतिबंधित है। याचिका मे कहा गया है कि ए प्रावधान न केवल समानता और जीवन के अधिकार, बल्कि धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतो का भी उल्लंघन करते है, जो कि प्रस्तावना का अहम हिस्सा और संविधान का मूल ढांचा है। याचिका पर आगामी दिनो मे सुनवाई होने की संभावना है। इसमे आरोप लगाया गया है कि 1991 कानून ने कट्टरपंथी-बर्बर आक्रमणकारियो और कानून तोड़ने वालो द्वारा किए गए अतिक्रमण से बदली पूजनीय-तीर्थ स्थलो की प्रकृति को जस का तस रखने के लिए 15 अगस्त 1947 की मनमानी और तर्कहीन पूर्वव्यापी कट ऑफ तारीख तय की। जनहित याचिका मे कहा गया है कि केंद्र ने हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख समुदाय के पूजनीय स्थलो पर अवैध कब्जे के कानूनी समाधान पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन समुदायों के लोग इस मामले में मुकदमा दायर नही कर सकते या अदालत का दरवाजा नही खटखटा सकते। याचिका मे इन प्रावधानो को अमान्य और असंवैधानिक घोषित किए जाने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले भी विश्व भद्र पुजारी पुरोहित महासंघ ने इस कानून की धारा चार को न्याएतर करार दिए जाने का अनुरोध किया था।

### सिंधिया ने गलती से कांग्रेस के लिए मांगे वोट

**भोपाल।** भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की एक चुनावी रैली के दौरान भाषण देते हुए जुबान फिसल गई और उन्होंने मध्य प्रदेश में तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव में गलती से लोगों से अपनी पूर्व पार्टी कांग्रेस को वोट देने को कहा। सिंधिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह ग्वालियर जिले की डबरा सीट से भाजपा प्रत्याशी इमरती देवी के पक्ष में शनिवार को रैली के दौरान कांग्रेस के लिए वोट मांगते नजर आ रहे है। वीडियो मे सिंधिया यह कहते हुए सुनाई दे रहे है, हाथ उठाकर हमें विश्वास दिलाओ, (मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री) शिवराज सिंह (चौहान) और हमें। मेरी डबरा की जनता, मेरी जानदार एवं शानदार जनता, मुट्ठी बांधकर विश्वास दिलाओ कि तीन तारीख को हाथ के पंजे पर बटन दबेगा। हालांकि, गलती का एहसास होने पर भाजपा नेता ने तुरंत इस वाक्य में संशोधन किया और लोगो से भाजपा के कमल चिन्ह को वोट देने की अपील की। इस गलती पर कांग्रेस ने सिंधिया पर तंज कसते हुए मप्र कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर इसका वीडियो अपलोड कर लिखा, सिंधिया जी, मध्यप्रदेश की जनता विश्वास दिलाती है कि तीन तारीख़ को (ईवीएम पर) हाथ के पंजे वाला बटन (कांग्रेस का चुनाव चिन्ह) ही दबेगा। इस बारे मे संपर्क किए जाने पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि इस तरह की गलती किसी भी व्यक्ति द्वारा हो सकती है।चतुर्वेदी ने कहा, उनकी (सिंधिया) जुबान फिसल गई थी और यह किसी के साथ भी हो सकता है। गलती का एहसास होने पर सिंधिया ने तुरंत इसमें सुधार किया। हर कोई जानता है कि वह भाजपा के नेता है। 49 वर्षीय सिंधिया 2002 मे कांग्रेस मे शामिल हुए थे। 18 साल बाद उन्होंने इसी साल मार्च मे कांग्रेस छोड़ दी थी और भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद, कांग्रेस के 22 विधायक भी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे, जिनमें से अधिकांश सिंधिया समर्थित थे। इन विधायको के त्यागपत्र देने के कारण प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार अल्पमत में आ गई थी, जिसके कारण कमलनाथ ने 20 मार्च को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। फिर 23 मार्च को शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनी थी। राज्य की 28 विधानसभा सीटो पर तीन नवंबर को उपचुनाव होगे।

### 104 उम्मीदवारों को आयोग ने नोटिस भेजा

**पटना।** चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के आपराधिक रिकार्ड वाले उम्मीदवारों में से 104 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर जवाब तलब किया है। इन उम्मीदवारों को अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामलो को प्रकाशित अथवा प्रसारित नही कराने के आरोप में आयोग ने नोटिस जारी किया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि आयोग की ओर से प्रथम चरण के ऐसे 104 उम्मीदवारों को नोटिस भेज कर 48 घंटे में जवाब तलब किया गया है जिन्होंने अपने खिलाफ लंबित मामलो को एक बार भी प्रकाशित अथवा प्रसारित नही कराया है।




पटना में बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के मतदान के लिए पटना विवि गेट से कारगिल चौक तक मैराथन दौड़ लगाकर लोगों को जागरूक करते हुए एबीवीपी के छात्र।

# निरंजन आर्य बने राजस्थान के नये मुख्य सचिव

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान सरकार** ने 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी निरंजन आर्य को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। आर्य, राजीव स्वरूप की जगह लेंगे जो केवल चार महीने तक मुख्य सचिव रहे। स्वरूप को केंद्र से अपने सेवा विस्तार का इंतजार था और शनिवार को इस बारे में अटकलें जारी रहीं कि उन्हें सेवा विस्तार मिल जाएगा। हालांकि देर रात राज्य सरकार ने उन्हें पदमुक्त करते हुए आर्य को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया।

राज्य के कार्मिक विभाग ने देर रात 21 आईएएस अधिकारियों के तबादले या उनके पदनाम में बदलाव का एक आदेश जारी किया। इसमें आर्य को मुख्य सचिव नियुक्त किए जाने की घोषणा भी शामिल है। आर्य राज्य में आईएएस अधिकारियों की वरिष्ठता सूची में 11वें स्थान पर हैं। वह अनुसूचित जाति वर्ग से इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाले पहले आईएएस अधिकारी हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पिछली सरकार में वह गहलोत के सचिव थे। उनकी पत्नी संगीता आर्य 2013 में सोजत से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी हैं। संगीता आर्य को हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं तबादला सूची में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वीनू गुप्ता को राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल का अध्यक्ष, सुबोध अग्रवाल को अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड का अध्यक्ष, राजेश्वर सिंह को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का अध्यक्ष तथा अखिल अरोड़ा को प्रमुख सचिव वित्त बनाया गया है।

# पीएफआई के सदस्यों की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ाई गई

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिला कारागार में बंद पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) और सीएफआई (कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया) के चार सदस्यों की न्यायिक हिरासत उप जिलाधिकारी (मांट) ने अगले 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। गौरतलब है कि बीते पांच अक्टूबर को मांट पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों की सूचना पर यमुना एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा से एक कार से अतीकुर्हमान पुत्र रौनक अली (मुजफ्फरनगर), मोहम्मद आलम पुत्र लईक (रामपुर), कप्पन सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद मल्लपुरम (केरल) और मसूद अहमद पुत्र शकील (बहराइच) को हिरासत में लिया था। इन चारों पर विदेशी धन के इस्तेमाल से हिंसा भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगा था। इन्हें एसडीएम (मांट) के न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। 19 अक्तूबर को दोबारा से 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई गई थी।

# भारत में धर्मनिरपेक्षता खतरे में है : शशि थरूर

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि भारत में धर्मनिरपेक्षता एक सिद्धांत और परिपाटी के रूप में खतरे में है तथा सत्तारूढ़ दल इस शब्द को संविधान से हटाने के प्रयास कर सकता है। यह भी कहा कि घृणा फैलाने वाली ताकतें देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदल नहीं सकती हैं। थरूर ने अपनी नई किताब द बैटल ऑफ बिलांगिंग को लेकर पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि धर्मनिरपेक्षता महज एक शब्द है और यदि सरकार इस शब्द को हटा भी देती है तो भी संविधान अपने मूल स्वरूप की वजह से धर्मनिरपेक्ष ही बना रहेगा।



कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा लाइट (भाजपा का दूसरा रूप) बनने का जोखिम नहीं उठा सकती है क्योंकि इससे उसके कांग्रेस जीरो होने का खतरा है। उनकी पार्टी भाजपा के राजनीतिक संदेश का कमजोर रूप पेश नहीं करती है और कांग्रेस के भीतर भारतीय धर्मनिरपेक्षता की भावना अच्छी तरह से निहित एवं जीवंत है। कांग्रेस पर नरमवादी हिंदुत्व का सहारा लेने के आरोपों के बारे में थरूर ने कहा कि वह समझते हैं कि यह मुद्दा कई उदार भारतीयों के बीच चिंता का वास्तविक एवं ठोस विषय है लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा, कांग्रेस पार्टी में हमारे बीच यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम अपने को भाजपा का दूसरा रूप नहीं बनने दे सकते।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं लंबे समय से यह कहता आया हूं कि पेप्सी लाइट का अनुसरण करते हुए भाजपा लाइट बनाने के किसी भी प्रयास का परिणाम कोक जीरो की तरह कांग्रेस जीरो होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस किसी भी रूप और आकार में भाजपा की तरह नहीं है तथा हमें ऐसे किसी का भी कमजोर रूप बनने का प्रयास नहीं करना चाहिए जो कि हम नहीं हैं। मेरे विचार से हम ऐसा कर भी नहीं रहे हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस हिंदूवाद और हिंदुत्व के बीच अंतर करती है। हिंदूवाद जिसका हम सम्मान करते हैं, वह समावेशी है और आलोचनात्मक नहीं है जबकि हिंदुत्व राजनीतिक सिद्धांत है जो अलग-थलग करने पर आधारित है।

तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा, इसलिए हम भाजपा के राजनीतिक संदेश का कमजोर रूप पेश नहीं कर रहे। राहुल गांधी ने यह एकदम स्पष्ट कर दिया है कि मंदिर जाना उनका निजी हिंदुत्व है, वह हिंदुत्व के नरम या कट्टर किसी भी रूप का समर्थन नहीं करते हैं। यह पूछने पर कि क्या धर्मनिरपेक्ष शब्द खतरे में है, उन्होंने कहा, यह महज एक शब्द है अगर सरकार इस शब्द को संविधान से हटा भी देती है तो भी संविधान धर्मनिरपेक्ष बना रहेगा। उन्होंने कहा कि पूजा-अर्चना की स्वतंत्रता, धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अल्पसंख्यक अधिकार, सभी नागरिकों के लिए समानता, ए सभी संविधान के मूल ताने-बाने का हिस्सा हैं और एक शब्द को हटा देने से ये गायब नहीं होने वाले।

उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ दल ऐसा करने का प्रयास कर सकता है: यहां धर्मनिरपेक्षता को खत्म करने और इसके स्थान पर सांप्रदायिकता को स्थापित करने के सम्मिलित प्रयास निश्चित ही हो रहे हैं जिसके तहत भारतीय समाज में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए कोई स्थान नहीं है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के मुद्दे पर थरूर ने कहा कि वह इस बारे में संसद में पहले ही अपना मत व्यक्त कर चुके हैं और यह रिकॉर्ड में है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ 370 को निरस्त करने का मुद्दा नहीं है, बल्कि नेहरू जी ने भी कहा था कि यह अस्थाई प्रावधान है। लेकिन संविधान में स्पष्ट है कि यह कैसे किया जाना चाहिए।



कोलकाता में पूजा के बाद देवी लक्ष्मी की मूर्ति को गंगा में विसर्जित करते हुए श्रद्धालु।

# फिर सत्ता में आए तो बिहार विकसित राज्यों में होगा: नीतीश

## ● प्रधानमंत्री ने बिहार के विकास के लिए विशेष मदद की है: नीतीश कुमार

भाषा। समस्तीपुर, बगहा (बिहार)



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार के विकास कार्यो को रेखांकित किया और कहा कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दोबारा सत्ता में आया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कदमों से बिहार आगे बढ़ेगा और देश के विकसित राज्यों में शुमार होगा।

समस्तीपुर और बगहा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने अपने संबोधन के दौरान नरेंद्र मोदी की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मोदीजी के विशेष कदमों से बिहार आगे बढ़ेगा और देश के विकसित राज्यों में शुमार होगा। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के विकास के लिए काम किया है और बिहार के विकास के लिए विशेष मदद की है। उन्होंने केंद्र के सहयोग से लागू परियोजनाओं का भी जिक्र किया और कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से हम बिहार को नई उंचाइयों तक ले जाएंगे। कुमार ने लोगों से राजग को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नीतीश कुमार को अपना मित्र और भावी मुख्यमंत्री संबोधित किया और कहा कि वे उनका अभिनंदन और स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद नीत महागठबंधन के साथ जबर्दस्त मुकाबले में ऐसा माना जा रहा है कि 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के कारण नीतीश कुमार के खिलाफ सरकार विरोधी कारक हो सकते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को चुनावी समर में मोदी के प्रभाव से फायदा मिलने की उम्मीद है। बहरहाल, बिहार में चुनावी रैली में नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि पति-पत्नी के दौर में पश्चिमी और पूर्वी चंपारण में शाम पांच बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल होता था लेकिन अब हर गांव तक सुरक्षा और हर घर तक विकास पहुंचा है।

उन्होंने कहा, पहले कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था हमने चंपारण में शांति कायम की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें जब भी काम करने का मौका मिला है, हमने सेवा की है। कुछ लोग अपने परिवार की सेवा करते हैं और हमारे लिए पूरा बिहार एक परिवार है। कुमार ने कहा, हमने अनेक नीतियों से महिलाओं को सशक्त बनाया है और ए महिला सशक्तिकरण का ही नतीजा है कि आज हमारी सभा में इतनी महिलाएं उपस्थित हैं।




पटियाला में करवा चौथ के पूर्व उत्सव के दौरान एक सेल्फी लेती हिंदू महिलाएं

# मप्र में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार थमा

भाषा। भोपाल

**मध्य प्रदेश** की 28 विधानसभा सीटों के लिए तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए रविवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। इन 28 सीटों पर 12 मंत्रियों सहित कुल 355 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार हालांकि, इन सीटों पर मायावती के नेतृत्व वाली बसपा एवं कुछ अन्य छोटे राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं, लेकिन अधिकांश सीटों पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस एवं भाजपा के बीच ही होने की उम्मीद है।

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की दो-तीन सीटों पर भाजपा, कांग्रेस एवं बसपा के बीच त्रिकोंणीय मुकाबला हो सकता है। मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार इतनी ज्यादा विधानसभा सीटों पर एक साथ उपचुनाव हो रहे हैं। ये उपचुनाव तय करेंगे कि 10 नवबंर को इनके परिणाम आने के बाद कौन सी पार्टी प्रदेश में सत्ता में रहेगी- सत्तारूढ़ भाजपा या मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस। जिन 28 सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें से 25 सीटें कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा देकर भाजपा में आने से खाली हुई हैं, जबकि दो सीटें कांग्रेस के विधायकों के निधन से और एक सीट भाजपा विधायक के निधन से रिक्त है। प्रदेश विधानसभा की कुल 230 सीटों में से वर्तमान में भाजपा के 107 विधायक हैं, जबकि काग्रेस के 87, चार निर्दलीय, दो बसपा एवं एक सपा का विधायक है। बाकी 29 सीटें रिक्त हैं, जिनमें से दमोह विधानसभा को छोड़कर 28 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। दमोह सीट पर उपचुनाव की तिथि घोषित होने के बाद कांग्रेस विधायक राहुल सिंह लोधी ने विधायकी एवं कांग्रेस से इस्तीफा दिया है और भाजपा में शामिल हुए हैं।

उपचुनाव के बाद सदन में विधायकों की संख्या वर्तमान 202 से बढ़कर 229 हो जाएगी। इसलिए भाजपा को बहुमत के 115 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए इस उपचुनाव में मात्र आठ सीटों को जीतने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को पूरी 28 सीटें जीतनी होंगी। भाजपा ने उन सभी 25 लोगों को अपना प्रत्याशी बनाया है, जो कांग्रेस विधायकी पद से इस्तीफा देर भाजपा में शामिल हुए हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं बसपा के आला नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी के लिए वोट मांगने के लिए आज और उग्र चुनाव प्रचार किया।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे, जबकि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं अन्य पार्टी नेताओं ने कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताने की लोगों से अपील की।

## गुजरात की आठ विधानसभा सीटों पर थम गए भोंपू

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात** की आठ विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान रविवार शाम को समाप्त हो गया। राज्य के दोनों प्रमुख दलों- भाजपा और कांग्रेस ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं।

गुजरात में कांग्रेस के आठ विधायकों ने पार्टी और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जिसके चलते राज्य की अबडासा, गढड़ा, धारी, मोरबी, लींबडी, करजण, डांग और कपराडा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। भाजपा उम्मीदवारों के लिए मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, राज्य के भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल, केंद्रीय मंत्रियों स्मृति ईरानी, मनसुख मांडविया और पुरुषोत्तम रूपाला ने प्रचार किया।

वहीं, कांग्रेस के लिए पार्टी की राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल के साथ अमित चावड़ा, परेश धनानी, अर्जुन मोढवाडिया, सिद्धार्थ पटेल और तुषार चौधरी आदि ने प्रचार की कमान संभाली। कांग्रेस के गुजरात प्रभारी राजीव सातव ने भी चार सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियां आयोजित कीं। उल्लेखनीय है कि आठ विधानसभा सीटों पर कुल 81 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# फरवरी-मार्च तक कोरोना रोधी टीका आने की संभावना: डॉ. राय

भाषा। नई दिल्ली



**दिल्ली** में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है और सर्दियों का मौसम भी शुरू हो गया है। ऐसे में इस वायरस के संक्रमण को लेकर स्थिति खराब होने संबंधी चिंता भी बढ़ गई है। साथ ही, देश और दुनिया में कोविड-19 टीके को लेकर लगातार परीक्षण चल रहे हैं। इन्हीं बिंदुओं पर पेश हैं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स-दिल्ली) के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रमुख एवं कोरोना वायरस रोधी टीका संबंधी परीक्षण के मुख्य अन्वेषक डॉक्टर संजय राय से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब।

**सवाल:- एम्स में कोरोना वायरस रोधी संभावित टीके कोवैक्सीन के परीक्षण में अब तक कितनी प्रगति हुई है?**

**जवाब:-** हम दो चरणों का परीक्षण कर चुके हैं। पहले चरण का परीक्षण कारगर रहा है। दूसरे चरण के परीक्षण का अभी विश्लेषण चल रहा है। लेकिन नियामक प्राधिकरण तीसरे चरण में जाने की अनुमति दे रहा है तो इसका मतलब है कि वे सारी रिपोर्ट से संतुष्ट हैं। अब तक जो भी साक्ष्य हैं, उन्हें संतोषजनक कहा जा सकता है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो अगले साल फरवरी-मार्च में टीका आने की संभावना है।

**सवाल:- दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों अचानक फिर से बढ़ोतरी हुई है। क्या यह संक्रमण की तीसरी लहर है?**

**जवाब:-** दिल्ली में जून के आखिर में जब करीब चार हजार मामले आए थे तो उस वक्त कुल जांच के अनुपात में संक्रमण की दर 20 फीसदी से अधिक थी। अगर आज की जांच दर से तुलना करें तो इस वक्त 8 -10 हजार मामले आने चाहिए। इसलिए अभी यही कहा जाएगा कि जून में इससे अधिक मामले थे। वैसे, दिल्ली में हम संक्रमण की बेसलाइन (आधार रेखा) तक अभी पहुंचे ही नहीं हैं। यह कहना बहुत ही मुश्किल है कि यह कोरोना की यह दूसरी या तीसरी लहर है।

**सवाल:- दिल्ली तथा कई इलाकों में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और सर्दियों का मौसम भी आ गया है। इस संदर्भ में कोरोना वायरस की भयावहता कितनी बढ़ जाती है?**

**जवाब:-**प्रदूषण का प्रभाव सबसे पहले फेफड़े पर होता है। कोविड भी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। ऐसे में प्रदूषण होने से कोरोना संक्रमण की भयावहता बढ़ने की आंशका है। बहुत ज्यादा सर्दी और बहुत ज्यादा गर्मी वायरस के लिए अनुकूल स्थिति नहीं होती। बीच का तापमान अनुकूल होता है। पिछले कुछ वायरस को देखते हुए यह मौसम इस वायरस के लिए ज्यादा अनुकूल हो सकता है।

**सवाल: मौजूदा हालात में बिना कड़े कदम उठाए कोरोना वायरस से निपटने की क्या रणनीति होनी चाहिए?**

**जवाब:-** रणनीति यह होनी चाहिए कि जिनको लक्षण हैं, उनकी जांच करें और उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार दें। हमारा लक्ष्य यही होना चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा जीवन बचाएं। हमें बहुत ज्यादा जांच करने पर संसाधनों को जाया नहीं करना चाहिए। बेहतर होगा कि संसाधनों का उपयोग बीमार लोगों की बेहतर देखभाल पर हो। वैश्विक स्तर पर जो भी साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनसे यह पता चलता है कि हम संक्रमण के प्रसार को रोक नहीं सकते। इतना जरूर है कि कुछ कदम उठाकर इसका त्वरित प्रसार होने पर अंकुश लगा सकते हैं। ऐसी हालत में हमें जान और जहान के बीच संतुलन बनाना होगा।

## सात महीने बाद खुला सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान

**बारीपदा (ओडिशा)।** कोविड-19 महामारी के चलते सात महीने से अधिक समय तक बंद रहने के बाद रविवार को सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान आंगतुकों के लिए खोल दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिमलीपाल बाघ संरक्षित क्षेत्र (एसटीआर) के सहायक वन संरक्षक एक के बिस्वाल ने बताया कि दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए पहले दिन दो द्वारों से 258 पर्यटक 40 गाड़ियों से राष्ट्रीय उद्यान में दाखिल हुए। बिस्वाल ने बताया कि 175 पर्यटक पिटबाटा की ओर से 25 वाहनों से उद्यान में पहुंचे जबकि कलियानी द्वार से 15 गाड़ियों से 83 पर्यटक दाखिल हुए। बिस्वाल ने उद्यान के कर्मियों के साथ मिलकर पर्यटकों को प्रवेश मार्गों पर गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया। वन संरक्षक ने कहा, आंगुतकों में बड़ा उत्साह था। प्रवेश और निकास द्वारों पर यात्रियों, उनके सामान की स्कैनिंग की गई। पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

# बेलगाम विवाद: महाराष्ट्र के मंत्रियों ने काली पट्टी बांधी

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के कैबिनेट मंत्रियों ने रविवार को बेलगाम के मराठी-भाषियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए काली पट्टियां बांधी जो एक नवंबर को कर्नाटक के स्थापना दिवस को काला दिवस के रूप में मनाते हैं। महाराष्ट्र बेलगाम पर दावा करता है जो पूर्व बंबई प्रेसीडेंसी का हिस्सा था लेकिन फिलहाल भाषाई आधार पर वह कर्नाटक का जिला है।

बेलगाम और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों को लेकर दोनों राज्यों के बीच का विवाद कई सालों से उच्चतम न्यायालय में लंबित है। महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री और प्रदेश राकांपा (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) अध्यक्ष जयंत पाटिल ने अपना सरकारी कामकाज करते हुए बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। शहरी विकास मंत्री और शिवसेना सेना एकनाथ शिंदे ने ठाणे जिले में काले गुब्बारे आसमान में छोड़े। पाटिल ने कहा कि राकांपा कार्यकर्ताओं और राज्य सरकार के मंत्रियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों के भाइयों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए बांह पर काली पट्टियां बांध रखी है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित रहने के बावजूद कर्नाटक द्वारा मराठी भाषियों पर अत्याचार जारी है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि बेलगाम और अन्य मराठी भाषी क्षेत्र महाराष्ट्र का हिस्सा बनेंगे। एकनाथ शिंदे और मंत्री छगन भुजबल ने कर्नाटक के मराठी भाषियों को लिखे पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र सरकार बेलगाम, कारवार, निपानी, बीदर और अन्य मराठी भाषी क्षेत्रों के लोगों की शिक्षा, सामाजिक न्याय, मराठी भाषा के संरक्षण एवं अन्य मुद्दों के प्रति कटिबद्ध है। इन दोनों मंत्रियों को पिछले साल सीमा विवाद से जुड़े मामले के तीव्र निस्तारण के सरकार के प्रयासों की निगरानी के लिए महाराष्ट्र सराकर ने सह संयोजक नियुक्त किया था। शिवसेना सांसद संजय राउत ने संवाददाताओं से कहा कि कर्नाटक के मराठी-भाषी क्षेत्रों का महाराष्ट्र में विलय की मांग दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के अधिकारों की लड़ाई है।

# राजग के 15 साल के शासन में बिहार में हवा प्रदूषित हुई, पानी पीने लायक नहीं बचा: कांग्रेस

भाषा। पटना



**कांग्रेस** ने रविवार को बिहार की जदयू-भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य की नीतीश सरकार ने पूरे बिहार को कूड़े के ढेर पर बिठा दिया है और राजग की 15 वर्षो की सरकार में आलम यह है कि यहां की हवा प्रदूषित हो चुकी है और पानी पीने लायक नहीं बचा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य के 40 प्रतिशत जिलों में आर्सेनिक खतरनाक स्थिति में है और केंद्रीय पेजयल मंत्रालय के अनुसार दस जिलों में फ्लोराइड की मात्रा इतनी है कि वहां का पीने का पानी तक सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के लोगों को न सिर्फ़ जहरीला पानी पीने के लिए बाध्य किया गया बल्कि बिहार के शहरों को नीतीश सरकार ने एक बड़े कूड़ेदान में तब्दील कर दिया है।

सुरजेवाला ने दावा किया कि बिहार में हर घर नल योजना में नीतीश सरकार ने योजनाओं की पूर्ण राशि खर्च ही नहीं की। उन्होंने कहा कि मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन एवं महावीर कैंसर इंस्टीट्यूट रिसर्च सेंटर, पटना की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि गोपालगंज, सिवान, सारण, पटना, नालंदा, नवादा, सुपौल, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद जिले में जमीन में रेडियो सक्रिय पदार्थ यूरेनियम बहुत अधिक मात्रा में पाए गए हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पटना में पाइप द्वारा पीने के पानी के लिए घरों में इस्तेमाल किए जाने वाले सभी 10 पानी के नमूने फेल हो गए और पीने योग्य नहीं पाया गया।

उन्होंने पटना में कूड़े के ढेर के पास खड़े होकर आरोप लगाया कि नमामि गंगे की मोदी जी ने झूठी कसम खाई और उस झूठी कसम के झूठ को ही नितीश बाबू ने भी निभाया। सुरजेवाला ने कहा कि सच्चाई यह है कि नमामि गंगे का 20 प्रतिशत पैसा भी बिहार में खर्च नहीं हुआ। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इस दौरान न केवल तीनों लोकों (आकाश, धरती और पाताल) को अपवित्र किया गया बल्कि भ्रष्टाचार की भेंट भी चढ़ा दिया गया।

# हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष श्रीवास्तव को पुत्र शोक

## ● सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे शिवम श्रीवास्तव

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**बीते** सप्ताह सड़क दुर्घटना में घायल हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष कुमार श्रीवास्तव के पुत्र आयुष उर्फ शिवम श्रीवास्तव का रविवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया।

उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल के अनुसार गुड़गांव की एक कम्पनी में कार्यरत 27 वर्षीय शिवम बीते सप्ताह लोक सेवा आयोग प्रयागराज के पास इनोवा कार से जा रहे थे। उनकी कार डिवाइडर से टकराने के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल हालत में उन्हें एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। हालत बिगड़ने पर रविवार सुबह उन्हें एयर एंबुलेंस से एम्स ले जाया गया।

जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। युवा इंजीनियर के दुखद आसामयिक निधन पर हाईकोर्ट कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश शुक्ल, निबंधक शान्तानंद, प्रयागराज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एन के चटर्जी और आदर्श अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एससी मिश्र ने शोक संवेदना प्रकट की है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

# पेज 1 का शेष

### डबल-डबल...

हाथ हिला रहे थे और उत्तर प्रदेश की जनता ने वहां उन्हें घर लौटा दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां के एक युवराज अब जंगलराज के युवराज से मिल गए हैं। उत्तर प्रदेश में जो डबल-डबल युवराज का हुआ, वो ही बिहार में होगा। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद, कांग्रेस और वाम दलों के महागठबंधन का मुकाबला भाजपा, जद(यू), हम पार्टी और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के गठबंधन से है। बिहार चुनाव में राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

### मुठभेड़ में...

कि तलाशी अभियान के दौरान जैसे ही एक आतंकवादी की उपस्थिति का पता चला तो उसे आत्मसमर्पण करने को कहा गया, लेकिन उसे सुरक्षा बलों की टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे ढेर कर दिया गया। उसकी पहचान सैफुल्लाह के रूप में हुई। उन्होंने कहा कि यह पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार सैफ-उल-इस्लाम पुलवामा में एसजीसीटी खुर्शीद अहमद की हत्या में शामिल था। कोकेरनाग के रहने वाले नेशनल कांफ्रेंस के नेता और एसजीसीटी मंजूर अहमद, बिजबेहड़ा में स्थानीय ट्रक चालक और शोपियां में तनवीर अहमद डार की हत्या भी उसी ने की थी। कोकेरनाग में सरपंचपर हमले, काकापोरा पुलिस पोस्ट और लस्सीपोरा पुलिस पोस्ट पर ग्रेनेड हमले में भी सैफुल्लाह वांछित था। इसी तरह हमलों के दर्जनों केस उसके खिलाफ कई थानों में दर्ज हैं।

### यूपी में...

वजह से हर मतदान केन्द्र पर सहायक पोलिंग बूथ भी बनाये गये हैं। कोरोना संक्रमित, बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा रहेगी, ऐसे मतदाताओं के पास खुद मतदान कर्मी जाएंगी और उनका वोट संकलित करेंगे। मतदान केन्द्रों पर भी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड-19 के प्रोटाकॉल का पूरी तरह पालन किया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का अपना पसंदीदा बटन दबाने के लिए हैण्ड ग्लब्स उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### जनांदोलन बने...

गई है। इस योजना के लिए जरूरी गोल्डन कार्ड हर जरूरतमंद को जरूर मिले, इसे प्रदेश सरकार सुनिश्चित करेगी। इसी कड़ी में आज आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड विहीन 6,709 गांवों में लाभार्थियों का सत्यापन एवं गोल्डेन कार्ड वितरण कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान मित्र की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। एक भी घर जो पात्र हो, गोल्डन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने अलग अलग जिलों के पांच लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड दिया। मुख्यमंत्री ने सभी से उनके घर-परिवार की जानकारी लेते हुए पहले कार्ड क्यों नहीं बनने के बारे में भी पूछा। विदित हो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजन का लाभ एसईसीसी-2011 की पात्रता सूची में चिन्हित 1.18 करोड़ परिवारों एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान का लाभ इस पात्रता सूची से वंचित लगभग 8.43 लाख परिवारों को मिल रहा है। दोनों योजनाओं को मिलाकर प्रदेश के 6.32 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। मरीजों की सहायता के लिए आरोग्य मित्रों की तैनाती की गई है। प्रदेश में अब तक लगभग 98 लाख लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करते हुए उन्हें गोल्डेन कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैंए जिनमें से 5.3 लाख लाभार्थी मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के हैं। योजनान्तर्गत प्रदेश में अब तक 4.91 लाख लाभार्थियों ने नि:शुल्क इलाज प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीबी मरीजों की खोज के लिए विशेष अभियान की भी शुरुआत की। इसके तहत प्रदेश के 29 जिलों में 1 से 11 नवम्बर तक सक्रिय केस खोज अभियान चलाया जाएगा। एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य छुपे हुए सम्भावित टीबी के रोगियों को उनके घरों से खोजना तथा उन्हें टीबी की जाँच और उपचार सेवाओं से जोड़ने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा क्षय रोग को वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया है। प्रदेश इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य प्रणाली की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही सामाजिक सहभागिता, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी, अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक स्तर पर काम किया जाएगा। 29 जनपदों में अगले 10 दिनों तक चलने वाले इस एक्टिव केस फाइंडिंग कैम्पेन के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगभग 81 लाख आबादी में जहां क्षय रोगियों की संभावना ज्यादा है, घर-घर जाकर क्षय रोग के लक्षणों के बारे में बताएंगे, साथ ही, संदिग्ध रोगियों की पहचान कर उनकी नि:शुल्क जांच व उपचार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस काम में जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील भी की। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के उद्देश्य के लिए विकसित फैक्ट शीट का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में नवनिर्मित कल्चर एण्ड डीएसटी लैब का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 1 नेशनल रिफरेन्स लेबोरेटरी, 2 इन्टरमीडिएट रिफरेन्स लेबोरेटरी , 07 कल्चर एण्ड डीएसटीलैब के माध्यम से मल्टी ड्रग रेजिस्टेन्ट क्षय रोगियों का उपचार शुरू किया जा रहा है। इसी क्रम में बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में नवनिर्मित कल्चर एण्ड डीएसटी लैब का लोकार्पण किया जा रहा है। इससे गोरखपुर एवं बस्ती मंडल के ड्रग रेजिस्टेंट टीवी रोगियों की समय पर जाँच और उपचार सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पीडियाट्रिक ड्रग रेजिस्टेन्ट क्षय रोगियों हेतु नई दवा डेलामिनिड आधारित रेजीमिन का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने कहा कि ड्रग रेजिस्टेंट टीबी से ग्रसित 06 से 18 वर्ष कम उम्र के मरीजों के अल्पवधि एवं दर्द रहित इलाज हेतु नई औषधि डेलामिनिड का उपयोग उनके स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। इससे पहले प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने टीबी रोग उन्मूलन के लिए शुरू किए जा रहे विशेष अभियान, गोल्डन कार्ड से वंचित 6709 गांवों को आयुष्मान योजना का लाभ देने तथा बच्चों एवं शिशुओं के लिए विशेष टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी दी। इन जनपदों में चलेगा सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान: अंबेडकर नगर, अमेठी, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, अयोध्या, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, महोबा, मऊ, पीलीभीत, संत रविदास नगर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सोनभद्र, संत कबीर नगर एवं लखनऊ।

### दंतेवाड़ा में...

वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में से 11 लोग गुफा गांव के रहने वाले हैं जबकि सात बेदमा, पांच मंगनार, तीन हितवाड़ा और एक हंदवाड़ा का रहने वाला है। हालांकि, सुरक्षा कारणों से इनकी पहचान उजागर नहीं की गई है।

### अक्टूबर में...

कुल 1,22,111 मौत का लगभग 19.19 प्रतिशत है। अब तक कोविड-19 के कुल 74,91,513 मरीज ठीक हो चुके हैं जिसके बाद ठीक होने की दर 91.54 प्रतिशत पर पहुंच गई है। मंत्रालय के अनुसार कोविड-19 से होने वाली मौत की दर 1.49 प्रतिशत है। कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या लगातार तीसरे दिन छह लाख से कम रही। आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में देश में 5,70,458 मरीज उपचाराधीन हैं और यह संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 6.97 प्रतिशत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार शनिवार को 10,91,239 नमूनों की जांच की गई तथा 31 अक्टूबर तक कुल 10,98,87,303 नमूनों की जांच हो चुकी है।

## हैरिस और पुकोवस्की की सबसे बड़ी साझेदारी

**एडीलेड।** टेस्ट बल्लेबाज मार्कस हैरिस और उदीयमान बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने आस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड मे रविवार को यहां सबसे बड़ी साझेदारी का नया रिकार्ड बनाया। इन दोनों ने विक्टोरिया की तरफ से दक्षिण आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले विकेट के लिए 486 रन की साझेदारी की और इस तरह से वॉ बंधु स्टीव और मार्क के 30 साल पुराने रिकार्ड को तोड़ा।

## गावस्कर की कैप, शास्त्री की कोचिंग किट होगी नीलाम

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर की 1971 के इंग्लैड दौरे पर पहनी गई कैप और राष्ट्रीय टीम के वर्तमान कोच रवि शास्त्री की कोचिंग किट क्रिकेट के उन सामानों में शामिल है जिन्हें ऑनलाइन नीलामी में खरीदा जा सकता है। क्रिस्टी की इस नीलामी मे सर ज्योफ्री बायकॉट का संग्रह तथा ट्वेंटी20 चैरिटी क्रिकेट से जुड़ी वस्तुएं शामिल है। नीलामी 27 अक्टूबर से ऑनलाइन शुरू हो गई है।

## डार ने रूडी कर्टजन का रिकार्ड तोड़ा

**रावलपिंडी।** अलीम डार ने रविवार को यहां पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच दूसरे मैच के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे सर्वाधिक मैचो मे मैदानी अंपायर की भूमिका निभाने का नया रिकार्ड बनाया। यह डार का अंपायर के रूप मे 210वां वनडे मैच है। पाकिस्तान के इस 52 वर्षीय अंपायर ने दक्षिण अफ्रीका के रूडी कर्टजन का सर्वाधिक वनडे मैचों मे अंपायरिंग का रिकार्ड तोड़ा। डार के नाम पर सर्वाधिक टेस्ट मैचो मे अंपायरिंग का रिकार्ड भी है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैड के बीच पर्थ मे 132वे मैच मे अंपायरिंग करके जमैका के स्टीव बकनर को पीछे छोड़ा था। सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैचो (387) मे अंपायरिंग करने का रिकार्ड भी डार के नाम पर है।

## पाक ने जिम्बाब्वे को हराया

**रावलपिंडी।** इफ्तिखार अहमद (40 रन पर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान बाबर आजम की नाबाद 77 रन की पारी से पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को छह विकेट से हराकर तीन मैचो की श्रृंखला मे 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। जिम्बाब्वे की टीम 45.1 ओवर में 206 रन पर ऑल आउट हो गई। पाकिस्तान ने इसके बाद 35.2 ओवर मे चार विकेट के नुकसान पर 208 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

## रूबलेव ने सत्र का पांचवां खिताब जीता

**विएना।** आंद्रे रूबलेव ने यहां लोरेंजो सोनेगो को हराकर एर्स्टे बैक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में सत्र का पांचवां एटीपी खिताब जीता। रूस के आठवे नंबर के खिलाड़ी ने 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। रूबलेव ने पिछले चार टूर्नामेंटो मे तीन खिताब जीते है जबकि फाइनल मे खेलते हुए उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 है। इस खिताबी जीत के साथ रूबलेव ने लंदन में होने वाले सत्रांत एटीपी फाइनल्स मे जगह बना ली है।

# पंजाब प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर

### ● चेन्नई सुपरकिंग्स से 9 विकेट से हारे

**भाषा।** अबुधाबी


गायकवाड़

सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की नाबाद 62 रन की पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मुकाबले में रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब को नौ विकेट से शिकस्त देकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया। इस मैच के बाद दोनों टीमों के नाम 14 मैच में एक समान 12 अंक हैं। चेन्नई की टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई थी। पंजाब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीपक हुड्डा की नाबाद 62 रन की आक्रामक पारी के दम 20 ओवर में छह विकेट पर 153 रन बनाए। चेन्नई ने 18.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार लय में चल रहे रूतुराज ने 49 गेंद में एक छक्का और छह चौके की मदद से नाबाद 62 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए फाफ डुप्लेसिस (48) के साथ 82 रन तथा दूसरे विकेट के लिए अंबाती रायुडु (नाबाद 30) के साथ 72 रन की अटूट साझेदारी की। चन्नई की टीम की मौजूदा सत्र में पंजाब के खिलाफ यह दूसरी जीत है। उन्होंने इससे पहले चार अक्टूबर को भी पंजाब को 10 विकेट से हराया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए फाफ डुप्लेसिस और रुतुराज गायकवाड़ ने शुरुआत ओवरों मे संभल कर खेला। गायकवाड़ ने तीसरे ओवर में जोर्डन की गेंद पर छक्का लगाकर हाथ खोला। डुप्लेसिस को पारी के चौथे ओवर में जिमी नीशम की गेंद पर हुड्डा ने उनका मुश्किल कैच टपका कर जीवनदान दिया। डुप्लेसिस ने अगली गेंद पर ही छक्का जड़ दिया। उन्होंने छठे ओवर में रवि बिश्नोई का स्वागत शुरुआती दो गेंदों पर छक्के और चौके से किया। पावर प्ले में चेन्नई ने बिना किसी नुकसान के 57 रन बना लिए थे। जोर्डन ने 10वें ओवर में डुप्लेसिस की 48 रन की पारी का अंत विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच करा कर किया। उन्होंने 34 गेंद में चार चौके और दो छक्के लगाए इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए रायुडु ने भी बिना जोखिम लिए आराम से बल्लेबाजी की। उन्होंने 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर एक रन लेकर टीम का शतक पूरा किया। राहुल ने 15वें ओवर इस गेंदबाज के खिलाफ विकेट के पीछे रायुडु का कैच टपका दिया। गायकवाड़ ने इसके अगले ओवर में बिश्नोई की गेंद पर कवर के ऊपर से शानदार चौका लगाकर 38 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनकी लगातार तीसरी अर्धशतकीय पारी है। रायुडु ने 30 गेंद की नाबाद पारी में दो चौके लगाए। इससे पहले हुड्डा ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन जुटाकर पंजाब को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। उन्होंने 30 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए।

मयंक अग्रवाल और कप्तान राहुल ने टास गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे पंजाब को शानदार शुरूआत दिलाई। मयंक ने दीपक चाहर के खिलाफ दो चौके लगाकर टीम में वापसी का जश्न मनाया। कप्तान राहुल ने इसी गेंदबाज के खिलाफ तीसरे ओवर में प्वाइंट के ऊपर से आकर्षक छक्का लगाया। राहुल ने इसके बाद शारदुल ठाकुर का स्वागत पांचवें ओवर लगतार दो चौके से किया, लेकिन लुंगी एनगिडी ने अगले ओवर में मयंक को बोल्ड चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। मयंक ने 15 गेंद में पांच चौको की मदद से 25 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी भी की।पावर प्ले में पंजाब का स्कोर एक विकेट पर 53 रन था लेकिन इसके बाद गेंदबाजों ने रन प्रवाह पर अंकुश लगा दिया ओर पंजाब ने इस बीच राहुल, निकोलस पूरन और क्रिस गेल के विकेट भी गंवा दिए। एनगिडी ने नौवें ओवर में राहुल को बोल्ड कर 27 गेंद में उनकी 29 रन की पारी को खत्म किया तो वही शारदुल ठाकुर ने 11वें ओवर में पूरन (छह गेंद में दो रन) को विकेटकीपर महेन्द्र सिंह धोनी के हाथों कैच कराया। शानदार लय में चल रहे क्रिस गेल (19 गेंद में 12 रन) भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। अनुभवी इमरान ताहिर की फिरकी पर पगबाधा होने के बाद उन्होंने रिव्यू भी गंवा दिया।

### स्कोर

**किंग्स इलेवन पंजाब :** राहुल बो एनगिडी 29, अग्रवाल बो एनगिडी 25,गेल पगबाधा ताहिर 12, पूरनका धोनी बो शारदुल 02,मंदीप बो जडेजा 14, हुड्डा नाबाद 62, नीशाम का रुतुराज बो एनगिडी 2,जोर्डन नाबाद 4,**अतिरिक्त:** 02,**कुल योग:** 20 ओवर मे छह विकेट पर: 153 रन,**विकेट पतन:** 1-48, 2-62, 3-68, 4-72, 5-108, 6-113,**गेंदबाजी:**चाहर3-0-30-0, कुरेन,2-0-15-0,शारदुल 4-0-27-1, एनगिडी 4-0-39-3,ताहिर 4-0-24-1, जडेजा3-0-17-1

**चेन्नई सुपरकिंग्स पारी:** गायकवाड़ नाबाद 62, डु प्लेसिस का राहुल बो जोर्डन 48, रायुडु नाबाद 30, **अतिरिक्त:** 14, **कुल योग:** 18.5 ओवर मे एक विकेट पर 154 रन, **विकेट पतन:** 1-82, **गेंदबाजी:** नीशम 3-0-26-0, शमी 4-0-29-0,जोर्डन 3-0-31-0, बिश्नोई 4-0-39-0, अश्विन 4-0-17-0, गेल 0.5-0-5-0

# शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेंगे बेंगलोर और दिल्ली

**अबुधाबी।** दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनकी निगाहें हार की लय तोड़कर अंकतालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर टिकी होंगी। दिल्ली और आरसीबी का मैच एक तरफ से क्वार्टर फाइनल जैसा बन गया है। दोनों टीमें लगातार हार से आहत हैं। दिल्ली ने लगातार चार तो आरसीबी ने तीन मैच गंवाए हैं जिससे पता चलता है कि बेहद प्रतिस्पर्धी आईपीएल में चीजें किस तेजी से करवट बदलती हैं। अब ए दोनों टीमें हार का क्रम तोड़कर शीर्ष दो में स्थान बनाने का प्रयास करेंगी जिससे कि उन्हें फाइनल में जगह बनाने के लिए दो मौके मिलें। इस मैच में हारने वाली टीम भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है लेकिन इसके लिए उसे अन्य टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। दिल्ली की टीम टूर्नामेंट के पहले चरण में सबसे दमदार नजर आ रही थी लेकिन इसके बाद उसका नाटकीय पतन हुआ। उसने अपनी आखिरी जीत दो सप्ताह पहले दर्ज की थी। उसके बल्लेबाज नहीं चल पा रहे हैं और गेंदबाजी भी पहले हाफ की तरह मारक नहीं दिख रही है। दिल्ली की सबसे बड़ी कमजोरी अदद सलामी जोड़ी का अभाव है। पृथ्वी सॉव और अजिंक्य रहाणे ने शिखर धवन के साथ जोड़ी बनाई लेकिन किसी के भी प्रदर्शन में निरंतरता देखने को नहीं मिली। यहां तक कि धवन भी लगातार मैचों में शतक जड़ने के बाद पिछले तीन मैचों में नहीं चल पाए। इन मैचों में उन्होंने 0, 0, 6 रन बनाए। दिल्ली की टीम मध्यक्रम में ऋषभ पंत पर निर्भर है लेकिन वह अभी तक किसी भी मैच में रंग में नहीं दिखे।

## रोहित के फिर से चोटिल होने का खतरा: शास्त्री



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को वापसी करने में जल्दबाजी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि उनकी मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया है कि उनके फिर से चोटिल होने का खतरा है। यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान रोहित की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में उनका चयन नहीं हुआ। उन्हें हालांकि आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियन्स के लिए नेट अभ्यास करते देखा गया जिसके बाद उनकी फिटनेस को लेकर कयास लगाए जाने लगे। शास्त्री ने कहा कि रोहित को टीम में शामिल नहीं करने का फैसला चयनकर्ताओं ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट को देखने के बाद किया।

## धोनी ने स्पष्ट किया, आईपीएल में खेलते रहेंगे



**अबुधाबी।** महेंद्र सिंह धोनी अगले साल भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते हुए नजर आएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को वर्तमान सत्र में जब अपना अंतिम लीग मैच खेलने के लिए उतरा तो भारत के विश्व कप विजेता कप्तान ने स्पष्ट किया कि यह उनका इस फ्रेंचाइजी की तरफ से आखिरी मैच नहीं है। धोनी ने यह बयान देकर टॉस को अपने असंख्य समर्थकों के लिए यादगार बना दिया। उन्होंने पुष्टि की कि वह अगले साल भी चेन्नई की अगुवाई करेंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डैनी मॉरीसन ने जब धोनी से पूछा कि क्या किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच चेन्नई की तरफ से उनका आखिरी मैच है, उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर नहीं। उनके इस बयान पर सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रियाएं आने लगी।

## हैण्डबॉल फेडरेशन के चुनावों में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन



**लखनऊ।** हैण्डबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का अगले तीन साल के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इन चुनावों में तेलंगाना के एजगनमोहन राव अध्यक्ष चुने गए, मध्य प्रदेश के प्रीतपाल सिंह सलूजा महासचिव और विनय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। इसी के साथ कार्यकारी समिति में 21 सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष डा सुब्रामणि हैण्डबाल लीग के चेयरमैन चुने गए। निवर्तमान महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्षख्प्रशासन चुने गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश हैण्डबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा सुधीर एम बोबडे हैण्डबॉल डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन नियुक्त किए गए।

# मेसी फिर गोल करने में नाकाम, बार्सिलोना ने खेला ड्रा



**भाषा।** बार्सिलोना

लियोनेल मेस्सी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में लगातार पांचवें मैच में गोल करने में नाकाम रहे जिससे बार्सिलोना को 10 खिलाड़ियों से खेल रहे एल्वेस के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रा खेलना पड़ा। एल्वेस ने 31वें मिनट में लुई रियोजा के गोल से बढ़त बना दी थी लेकिन 62वें मिनट में जोटा का लाल कार्ड मिल गया। इसके बाद एंटोनियो ग्रीजमैन ने बार्सिलोना की तरफ से बराबरी का गोल किया। मेस्सी लीग में अब तक केवल एक गोल कर पाए हैं। यह गोल भी उन्होंने पहले मैच में पेनल्टी पर किया था। इस बीच जोओ फेलिक्स के दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने ओसासुना को 3-1 से हराया।

### इब्राहिमोविच के गोल से मिलान जीता

**मिलान।** ज्लाटन इब्राहिमोविच ने एक गोल दागा जबकि दूसरे गोल में मदद की जिससे सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट मे शीर्ष पर चल रहे एसी मिलान ने रविवार को यहां उडिनेसे को हराया। एसी मिलाना को फ्रेंक क्रेसी ने बढ़त दिलाई लेकिन रोड्रिगो डि पॉल ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। हाल मे कोरोना वायरस महामारी से उबरने वाले इब्राहिमोविच ने इसके बाद मैच खत्म होने से सात मिनट पहले गोल दागकर एसी मिलान की जीत सुनिश्चित की।

### मैनचेस्टर सिटी, चेल्सी और लिवरपूल जीते

**लंदन।** खिताब की तीन प्रबल दावेदार टीमो मैनचेस्टर सिटी, चेल्सी और लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता मे शनिवार को अपने अपने मैच जीते। मौजूदा चैंपियन लिवरपूल ने वेस्ट हैम को 2-1 से हराया। उसकी तरफ से स्थानापन्न डिएगो जोटा ने 85वें मिनट मे निर्णायक गोल किया।

# रायल्स को आउट कर ,केकेआर की उम्मीद जगी



### ● नाइट राइडर्स ने राजस्थान को 60 रन से हराया, बाहर किया

**भाषा।** दुबई

कप्तान इयोन मोर्गन की ताबड़तोड़ पारी के बाद पैट कमिंस की तूफानी गेंदबाजी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को करो या मरो के एकतरफा मुकाबले में 60 रन से हराकर प्ले आफ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा जबकि विरोधी टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

कोलकाता के 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कमिंस (34 रन पर चार विकेट), शिवम मावी (15 रन पर दो विकेट) और वरूण चक्रवर्ती (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 131 रन ही बना सकी। रॉयल्स की ओर से जोस बटलर (35) और राहुल तेवतिया (31) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। नाइट राइडर्स ने मोर्गन की 35 गेंद में छह छक्कों और पांच चौकों की मदद से नाबाद 68 रन की पारी से सात विकेट पर 191 रन बनाए। राहुल त्रिपाठी (39) और शुभमन गिल (36) ने भी पहले ओवर में झटका लगने के बाद दूसरे विकेट 72 रन जोड़कर टीम को शानदार मंच मुहैया कराया। नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे टीम अंतिम सात ओवर में 91 रन जोड़ने में सफल रही। इस मैच से पहले आठवें और अंतिम स्थान पर चल रही नाइट राइडर्स की टीम 14 मैचों में 14 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** गिल का बटलर बो तेवतिया 36, राणा का सैमसन बो आर्चर 00,त्रिपाठी का उथप्पा बो गोपाल 39,नारायण का स्टोक्स बो तेवतिया 00,मोर्गन नाबाद 68,कार्तिक का स्मिथ बो तेवतिया 00, रसेल का स्थानापन्न बो त्यागी 25, कमिंस का सैमसन बो त्यागी 15,नगरकोटी नाबाद 01,**अतिरिक्त:** 07,**कुल:** 20 ओवर मे सात विकेट पर: 191,**विकेट पतन:** 1-1, 2-73, 3-74, 4-94, 5-99, 6-144, 7-184,**गेंदबाजी:** आर्चर 4-0-19-1,आरोन 2-0-22-0,गोपाल 3-0-44-1,स्टोक्स 3-0-40-0,तेवतिया 4-0-25-3, त्यागी 4-0-36-2

**राजस्थान रॉयल्स:**उथप्पा का नागरकोटी बो कमिंस 06, स्टोक्स का कार्तिक बो कमिंस 18,स्मिथ बो कमिंस 04,सैमसन का कार्तिक बो मावी 01, बटलर का कमिंस बो चक्रवर्ती 35, पराग का कार्तिक बो कमिंस 00, तेवतिया का कार्तिक बो चक्रवर्ती 31,गोपाल नाबाद 23,आर्चर का मावी बो नागरकोटी 06, त्यागी का एवं बो मावी 02, आरोन नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 05,**कुल:** 20 ओवर मे नौ विकेट पर: 131 रन,विकेट पतन: 1-19, 2-27, 3-32, 4-32, 5-37, 6-80, 7-105, 8-125, 9-129,गेंदबाजी: कमिंस 4-0-34-4,मावी 4-1-15-2,चक्रवर्ती 4-0-20-2,नारायण 4-0-37-0, नागरकोटी 4-0-24-1

# अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव, कोविड-19 के बढ़ते मामलों की वजह से दबाव में रहेंगे शेयर बाजार



**मुंबई।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव तथा कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों की वजह से वैश्विक वृद्धि को लेकर अनिश्चितता के चलते इस सप्ताह शेयर बाजार दबाव में रहेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और यूरोप में हाल में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के बाद कई यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में लॉकडाउन लगाया गया है। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2.63 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 2.41 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, इसके साथ ही विश्लेषकों का मानना है कि कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों तथा आर्थिक आंकड़ों में सुधार से बाजार को समर्थन मिलेगा। सप्ताह के दौरान पंजाब नेशनल बैंक तथा एचडीएफसी जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वाहन बिक्री के आंकड़ों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव तथा यूरोप में कोविड-19 के बढ़ते मामलों की वजह से आगे चलकर बाजार दबाव में रहेगा। इस सप्ताह अमेरिका का चुनाव तथा फेडरल रिजर्व की बैठक वैश्विक बाजारों का रुख तय करेगी।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.63 लाख करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,63,510.28 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,071.43 अंक या 2.63 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में कोटक महिंद्रा बैंक को छोड़कर शीर्ष 10 की सूची की अन्य कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 32,570.94 करोड़ रुपए बढ़कर 3,06,331.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत सबसे अधिक 39,355.06 करोड़ रुपए घटकर 13,89,159.20 करोड़ रुपए रह गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 28,574.61 करोड़ रुपए घटकर 6,51,518.11 करोड़ रुपए पर आ गया। इसी तरह इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 26,152.79 करोड़ रुपए घटकर 4,51,753.23 करोड़ रुपए रह गया।

## ऋण किस्त स्थगन: बैंकों से कर्जदारों को ब्याज पर ब्याज लौटाने को कहा गया, आरबीआई ने न्यायालय से कहा

नई दिल्ली। आरबीआई ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि बैंकों, वित्तीय और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों से कहा गया है कि वे किस्त स्थगन योजना के तहत उन पात्र कर्जदारों के खातों से पर लागू किए गए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच के अंतर को पांच नवंबर तक जमा करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। यह व्यस्था दो करोड़ रुपए तक के बकाया कर्जों के लिए है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार दास के माध्यम से दायर एक हलफनामे में वित्त मंत्रालय के 23 अक्टूबर के अतिरिक्त जवाब का उल्लेख किया और कहा कि केंद्रीय बैंक ने हाल में एक अधिसूचना जारी कर बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कर्जदारों को उस अतिरिक्त ब्याज का पैसा वापस करने के लिए कहा है।

# अर्थव्यवस्था सुधार के पथ पर : वित्त सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली



अर्थव्यवस्था में सुधार जारी रहने के संकेतों के बीच वित्त सचिव अजय भूषण पाण्डेय ने कहा कि सरकार के कर संग्रह में तेजी आई है और सरकार द्वारा कोविड-19 के मद्देनजर दिए गए लक्ष्यित प्रोत्साहनों के चलते आर्थिक संकेतकों में सुधार जारी है। पाण्डेय ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि वस्तुओं के परिवहन के लिए जरूरी ई-वे बिल को निकालने की संख्या कोविड से पहले के स्तर पर आ गई है और और ऑनलाइन भुगतान तेजी से बढ़े हैं। वस्तुओं की खपत या सेवा दिए जाने पर लिए जाने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संग्रह में लगातार दूसरे महीने तेजी आई है। पाण्डेय ने कहा, (कर संग्रह) के रुझानों से पता चलता है कि पिछले कुछ महीनों से इसमें गिरावट आई है, लेकिन यह न केवल सुधार के रास्ते पर है, बल्कि इसमें तेजी भी आ रही है। जीएसटी संग्रह सितंबर के महीने में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले चार प्रतिशत अधिक था। अक्टूबर के महीने में इसमें पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 10 प्रतिशत की तेजी हुई, और संग्रह

### ● कर संग्रह में तेजी के संकेत

1.05 लाख रुपए से अधिक रहा। 50,000 रुपए से अधिक मूल्य की वस्तुओं के परिवहन के लिए जरूरी ई-वे बिल को निकालने की संख्या अक्टूबर में 21 प्रतिशत बढ़ी, जबकि ई-चालान की संख्या 29 लाख आईआरएन (इनवॉइस रेफरेंस नंबर) से अधिक हो गई। पाण्डेय, जो राजस्व सचिव भी हैं, ने कहा, ई-वे बिल और ई-चालान के साथ ही जीएसटी संग्रह के आंकड़े मिलकर संकेत देते हैं कि अर्थव्यवस्था न केवल सुधार के रास्ते पर है, बल्कि वृद्धि के पथ पर तेजी से लौट रही है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 22 प्रतिशत घटकर 4.95 लाख करोड़ रुपए रहा। इस दौरान कॉरपोरेट कर संग्रह 26 प्रतिशत घटकर 2.65 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि व्यक्तिगत आयकर संग्रह 16 प्रतिशत घटकर 2.34 लाख करोड़ रुपए रह गया। पिछले सात महीनों में कुल दो लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया, जबकि उस समय कर संग्रह कम था। कर विभाग करदाताओं के उपभोग पैटर्न, बैंक स्टेटमेंट, म्यूचुअल फंड और शेयर लेनदेन, संपत्ति लेनदेन, आयात, निर्यात और विदेश से धनप्रेषण संबंधी जानकारी जमा कर रहा है। अगर हमारे कर संग्रह प्रणाली में सुधार नहीं होता तो महामारी का आर्थिक प्रभाव कहीं अधिक होता। बीते वर्ष हमने फेसलेस मूल्यांकन, फेसलेस अपील, एसएफटी (वित्तीय लेनदेन का बयान), टीडीएस लागू करके नकद निकासी पर रोक जैसे कदम उठाए हैं।

## कोविड-19 से निपटने की भारत की रणनीति सफल, अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटेगी : फिक्की

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने कहा है कि कोविड-19 से निपटने की भारत की रणनीति सही साबित हुई है और अर्थव्यवस्था जल्द पटरी पर लौटेगी और मजबूत होकर उभरेगी। फिक्की की अध्यक्ष संगीता रेड्डी ने कहा कि अब कड़े कदम उठाने और वृद्धि के एजेंडा को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। दुनियाभर की सरकारों में जीवन और आजीविका के संरक्षण के बीच संतुलन बैठाने को लेकर असमंजस रहा। भारत ने सख्त लॉकडाउन लगाया और स्वास्थ्य ढांचे को आगे बढ़ाते हुए मानव जीवन को बचाने पर ध्यान केंद्रित किया। इस रणनीति के सही नतीजे सामने आए हैं। बेहतर इलाज, चिकित्सा ढांचे के सृजन, पीपीई की आपूर्ति बढ़ाने पर ध्यान दिया गया।

## हुंदै, टाटा मोटर्स और अन्य वाहन कंपनियों की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई), हुंदै और टाटा मोटर्स जैसे कंपनियों की खुदरा बिक्री इस साल नवरात्रि मे पिछले साल की इसी अवधि की तुलना मे बेहतर रही है। इन कंपनियों का कहना है कि इस साल नवरात्रि के दौरान पिछले कुछ माह की दबी मांग के चलते उनकी बिक्री मे उछाल आया है। नवरात्रि की दस दिन (दशहरा सहित) की अवधि के दौरान किया मोटर्स, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, महिद्रा एंड महिद्रा तथा होंडा कार्स की बिक्री भी अच्छी रही है। नवरात्रि मे नया सामान और संपत्ति खरीदना शुभ माना जाता है।

## अभय चौधरी पावर ग्रिड में निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआईएल) ने अभय चौधरी को अपना निदेशक (परियोजना) नियुक्त किया है। पीजीसीआईएल ने रविवार को एक बयान मे कहा कि इस जिम्मेदारी से पहले चौधरी वाणिज्य एवं नियामकीय प्रकोष्ठ के कार्यकारी निदेशक थे। साथ ही उनके पास समन्वय प्रकोष्ठ के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी भी थी।

# रिलायंस के साथ सौदे के खिलाफ सिंगापुर मध्यस्थता मंच का निर्णय लागू करने योग्य नहीं: फ्यूचर रिटेल

**नई दिल्ली।** फ्यूचर रिटेल ने रविवार को कहा कि मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ उसके 24,713 करोड़ रुपए के सौदे के खिलाफ सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) का आपातकालीन निर्णय लागू करने लायक नहीं है। इसको लागू कराने का वह प्रतिवाद करेगी। फ्यूचर रिटेल लिमिटेड ने भारतीय नियामक एजेंसियों से कहा है कि अमेजन डॉट कॉम एनवी इंवेस्टमेंट होल्डिंग्स एलएलसी की याचिका पर एसआईएसी का पिछले सप्ताह का अंतरिम निर्णय उस फोरम के न्यायाधिकार क्षेत्र से बाहर है।अमेजन ने अपने दावे के विकल्प के तौर पर ब्याज सहित 1,431 करोड़ रुपए के नुकसान की क्षतिपूर्ति की मांग की है। अमेजन ने फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लिमिटेड में इस राशि का निवेश किया है। कंपनी ने नियामक को छह पन्ने की सूचना में कहा, यदि कोई मध्यस्थता अदालत या कोई भी अन्य फोरम इस दावे को स्वीकार करता है, तो ऐसी स्थिति में प्रवर्तक की देनदारी इतनी ही रहेगी। अत: इसका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने कहा कि मध्यस्थता अदालत ने अमेजन की जिस याचिका पर फैसला दिया है, वह याचिका अमेजन ने एक ऐसे करार के मध्यस्थ-निर्णय उपबंध के आधार पर दायर की है जिसमें फ्यूचर रिटेल शामिल नहीं है। एफआरएल को परामर्श दिया गया है कि एक आपात्पकालिक मध्यस्थ को भारतीय मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 के भाग एक के तहत कोई कानूनी दर्जा प्राप्त नहीं है।

# अक्टूबर में जीएसटी संग्रह आठ माह में पहली बार एक लाख करोड़ के पार

**भाषा।** नई दिल्ली




माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह का आंकड़ा अक्टूबर में 1.05 लाख करोड़ रुपए रहा है। फरवरी के बाद पहली बार जीएसटी संग्रह का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए के पार गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2020 तक दाखिल किए गए कुल जीएसटीआर-3बी रिटर्न की संख्या 80 लाख पर पहुंच गई है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अक्टूबर, 2020 में कुल जीएसटी संग्रह 1,05,155 करोड़ रुपए रहा। इसमें सीजीएसटी का हिस्सा 19,193 करोड़ रुपए, एसजीएसटी का 5,411 करोड़ रुपए, आईजीएसटी का 52,540 करोड़ रुपए (इसमें वस्तुओं के आयात पर 23,375 करोड़ रुपए का संग्रह भी शामिल है) और 8,011 करोड़ रुपए का उपकर (932 करोड़ रुपए आयातित वस्तुओं पर) शामिल है। अक्टूबर, 2020 में जीएसटी संग्रह पिछले साल के समान महीने से 10 प्रतिशत अधिक रहा है। अक्टूबर, 2019 में जीएसटी संग्रह 95,379 करोड़ रुपए रहा था। कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन की वजह से जीएसटी संग्रह का आंकड़ा लगातार कई माह तक एक लाख करोड़ रुपए के स्तर से नीचे रहा था।

## तनिष्क ने दीवाली के लिए की आकर्षक ऑफर्स की घोषणा

**मुंबई।** भारत का सबसे बड़ा और सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने त्योहारों का स्वागत करते हुए ग्राहकों की खुशियों और आशा को दुगुना करने के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। तनिष्क में सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और हीरों के आभूषणों के मूल्य पर 25: तक की भारी छूट दी जा रही है। त्योहारों में तनिष्क की ऑफर्स के साथ घर ले आइए समृद्धि और सुनहरी खुशियां! यह खास ऑफर सिर्फ सीमित समय के लिए ही लागू रहेगी। ऑफर्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने नज़दीकी तनिष्क स्टोर संपर्क करें।

# ट्रंप का ध्यान अपने अहम की तुष्टि पर ही केंद्रित रहा: ओबामा

## ● ओबामा ने ट्रंप पर किया तीखा हमला, कहा, महामारी को गंभीरता से नहीं लिया

**भाषा।** पिट्सबर्ग (अमेरिका)

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाया कि उनका ध्यान अपने अहम की तुष्टि पर ही केन्द्रित रहा और उन्होंने कोरोना वायरस संक्रमण के संकट को गंभीरता से नहीं लिया जबकि दूसरी तरफ उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन कोरोना वायरस महामारी को गंभीरता से लेते हैं।

ओबामा ने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के पक्ष में मिशिगन में शनिवार को चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि पिछले चार वर्ष में ट्रंप ने अपने सिवाए किसी और देशवासी की मदद में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ध्यान अपने अहम की तुष्टि पर ही केन्द्रित है, वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बाइडेन का ध्यान शालीनता और सहानुभूति पर है। देश के 44वें राष्ट्रपति रहे ओबामा ने ट्रंप की नीतियों को लेकर उनकी जमकर आलोचना की। ओबामा ने कहा, उन्होंने काम करने में या किसी की मदद करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, सिवाए अपने, या अपने दोस्तों के और राष्ट्रपति पद को एक रियलिटी शो से ज्यादा कुछ नहीं माना ,जो उनकी ओर सबका ध्यान आकर्षित करे लेकिन दुर्भाग्य से हम बाकी लोगों को अंजाम भुगतना पड़ रहा है। ओबामा के साथ मिशिगन में फ्लिंट और डेट्रायट की रैलियों में बाइडेन भी मौजूद थे। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि आप जो हैं उसे राष्ट्रपति पद बदल नहीं सकता। यह दर्शाता है कि आप क्या हैं। यह खुलासा करता है कि आप कौन हैं। आठ वर्षों तक बाइडेन ऐसे व्यक्ति रहे जोकि मेरे हर बड़े फैसले के दौरान मौजूद रहे। ओबामा ने बाइडेन की तारीफ करते हुए कहा, बाइडेन मेरे भाई हैं, वह मेरे प्रिय हैं। वह शानदार राष्ट्रपति साबित होंगे और वह सभी के साथ शालीनता और आदर से पेश आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाइडेन ने मुझे एक बेहतर राष्ट्रपति बनाया। ओबामा ने कहा, उनके (बाइडेन) पास हमें एक बेहतर देश बनाने के लिए अनुभव है। वह और कमला (हैरिस) सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि हम सभी के लिए मुकाबला करने जा रहे हैं। हालांकि, हम निश्चित रूप से अपने वर्तमान राष्ट्रपति के बारे में ऐसा नहीं कह सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप व्हाइट हाउस में एक रिएलिटी शो चला रहे हैं।



मिच, फिल्ंट के नार्थवेस्टर्न हाईस्कूल में आयोजित सभा को संबोधित करने के बाद लोगों का अभिवादन करते जो बाइडेन व पूर्व राष्ट्रपति ओबामा

## राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को मिलेगी जबरदस्त जीत: ट्रंप



**बटलर (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में तीन नवंबर को होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की बड़ी जीत का भरोसा जताते हुए कहा है कि इस बार पार्टी की जीत का अंतर चार साल पहले मिली जीत से भी अधिक होगा। ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में चार विभिन्न रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के रूप में उनके शासनकाल में प्रशासन ने बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। उन्होंने कहा, यह मंगलवार बहुत दिलचस्प होगा। ट्रंप ने कहा कि इस बार उनकी पार्टी की लहर है और ऐसा पहले किसी ने नहीं देखा। राष्ट्रपति ने रैलियों में दिए अपने भाषणों में अपने पहले कार्यकाल में प्रशासन की सफलताओं का जिक्र किया और अपने डेमोक्रटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि बाइडेन चुनाव जीत जाते हैं तो डेमोक्रेटिक नेता पार्टी को समाजवाद की राह पर ले जाएंगे और करों में बढ़ोतरी करेंगे।मतदान से पहले किए गए सर्वेक्षणों में पेंसिल्वेनिया समेत चुनाव के लिए अहम राज्यों में ट्रंप के बाइडेन से पीछे होने का पूर्वानुमान जताया गया है, लेकिन ट्रंप ने कहा कि वह इन राज्यों में जीत हासिल करेंगे और उनकी जीत का अंतर 2016 में मिली जीत से बड़ा होगा। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने रक्षा के क्षेत्र में शानदार काम किया है।राष्ट्रपति ने अपने भाषणों में बाइडेन को कई बार सुस्त बताया।

## ट्रंप ने अमेरिका को बांट दिया, उन्हें पद से हटाने के लिए वोट करे अमेरिकी जनता: बाइडेन

**पिट्सबर्ग (अमेरिका)।** डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने अमेरिकी जनता से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पद से हटाने के लिए वोट करने की अपील करते हुए कहा कि पिछले चार साल में ट्रंप ने देश को बांट दिया है और बर्बाद कर दिया है।ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं और तीन नवंबर को होने वाले चुनाव में उनका मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडेन से है।बाइडेन ने मिशिगन के डेट्रॉइट में एक कार रैली में कहा, तीन दिन में हम ऐसे राष्ट्रपति के शासन को समाप्त कर सकते हैं जिन्होंने देश को बांट दिया, जो इस देश की रक्षा नहीं कर सके, जिन्होंने पूरे देश में नफरत की आग फैला दी। डेमोक्रेटिक नेता ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि इस बार अमेरिकी जनता ट्रंप को सत्ता से बाहर कर देगी। उन्होंने कहा, लाखों अमेरिकी वोट कर चुके हैं। लाखों और आने वाले दिनों में मतदान करेंगे। और आपके लिए मेरा संदेश सरल सा है: देश की सत्ता को बदलने की ताकत आपके हाथों में है। मुझे इस बात का फर्क नहीं पड़ता कि डोनाल्ड ट्रंप कितना जोर लगाते हैं। लेकिन इस देश की जनता को मतदान करने से कोई नहीं रोकने वाला। बाइडेन ने कहा कि जब अमेरिका वोट करेगा तो उसकी बात सुनी जाएगी और जब अमेरिका की बात सुनी जाएगी तो उनका मानना है कि यह संदेश जोरदार और स्पष्ट होगा। पूर्व उप राष्ट्रपति ने ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए कहा, समय आ गया है कि डोनाल्ड ट्रंप अपना बोरिया बिस्तर समेटें और घर चले जाएं। हम उथल-पुथल से तंग आ गए हैं। ट्वीट....गुस्सा.....नफरत.....नाकामी। गैरजिम्मेदाराना रवैया। ए सब। उन्होंने कहा, बहुत काम करने की जरूरत है। और अगर मैं आपका राष्ट्रपति चुना जाता हूं तो हम वो काम करेंगे। हम कोविड को काबू में करने के लिए काम करेंगे। बाइडेन ने चुटकी लेते हुए कहा कि जब ट्रंप पिछली बार संयुक्त राष्ट्र में बोले थे तो दुनिया उन पर हंसी थी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति खुद को मजबूत आदमी की तरह पेश करते हैं। लेकिन जब पिछली बार आपने देखा था तो संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राष्ट्रपति के भाषण पर दुनिया के नेता हंसे थे। आपने पहले कब ऐसा देखा था कि नाटो सम्मेलन में हमारे सहयोगी अमेरिकी राष्ट्रपति की खुलकर खिल्ली उड़ा रहे हों। बाइडेन ने कहा, क्या आप विश्वास करेंगे कि हमारे राष्ट्रपति ऐसे हैं जो व्लादिमीर पुतिन के पपी की तरह काम करते हैं? पुतिन ने अफगानिस्तान में तैनात अमेरिकी सैनिकों के सिर पर इनाम रखा और ट्रंप उन्हें चुनौती देने में डर रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप मजबूत नहीं हैं। वह कमजोर हैं। इससे पहले बाइडेन ने मिशीगन के फ्लिंट में भी ऐसा ही भाषण दिया। उन्होंने कहा, हमें जलवायु संकट से निपटने के लिए वोट करना है। डोनाल्ड ट्रंप इसे बेकार बताते हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप एक योद्धा हैं, उन्हें और चार वर्ष तक पद पर रहना चाहिए: इवांका ट्रंप



**केनफिल्ड (अमेरिका)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ने कहा कि उनके पिता ने जो वादे किए उससे कहीं अधिक अपने देशवासियों को दिया है। इवांका ने यह भी कहा कि ट्रंप एक योद्धा हैं तथा उन्हें और चार वर्ष के लिए राष्ट्रपति पद पर रहना चाहिए। ओहायो में शनिवार को बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए इवांका ने कहा कि ट्रंप बीते चार वर्ष में अमेरिका को सही दिशा में लेकर गए, पूर्व राष्ट्रपतियों तथा राजनीतिक नेतृत्वों की बीते कई दशकों की गलतियों को उन्होंने सुधारा। उन्होंने कहा, इस वक्त अमेरिका को व्हाइट हाउस में एक योद्धा की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। मेरे पिता हममें से हर एक के लिए हर दिन इतनी मजबूती से लड़ाई लड़ते हैं। अब हमारे पास अवसर है कि हम उनके लिए लड़ें, इस देश के भविष्य के लिए लड़ें। अमेरिका में तीन नवंबर को चुनाव है जिसमें ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडेन से है। इवांका राष्ट्रपति की बड़ी बेटी हैं। वह व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति की वरिष्ठ सलाहकार भी हैं।इवांका के साथ ही उनके भाई डोनाल्ड ट्रंप जूनियर, एरिक ट्रंप और बहन टिफनी भी महत्वपूर्ण राज्यों में अपने पिता के लिए चुनाव प्रचार कर रही हैं।

## ट्रंप की रैलियो से कोरोना के 30 हजार से अधिक मामले बढ़े, 700 लोगों की मौत हुई

**भाषा।** न्यूयार्क

**स्टानफोर्ड विश्वविद्यालय** के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करीब 18 चुनावी रैलियों से अमेरिका में कोरोना वायरस से संक्रमण के 30,000 से अधिक मामले बढ़ गए और संभवत: 700 से अधिक लोगों की इस महामारी के चलते जान चली गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि जहां जहां राष्ट्रपति की रैलियां हुईं, वहां के लोगों ने इस बीमारी और मौत के संदर्भ में भारी कीमत चुकाई।बड़ी सभाओं का कोविड-19 के प्रसार का प्रभाव: ट्रंप की रैलियों के संदर्भ में नामक इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि 20 जून से 22 सितंबर तक हुईं ट्रंप

### अध्ययन का अनुमान

की 18 रैलियों से कोविड-19 के 30,000 से अधिक सत्यापित मामले बढ़े और संभवत: 700 से अधिक मौतें हुईं। वैसे जो लोग संक्रमित हुए और जिनकी मौत हो गई, उनके बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि वे रैलियों में गए ही थे।इस अध्ययन पर एक ट्विटर पोस्ट पर डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने कहा, राष्ट्रपति को आपकी फिक्र नहीं है। उन्हें तो अपने समर्थकों की भी परवाह नहीं है। शुक्रवार को जारी इस अध्ययन में कहा गया है कि 87 लाख से अधिक अमेरिकी नागरिक कोविड-19 से संक्रमित हुए और 2,25,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई।सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने कहा है कि बड़ी सभाओं, जहां लोग मास्क नहीं लगाते और आपस में दूरी नहीं रखते, से संक्रमण के प्रसार का खतरा अधिक होता है। उसने कहा, डरने का कारण है कि ऐसी सभाएं संक्रमण फैलाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं और इस महामारी को नियंत्रित करने के प्रयासों को कमजोर करती हैं।

## पादरी को गोली मारने वाले की तलाश में जुटी फ्रांस की पुलिस

**एपी।** लियोन (फ्रांस)

### ● हमले में घायल हुए पादरी यूनान के नागरिक है और उनका एक पूर्व पादरी के साथ लंबे समय से कानूनी विवाद चल रहा था

**फ्रांस के लियोन** शहर में शनिवार को एक यूनानी पादरी को उनके गिरजाघर के बाहर गोली मारने के मामले में रविवार को पुलिस ने एक संदिग्ध से पूछताछ की जबकि अन्य की तलाश जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता यह पता लगाने में जुटे हैं कि क्या शनिवार रात को पुलिस की गिरफ्त में आया संदिग्ध व्यक्ति ही पादरी पर हमले के पीछे था या उसे इस बारे में कोई जानकारी है। उन्होंने कहा कि पादरी का गंभीर हालत मे स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। फिलहाल, हमले के पीछे की वजहों का पता नहीं चल पाया है। आतंक-रोधी अभियोजक मामले की जांच नहीं कर रहे हैं जबकि लियोन के अभियोजक ने हत्या के प्रयास के मामले के तहत जांच शुरू की है। फ्रांस के नीस शहर में बृहस्पतिवार को एक गिरजाघर पर इस्लामिक चरमपंथी हमलावर द्वारा चाकू से किए गए हमले में तीन लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया है। वहीं, फ्रांस में सामने आईं कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लियोन के यूनानी पादरी समुदाय के बीच तनाव की बात भी उभरकर सामने आई है। हमले में घायल हुए पादरी यूनान के नागरिक हैं और उनका एक पूर्व पादरी के साथ लंबे समय से कानूनी विवाद चल रहा था, जिन्हें मानहानि का दोषी पाया गया था।



बैंकाक में ग्रांड पैलेस के अंदर एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के बाद सड़क पर समर्थकों के बीच थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न व रानी सुथिदा

## ब्रिटेन में कोरोना वायरस के मामलों का आंकड़ा दस लाख के पार, पूर्ण लॉकडाउन की तैयारी

**भाषा।** लंदन

### ● बढ़ते आंकड़े के मद्देनजर जॉनसन ने कहा कि, कोई भी जिम्मेदार प्रधानमंत्री उन आंकड़ों के संदेश को नजरअंदाज नही कर सकता है

**ब्रिटेन में** कोरोना वायरस के मामलों का आंकड़ा दस लाख के पार चला गया है और संक्रमण को फैलने से रोकने के प्रयास में दूसरे पूर्ण लॉकडाउन को लगाने की तैयारी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शनिवार को 10 डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रीफिंग के दौरान इंग्लैंड के लिए घरों में रहने के नए नियमों की घोषणा की और यह बृहस्पतिवार से शुरू होकर कम से कम दो दिसम्बर तक प्रभावी रहेंगे। घातक वायरस से संक्रमित लोगों के बढ़ते आंकड़े के मद्देनजर जॉनसन ने कहा कि, कोई भी जिम्मेदार प्रधानमंत्री उन आंकड़ों के संदेश को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का सामना करने के लिए विनम्र होना चाहिए। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सरकार द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) को पटरी से उतरने से बचाने के लिए पूर्ण लॉकडाउन ही एकमात्र विकल्प था। ब्रिटेन में शनिवार को कोरोना वायरस के 21,915 और मामले सामने आए थे और मामलों की कुल संख्या 10,11,660 पर पहुंच गई है। देश में इस महामारी से 326 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 46,555 हो गई है।

## फिलीपीन में भयानक तूफान ने दी दस्तक, 10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**एपी।** मनीला

### ● राजधानी में कोविड-19 के करीब1,000 मरीजों को तंबूनुमा पृथक-वास से निकालकर अस्पतालों होटलों या उपचार केंद्रों और उत्तरी बाल्कन प्रांत भेजा गया है

**पूर्वी फिलीपीन** में रविवार तड़के भयानक तूफान ने दस्तक दी जिसके मद्देनजर राजधानी समेत इसके रास्ते में पड़ने वाले स्थानों से करीब 10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राजधानी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बंद करने का आदेश दिया गया है।

सरकारी आपदा प्रतिक्रिया एजेंसी के प्रमुख रिकार्डो जलाड ने कहा, कई ऐसे लोग हैं जो तूफान के मद्देनजर खतरनाक क्षेत्रों में हैं। हमें बड़े पैमाने पर क्षति की आशंका है। तूफान गोनी 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ सुबह के समय कटनडुआनिस प्रांत से टकराया और इन हवाओं की गति बीच-बीच में 280 किलोमीटर प्रति घंटे भी होती रही। यह श्रेणी पांच के तूफान के बराबर है। यह तूफान अब मनीला समेत अधिक जनसंख्या घनत्व वाले पश्चिमी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है। यह उन क्षेत्रों से गुजरने जा रहा है जहां एक सप्ताह पहले ही आए तूफान से क्षति पहुंची थी और कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई थी। तूफान के दस्तक देने के बाद लोगों के मरने की भी खबरें आई हैं, जिनमें अलबय प्रांत में एक व्यक्ति की मौत पेड़ गिरने से उसके नीचे दबकर हो गई लेकिन अधिकारियों का कहना है कि वे अभी इन जानकारियों की पुष्टि कर रहे हैं।अलबय प्रांत के गवर्नर अल फ्रांसिस बिचारा ने आपदा प्रतिक्रिया के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि उनके प्रांत में कम से कम दो लोगों की मौत मायोन ज्वालामुखी से कीचड़ बहाव से हुई। इससे ग्रामीणों का जीवन खतरे में पड़ गया। हालांकि अन्य अधिकारियों ने कहा कि वह अभी इसकी जांच कर रहे हैं। इस बैठक का प्रसारण टेलीविजन पर हुआ है।फिलीपीन मौसम एजेंसी ने अगले 12 घंटे में तेज हवाओं के चलने और मूसलाधार बारिश होने का अनुमान जताया है। विशेषज्ञों ने कहा है कि यह तूफान रविवार देर रात या सोमवार तड़के बेहद घनी जनसंख्या वाले मनीला में दस्तक देगा। उन्होंने लोगों से खराब से खराब स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है।

राजधानी में कोविड-19 के करीब।,000 मरीजों को तंबूनुमा पृथक-वास से निकालकर अस्पतालों, होटलों या उपचार केंद्रों और उत्तरी बाल्कन प्रांत भेजा गया है।राजधानी मनीला स्थित मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को रविवार से सोमवार तक 24 घंटे के लिए बंद करने का आदेश दिया गया है जिससे कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ान रद्द हो गई हैं।

## वित्तीय क्षेत्र में महिलाओं के लिए विविधता अंतराल पाटने के मिशन में जुटी ब्रिटिश भारतीय विशेषज्ञ

**भाषा।** लंदन,

**समावेशीकरण** और विविधता के क्षेत्र में अपने कार्य के लिए ब्रिटेन की महारानी के जन्मदिन पर सम्मानित होने वाले लोगों की सूची में शामिल हुईं एक ब्रिटिश-भारतीय वित्तीय विशेषज्ञ ने कहा कि वह वित्तीय सेवा क्षेत्र में महिलाओं के लिए विविधता अंतराल को पाटने के मिशन पर काम कर रही हैं। वैश्विक निवेश बैंक मॉर्गन स्टेनली की कार्यकारी निदेशक डॉ. बिजना कोटक दसानी को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने पिछले महीने एमबीई पुरस्कार से सम्मानित किया था।वह वित्तीय सेवा कार्यबल में महिलाओं के कौशल उन्नयन की वकालत करती हैं और अब भारत में रहने वाली और विदेशों में बसी भारतवंशी महिलाओं का समर्थन करना चाहती हैं। दसानी ने कहा, महिलाओं एवं पुरुषों के बीच मजबूत साझेदारी के लिए विविधता अंतराल को पाटना होगा। साझा जिम्मेदारियों की चर्चा बोर्डरूम से परे घर के माहौल में होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा प्रमुख रूप से ध्यान वरिष्ठ भूमिकाओं में महिलाओं को बढ़ावा देने पर है।

### सिंगापुर में संक्रमितों की संख्या 58 हजार के पार

**सिंगापुर।** सिंगापुर में रविवार को चार नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 58,019 हो गई। सभी चार लोग देश से बाहर से आए हैं। मंत्रालय ने बताया कि सभी नए मरीज घर में पृथकवास में रहेंगे। शनिवार को 42 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा था जबकि हल्के लक्षणों वाले 32 मरीजों का इलाज सामुदायिक सेवा केंद्रों में हो रहा है। अब तक 57,913 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। सिंगापुर में अब तक संक्रमण से 28 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि अन्य 15 संक्रमित लोगों की मौत अन्य वजहों से हुई है।

## चीन ने पीएलए को 2027 तक अमेरिकी सेना की तर्ज पर तैयार करने की योजना बनाई

**भाषा।** बीजिंग

**कम्युनिस्ट पार्टी** ऑफ चाइना (सीपीसी) के हाल ही में संपन्न एक महत्वपूर्ण सम्मेलन में अमेरिका की तर्ज पर 2027 तक एक पूरी तरह आधुनिक सेना के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दिया गया। यहां प्रकाशित खबरों में यह कहा गया है। सरकारी ग्लोबल टाइम्स ने शनिवार को चीनी विश्लेषकों के हवाले से कहा कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की स्थापना के सौ वर्ष 2027 में पूरे होंगे और चीन तब तक एक पूरी तरह आधुनिक सेना का निर्माण करेगा। यह लक्ष्य राष्ट्रीय क्षमता के अनुरूप है और भविष्य की राष्ट्रीय रक्षा जरूरतों को पूरा करेगा। राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ सीपीसी के पूर्ण सत्र में राष्ट्रीय आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-25) तथा 2035 तक के दीर्घकालिक लक्ष्यों को तय करने के उनके प्रस्तावों को अपनाया गया।चौदहवीं पंचवर्षीय योजना में चीन की निर्भरता सिकुड़ते निर्यात बाजार पर कम करने के लिहाज से खपत बढ़ाने के लिए देश के घरेलू बाजार को दुरुस्त करने का लक्ष्य है, वहीं 2035 के दृष्टिकोण में सेना समेत देश के विकास का खाका है। राजनीतिक रूप से शी के इस दृष्टिकोण से इन अटकलों को बल मिला है कि वह अगले 15 साल सत्ता में बने रह सकते हैं। माओ जेदांग के बाद शी (67) सीपीसी के सबसे अधिक शक्तिशाली नेता बनकर उभरे हैं। सीपीसी की केंद्रीय समिति के चार दिन तक चले पांचवें पूर्ण सत्र की बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार देश की राष्ट्रीय रक्षा क्षमताओं और आर्थिक ताकत को मजबूत किया जाना चाहिए और 2027 तक एक आधुनिक सेना के निर्माण के शताब्दी लक्ष्य तक पहुंचना चाहिए। हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने लिखा कि शी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीएलए को 2027 तक आधुनिक सैन्य बल बनाने का नया लक्ष्य तय किया गया है, तब तक चीन की सेना को अमेरिका की तर्ज पर तैयार किया जाएगा।

### क्यूबेक शहर में चाकूबाजी की घटनाओं के बाद पुलिस संदिग्ध की तलाश में जुटी

**क्यूबेक सिटी (कनाडा)।** कनाडा के क्यूबेक शहर की पुलिस मध्यकालीन परिधान पहने उस व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिसने धारदार हथियार से कई लोगों को निशाना बनाया। पुलिस ने शनिवार देर रात कहा कि ए हमले प्रांतीय विधायिका के निकट हैलोवीन दिवस पर हुए। पुलिस ने इस इलाके के लोगों से घरों पर ही रहने का अनुरोध किया है। पुलिस ने अभी यह जानकारी नहीं दी है कि कितने लोग घायल हुए हैं और हमले के पीछे का कारण क्या है।

# पूर्ण सक्षम बनें

**पीसी छाबड़ा का कहना है कि मनचाही नौकरी पाना शायद कठिन नहीं है मगर यह ज्यादा प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। आज युवाओं के लिए यह पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि उनमें कार्यस्थल में प्रवेश से पहले आवश्यक योग्यताएं हों...**



महामारी ने बेहतर नौकरी हासिल करने के ऊंचे पैमाने तय कर दिए हैं। ज्यादा आबादी और रोजगार अवसरों की कमी समेत, बेरोजगारी में वृद्धि होने के अनेक कारण हैं। उच्च शिक्षा, कालेज, डिग्री होने के बावजूद, युवा के लिए अपने करियर को मजबूत शुरूआत देना बहुत कठिन हो गया है जबकि हर चीज ठहराव की स्थिति में है। मनचाही नौकरी पाना शायद कठिन नहीं है मगर यह ज्यादा प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। आज युवाओं के लिए यह पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि उनमें कार्यस्थल में प्रवेश से पहले पूर्ण सक्षम हों।

विशेषज्ञों का पूर्वानुमान है कि 26 अरब या उससे अधिक सेंसर्स और उपकरण 2020 तक इंटरनेट से जुड़ जाएंगे, जो मशीन बुद्धि का युग लेकर आएंगे जो पहले से इंसानों की दुनिया को पुनर्गठित कर रही है। हालांकि तकनीक विदों व शोधकर्ता डिजिटलीकरण के भविष्य के लिए तैयार हैं, मगर शिक्षित होने के बावजूद, अनेकों में उन योग्यताओं की कमी है जो अपेक्षित नौकरी हासिल करने के लिए उन्हें चाहिए।

यहां वे सात प्रमुख योग्यताएं हैं जो युवा को नौकरी के उपयुक्त बनने हेतु उनकी योग्यताओं का निखार कर सकती हैं।

## नेटवर्क का निर्माण

नेटवर्किंग समान रुचियों वाले व्यक्तियों से जुड़ने की प्रक्रिया है ताकि उन लोगों के साथ अच्छे संबंध बरकरार रहें जो आपके संभावित हिस्सेदार, निवेशक आदि बन सकते हैं। किसी नए व्यक्ति के लिए सही समय, या सोच हासिल करना या किन्हीं अपरिचित व्यक्तियों से बात करके उन्हें बता सकें कि आप क्या जानते हैं और आपकी खूबियां क्या हैं, चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसीलिए, एक मजबूत नेटवर्क बनाना ज्यादा अवसर पाने में सहायता कर सकता है।

## डिजिटल साक्षरता

नौकरी पाने के लिए तैयारी हासिल करने के क्रम में यह अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है कि आप डिजिटल दुनिया को जानें। डिजिटल साक्षरता उभार पर है, यह संख्या 18 फीसदी की अतिरिक्त दर के साथ 536 मिलियन तक पहुंच जाने की संभावना है। महामारी के कारण प्रत्येक उद्योग द्वारा डिजीटल कामकाज को अपनाया गया है और यह स्वाभाविक हो गया है कि तकनीकी प्रतिभा को तलाशा जाए। बेहतर नौकरी पाने हेतु आपको अधिक योग्यता बनाने का डिजीटल दुनिया नया पैमाना है। जानना कि आनलाइन कंटेंट कैसे बनाएं, सोशल मीडिया पेज को कैसे संचालित करें, पाठ्य सामग्री, इमेज को कैसे संपादित करें और वीडियो कैसे बनाएं, एमएस आफिस की पूर्णतया जानकारी होना जैसी तमाम जानकारी होना आपको डिजिटल स्तर पर साक्षर बनाता है।

## स्व-रोजगारयुक्त योग्यता

उद्यमिता क्षेत्र में भारत तीसरे स्थान पर है क्योंकि आर्थिक सर्वे 2019- 2020 के अनुसार, नव उद्योग सृजन, 2014 के बाद से, उल्लेखनीय ढंग से विकसित हुआ है।

अगर आपमें स्वसंचालित कार्य नजरिया, काम के लिए प्रेरित रहना, जोखिम उठाना, काम की जिम्मेदारी व जवाबदेही वहन करना, व्यापक समझदारी होना व नए विचारों के साथ सामने आने संबंधी जिम्मा संभालने की इच्छा है तो यह व्यक्तिगत व कंपनी के स्तर पर प्रगति में सहायता कर सकती है। ये योग्यताएं युवा को अधिक आत्मनिर्भर व रोजगार संबंधी प्रत्येक चुनौती का सामना करने के योग्य बना सकती हैं।

**विशेषज्ञों का पूर्वानुमान है कि 26 अरब या उससे अधिक सेंसर्स और उपकरण 2020 तक इंटरनेट से जुड़ जाएंगे, जो मशीन बुद्धि का युग लेकर आएंगे जो पहले से इंसानों की दुनिया को पुनर्गठित कर रही है। हालांकि तकनीकविदों व शोधकर्ता डिजिटलीकरण के भविष्य के लिए तैयार हैं, मगर शिक्षित होने के बावजूद, अनेक लोगों में उन योग्यताओं की कमी है जो अपेक्षित नौकरी हासिल करने के लिए उन्हें चाहिए।**

## योग्यताओं का आकलन

यह स्पष्टतया और तार्किक ढंग से सोचने, विचारों व उनके व्यवहारिक कामकाज के बीच तार्किक संबंध की समझदारी की योग्यता है। इसमें झूठी खबरों को स्वीकारने के बजाय आकलन करने तथा मेहनत करके प्रश्न खड़े करने वाले विचार शामिल होते हैं। हमेशा काम के प्रति सुव्यवस्थित एवं ठोस नजरिया रखें।

## सीखने की जिज्ञासा

भावी नौकरियों के लिए आवश्यक सबसे महत्वपूर्ण योग्यता है सीखने और जानने की जिज्ञासा। हमारा भविष्य निर्बाध रहे , इसके लिए कोई सीमा नहीं है कि भविष्य में कर्मचारियों को क्या सीखना पड़ सकता है। आज शिक्षा वहीं तक सीमित नहीं है जो स्कूलों, कालेजों में पढ़ाया जाता है, सीखने की संभावना व्यापक हो गयी हैं, नियोक्ता अब अति संतुलित तथा सीखने व आगे बढ़ने की योग्यता वाली हस्तांतरणीय कुशलताओं वाले लोग तलाश रहे हैं।

प्रशिक्षण का फायदा उठाए, अवसरों को संरक्षित करें तथा अपने निरंतर पेशेवर विकास पर काम करने से आपके अपने काम में बेहतर होते जाने और अपने मौजूदा तथा भावी नियोक्ता की आवश्यकता बनते जाने की संभावना है।

## स्व-शिक्षा

यह स्वयं को जानने, वस्तुगत ढंग से सोचने और अपने इर्दगिर्द हर चीज को तार्किक ढंग से समझने की योग्यता है, हालांकि भावनात्मक बुद्धिमानी इंसानी मनोविज्ञान का हवाला देती है जो कि नयी योग्यताएं सीखने व उनका अभ्यास करके सुधारी व विकसित की जा सकती हैं। नौकरी तलाशने से पहले आपको खुद की कमजोरियों व खूबियों को पर्याप्त जानने की जरूरत है। जब एक कर्मचारी उसे समझता है, तो वह वहां समायोजन कर सकता है जहां आवश्यकता हो और अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करता है। युवा लोग, जो स्वयं को जानते हैं, वे न केवल जानते हैं कि समस्याओं को कैसे देखें व उनका कैसे समाधान करें, बल्कि असरकारी व सक्षम ढंग से काम करने में सक्षम भी होते हैं।

## समय प्रबंधन

समय प्रबंधन का संबंध अपने समय का रचनात्मक एवं सक्षम ढंग से उपयोग करने से है, और सक्षम कामकाज के लिए यह जरूरी है कि काम को प्राथमिकता दें, काम की प्रासंगिकता को जानें, और समय के संदर्भ में काम की महत्ता व अत्यावश्यकता को समझें। उत्पादकता बढ़ाने के लिए समय का प्रबंधन एक अत्यावश्यक कुंजी है और नियोक्ता ऐसे लोग तलाशते हैं जो सुव्यवस्थित, सक्षम व प्रभावी ढंग से काम करते हैं।

**- लेखक संस्कृति युनिवर्सिटी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं।**

# उद्यमियों के लिए बनाएं राह

**डॉ. सी कार्तिकेयन का कहना है कि अंडरग्रेजुएट स्तर में उद्यमिता के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने से उन्हें रचनात्मक सोच, समस्या समाधान योग्यता व समय प्रबंधन समेत अन्य योग्यताएं विकसित करने व उन्हें निखारने का अवसर मिलता है**

दुनिया भर के बिजनेस मॉडल बदल गए हैं और ग्राहक अपेक्षाओं की उम्मीदें, चाहे वो सेवा हो या उत्पाद, व व्यवसाय चलाने की निरंतर बढ़ती अपेक्षाएं कठिन होती जा रही हैं। मॉडल्स में बदलाव आने से, स्टार्ट अप्स के अवसरों तथा तकनीक के साथ मिलकर अन्य संसाधनों के सहयोग से बिजनेस चलाना आम प्रचलन है। पूंजी फंडिंग बढ़ाने तथा परामर्श सेवाओं के अवसर लगभग अपार हैं।

इसलिए बिजनेस वातावरण के दायरे में बदलाव हाल के वर्षों में जबरदस्त रूपांतरण से गुजरा है। इस रूपांतरण ने विभिन्न चीजों के संदर्भ में हमारे देश की सोच को बदल दिया है जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था व समृद्धि के सामने मौजूद चुनौतियों के मद्देनजर छात्रों को विकसित करने संबंधित नजरिया शामिल है। पहले, हम नौकरी के लिए उपयुक्त छात्रों के निर्माण पर जोर देते थे ताकि वे अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकें।

हालांकि, यह सोच हाल के वर्षों में बदली है। आजकल, बतौर राष्ट्र, हम ज्यादा ध्यान ऐसे छात्र विकसित करने पर है जो रोजगार अवसर पैदा कर सकें, ऐसे छात्र जो न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूती दें बल्कि हमारे देश को विकास की ओर ले जा सकें। इसीलिए, उद्यमिता को अंडरग्रेजुएट डिग्री की पढ़ाई से ही छात्रों के बीच प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**लेकिन अंडरग्रेजुएट कोर्स से ही छात्रों में उद्यमिता को प्रोत्साहित क्यों किया जाना चाहिए?**

उद्यमी के गुण विकसित करने का सर्वोत्तम मंच है अंडरग्रेजुएट डिग्री शिक्षा, और उसमें रूचि जगाना तथा उद्यमी बनने के अवसरों से परिचित कराना व बुनियादी उद्यमिता कौशल विकसित करने में उनकी सहायता करने से छात्रों को मजबूत आधार मिल सकता है। यह छात्रों को उनकी अगली यात्रा के लिए तैयार करता है। अंडरग्रेजुएट स्तर में उद्यमिता के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने से उन्हें रचनात्मक सोच, समस्या समाधान योग्यता व समय प्रबंधन समेत अन्य योग्यताएं विकसित करने व उन्हें निखारने का अवसर मिलता है।

ये सारी योग्यताएं छात्रों को तेजी से सफ्लता की सीढ़ियां चढ़ने में सक्षम बनाती हैं। इसके अलावा, ये योग्यताएं व्यक्तिगत विकास में भी लाभकारी साबित होती हैं। इसीलिए, हालिया वर्षों में कालेज बीबीए जेसे कोर्स के जरिए उद्यमिता को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

**बीबीए किस तरह उचित योग्यताओं समेत उद्यमिता भावना जगाने के अनुकूल है?**

बीबीए एक पेशेवर डिग्री प्रोग्राम हैं जिसमें उन विभिन्न व्यापार अवधारणाओं से परिचित कराने की क्षमता है जो अकाऊंटिंग और फाइनेंस की मूल शर्तों समेत अपने स्तर पर व्यापार शुरू करने की बुनियादी शर्तें हैं, जो एक उद्यमी बनने के लिए अपरिहार्य हैं। यह मेहमान व्याख्यानों के रूप में वास्तविक उद्यमियों से मिलने के अवसर भी खोल रही है ताकि व्यापार संबंधी फ्लदायी सबकों को सीखने व उनके अनुभवों के बारे में सुनने का अवसर मिल सके। बीबीए के सभी विषय एक साथ, शुरूआती चरण से व्यापार ज्ञान और प्रबंधन योग्यताएं हासिल करने में छात्रों की सहायता करेंगे। इसके अलावा, यह छात्रों को फाइनेंस, मार्केटिंग, सूचना तंत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जेसे क्षेत्रों में माहिर होने का अवसर भी प्रदान करेंगे।



यह कोर्स छह सेमेस्टर में विभाजित है जिसकी समयावधि तीन साल है। इसका पाठ्यक्रम इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह छात्रों को ऐसी योग्यताएं विकसित करने में सक्षम बनाता है जिनकी प्रबंधन करियर में आवश्यकता है। निम्न अधिसूचित कारक वो तरीके बताते हैं जिनसे बीबीए उद्यमितापूर्ण लक्ष्य हासिल करने में छात्रों की सहायता कर रहा है।

छह सेमेस्टरों का इस समूचे बीबीए केरीकुलम में विविधतापूर्ण स्वभाव प्रदान करने की क्षमता है। यह छात्रों को प्रबंधन अवधारणाओं तथा व्यापार परिवेश में उनके क्रियान्वयन की एक गहन समझदारी प्रदान करता है। बीबीए प्रोग्राम न केवल छात्रों को सैद्धांतिक जानकारी प्रदान करता है बल्कि यह उन्हें इंटर्नशिप के जरिए इस ज्ञान के व्यवहारिक उपयोग के लिए तैयार भी करता है। सेमेस्टर कां अंत लघु परियोजनाओं व विभिन्न विशेषज्ञता प्राप्त परियोजनाओं के साथ इंटर्नशिप्स के जरिए अनुभव कमाने समेत, प्रस्तुति योग्यताओं समेत परियोजनाओं को पूरा करने में रचनात्मकता का उपयोग करने के अपार अवसर प्रस्तुत करता है।

कालेज अवधि के दौरान इंटर्नशिप अवसर छात्रों को कार्य वातावरण से परिचित कराता है। इसके अलावा, उन्हें व्यापारिक गतिविधियों के बारे में काफी कुछ सीखने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही साथ, उन्हें उस क्षेत्र की स्पष्ट समझदारी हासिल होती है जिसमें वे अपना करियर बनाना चाहेंगे।

कोर्स की पढ़ाई करने के दौरान, अनेक प्रबंधन कालेज छात्रों को उद्यमिता आयोजनों के रूप में विशिष्ट व्याख्यानों से परिचित कराते हैं, जहां कालेज के भूतपूर्व छात्रों समेत अनेक वास्तविक उद्यमियों से मिलने का अवसर मिलता है जहां वे छात्रों में उद्यमिता के प्रोत्साहन हेतु आम मंच पर अपने अनुभव साझा करते हैं। अंत में, हम कह सकते हैं कि यदि कोई अपना खुद का बिजनेस शुरू करना चाहता है या प्रबंधन में करियर बनाने के लिए अपनी प्रबंधन योग्यताएं निखारना चाहता है तो बीबीए अंडरग्रेजुएशन के लिए सही विकल्प है।

**- लेखक टी जॉन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस के प्रिंसिपल हैं।**

## स्कॉलरशिप



अमरीका और कनाडा में अपनी डिग्री की पढ़ाई करने की इच्छुक महिलाओं के लिए एमएमएमफ ग्रांट्स के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। इस स्कालरशिप का उद्देश्य विकासशील देशों की महिलाओं की मदद करना है ताकि उन देशों में महिलाओं व बच्चों का जीवन बेहतर बन सके। भारतीय आवेदक आवेदन कर सकती हैं।

**योग्यता:** न्यूनतम आयु 25 साल हो। आवेदक एमएमएमईजी राष्ट्र योग्यता सूची में पंजीकृत देश का नागरिक होना चाहिए, आवेदन जमा करते समय प्रतिष्ठित अकादमिक संस्थान में पंजीकृत (सिर्फ स्वीकृत नहीं) होना चाहिए। विश्व बैंक समूह, आईएमएफ या इंटर-अमेरिकन डेवलेपमेंट बैंक का स्टाफ सदस्य न हो।

**संलग्न दस्तावेज:** अपने बारे में संक्षिप्त जानकारी, तथा वर्णन कि आपकी पढ़ाई, व अनुभव किस प्रकार के रहें और विकासशील देशों में महिलाओं व बच्चों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से संबधित आपकी भावी योजनाएं क्या हैं।

आगामी अकादमिक वर्ष हेतु अपनी वित्तीय स्थिति तथा वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु योजनाबद्ध रणनीतियों से संबंधित अनुमान।

अपनी थीसिस (अगर है तो) का सारांश प्रस्तुत करें, जिनमें उसके लक्ष्य, पद्धति व जानकारियों तथा करियर लक्ष्यों के साथ उसके संबंध का उल्लेख हो।

दो संदर्भ पत्र जमा करें। प्रथम संदर्भकता आपके मौजूदा विश्वविद्यालय का प्रोफेसर होना चाहिए। द्वितीय संदर्भकर्ता वो व्यक्ति (गैरपारिवारिक सदस्य) हो सकता है जो आपके चरित्र की गारंटी प्रदान करता हो। कम से कम दो सेमेस्टरों के समतुल्यता के लिए कम से कम एक व्यक्ति को आप जानते हों।

**अंग्रेजी भाषा शर्तें :** जिन आवेदकों की पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है, उन्हें आम तौर पर विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित उच्च स्तरीय अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

**आवेदन कैसे करें:** आवेदन करने की पद्धति आनलाइन है। कृप्या निम्न दस्तावेजों को डिजीटल प्रारूप में स्कैन करें (पीडीएफ, जेपीइजी या पीएनजी फार्मेट में): फोटो पहचान पत्र: फोटो व जन्मतिथि के साथ राष्ट्रीय पासपोर्ट पृष्ठ, यदि आप अपने घरेलू देश से बाहर पढ़ाई कर रहे हैं, या सरकार/युनिवर्सिटी द्वारा प्रदत्त फोटो व जन्मतिथि युक्त पहचान पत्र।

नवीनतम अधिकृत विश्वविद्यालय दस्तावेज व/या रिपोर्ट।

वर्तमान पासपोर्ट के भीतर वीजा पत्र या स्टडी परमिट पृष्ठ (यदि विदेश में अध्ययनरत हैं।)

स्पष्ट फोटो के साथ दूसरा पासपोर्ट पेज (यदि दोहरी नागरिकता रखते हैं)

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 15 जनवरी, 2021

# अब निरंतर बढ़ेगी सुदूर काम की मांग

महामारी के कारण, तकनीक पर हमारी निर्भरता बेइंतहा बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों को लोकल के लिए वोकल होने की बात कही है, भारत को दुनिया का तकनीकी व विनिर्माणन का गढ़ बनाने के लिए। यह भारत सरकार द्वारा स्थानीय उद्योगों, छोटे या बड़े, की सहायता करने के अथक प्रयास को दिखाता है ताकि वे फलफूल सकें और आर्थिक प्रगति में योगदान कर सकें। हालांकि, मौजूदा नयी परिस्थिति में इस क्षमता को हासिल करने की रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि तकनीकी व डिजिटल समाधानों को उन्नत बनाया जाए।

इस रणनीति का एक पहलू है निर्माणकारी सेक्टर में हर चीज रीमोट बनाने के बारे में सोचना। रीमोट या सुदूर सहयोग, रीमोट इंजीनियरिंग, रीमोट उत्पादन/टेस्टिंग, रीमोट निगरानी एवं रख रखाव, तथा रीमोट विशेषज्ञ सहयोग आदि। हर चीज को रीमोट बनाने संबंधी चिंतन में यह अत्यावश्यक बदलाव हमारे उद्योगों की सुरक्षित, सक्षम व स्थिर संचालन में सहायता करेंगे।

हालिया विशेष दौर में, एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स एवं इंडस्ट्रियल इंटरनेट जैसी कुछ अन्य तकनीकी उन्नतियों ने कामकाजी सुरक्षा को बेहतर किया है और बिजनेस उत्पादकता को बढ़ाया है।' हरचीज रीमोट' की क्षमता आगे भारतीय उद्योग की सहायता के लिए इस उपयोग को उन्नत बनाएगी।

हालांकि सुदूर कामकाज की अवधारणा नयी नहीं है, मगर महामारी ने इसकी स्वीकार्यता तथा इससे संबंधित नवोन्मेषन में तेजी लाई है। सुदूर पहुंच और सुदूर काम की मांग निरंतर बढ़ेगी क्योंकि उद्योग इसे अपनाएंगे और कर्मचारी सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाएं लागू करने के लिए सामाजिक दूरी के नियम लागू करेंगे। अनुमानित है कि



भारतीय तकनीकी उद्योग के लगभग दस लाख कर्मचारी, तालाबंदी समाप्त हो जाने के बाद भी, घर से काम करना जारी रखेंगे।

कहने की आवश्यकता नहीं, कि उत्पादनकारी उद्योग अब अपनी सुदूर कामकाजी क्षमताओं को सशक्त बनाने, असरकारी आईटी ढांचा निर्मित करने, तथा सूदूर तकनीकों को लागू करने व बिजनेस निरंतरता को प्रोत्साहित करने की ओर ध्यान दे रहे हैं। सुदूर समाधान सुदूर औद्योगिक कामकाज को आगामी लक्ष्यों पर अग्रिम निर्देश-प्रसारण के जरिए, विशेषज्ञ सहयोग प्रदान करने तथा उन विभिन्न दावेदारों के बीच, जिनके बीच भौगोलिक दूरी हो सकती है, साझा सहयोग स्थापित करके अधिक आसान, अधिक सुरक्षित व अधिक उत्पादक बना रहे हैं। यह सब अब सुरक्षित आईटी ढांचे के जरिए किया जा सकता है जो डिजीटल लॉगबुक और एक निगरानी तंत्र बनाए रखने, वीडियो चैट करने, महत्वपूर्ण दस्तावेजों को साझा करने तथा महत्वपूर्ण

**माइंड इट**

कार्य की पहचान के बीच खामियों को तेजी से दूर करने तथा उन पर त्वरित कार्रवाई करने में मदद करता है। एक उत्पादनकारी कंपनी अब कार्यस्थल पर लोगों की संख्या को सीमित व नियंत्रित कर सकती है जबकि विशेषज्ञ सुदूर रहकर काम जारी रख सकते हैं साथ ही साथ अनेक स्थानों/लोगों की सहायता कर सकते हैं। इससे सामाजिक दूरी का पालन करने तथा कम लोगों को नियुक्त करने में तकनीक की मदद लेने में सहायता होती है। उद्योगों में डिजिटल रीमोट तकनीकों की तेजी तथा उनकी स्वीकार्यता प्रेरणादायी है। हालांकि, ये तकनीकी उन्नतियां और रीमोट कनेक्टिविटी अक्सर महत्वपूर्ण संरचनाओं के लिए खतरा पेश करती हैं यदि कोई लापरवाही होती है।

डिजिटल बदलाव करने वाली कंपनियां साइबर सुरक्षा समाधान लागू कर रही हैं जो जबरदस्त निरंतरता तथा समूची कामकाजी तकनीकी सुरक्षा वातावरण कायम करते हैं। अन्य औद्योगिक डिजीटल/रीमोट तकनीकों के साथ मिलकर साइबर सुरक्षा समाधान कमजोरियों व खतरों से संबंधित साइटों की पहचान करने में सहायता करते हैं और संभावित हमलों के कारण खर्चीले कार्यव्यवधान से बचाते हैं।

उत्पादनकारी कामकाज नए रूप में तेजी से जारी रहेंगे। उत्पादनकारी उद्योगों को प्रासंगिक बने रहने के लिए निरंतर आगे बढ़ने और अभ्यस्त रहने के लिए उचित तकनीकों में निवेश करने की जरूरत है। यह जरूरी है कि उन नए अवसरों को खोला जाए जिन्हें ये नयी तकनीकें प्रस्तुत करती हैं, ताकि वे उनका भविष्य अधिक सुरक्षित, अधिक स्मार्ट, और अधिक स्थिर रहे। उत्पादनकार्य का भविष्य भारत से संबंधित है और एक त्वरित औद्योगिक अनुकूलन, देश के उत्पादनकार्य को एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने में सहायता करेगा।

- लेखक **आशीष गायकवाड़**, हनीवेल आटोमेशन इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।



# सौगातों के साथ मनेगा 'करवा चौथ'

● नवदम्पति कर रहे सुहाग के व्रत को यादगार बनाने की प्लानिंग

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना** काल में बिना बैंड बाजा एक दूसरे का हाथ थामकर जीवन के पथ पर बढ़े हमसफ़र सुहाग के पहले व्रत को यादगार बनाने की तैयारी कर रहे है। उपहारों की सौगात से पहली करवा चौथ को सजाने की प्लानिंग शुरू हो गई है। अर्धांगिनी को उपहार देने वालों की फेहरिस्त में शामिल लोग आभूषण, साड़ी, सुहाग की निशानी देकर करवा चौथ के लम्हो को यादों में कैद करने की तैयारी में है।


अनुराग पत्नी आकांक्षा

**बारह फरवरी** 2020 को शादी के बंधन में बंधे अनुराग जो कि बैंक में है, इनका कहना है कि हम अपनी पत्नी आकांक्षा को सोने की चेन गिफ्ट करेंगे और इस पहले करवाचौथ को यादगार बनाएंगे।


सौरभ पत्नी शिखा

**15 जनवरी** हो हुई सौरभ की शादी और शिखा इनकी जीवन साथी बन गई। सौरभ कहते है कि करवाचौथ वह अपने पत्नी के साथ कुछ स्पेशल गिफ्ट देकर ही खुशियों के साथ मनाएंगे।


नवीन पत्नी रश्मि

**16 फरवरी** 2020 को एक दूजे के हुए नवीन वर्मा व रश्मि इस पल को खास बनाएंगे, नवीन बताते है कि वह अपनी पत्नी को एक खूबसूरत गिफ्ट देकर यादगार पल बनाएंगे।


सुशील पत्नी डॉली सिंह

**शादी के** बंधन में बंधे शिक्षक सुशील कुमार अपनी शिक्षिका पत्नी डाली सिंह को सोने की अंगूठी के रूप में करवा चौथ पर उपहार देगें। सुशील ने बताया कि कोरोना की वजह से बहुत धूमधाम तो नहीं हो पाएगा लेकिन त्यौहारों में उपहारों देकर पल को यादगार बनाएंगे।

**हरगांव** सीएचसी में तैनात डा. रवि भार्गव कहते है कि इस बार करवाचौथ पर अपनी पत्नी पूनम भार्गव को वह स्मार्ट वॉच देकर इस पल को यादगार लम्हों में कैद करेंगे।


रवि पत्नी पूनम

# यातायात माह में बहेगी जागरूकता की सेफ्टी

● एसपी ने झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। सीतापुर

**रविवार को** शहर रोडवेज चौराहे पर यातायात माह का शुभारम्भ एसपी आरपी सिंह ने प्रचार वाहनों झंडी दिखाकर किया। यातायात माह का शुभारम्भ करते एसपी ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को बाइक देने से इनकार कर दिया था। एएसपी राजीव दीक्षित ने कहा कि यातायात के नियम को फलो करना चाहिए। इस मौके पर एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन डा. उदित नरायण पांडेय, आरआई सीपी मिश्रा, सीओ पीयूष सिंह, कोतवाल टीपी सिंह, टीआई सत्येन्द्र कुमार राय, टीएसआई रामयतन यादव, व्यापारी शोभित टण्डन, भगवती गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।



सीतापुर-यातायात माह का झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते एसपी आरपी सिंह व अन्य


मछरेहटा-जागरूकता रैली में शामिल पुलिसकर्मी

मछरेहटा प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी के कुशल नेतृत्व में रविवार को सुबह 10 बजे यातायात जागरूकता बाइक रैली कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई जिसमें लोगो को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए जगह जगह स्टीकर लगाए गए व बाँटे गए। इस अवसर पर एसआई गोविंद सिंह, हेड कांस्टेबल गोविंद यादव, हेड कांस्टेबल श्याम कुमार, हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह, सिपाही दिनेश यादव, सिपाही संजय कुमार यादव,जितेन्द्र यादव, लंकेश, व थाने की महिला पुलिस कर्मी सहित तमाम पुलिस बल के जवान शामिल रहे। यातायात माह के पहले दिन इमलिया सुल्तानपुर एसओ विनय सिंह ने पैदल मार्च निकालकर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट,स्टीकर बांटे। इस दौरान आरक्षी अंचित कुमार,दीपक चौधरी,जयवीर यादव, नदीम, महिला आरक्षी नम्रता, रूपा, वैशाली,गगन राणा सहित समस्त स्टाप मौजूद रहा।



लहरपुर-यातायात माह जागरूकता कार्यक्रम में शामिल सीओ व अन्य

सब कुछ ठीक रहा तो इसी वर्ष दिसम्बर माह में

# ऐशबाग से लखीमपुर के बीच दौड़ेंगी विद्युत ट्रेनें

● 46 किलोमीटर लंबी दूरी के इस मार्ग पर 1000 पोल खड़े कर लाइन में तार भी डाले जा चुके हैं

संवाददाता। सीतापुर

**तारों में** सिर्फ करंट दौड़ना बाकी है इसके लिए झरेखापुर ,ओयल और लखीमपुर में विद्युत सब स्टेशन निर्माण का काम अंतिम चरण में है आर.बी एन एल व् कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन के 150 कर्मचारियों ने निर्धारित समय दिसंबर से पहले ही 20 नवंबर तक निर्माण कार्य पूरा करने की ठानी है जो एक बार फिर इतिहास रचने की ओर है काम की शुरुआत इसी साल जून माह से हुई थी बता दें कि कर्मचारियों ने ऐशबाग से सीतापुर तक विद्युत लाइन बिछाने का काम पिछले साल निश्चित अवधि से करीब 2 माह पहले पूरा करके इतिहास रचा था। आर .बी.एन एल प्रबन्धक जगन्नाथ मिश्रा ने आई इंडिया को बताया कि नवंबर के अंतिम सप्ताह में 25000 वोल्टेज करंट दौड़ाकर दिसंबर के पहले सप्ताह में रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण कराया जाएगा। गौरतलब है कि ऐशबाग से सीतापुर तक ट्रेनों का संचालन इसी वर्ष मार्च माह में कोरोना के चलते रोक दिया गया था इससे पहले 3 जोड़ी ट्रेनें इस रूट पर चल रही थी अब विद्युत लाइन पूरा होने के बाद इलेक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन की तैयारी विभाग कर रहा है।


सीतापुर-विद्युतीकरण कार्य करते कर्मचारी

# ...जब आर्यिका ज्ञानमती के जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**जैन धर्म** की सर्वोच्च साध्वी भारत गौरव आर्यिका गणिनी 105 ज्ञानमती माता के 87वां जन्म जयंती समारोह महमूदाबाद क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में महिलाओं, बच्चों साथ-साथ पुरूषों ने भी पूरे उत्साह के हिस्सा लिया। भगवान ऋषभदेव जैन तीर्थ पर स्थापित प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की चमत्कारी प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। देर शाम जन्म कल्याणक महोत्सव में भक्त भजनों की धुन पर देर रात तक थिरकते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य अम्ब्रीश गुप्त ने कहा कि आर्यिका ज्ञानमती ने पूरे देश और विश्व में जैन समाज का परचम लहराया है। गत वर्ष आर्यिका ज्ञानमती के चरण महमूदाबाद में पड़े थे तो हम सबको भी उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। यह हम सबके लिये गौरव की बात है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संकटा देवी मंदिर अध्यक्ष रमेश वाजपेयी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जैन धर्म में अहिंसा का परम स्थान है। जैन आर्यिकाओं और आचार्यों ने त्याग को परम स्थान दिया है। जो त्याग जैन धर्म में देखने को मिलता है वह कहीं अन्य मिलना दुर्लभ है। कड़ी धूप, सर्दी, बरसात में भी बिना रूके जैन समाज के आचार्य-आर्यिकाएँ सम्पूर्ण समाज को सही रास्ता दिखाने में लगातार लगे हुए हैं। हम सबके लिये बेहद प्रेरणादायी है। कार्यक्रम को जैन समाज महिला मण्डल अध्यक्ष पूनम जैन, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डा जफर अब्बास, इन्द्रा जैन आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व में सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं को जीतने वाली मंजू जैन धर्मपत्नी अनिल जैन, मंजू जैन धर्मपत्नी राजेश जैन, सुप्रिया जैन धर्मपत्नी प्रतीश जैन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अम्ब्रीश गुप्त, रमेश वाजपेयी, भाजपा नेता शिवकुमार गुप्त, चन्द्रभूषण शुक्ल, मोहन प्रसाद बारी, संतोष सिंह, कोतवाली प्रभारी अनिल पाण्डेय, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, जैन समाज के शिरोमणि संरक्षक कोमल जैन, गोपीचन्द रस्तोगी, लायर्स एसोसिएशन महामंत्री राजीव मौर्य, शिवदास पुरवार, पत्रकार श्रीश रस्तोगी, दिलीप वाजपेयी आदि का स्वागत तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, भीमसेन जैन, कोषाध्यक्ष संयम जैन, राजकुमार जैन, नेमीचन्द जैन, नीरज जैन, विपिन जैन आदि ने माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर किया। दो दिवसीय आयोजन का सफल संचालन करने पर जैन समाज के पूर्व महामंत्री और कार्यक्रम संयोजक पारस जैन को अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।


महमूदाबाद-पूजन में मौजूद जैन समाज के लोग

# दीए के प्रकाश से जगमगा उठा दधीच कुंड तीर्थ

● दीपदान कर सुख समृद्धि के लिए की मंगल कामनाएं

**मिश्रिख सीतापुर।** महर्षि दधीचि स्मृति महोत्सव की समापन तिथि शरद पूर्णिमा की साय काल दधीच कुंड पर तीर्थराज की आरती कर नगर वासियों ने दीपदान किया कोविड-19 का पालन करते हुए कार्यक्रम तो नहीं हो सके लेकिन तीर्थराज की आरती व दीपदान में नगर वासियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया दीपदान कर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें महर्षि दधीचि स्मृति महोत्सव का प्रारंभ 27 अक्टूबर 20 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर 2020 तक संपन्न किया गया हालांकि कोविड-19 के चलते पूजा-पाठ आरती दीपदान के कार्यक्रम हो सके शरद पूर्णिमा के दिन सुबह 7:00 बजे पालकी में भगवान महर्षि दधीच को विराजमान कर ढोल नगाड़े और गाजे बाजे के साथ दधीच कुंड की परिक्रमा कराई गई बताया जाता है कि ऐसा पहली बार हुआ है दधीच भगवान की प्रतिमा की पालकी यात्रा लोगों को आकर्षण का केंद्र बन गई सायंकाल 6:00 बजे महंत देवा नन्द गिरी के द्वारा तीर्थराज की आरती का आयोजन किया गया क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार व शिव सागर यादव बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने भी आरती की और तीर्थराज का आशीर्वाद ग्रहण कर नगर वासियों के लिए मंगल कामना की प्रसाद का वितरण किया गया , नगर वासियों ने दीप दान कर तीर्थराज का आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर राजू महंत, तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा, देशराज यादव ,शिवसागर यादव ,अभिषेक सिंह ,पंडित चतुर्भुज मिश्रा, किसान मंच के प्रदेश महासचिव मोहित मिश्रा महिलाएं व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया कस्बा इंचार्ज रोहित दुबे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


नैमिषारण्य-आरती में शामिल श्रद्धालु

## क्विक न्यूज

### पकड़ी गई शातिर महिलाएं

**सीतापुर।** शहर कोतवाली इलाके में चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी के मामले में तीन शातिर महिलाओं को गिरफ्तार किया है। कोतवाल टीपी सिंह ने बताया कि थाना रामपुरकला के संडवाल निवासी रानी, थाना कमलापुर के मानपुर की रामदेवी व सुल्तानपुर की राधा को सर्राफा मार्केट पड़ाव से गिरतार किया गया है। जामा तलाशी के दौरान इनके पास से 20 हजार की नकदी, टूटी पायल की जोड़ियां व तीन जोड़ी बिछुआ बरामद हुए है।

### तीन दिवसीय शुरू हुआ 520वां उर्स

**खैराबाद देहात सीतापुर।** खैराबाद की दरगाह आलिया सादिया में तीन दिवसीय 520वां उर्स षुरू हो गया है। पहले दिन षाम साढ़े 4 बजे और 6 बजे हजरत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी अलैहिर्रहमा का फातेहा हुआ। कार्यक्रम में दरगाह हजरत छोटे मखदूम साहब के सैय्यद मदनी मियां, इमाम ईदगाह बब्बन मियां, काजी बुड्डन शाह, उन्नाव के सज्जादानशीन व दरगाह कमेटी के सदस्य सैय्यद जिया अलवी, फर्रूखाबाद के सैय्यद हिलाल मुजीबी रज्जाकी, दरगाह कमेटी के सदर सैय्यद आमिर रिजवी, सेक्रेटरी टीटू खान के अलावा कमेटी के अन्य सदस्य इस्तेफा अली खान, सादी फारूकी, मोइन अलवी आदि मौजूद रहे।

### जिले में कोरोना से 65वीं मौत, नए 11 मरीज मिले

**सीतापुर।** जिले में कोरोना से 65वीं मौत हो गई है। जिले में कोरोना के 11 मरीज मिले हैं। षहर के आई हॉस्पिटल, चौबे टोला व विजय लक्ष्मीनगर में 1-1 मरीज मिला है। मिश्रिख में 2 और बिसवा, हरगांव, महमूदाबाद, महोली व सिधौली में 1-1 मरीज मिला है। अब जनपद में कोरोना पॉजिटिव केस 4,239 हो गए हैं।




# बालाजी मंदिर में श्रीभुसमेत बालाजी का पवित्रोत्सव समारोह हुआ संपन्न


नैमिषारण्य-पूजन करते श्रद्धालु

**नैमिषारण्य सीतापुर।** विश्वविख्यात तीर्थ नैमिषारण्य स्थित बालाजी मंदिर में रविवार को पवित्रोत्सव का समापन हुआ। यह उत्सव 29 अक्टूबर से प्रारंभ होकर एक नवम्बर को पूर्ण हुआ। इस कार्यक्रम में चित्रकूट धाम के श्री रामनारायणाचार्य, नारदानंद पीठाधीश्वर, ब्रह्मलीन यज्ञ केसरी पंडित पराशरम पट्टाभिरामाचार्यालु के आशीर्वाद से संपन्न होगा। रविवार सुबह ब्रम्हमुहूर्त में उठकर ब्राम्हणों के द्वारा चक्रतीर्थ एवं आदिगंगा गोमती के पवित्र जल से वेंकटेश्वर भगवान का जलाभिषेक किया गया। दक्षिण भारत के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों से पूजन किया गया तथा भैया जी द्वारा भगवान का भव्य श्रृंगार किया । इसके बाद श्रीविष्णु सहस्त्रनाम के द्वारा भगवान की स्तुति की गई । अंत मे पूर्णाहुति यज्ञ किया गया । कोरोना के चलते कार्यक्रम के स्वरूप को संक्षिप्त किया गया।

कप्तान की आक्रामक कार्रवाइयों के बीच लग रही पुलिस के डिफेंस में सेंध, सीतापुर में चल रहा

# चोर-डकैतों का 20-20, बैकफुट पर आई पुलिस

● डकैती की वारदातों से सहमा ग्रामीण अंचल, शहर में ऑटोलिफ्टर व जेबकतरों का बोलबाला

● गृहस्वामी को गोली मारने से नहीं चूक रहे डकैत, सभासद एलआईयू दरोगा समेत भगवान को भी नहीं बख्श रहे चोर

अरूणेष अवस्थी। सीतापुर

**सीतापुर में** शाम को भले ही घरों में आईपीएल के मैचों का शोर सुनाई पड़ता हो लेकिन रात के सन्नाटे में तो चोर डकैत ही 20-20 खेल रहे हैं। शायद तभी उन्होंने 20 दिन में चोरी-डकैती की 20 वारदातों को अंजाम दे दिया है। तो वहीं दूसरी ओर पुलिस बैकफुट पर बैटिंग करते हुए मात्र जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दे रही है। एक तरफ पुलिस मुखिया आरपी सिंह शातिर अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही कर उनमें कानून का खौफ भर देने का दावा कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर चोर डकैत पुलिस के ही डिफेंस में सेंध लगा रहे है। इसी के चलते बीती 20 अक्टूबर को थाना मानपुर के हथियारबंद डकैतों ने तीन घरों में 4 लाख की डकैती को अंजाम दे दिया और जब असलम के बेटे और बहू ने विरोध किया तो डकैतों ने रुबीना को गोली मार दी और जिब्राइल के सिर पर असलहे की बट मारकर घायल कर दिया। मानपुर डकैती को अभी दो ही दिन गुजरे थे कि थाना सदरपुर के बेनिगवां में हथियारबंद डकैतों ने दो लाख की डकैती को अंजाम दे दिया और जब गृह स्वामी प्रमोद के बेटे सोनू ने एक को दबोच लिया तो डकैतों ने फायरिंग करते हुए पहले सोनू की पिटाई कर दी और फिर साथी को छुड़ाकर फरार हो गये। ग्रामीण अंचल में डकैतों ने वारदात को अंजाम देकर लोगों के मन में जहां खौफ भर दिया तो वहीं 23 अक्टूबर को कोतवाली बिसवां इलाके के सांडा निवासी अजय की ब्लॉक मुख्यालय गेट स्थित दुकान से लौंज की मिठाई और पानी की बोतलें चुराकर ही पुलिस को चुनौती दे दी। इसके अलावा थाना संदना में गांव अदौंली के गंगासागर के यहां चोरों ने 95 हजार की नगदी समेत 4 लाख व अढ़नापुर के हरिश्चंद्र के यहां डेढ़ लाख की चोरी को अंजाम दे दिया। इतना ही नहीं वारदातों की लंबी फेहरिस्त में चोर 23 अक्टूबर को थाना सदरपुर के गांव लोनी में बच्चा लाल, मंजू के घर से 10 हजार की नगदी व 5 बकरी, थाना खैराबाद में करीमनगर पावर हाउस के पास की दुकान से गुल्लक की नगदी व मोबाइल, 17 अक्टूबर को कोतवाली सिधौली की मनकापुर के कपूर की दुकान से नकदी व किराना सामान, कोतवाली लहरपुर के कटरा निवासी मोहम्मद कलीम की बाइक, कोतवाली बिसवां इलाके के गंज निवासी उत्तम के घर से 60 हजार की नगदी समेत 1 लाख का सामान, महमूदपुर के सुंदरलाल के घर से 5000 की नगदी व जेवर पार कर चुके हैं। इस दौरान चोरों ने भगवान के मंदिर को भी नहीं बख्शा और थाना पिसावा इलाके की कुतुबनगर चौकी से मात्र 100 मीटर की दूरी पर बने हिंगलाज देवी मंदिर के दान पात्र की नगदी समेत मंदिर से हजारों का सामान पार कर दिया। थाना खैराबाद इलाके के मोहल्ला नई बस्ती पनवड़िया में चोरों ने सभासद के घर को अपना निशाना बना लिया और घर में घुसकर 25 हजार की नकदी, बर्तन समेत करीब दो लाख माल ले उड़े। शहर कोतवाली इलाके में तो जेब कतरे ने एलआईयू दरोगा संजीव द्विवेदी के पिताजी को ही चूना लगा दिया वह भी तब जब वह अपने पुलिस वाले बेटे के साथ जिला अस्पताल दवाई लेने गए थे। इसके अलावा बीते दिनों इलाके के मोहल्ला लोहारबाग में ऑटो लिफ्टरो ने दो बाइकें उड़ा दी। जिनकी तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी लेकिन अभी तक ना तो बाइक मिली और ना ही बाइक चोर। अब आप खुद समझ गए होंगे कि चोर-डकैत त्यौहारों के सीजन में किस तरह लोगों के चेहरे से सिर्फ मुस्कान ही नहीं बल्कि जिंदगी ही छीन लेने पर आमादा हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या पुलिसिया कार्यवाही जिम्मेदारों द्वारा केवल जांच कर करवाई करने की बात कहकर पल्ला झाड़ने तक ही सीमित रहेगी या चोर-डकैतों के गिरेबान पर हाथ डालकर हैं उनके बुलंद हौसलों को भी तोड़ा जाएगा।



## चोर के मंसूबे पर फिरा पानी

# भारी पड़ी बैंक कर्मचारियों की 'पेंडेंसी'



● स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ते बैंक कर्मियों ने पकड़ा

● रविवार की छुट्टी का फायदा उठाने के लिए घुसा था चोर

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**रविवार** की छुट्टी का फायदा उठाने के लिए एक चोर शनिवार की रात शहर की बैंक आफ बड़ौदा में घुस गया। अलार्म न बजे इसलिए तार काट दिया। उसने बखूबी बैंक लाकर को काटने का काम शुरू कर दिया। मगर उसे नहीं पता था कि बैंक कर्मियों की 'पेंडेंसी' उसके मंसूबों पर भारी पड़ जाएगी। सुबह बैंक कर्मियों के आ जाने पर चोर महाशय पकड़ लिए गए।

जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली की जेल गेट चौकी के अंतर्गत स्थित बैंक आफ बड़ौदा में एक चोर खिड़की को तोड़कर अंदर घुस गया। चोर ने सबसे पहले बैंक में लगे अलार्म का तार काट दिया ताकि चोरी करते समय बैंक का अलार्म न बज सके। रविवार को बैंक बंद रहने की बात सोंचकर चोर ने लाकर का ताला तोड़ने का प्रयास शुरू कर दिया। उसे इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि रविवार को भी बैंक कर्मी कुछ बकाया काम निबटाने के लिए आने वाले हैं। रविवार की दोपहर एकाएक जब बैंक के ऋण विभाग के कर्मचारी सहित अन्य लोग काम निबटाने के लिए बैंक पहुंचे और उन्होंने ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो उन्हें बैंक में किसी के पहले से ही मौजूद होने की आशंका हुई। एक बैंक कर्मी जैसे ही आगे बढ़ा तो उसने स्ट्रांग रूम के पास एक अनजान शख्स को पहले से ही बैठा पाया। वह अनजान शख्स कुछ समझ पाता इससे पहले ही बैंककर्मी ने नीचे आकर शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर अन्य कर्मी व आस-पास के लोग बैंक में दाखिल हुए। उन्होंने चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। सूचना मिलने पर सीओ सदर संजय नाथ तिवारी, कार्यवाहक शहर कोतवाल अरविंद कुमार वर्मा, सुनील कुमार सहित अन्य पुलिस फोर्स के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने बैंक पहुंचकर चोर को अपने कब्जे में ले लिया। उसके पास से लाकर तोड़ने का सामान भी बरामद कर लिया है। बैंक मैनेजर ने पहुंचकर कैश चेक करने के लिए स्ट्रांग रूम का ताला खोलने का प्रयास किया लेकिन वह खुल नहीं सका जिससे कैश के बावत कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी। फिलहाल बैंक कर्मियों ने अंदेशा जताया है कि चोर चोरी करने का ही प्रयास कर रहा था। कैश चोरी होता इससे पहले ही पकड़ लिया गया है।

## डीएम दिखाएंगी संचालन रोस्टर को हरी झंडी

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**उत्तर प्रदेश** कौशल विकास मिशन जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई लखीमपुर खीरी के प्रमुख डा. ओपी गुप्ता ने बताया कि कौशल सतरंग के अंतर्गत एलईडी वेन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार हेतु 2 नवंबर को प्रात: 9 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से एलईडी वैन को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि यह वैन उसी दिन प्रात: 9:30 महेवागंज चौराहा, 10:40 बजे राजापुर चौराहा, 11:20 बजे एलआरपी चौराहा व अपराह्न 12 बजे लालपुर बैरियर पहुंच कर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करेगी।

## डीएम-एसपी ने रवाना की बाइक रैली



**लखीमपुर-खीरी।** यातायात माह को लेकर नवम्बर के पहले दिन रविवार को जनजागरुकता के लिए पुलिस लाइन परिसर से बाइक रैली निकाली गई है। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व एसपी विजय ढुल ने यातायात नियमों का बैनर लिए ट्रैफिक जीप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद बाइक पर सवार पुलिस व ट्रैफिक पुलिस भी हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी। लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। इससे पहले डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने सहित वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, शीट बेल्ट लगाने, गति पर नियंत्रण रखने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ट्रिपलिंग से बचने व ओवरलोडिंग से बचने की सलाह दी। एसपी विजय ढुल ने कहा कि यातायात माह में सख्ती बरतने के साथ-साथ लोगों को जागरुक भी किया जाए। इसके बाद 15 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। इस मौके पर एएसपी अरुण कुमार सिंह, सीओ सिटी संजय नाथ तिवारी, सदर कोतवाल सुनील सिंह, टीएसआई सूर्यमणि यादव सहित सभी चौकी इंचार्ज व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ओयल चौकी में हुई समन्वय बैठक



**ओयल-खीरी।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी ओयल में हुई रविवार को एसओ खीरी की अध्यक्षता में समन्यवय बैठक का आयोजन किया गया। कोविड-19 महामारी में रोंक के बावजूद अराजक तत्वों द्वारा सरकारी दिशा निर्देशों की अनदेखी करके लगभग 200 नमाजियों के साथ जामा मस्जिद में घुस गए। वह जोर जबरदस्ती करने लगे। अराजकता फैलाते हुए मस्जिद की चाबी छीन ली। अपशब्दों का प्रयोग किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह शांति व्यवस्था स्थापित की। इस संबंध में पुलिस प्रशासन ने संबंधित लोगों को बुलाया तथा समन्वय बैठक की। संबंधित लोगों से शांति बनाए रखने के लिए कहा गया। उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की बात भी कही गई। इस अवसर पर चौकी प्रभारी ओयल थाना खीरी, पुलिस चौकी ओयल का समस्त स्टाफ व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर पालिका की बैठक का हुआ आयोजन

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर पालिका परिषद की बैठक अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें सितंबर माह के आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया। वरासत की 6, नामांतरण की 24 और मानचित्र की 3 पत्रावली स्वीकृत हुईं। सभासद सुशीला वर्मा ने कोरोना व डेंगू के मद्देनजर नगर में फागिंग व नालियों में कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव, शुक्लापुर में एक मूत्रालय बनाने, छिड़काव के लिए मशीन खरीदने का प्रस्ताव रखा गया। तालाबों से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। सरदार पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की पालिका अध्यक्ष ने शपथ दिलाई।

# प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के इतिहास वर्तमान की व्याख्या





संवाददाता। निघासन-खीरी

**भाजपा** के केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा निघासन मंडल का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संसदीय कार्यालय प्रीतम पुरवा निघासन में भाजपा युवा नेता आशीष मिश्रा मोनू की मौजूदगी में हुआ। यह कार्यक्रम पांच सत्रों में अलग-अलग समय में अलग-अलग प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। सबसे पहले सत्र में भाजपा का इतिहास, दूसरे सत्र में हमारा विचार परिवार के बारे में निघासन मंडल टीम को प्रशिक्षण देते पूर्व जिला महामंत्री सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने प्रशिक्षण देते हुये पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे अवगत कराते हुये बताया कि वह एक हिंदुत्ववादी विचारक और भारतीय राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने हिन्दू शब्द को धर्म के तौर पर नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति के रूप में परिभाषित किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरएसएस से भी जुड़े रहे। इसी के साथ भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने राजनीति के अलावा भारतीय साहित्य में भी योगदान दिया। उनके द्वारा सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य व चाणक्य पर आधारित नाटक 'सम्राट चन्द्रगुप्त' बहुत पसंद किया गया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मदद से भारतीय जन संघ की स्थापना की थी जो बाद में चलकर आज की भारतीय जनता पार्टी के नाम से जानी जाती है। इस दौरान ये भारतीय राजनीति में अहम किरदार निभाते रहे। उन्होंने 'एकात्म मानववाद' के आधार पर भारत राष्ट्र की कल्पना की थी जिसमें विभिन्न राज्य की संस्कृतियां आपस में मिलकर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करें। इसके बाद तीसरे चरण 2014 के बाद भारत की राजनीति में आया बदलाव एवं हमारा दायुत्व के बारे में व चौथे सत्र में आज भारत के भारत की वैचारिक मुख्यधारा हमारी विचार धारा व पांचवें सत्र व्यक्तित्व विकास के बारे में वक्ताओं के बारे में बताया गया। भाजपा युवा नेता आशीष मिश्रा मोनू के द्वारा उद्बोधन किया गया। इस दौरान नागेंद्र सिंह सेंगर, कनक पाल सिंह राणा, वीरेंद्र मिश्रा, प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव, रतीराम लोधी, हरीश पांडे, गंगाराम जयसवाल, सोबरन चौहान, केके लोधी, विपिन मोर्य, मोहित त्रिवेदी, राहुल निषाद, सोने लाल लोधी, प्रदीप गुप्ता, जुगेश विश्वकर्मा, केके तिवारी, संजय गिरी, प्रेम प्रकाश लोधी व अनमोल सिंह आदि सैकड़ों मंडल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बेहजम संवाददाता के अनुसार,** भाजपा का दो दिवसीय बेहजम मंडल का प्रशिक्षण शिविर कस्बे के कन्हैया इंटर कॉलेज में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए हुआ। कार्यक्रम को पांच सत्रों में अलग-अलग समय में अलग-अलग प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली को आशू मिश्रा जिला महामंत्री के द्वारा सबसे पहले सत्र में भाजपा का इतिहास, दूसरे सत्र में हमारा विचार परिवारए के बारे में बेहज मंडल टीम को प्रशिक्षण दिया। शिविर को जिला उपाध्यक्ष रामजी रस्तोगी सम्बोधित करते हुए दीनदयाल उपाध्यक्ष के हिन्दुत्ववाद से अवगत कराया। इसके बाद भारत की राजनीति में आए बदलाव एवं दायित्व के बारे में व चौथे सत्र में आज भारत के भारत की वैचारिक मुख्यधारा हमारी विचार धारा व पांचवें सत्र को मनोज वर्मा ने संबोधित किया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष आदर्श मिश्रा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, प्रेम शंकर अवस्थी, योगेश शुक्ला, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिला मंत्री दिनेश सिंह देवा, मंत्री छवि मिश्रा, आकाश मिश्रा, अश्वनी बाजपेई, अनुज शुक्ला व दीपू सिंह आदि सैकडों मंडल कार्यक्रता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** छोटे भाई की शादी के कार्ड बांट कर घर वापस लौट रहे बड़े भाई की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला निवासी 27 वर्षीय मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद अफसर की बीती रात कैंट थाना क्षेत्र में बुखारा रोड स्थित गुलाब नगर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया की मोहम्मद यासीन के छोटे भाई आरिफका विवाह 11 नवंबर को है। वह छोटे भाई के विवाह के कार्ड बांटने के लिए कल दिन में घर से निकला था। रात में वह कार्ड बांटने के बाद स्कूटी से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को मार दी। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। मोहम्मद यासीन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे घर वालों ने लाश की शिनाख्त कर ली। मृतक 4 बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम तरन्नुम है।

### युवती से की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**बरेली।** क्षेत्र के गांव की युवती के साथ शोहदे ने की अश्लील हरकतें। किशोरी को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया। फरीदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने लिखित तहरीर देकर पुलिस को बताया कि शनिवार को उसके परिवार के लोग किसी कार्यक्रम में शामिल होने उसकी मौसी के यहां गए हुए थे घर पर उसकी भाभी और वह रह गयी थी। सुबह लगभग 9:30 बजे वह घर के बाहर बनी चरनी में मिट्टी लगा रही थी तभी गांव का ही राज पाल उर्फराजू ने अचानक उसे पीछे से आकर दबोच लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। तभी युवती चीखने चिल्लाने लगी। चीख सुनकर घर से उसकी भाभी निकल कर आई तभी आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। शाम को परिवार वाले जब रिश्तेदारी से वापस लौट कर आए तो युवती ने सारी घटना बताई। रविवार को उन्होंने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

### नशे के आदी युवक की सड़क पर गिरकर मौत

बरेली। नशे के आदी एक युवक की बीती रात सड़क पर गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के रूप मे लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घर वालों ने लाश की शिनाख्त कर ली।कैंट थाना क्षेत्र के गांव नबीनगर निवासी 40 वर्षीय राकेश पुत्र चंद्रपाल की बीती रात बारादरी थाना क्षेत्र में श्याम गंज ओवर ब्रिज के नीचे सड़क पर गिरकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राकेश शराब का आदी था और इसके अलावा वह स्मैक भी पीता था। वह घर पर कई कई दिनों तक नहीं जाता था। कई दिन पहले वह घर से निकला था और बीती रात श्याम गंज पुल के नीचे सड़क पर गिर पड़ा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी दौरान मृतक के घर वालों को घटना की सूचना मिल गई। जो पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। मृतक की मां का नाम प्रभादेवी है। वह तीन भाई बहन थे।

### रिश्वत लेने का आरोपी नायब नाजिर गिरफ्तार

**संडीला(हरदोई)।** रिश्वत खोरी के आरोप में फरार नायब नाजिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। तहसील सवायजपुर के नायब नाजिर ने संडीला में तैनाती के दौरान घूसखोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसकी शिकायत पर मामले की जांच हुई तथा मामला सही पाया गया। इसपर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ उन्हें नीलंबित कर दिया गया था। तबसे वे फरार चल रहे थे। कताई मिल पुलिस चौकी प्रभारी मुइन खां ने उन्हें मुकबिर की सूचना पर गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेज दिया।

### करंट से अधेड़ की मौत

**खागा (फतेहपुर)।** हथगाम थाना क्षेत्र के सरांय साबा गांव में रविवार की सुबह बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय 50 वर्षीय बलबीर गुप्त की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक सुबह खेतों से लौट कर घर आया था। पंखा चलाने के लिए जैसे ही उसने बिजली के बोर्ड में प्लग लगाया करंट से चिपक गए। पत्नी संगीता व पुत्र संजय कुमार ने गंभीर हालत में पिता को सीएचसी हथगाम में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह हादसे की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है।

## इंस्पेक्टर क्राइम ने महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



महिलाओं को नारी सुरक्षा के विषय में जानकारी देतीं इंस्पेक्टर हंसमती

**संडीला( हरदोई )।** इंस्पेक्टर क्राइम हंसमती ने महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों की विस्तार से जानकारी दी। इंस्पेक्टर क्राइम ने मोहल्ला महतवाना में महिलाओं तथा विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। उन्होंनें बताया कि यदि छात्राओं को शोहदों द्वारा परेशान किए जाने की आशंका हो तो वे हेल्प लाइन 1090, 112 पर कॉल करें। दस मिनट में पुलिस उनतक पहुंच जाएगी और ऐसे लोगों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राची शर्मा, प्रशा शर्मा आदि ने श्रीमती हंसमती को सम्मानित भी किया।

# मिट्टी की अवैध खुदाई बदस्तूर जारी



संवाददाता। औग (फतेहपुर)

**अवैध खनन** का नजारा थाना क्षेत्र में देखा जा सकता है। यहां खनन संचालको ने दस से 15 फुट मिट्टी खनन कर जमीन की गोद खाली कर दी गई है। पेड़ों को भी काटा! लोगो की माने तो इन अवैध कार्य की सूचना क्षेत्र के ही लोगों ने दी। इसके बाद जब मौके पर पड़ताल की गई तो दो जेसीबी मशीन के जरिए जमीन को कई-कई फुट तक खोद दिया गया था। ये काम रात के समय में चल रहा है। अवैध रूप से खोदी गई मिट्टी तेजी से आर्डर वाली जगह पहुंचाई जा सके। इसके लिए चौड़ी कच्ची सड़क भी बना दी गई है। जिससे डंफरो द्वारा ताबड़तोड़ मिट्टी को गंतव्य स्थलों तक पहुंचाया जा रहा है। विडम्बना यह है कि सरकार बेलगाम हुए खनन विभाग पर नकेल कसने पर फिसड्डी साबित हो रही है। जिसका खामियाजा राजस्व विभाग को भुगतना पड़ रहा है। विभाग का आलम ये है कि विभाग में तैनात कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक कागजी घोड़ा दौड़ाने में मस्त है लेकिन जमीनी हकीकत इससे परे है। इनको अपनी कुर्सी से हिलना गवारा नही है। क्षेत्रमें अवैध मिट्टी खनन की वजह भी हैं। दरअसल प्रदेश में सबसे ज्यादा ईंट-भट्टे जनपद में है। अब यहां ईंट बनाने के लिए मिट्टी की जरूरत है। कई भट्टा संचालकों की जब जरूरत पूरी नहीं हो पाती तब वे निजी तौर पर भी मिट्टी मंगा लेते हैं। इसके अलावा इमारत निर्माण में जमीन का भरन करने के लिए मिट्टी की मांग हमेशा बनी रहती है। मिट्टी का संकट ही है कि मिट्टी की भरन का रेट भी मुँह मांगा वसूलते है। सूत्रों की माने तो खनन विभाग अगर कानूनी कार्यवाही में अमल करें तो अवैद्य खनन की बात छोड़े। वैद्य खनन में भी मानको को उल्लंघन करते पाए जाने पर दंड का प्राविधान है। अगर अवैध खनन के तहत मिट्टी ढोई जाती है तब प्रति ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी का 12 हजार रुपए तक मौके पर जुर्माना किया जा सकता है। वहीं मिट्टी भरे डंपर पर 5 से दस गुना जुर्माना लग जाता है। इसी प्रकार गैर परमिशन/परमिशन वाली जमीन पर 5 फुट से ज्यादा मिट्टी खनन को मौके पर पकड़े जाने पर अदालत द्वारा आरोपी को उस जमीन के कलेक्टर रेट के हिसाब से प्रति फुट का जुर्माना लग सकता है।

### ये है नियम

प्रति एकड़ जमीन पर 3 से 5 फुट तक की मिट्टी खनन हो सकती है। अगर जमीन के पास डेढ़ किलोमीटर के दायरे में जंगल है तब खनन नहीं हो सकता। जमीन के पास बिजली के हाइटेंशन वाले खंभे, चालीस मीटर मे छोटे खंभे 5 मीटर के दायरे में है तब खनन पर प्रतिबंध रहता है। इसी प्रकार खनन के लिए उपयोग में लाई जाने वाली जमीन के 15 मीटर के दायरे में कोई मकान नहीं होना चाहिए। किसी उद्योग और सार्वजनिक हित के लिए किया जा रहा निर्माण भी जमीन के पास निर्धारित दूरी पर होना चाहिए। कोई भी खनन अनुमति मिलने के बाद तीस दिन तक ही वैध रहता है।

# पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह का शुभारंभ किया

● वाहन ड्राइव करते समय यातायात नियमों का पालन करेः एस आनंद



संवाददाता। शाहजहांपुर

**रविवार को** पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने यातायात माह का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर खिरनीबाग चौराहे पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने कहा जनपद में यातायात माह के अंतर्गत

ट्रैफिक पुलिस यातायात के नियमों का पालन करने के लिए वहां चालकों को जागरूक करने के साथ चेकिंग ड्राइव चलाकर यातायात के नियमों का पालन न करने वालो के विरोध नियमानुसार कार्यवाही करेगी । उन्होंने कहा कि वाहनों को सावधानी पूर्वक एवं यातायात नियमों के अंतर्गत ही चलाये। बाईक ड्राइव करने के दौरान हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, तेज वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें साथ ही वाहन चलाते समय नशीले पदार्थों का सेवन न करने को लेकर जागरूक किया। इस दौरान लोगों ने शहर में यातायात नियमो को लेकर सुझाव देते हुए कहा कि शहर के अंदर यातायात के नियमो पर शक्ति कम बरती जाए शहर के अंदर लोग इतनी स्पीड से गाड़ियां नही चलाते है। यातायात नियमो का पालन हाईवो पर होना चाहिए। जहां निर्धारित स्पीड से ज्यादा तेज गाड़ियां चलाते देखे जाते है और सड़को पर गड्ढे होने के कारण हादसों का शिकार हो जातें है। इस पर उन्होंने कहा कि शहर के अंदर यातायात को लेकर ज्यादा किसी को परेशान न किया जाए। उन्होंने व्यापार मंडल के सभी व्यापारियों का यातायात माह को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपर्णा गौतम, नगर आयुक्त संतोष शर्मा, एडीएम प्रशासन रामसेवक द्विवेदी, एडीएम एफआर सीओ ट्रैफिक प्रभारी सदर बाजार समेत, व्यापार मंडल के वेद प्रकाश गुप्ता, सचिन बाथम, बिनय गुप्ता, पंकज टंडन, राजीव खन्ना, सहित समस्त ट्रैफिक विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस कार्रवाई से नाराज युवक मोबाइल टावर पर जा चढ़ा

**शाहजहांपुर ।** तहसील तिलहर में पुलिस की कार्यवाही में ढिलाई से नाराज एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक ने टावर से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई सुचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारीयों ने युवक को कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए नीचे उतरने के लिए बहुत मिन्नतें की मगर युवक टस से मस हुआ घंटों की मशक्कत के बाद सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने युवक को फोन पर समझकर मोबाइल टावर से नीचे उतारारविवार को नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के सामने टावर पर गोपालपुर नगरिया गांव का रवि सिंह चढ़ गया। टावर से कूदकर उसने आत्महत्या की बात कही । टावर पर चढ़े रवि सिंह ने बताया कि उसकी गांव में इंजन पार्ट्स की दुकान है। 8 दिन पहले गांव के रामविलास और गयादीन खेत में पानी लगाने के लिए दुकान से प्लास्टिक का पाइप किराए पर लेकर गए थे। उसका आरोप है कि रामविलास और गयादीन ने पाइप वापस नहीं किया और रुपये भी नहीं दिए। जब वह पाइप लेने उनके घर गया तो आरोपियों ने उससे मारपीट की और पाइप भी फाड़ दी।रवि ने बताया कि उसने इसकी तहरीर पहले नगरिया मोड़ पुलिस चौकी पर दी और इसके बाद कोतवाली पुलिस को भी तहरीर दी। रवि का आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने तहरीर नहीं ली और उसे कोतवाली से भगा दिया। रवि ने बताया कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे परेशान होकर वह आत्महत्या करने के लिए टावर पर चढ़ गया। इस सम्बन्ध में पुलिस के क्षेत्राधिकारी ने बताया मामले की जाँच कराई जाएगी अगर इसमें पुलिसकर्मी दोषी पाए गए तो कार्यवाही की जाएगी इसके साथ ही पुलिस ने मारपीट के मामले में दो व्यक्तियों के गिरफ्तार किए जाने की बात भी कही ।

## सिल्ट सफाई में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगीः बलदेव सिंह



**शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार के जलशक्ति विभाग राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने शारदा नहर खण्ड तिलहर व कटरा में नहरों की सिल्ट सफाईध् स्क्रेपिंग कार्यो शुभारंभ फीता काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिल्ट सफाईध् स्क्रेपिंग कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसान की हर संभव मदद करने के लिए प्रयत्नशील है। श्री औलख ने कहा कि किसानों को नहरों से फसलों सिंचाई करने में किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो इसके लिए नहोरों की सिल्ट सफाई ध्स्क्रेपिंग आदि का कार्य प्रारंभ कराया गया है।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई आर.के वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कि सिल्ट सफाई ध्स्क्रेपिंग के कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिल्ट सफाई ध्स्क्रेपिंग के कार्य मे लापरवाही करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध शख्त से शख्त कार्यवाही की जाएगी।

# मायावती का छुरा घोपने का इतिहास पुराना



संवाददाता। इटावा

**समाजवादी** पार्टी से 2022 विधानसभा चुनाव में गठबंधन करने के लिए लालायित सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने 2019 के संसदीय चुनाव में सपा बसपा गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा है कि जब बसपा सपा के बीच गठबंधन

### शिवपाल सिंह यादव ने 2019 के संसदीय चुनाव में सपा बसपा गठबंधन पर कसा तंज

हुआ था जिसका नतीजा सबके सामने है। मायावती का छुरा घोपने का पुराना इतिहास रहा है तीन बार भाजपा के साथ मिलकर बना चुकी है सरकार यूपी में बसपा के पास कुछ बचा नही है यह तो तब पता चलेगा जब नतीजे आएंगे।

शिवपाल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा भारतीय जनता जनता। पार्टी ने एक से एक गलत निर्णय लिए जिसमे नोटबन्दी जीएसटी लॉक डाउन, भाजपा ने मुझे शामिल होने के लिए ऑफर दिया था लेकिन मैं नही गया मै नही डिगा और अब देखो सब जगह भाजपा का विरोध हो रहा है भाजपा से कोई खुश है नही है।

### लव जिहाद कानून बनाने पर शिवपाल ने ली चुटकी

**लव** जिहाद पर कानून बनाने के मुख्यमंत्री के बयान पर शिवपाल यादव ने कहा कि पहले से ही बहुत से कानून बने हुए हैं। उनका सही ढंग से क्रियान्वयन अगर किया जाए तो किसी और कानून की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को समझाने के लिए नैतिक शिक्षा का इंतजाम किया जाए यह बहुत ही बेहतर रहेगा।

### बसपा के विधायकों पर मायावती की नही है पकड़

**शिवपाल** सिंह यादव बोले कि बहन जी के बारे में हर कोई बहुत अच्छे से जानता है कि उनका इतिहास कैसा रहा है। जबकि नेताजी आज की तारीख में हर दल के लिए सम्मानीय सर्वमान्य नेता हैं। मायावती भाजपा से मिलकर के तीन बार सरकार बनाई थी अगर बसपा के विधायक टूट रहे हैं तो फिर इसमें किसी और का कुसूर क्या है आगे उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि बहन जी के विधायक टिकट वितरण और शोषण की वजह से उनसे दूर जा रहे है। जब उनके खुद के विधायक उनसे अलग भाग रहे हैं तो फिर दूसरों पर आरोप लगाने से क्या फायदा। उन्हें किसी दूसरे पर आरोप नहीं लगाना चाहिए अपने गिरेबान में खुद ही उन्हें झांक करके देखना चाहिए।

### मोहसिन रजा के बयान का किया पलटवार

**फ्रांस** में मुस्लिम विरोध में जो लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं ऐसे कट्टरपंथी कांग्रेस सपा के लोग हैं। यह बीजेपी मंत्री मोहसिन रजा ने यह बयान दिया था। उस पर उन्होंने कहा कि कट्टरपंथीयों के खिलाफ सभी को होना चाहिए। उनकी पार्टी हमेशा से कट्टरपंथियों के खिलाफ रही है।

**फर्रूखाबाद स्टेशन के प्लेटफार्मों के हाईलेबिल निर्माण कार्यों में**

# सरकारी बिजली–पानी का दुरुपयोग का मामला बना चर्चा का विषय

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**लॉकडाउन** एवं अनलॉक में पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर आम यात्रियों के आवागमन में सूनसान के दौरान ठेकेदारों द्वारा प्लेटफार्मों के हाईलेबिल किये जाने में अपना पानी व बिजली की व्यवस्था न करके सरकारी पेयजल व विद्युत का इस्तेमाल किये जाने का मामला यहां चर्चा का विषय बन गया।

सूत्रों के अनुसार देश में कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिये लॉकडाउन एवं अनलॉक के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर मीडियम लेबिल वाले प्लेटफार्म नम्बर–3 व 4 को हाईलेबिल किये जाने का कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू किया गया। इस दौरान जेसीबी और ट्रैक्टरों से प्लेटफार्मों की मिट्टी मलबा हटाकर दोनों ओर रेललाइन के किनारे सीमेन्ट निर्मित पटियां लगाई गई और मिट्टी का भराव करके हाईलेबिल किया गया।

यहां प्लेटफार्मों के हाईलेबिल निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा पानी छिड़काव व मशीन से घुटाई के लिये विद्युत की अपनी कोई व्यवस्थाएं न करके स्थानीय रेलकार्मियों से सांठ–गांठ करके रेलवे की यार्ड लाइनों के मध्य रेलगाड़ियों एवं रेलयात्रियों के नलों के लिये सरकारी पेयजल टंकी से हेंडेंट लाइन पेयजल में अपनी पाइप लाइन लगाकर मजदूरों द्वारा प्लेटफार्मों का छिड़काव करके सरकारी रेलवे पानी का इस्तेमाल कर दुरूपयोग किया गया। इसके साथ ही




ठेकेदारों ने सरकारी रेलवे बिजली से प्लेटफार्मों की घुटाई करने वाली मशीनों के कनेक्शन जोड़कर रेलवे बिजली का बिल बढ़ा दिया जबकि लॉकडाउन व अनलॉक के दौरान सामान्य रूप से सम्पूर्ण ट्रेनों का आवागमन पूर्ण रूप से न होने के कारण स्टेशन के सभी प्लेटफार्म रेलयात्रियों के आवागमन न होने से सूनसान दिखाई दिये।

सूत्रों के अनुसार लॉकडाउन व अनलॉक में यात्रियों के सन्नाटे के दौरान फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी पुलिस कार्मियों के अलावा किसी को अन्दर आने–जाने से रोके जाने पर यहां हाईलेबिल प्लेटफार्मों के निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार व मजदूरों मानक के अनुरूप अथवा मानक के विपरीत कार्यों का सम्भवतया निरीक्षण न होने से प्लेटफार्म नम्बर–3 व 4 के पश्चिमी कानपुर साइड की ओर की रेलयात्रियों के पानी पीने की तीन पेयजल टोटियां और एक हैण्डपम्प पूर्ण रूप से गायब कर दिये गये। जिससे भविष्य में सामान्य ट्रेनों के आवागमन शुरू होने पर रेलयात्रियों को पेयजल का संकट का सामना करना पड़ेगा। पूर्वोत्तर रेलवे फतेहगढ़ के आई0ओ0डब्लू0 मोहम्मद खांन ने बताया कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में अपने साधनों का उपयोग किया जाता है और यदि रेलवे के बिजली व पानी का इस्तेमाल की जरूरत हो तो उसे विभाग से परमीशन लेनी होती है। इधर फर्रूखाबाद स्टेशन अधीक्षक योगेन्द्र कुमार शाक्य ने बताया कि प्लेटफार्म निर्माण में रेलवे स्टेशन की बिजली व पानी की इस्तेमाल की अनुमति लेने से पल्ला झाड़ते हुये कहा कि पानी के मामले में आईओडब्लू और बिजली के मामले में विद्युत इंजीनियर विभाग ही बता सकेंगे।

इधर रेलवे बोर्ड के निर्देश स्पेशल ट्रेनों के शुरू किये जाने के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर गुजरने वाली लखनऊ–बान्द्रा साप्ताहिक, कानपुर–बान्द्रा सुपरफास्ट साप्ताहिक भिवानी–दिल्ली–फर्रूखाबाद होकर कानपुर सेन्ट्रल के मध्य चलने वाली कालिन्दी एक्सप्रेस तथा गांधीधाम–भागलपुर के मध्य फर्रूखाबाद होकर चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों में यहां रात्रि के समय आने–जाने वाली ट्रेनों से रिजर्वेशन कराकर आवागमन करने वाले रेलयात्रियों को बैठाने के लिये आने वाले तीमारदारों को प्लेटफार्म टिकट न मिलने से टीटीई स्टाफ एवं आरपीएफ के कार्मी बिना टिकट प्लेटफार्म के कोई तीमारदार नहीं जा सकेगा यहां रेलयात्रियों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इज्जतनगर के एक रेल अधिकारी ने कहा कि रेलवे बोर्ड से प्लेटफार्म टिकट रेलयात्रियों को उपलब्ध कराये जाने की कोई गाइडलाइन नहीं आयी। इसलिये किसी भी यात्री को किसी भी स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकट नहीं उपलब्ध कराई जा रही है।

# गंगा में डूबे दो भाइयों का नहीं लगा सुराग



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**हंसीनगला** गांव के गंगानदी में डूबे दो भाइयों का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा। दोनों भाइयों का पता लगाने के लिए दस किलोमीटर तक गंगा की धार में मोटर वोट दौड़ाए गए। प्रशासन का सहयोग न मिलने से ग्रामीण गुस्से में हैं। खुद मोटरवोट में तेल भी डलवाना पड़ रहा है। गंगा नदी में नाव के पलटने से विजेंद्र और उसका भाई हरिनंदन गहरे पानी में बह गए थे। जिनकी तलाश में परिवार के लोग घाट किनारे ही डटे हुए हैं। चाचा रामनिवास, रामकरन, चचेरे भाई संदीप, राजीव व परिवार के अन्य लोगों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। भाई सुरेंद्र सिंह घाट से हट नहीं रहे हैं। वह बराबर नदी में बहे अपने दो भाइयों को लेकर परेशान हो रहे हैं। आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग भी मदद के लिए भी घाट पर हैं। ग्रामीणों का कहना हे कि प्रशासन मदद नहीं कर रहा है जबकि एक दिन एसडीएम और तहसीलदार मौके पर आए थे फिर कोई बड़ा अधिकारी नी आया। क्षेत्रीय लेखपाल ही हम लोगों के बीच आ रहे हैं। प्रशासन को इस ओर मदद करनी चाहिए। वहीं रविवार को गंगा नदी में करीब दस किलोमीटर तक मोटर वोट गहरे पानी में दौड़ाए गए जाल भी फेंके गए। लेकिन दोनों भाइयों का सुराग नहीं लगा। दर्जन भर से अधिक लोग दोनों भाइयों का सुराग लगाने के लिए गंगा नदी में प्रयास कर रहे हैं। नदी में मगरमच्छ होने के कारण ग्रामीण पानी में उतरने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण मोटरवोट और नाव के सहारे ही गंगा में बहे दोनों भाइयों की तलाश की जा रही है।

# ई लोक अदालत में 67 वादों का हुआ निस्तारण

**● जिला व सत्र न्यायालय परिसर में हुआ ई-लोक अदालत का आयोजन**

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिला** एवं सत्र न्यायालय परिसर माती कानपुर देहात में उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवन्त कुमार मिश्र की अध्यक्षता में ई.लोक अदालत का आयोजन किया गया। सोनाली पूनियाए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा बताया गया कि ई.लोक अदालत में जनपद में आपसी सुलेह.समझौते के आधार पर एमएसीटी व वैवाहिक दादो का निस्तारण किया गया। जिसमे कुल 67 वादों का निस्तारण हुआ। अध्यक्ष मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणए जितेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के कुल 21 वाद निस्तारण किया गया जिसमें रूपये 98,90,000 की क्षतिपूर्ति दिलायी गयी तथा 37 विधिक वादो का निस्तारण किया गया जिसमें रुपये 63,92,077 की धनराशि याचीगणों को अवमुक्त की गयी। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, अचल सचदेव द्वारा 06 वाद निस्तारित किये गये। अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, सूर्य प्रकाश सिंह द्वारा 03 वाद निस्तारित किये गये। जनपद न्यायधीश अध्यक्ष के कुशल निर्देशन में ई.लोक अदालत का आयोजन कोविड.19 के संबंध में जारी दिशा.निर्देशो का अनुपालन करते हुये सफलतापूर्वक सम्पन्नकिया गया।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती को पुलिस ने परिजनों के हवाले किया

**जसवंतनगर।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मानसिक रूप से अक्षम एक युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिसे पाकर परिजनों व रिश्तेदारों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उप निरीक्षक रमाशंकर उपाध्याय को बीते दिवस एक 24 वर्षीय युवती प्रीति पुत्री नरेंद्र प्रताप सिंह चौहान निवासी ग्राम गढ़िया जैनपुर थाना करहल जिला मैनपुरी यहां थाना कोतवाली क्षेत्र में घूमते हुए मिली थीए जो मानसिक रूप से अक्षम थी। उक्त युवती का मेडिकल परीक्षण कराकर तथा इसके परिजनों के संबंध में जानकारी हासिल कर वस्त्र भेंट करते हुए उसे उसके पिता व मामा के सुपुर्द किया गया। युवती के परिजनों व रिश्तेदारों ने बेहद खुशी जाहिर की है।

# दर्शी शीले ने यूट्यूब पर 2 मिनट 10 सेकेंड में हनुमान चालीसा पाठ पढ़ बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**यू-ट्यूब चैनल** (अर्टीशीली) के नाम से बनाने वाले पांच वर्षीय बालिका ने 02 मिनट 10 सेकेण्ड में हनुमान चालीसा पाठ करने का एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

सूत्रों के अनुसार कानपुर के मोहल्ला जवाहर नगर के निवासी लक्ष्मण शीले की पुत्री दर्शी शीले माता का नाम आरती की ननिहाल फर्रूखाबाद जिले के कमालगंज कस्बा के मोहल्ला लोहिया नगर को बचपन से ही प्रेरणादायक कविताएं गाने की शौक यहां तक शुरू हुई कि इस बालिका ने यू–ट्यूब चैनल (अर्टीशीली) के नाम से बनाया और पांच वर्षीय अवस्था में पहुँचने के उपरान्त इस बालिका ने हिन्दी साहित्य के प्रति अपनी विशेष अभिरूचि के अनुरूप पिछले 3 मिनट में आध्या अग्रवाल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ने का राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़कर 02 मिनट 10 सेकेण्ड में पढ़ने का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। जिस पर हिन्दी प्रेमियों ने बालिका के प्रति उसका उत्साहवर्धन करते हुये सहानुभूतियां व्यक्त की।

## ग्रामीण को मारी गोली, हालत गंभीर

**फर्रूखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रैंगापुर में षनिवार की रात घर क बाहर बैठे एक ग्रामीण को गोली मार दी गई इससे उसकी हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना को देखते हुए पुलिस ने गांव में जाकर जानकारी की जिस पर गोली चलाए जाने का आरोप है वह पुलिस की पकड़ से अभी दुर है। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए छापे भी मारे। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने को अभी तहरीर नहीं दी गई है। रैंगापुर गांव निवासी सत्यपाल रात में अपने घर के बाहर बैठे थे तभी गांव के एक व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। गोली सत्यपाल के क ेाख के पास लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल लेकर आए जहां से इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इंस्पेक्टर जसवंत सिंह ने बताया कि अभी घायल के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर देंगे तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# वर्षों पुराने रास्ते को किया गया बंद विरोध में सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे थाने

संवाददाता। इटावा

**बसरेहर** थाना क्षेत्र के गांव अमृतपुर में इटावा बरेली हाईवे पर स्थित सेंगर नदी पुल के समीप सालों पुरानी खेतों को जाने वाली आम रास्ते को बंद कर दिया गया। जिस कारण करीब पंद्रह सौ बीघा उपजाऊ जमीन जाने का रास्ता बंद हो जाने के कारण सैकड़ों ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई जिस पर मामले की गंभीरता को समझते हुए थाना प्रभारी नागेंद्र पाठक ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी।जिस पर सदर तहसीलदार एन राम इटावा से लेखपाल की टीम को लेकर थाने पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों का कहना था कि कई सालों से हमारे खेतों को जाने वाले आम रास्ते को सुरेश पुत्र स्वर्गीय एवरन सिंह निवासी इटावा ने बंद कर वहां पर दुकानों का निर्माण कर रहे हैं।जिसपर सुरेश चंद का कहना था कि यह 45 बीघा जमीन हमारी है और अभी तक



और वहां निर्माण हो रहा है जिस कारण वहां के ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं उनका विरोध करना भी जाए यह क्योंकि उनकी सैकड़ों बीघा जमीन जाने का रास्ता बंद हो चुका है मैं जमीन के मालिक यह खाली पड़ी हुई थी जिस कारण गांव के लोग इस रास्ते से निकलते रहे अब इस पर में अपनी दुकानों का निर्माण करवा रहा हूं जिस कारण रास्ते को बंद किया है यहां कोई आम रास्ता नहीं है यह मेरी निजी भूमि है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए सदर तहसीलदार एन राम ने भी बताया कि कानूनी तौर पर वहां पर कोई भी रास्ता नहीं है अभी तक जमीन खाली पड़ी रही जिस पर लोग निकलते रहे किसी ने कोई एतराज नहीं किया सुरेश को दुकान के हो रहे निर्माण को रोकने के लिए कह दिया गया है वहीं उनसे रास्ते को लेकर भी बात की जा रही है जिस पर वह राजी भी है उनका कहना है कि हमारे खेतों के दोनों छोरों से किसी भी एक तरफ रास्ता ले लिया जाए वहीं ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बीच में ही रखा जाए तहसीलदार ने कहा कि मंगलवार को हमारी पूरी टीम मौके पर जाकर नाप तोल कर जल्द ही इस पूरे मामले को सुलझाएगी।

## सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

**फर्रूखाबाद।** अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिसमें एक बच्ची की हालत गंभीर बनी है। शमसाबाद क्षेत्र के गांव सहसा निवासी नाहर सिंह, 10 वर्षीय पुत्र शिवा, 15 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी, 18 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। जबकि अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में जनपद कासगंज के सिकन्दरपुर वैश्य निवासी विजेन्द्र, कंपिल के इकलहरा निवासी नीरज की 12 वर्षीय पुत्री रिंकी घायल हो गए। उक्त सभी को अस्तपाल में भर्ती कराया गया। जहां से रिंकी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## टोना टोटका का विरोध महिला को पड़ा भारी

**फर्रूखाबाद।** एक गांव की महिला को टोना टोटका का विरोध भारी पड़ गया। एक ही परिवार के चार लोगो ने महिला को हमला बोल कर घायल कर दिया। रविवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी सुनीता अपने घर थी। जब वह बाहर निकली तो टोना टोटका को लेकर गांव के ही छत्रपाल, उसकी पत्नी ज्ञानदेवी, पुत्र सोनू व भाई रक्षपाल को उलाहना दिया। इस पर उक्त लोग गाली गलौज करने लगे। महिला के विरोध करने पर उक्त हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट में मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रेस क्लब जसवंतनगर का किया गया गठन

**जसवंतनगर इटावा।** स्थानीय पत्रकारों ने मिलकर श्प्रेस क्लब जसवंत नगरश् के नाम से एक नए पत्रकार संगठन का विधिवत गठन रविवार को किया हैएसाथ ही समाज को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में सही दिशा दिखाने का वादा किया है। प्रेस क्लब के गठन के लिए लुधपुरा स्थित व्रत वाटिका में हुई एक आवश्यक बैठक में सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। नगर के वरिष्ठ पत्रकारद द्वय वेदव्रत गुप्त को अध्यक्ष एवं अनुराग कुमार गुप्त को प्रबंधकध्मंत्री चुना गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सुबोध पाठक उपाध्यक्ष पद के लिए प्रेम कुमार शाक्य सह सचिव पद के लिए रामवीर सिंह यादव कोषाध्यक्ष पद के लिए यशवंत चतुर्वेदी ऑडिटर पद के लिए आसिफखान को चुना गया है। इसके अतिरिक्त सदस्य के रूप में आलोक उपाध्याय बृजेश यादव प्रदीप चौहान मोहन राजपूत शैलेंद्र कुमार प्रजापति आशीष कुमार व मनोज कुमार आदि को चुना गया है।

# टेसू-झेंझी के पारंपरिक विवाह में बच्चों ने मचाया जमकर धमाल



संवाददाता। इटावा

**टेसू-झेंझी** का पारंपरिक विवाह बीती रात भरथना तहसील क्षेत्र के नगर व ग्रामीण अंचलों में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ कराया गया। इस मौके पर बच्चो के माता. पिता और दादा.दादी ताऊ.ताई ने भी बच्चों को उत्साहित किया। जिसपर छोटे छोटे बच्चे भी विवाह समारोह से पूर्व हाथों में टेसू.झेंझी लेकर घर.घर आते जाते दिखे। आपको बतादें शाम होते ही बच्चों में लड़कों की टोली टेसू को और लड़कियों की टोली अपनी अपनी झेंझी को लेकर घर घर दान मांगने पहुचती देखी गई। कहते है कि टेसू.झेंझी का विवाह घर घर से एकात्रित मुद्रा व बस्तु से ही किया जाता है। बीती रात नगर की पानी टँकी बाली गली ब्रजराज नगर में पंडित जीत दुबे भानू ने अर्चना यादव की झेंझी के साथ ऋषभ यादव के टेसू का विधिविधान से विवाह सम्पन्न कराया। इस अवसर पर बच्चों ने डोल नगाड़ों की धमक पर जमकर धमाल मचाया और परम्परा को जीवित रखने की खुशी में आतिशबाजी चलाई। समारोह के दौरान अमरजीत दुबे, पप्पू दुबे, ऋषभ यादव, अर्चना यादव, अंकित वर्मा, उमेश यादव, शिवांग तिमोरी के अलावा मोहल्ले के सभी नौजवान बुजुर्ग महिला पुरुषों की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

## गरीब की हजारों की बकरियां चोरी

**जसवंतनगर।** बलरई क्षेत्र के गांव में गरीब किसान सोता रहा और उसकी 30 हजार कीमत की तीन बकरियां चोर कार में डालकर ले गए। जब तक किसान जागा तब तक गाड़ी आंखों से ओझल हो गई।

बीवामऊ गांव निवासी एक गरीब मानसिंह जाटव की तीन बकरियां दरवाजे पर बंधी हुई थीं और वह पास में ही चारपाई डालकर सो रहा था। रात में 3 बजे के आसपास उसने जैसे ही शोरगुल सुना और देखा कि उसकी बकरियां चोरों ने ओमनी कार में डाल लीं हैं। जब तक वह सोच पाता कि क्या करना है तब तक चोरों ने अपनी कार दौड़ा दी और उसके देखते देखते मीठेपुर की तरफ भागते हुए आंखों से ओझल हो गई। बेचारा गरीब इस चोरी की घटना से बेहद उदास है। हजारों की कीमत की बकरियों के गायब हो जाने वो मायूस है। उसका कहना है कि बकरियों को रस्सियों से बांध रखा था चोरों ने किसी औजार से रस्सियां काटी हैं। उसने पुलिस को घटना के संबंध में जानकारी दी है।

# संघर्ष करने वाले प्रत्याशी के पक्ष में अपनी अहम भूमिका निर्वाह करें: राजेश निराला

**● 10 मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**यूपी** एजूकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश निराला ने प्रदेश भर के स्नातक शिक्षणेत्तर कर्मचारी मतदाताओं से आवाहन किया कि वे उत्तर प्रदेश में स्नातक विधान परिषद सदस्यों के चुनाव में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हक में संघर्ष करने वाले प्रत्याशी के पक्ष में अपनी अहम भूमिका निर्वाह करें। श्री निराला शहर के भारतीय पाठशाला इण्टर कॉलेज के सभागार में यूपी एजूकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसियेशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में पिछले एक



वर्ष में सेवानिवृत्त हुये 26 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं 10 मेधावी छात्र–छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट करने के उपरान्त मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। यहां प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में 36 जिलों के 44 पदाधिकारियों ने भाग लिया। उन्होने कहा कि प्रदेश के वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कम से कम 10 हजार रूपये प्रतिमाह का मानदेय दिलाये जाने के लिये सामूहिक रूप से कार्मियों को संघर्ष करना होगा। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटाने तथा सेवानिवृत्त शिक्षेणत्तर कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नकदीकरण दिलाये जाने पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक राजेन्द्र प्रसाद जौहरी ने कोरोना के दौरान रोके गए शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को तत्काल जारी करने की मांग की।

## बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष ने स्वतंत्रदेव से की मुलाकात

# बाण सागर से मंदाकिनी को जोड़ने की उठाई मांग

**चित्रकूट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह से उनके लखनऊ स्थित आवास में भेंट करके बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष ने मंदाकिनी नदी को बाण सागर से जोड़े जाने समेत जनसमस्याओं पर चर्चा की। रविवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी मंदाकिनी नदी को बचाने को यह जरूरी है कि नदी जोड़ो परियोजना में मंदाकिनी को भी शामिल किया जाये। बाण सागर से जुड़ने या नर्मदा नदी का पानी मंदाकिनी में मिलाना जरूरी है। गर्मी के दिनों में लगभग 20 किमी नदी सूख जाती है। लखनऊ जाकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह से मंदाकिनी को लेकर चर्चा हुई। उनसे मांग की गई कि नदी सफाई


प्रदेश अध्यक्ष से मांग करते बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष।

के लिए सिंचाई विभाग से एक मशीन भी खरीदी जाये। नदी किनारे वृक्षारोपण हो और मंदाकिनी के जलीय जीवों के संरक्षण की योजना बनाई जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से वॉटर एटीएम, सिटी बस सेवा, तीर्थक्षेत्र में बेड़ी पुलिया, शिवरामपुर और भरतकूप में हाइवे किनारे भव्य तोरणद्वार बनवाने, इलेक्ट्रिक शवदाह गृह, मुक्तिधाम स्थलों का विकास और जनहित से जुड़ी तमाम अन्य मांगों को लेकर चर्चा हुई और पत्र सौंपा गया।

अजीत सिंह ने बताया कि इस समय यूपी-एमपी और केंद्र में भाजपा की सरकार है। केन-बेतवा लिंक परियोजना को हरी झंडी मिल चुकी है अब मंदाकिनी को नदी जोड़ो में शामिल किए जाने से लाखों क्षेत्रीय लोगों को करोड़ों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में पहल किए जाने का भरोसा दिया है। इस दौरान बुन्देली सेना टीम के जानकी शरण गुप्ता और अतुल सिंह की भी मौजूदगी रही। भाजपा प्रदेश को रामनामी और कामतानाथ के चित्र व बुके भी भेंट की गईं।

## मेहेरबाबा के भौतिक शरीर के दर्शन न कर पाने का आखिरी दम तक मलाल रहा गौतम को

**हमीरपुर।** मेरापुर गांव स्थित आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व शिक्षक जयबीर सिंह गौतम के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा के कद्दावर नेताओं व उनके सैकडो अनुयायियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उनके साथ कई सालों से शिक्षक के रुप में कार्य कर चुके पीसी निगम ने कहा कि वह मेहेरबाबा के कार्यक्रम मे उनके साथ दूर दूर जाकर 18 सालों तक संतो की बाणी को सुनते आये थे। उन्होने रहस्य बताते हुए कहा कि श्री गौतम को आखिरी वक्त तक इस बात का दुख रहा कि वह मेहेरबाबा के भौतिक शरीर के दर्शन नही कर पाये। जब भी उनको कोई शारीरिक पीड़ा होती थी तो वह मेहेरबाबा के प्रेरणाप्रद वाक्यो को पढ़कर सुखद अनुभव करते थे। सिचाई मंत्री डा. महेंद्र सिंह ने समय से पहुचकर श्रद्धांजलि अर्पित की कहा कि शिक्षक जयबीर सिंह गौतम 32 हजार 126 दिन के जीवन में ज्यादातर समाज सुधार में लगाया है।

# संतों की समस्याओं के समाधान को ट्रस्ट गठित


ट्रस्ट गठित करते संत समाज के लोग।

**चित्रकूट।** संतोषी अखाड़े में चित्रकूट अखाड़ों की बैठक निरालम्बी अखाड़े के महंत रामरतन दास की अध्यक्षता में हुई। अखाड़ों ने निर्णय लिया कि संत समाज की जन समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन में बात रखने तथा समस्याओं के समाधान को सर्वसम्मति से चित्रकूट संत समाज संरक्षण सेवा ट्रस्ट गठित किया गया।

रविवार को संत समाज के भरत मिलाप के महंत राम मनोहर दास अध्यक्ष, मोहित दास को सचिव, महंत राम जन्म दास को कोषाध्यक्ष, मुन्ना शास्त्री को प्रचार प्रसारक मंत्री नियुक्त किया गया। अगली बैठक में अन्य पदों पर नियुक्ति की जाएगी। बैठक में विभिन्न अखाड़ों के संत महन्त मौजूद रहे। सर्वसम्मति से संतो का संगठन गठित होने पर सभी ने खुशी जताई है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

बैठक में राम मनोहर दास, रामरतन दास, दिव्य जीवन दास, अनूप दास, सत्यप्रकाश दास, दीनदयाल दास, आदित्य नारायण दास, रामजी दास, रामजन्म दास, मोहित दास, मुन्ना शास्त्री आदि मौजूद रहे। दिगम्बर अखाड़ा के महंत दिव्यजीवन दास ने बताया कि चित्रकूट के आठ अखाड़े ट्रस्ट के संरक्षक होंगे, यही ट्रस्टी होंगे। उनके आदेशों का ही पालन नवनियुक्त अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष करेंगे।

## क्विक न्यूज

### 2022 के विधानसभा में ब्राह्मण बनायेंगे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री:अनुज यादव

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की मौजूदगी में समाजवादी प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने जिला कमेटी घोषित की। शनिवार को समाजवादी प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष कमल गौतम, महामंत्री धीरज त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी



पाण्डेय, श्यामलाल मिश्रा, मनोज पाण्डेय, इन्दु पाण्डेय, छोटकू तिवारी, सुधाकर त्रिवेदी, जिला कोषाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी, किसान सभा अध्यक्ष मऊ रमेशचन्द्र पाठक, जिला सचिव अर्पित त्रिपाठी, प्रभाकर पाण्डेय, शिवम शुक्ला, वीरेन्द्र तिवारी, संजू त्रिपाठी, विपिन मिश्रा, संजय शुक्ला, रामभरोसा तिवारी, मनोज मिश्रा, शशांक शुक्ला, बालकृष्ण द्विवेदी व सदस्य पीयूष द्विवेदी, आनन्द द्विवेदी, राजेश तिवारी, दिवाकर त्रिपाठी, रामनारायण तिवारी, भूरेलाल गौतम, हिमांशू त्रिपाठी को शामिल किया है। सपा जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि सपा प्रबुद्ध लोगों का सम्मान करती है। लम्बे समय तक पार्टी के थिंकटैंक व नीति निर्माता रहे जनेश्वर मिश्र के नाम पर एशिया का सबसे बड़ा पार्क बनवाने का काम समाजवादी पार्टी ने किया। विधानसभा मानिकपुर के सीताराम द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार ने ब्राम्हणों का मनोबल गिराने का काम किया है। 2022 के चुनाव में ब्राम्हण समाज अखिलेश यादव को अपना समर्थन देकर मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगा। इस मौके पर सपा जिला महासचिव फराज खान, मो गुलाब खां, सपा वरिष्ठ नेता आनन्द त्रिपाठी, विजय गौतम, साहबलाल द्विवेदी, सुभाष पटेल, चीनी भाई समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बांदा को हरा कर्वी की टीम ने फुटबॉल मैच 2-0 से जीता



**चित्रकूट।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में बांदा और कर्वी के बीच फुटबाल मैच के मुकाबले में कर्वी टीम के कैप्टन संदीप विश्वकर्मा, चैतन्य सिंह, अवनीश, सोहन रैकवार ने तीन गोल कर बांदा ने एक गोल किया। कर्वी टीम ने 2-0 से मैच जीत लिया। रविवार को भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, सपा नेता जयशंकर मिश्र ने सभी खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। पूर्व क्रिकेटर राजेश पाण्डेय, डा मोसिन अली, बॉलीबाल टीम के हर्षित मौर्या, संतोष यादव, रेफरी रहे। विजयी टीम को लोक निर्माण विभाग के बाबू अनिल वर्मा, सहायक वरिष्ठ कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने टीम को पुरस्कार बांटे। क्षेत्राधिकारी क्रीडाधिकारी अजय सेठी, वरिष्ठ पत्रकार राकेश चौधरी, शिक्षक सर्वजीत सिंह, संतोष यादव ने विजयी प्रतिभागियो को बधाई दी है। दोनो टीमो मे 14-14 खिलाडियो ने हिस्सा लिया। इस मौके पर खिलाडी आदित्य, ओमप्रकाश सिंह पटेल, उत्कर्ष, आदित्य, सार्थक, वैभव, गौरव, आर्यन, आशुतोष, शिवम, दीपक, जितेन्द्र सिंह के अलावा अन्य खिलाडी मौजूद रहे।

### करंट लगने से पिता-पुत्री घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** कस्बे के मियांपुरा मोहल्ला निवासी प्रीति 30 पुत्री हरनारायण रविवार को घर में बर्तन साफ कर रही थी। उसी दौरान ऊंचाई पर लगा टिल्लू पंप नीचे गिर गया। टिल्लू के गिरने पर वहां मौजूद 69 वर्षीय हरनारायण टिल्लू को उठाने लगा। उसी दौरान टिल्लू में उतरे करंट की चपेट में आकर वह घायल हो गया। पिता को करंट में चिपका देख पुत्री बचाने के लिये दौड़ी तो वह भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। डा.आलोक ने बताया कि दोनों का उपचार कर दिया गया है। हालत में सुधार होने पर छुटटी कर दी गई।

### गरम डामर गिरने से मजदूर घायल

**राठ( हमीरपुर )।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में काम रहा मजदूर गरम डामर से झुलस गया। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। मुस्करा थाने के छानी निवासी विजय कुमार 30 पुत्र अशोक कुमार राठ-हमीरपुर मार्ग पर बन रहे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में रविवार को काम कर रहा था। काम करते समय मजदूर के ऊपर गरम डाबर गिर गया। वह गंभीर रूप से झुलस गया। मजदूर 9 फीसदी झुलग गया था। इलाज करने के बाद उसकी छुटटी कर दी गई है।

### किशोरी ने खाया जहर

**राठ( हमीरपुर )।** जरिया थाना क्षेत्र के इटैलियाबाजा गांव निवासी नरसिंह की 16 वर्षीया पुत्री पिंकी ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

# गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी के घर कुर्की की नोटिस तामील

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस अधीक्षक** अंकित मित्तल के निर्देश पर बहिलपुरवा थानाध्यक्ष दीनदयाल सिंह ने कोतवाली कर्वी में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त राकेश रैकवार उर्फ जोजो पुत्र भाऊ रैकवार निवासी शंकर बाजार के खिलाफ कुर्की वारंट की नोटिस तामील कराई है। डिग्गी पिटवाकर मुनादी कराई है।

इसी क्रम में शासन के निर्देश पर नारी सुरक्षा नारी सम्मान महिला कल्याण एवं बाल विकास को जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम ने गणेश बाग व एंटी रोमियो टीम मऊ थाना ने मंडौर, मानिकपुर, भरतकूप में सभापुर, पहाडी में परसौंजा, बरगढ में हर्दीकला, बोझ, ओबरी, मुर्का, कोतवाली कर्वी में बस स्टैण्ड, पुरानी कोतवाली, पुरानी बाजार के बाजारों में बालिकाओं व महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व अपने-अपने थानों के सीयूजी नम्बर देकर जागरूक किया।

महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनमें आत्मविश्वास बढाया गया। महिला अधिकारों के बारे में जानकारी देकर एंटी रोमियो टीम के सदस्यों ने महिलाओं एवं बालिकाओं से समस्यायें पूंछी। एंटी रोमियो टीमों ने आवारा घूम रहे संदिग्ध युवकों से पूंछताछ कर हिदायत दी। इसी क्रम में मानिकपुर थाने के दरोगा सुरेश कुमार यादव की टीम ने बेनी माधव पुत्र स्व चुन्नीलाल निवासी पटा को 300 ग्राम गांजे के साथ दबोचकर जेल भेजा है।

## डा. एमपी सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिये राठ पहुंचीं उमा भारती

**राठ ( हमीरपुर )।** बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य, ब्रहमानंद महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व पूर्व सीएमओ डा. महेंद्र पाल सिंह के आकस्मिक निधन पर रविवार को मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने अपने उड़न खटोले से राठ पहुंच उनके घर पर पहुंची। डा.महेंद्र पाल सिंह के छोटे भाई डा. इद्रपाल लोधी, पुत्र, पत्नी, डा. अजय पाल समेत परिजनों से मुलाकात कर डा.महेंद्र पाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उमाभारती कोरोना काल में हुये पूर्व नपा अध्यक्ष अनिल कुमार अहिरवार के निधन होने पर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। वह स्वामी ब्रहमानंद की समाधि स्थल पर पहुंच पुष्पांजलि अर्पित कर माथा टेका। सांसद पुष्पेंद्र चंदेल, विधायक मनीषा अनुरागी, डा.उमाकांत सिंह, पूर्व मंत्री चौधरी राजेंद्र सिंह, रामहेत सिंह राजपूत, प्रीतम सिंह, कपूरी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आश्रम में ही मेरी कुटिया बना दो ताकि यहीं से देख सकूं बुंदेलखंड का विकास : उमा भारती

**हमीरपुर।** भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने आज आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयबीर सिंह गौतम की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये ईश चैतन्य आश्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि मेरी कुटिया भी यही बनवा दी जाये यही से बुन्देलखंड के विकास की निगरानी करती रहूगी। उन्होने कहा कि कुटिया गाय के गोबर से लिपवा कर उसी में रहने का इस रमणीक स्थान पर मन कर रहा है सुश्री उमा भारती सभी पार्टी पदाधिकारियो से मिली।

शिवमंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद वह राठ के लिये रवाना हो गयी। राठ में पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि बुन्देलखंड में खनन क्षेत्र में दबंगो का कब्जा है जिससे इस क्षेत्र का विकास नही हो पा रहा है बुंदेलखंड में कला, संस्कृति, वीरता और साहित्य की कोई कमी नहीं है। बुंदेलखंड राज्य एक दिन जरूर बनेंगा भाजपा छोटे राज्यों में विश्वास करती है। पूर्व मुख्यमंत्री राठ में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद स्वामी ब्रहमानंद की समाधि स्थल पर मत्था टेका, उन्होने कहा कि दोनों राज्यों के बुंदेलखंड का इलाका बहुत पीछे है। कहा उ.प्र. में योगी अदित्यनाथ और म.प्र. में शिवराज सिंह चौहान विकास की गंगा बहा रहे है। कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनने में एक बड़ी समस्या है, राज्यों की विधान सभाओं में सर्व सम्मति से निर्विरोध प्रस्ताव पारित होने के बाद भी बुंदेलखंड राज्य का निर्माण संभव है। बहुत जल्द केन-बेतवा के गठजोड़ से महोबा और हमीरपुर जिला पानी से लबालव होगे। इस मौके पर राज्य मंत्री बाबूराम निषाद, अमित भदौरिया, ब्रजकिशोर गुप्ता, गणेश यादव, किशन कुमार व्यास, नीलम बाजपेयी, नीलम चौरसिया, कृष्णा निषाद समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## नेत्र शिविर में 70 मरीजों में 30 को निकला मोतियाबिंद

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** कस्बे के ठडेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर सुमेरपुर में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 70 लोगो ने नेत्र परीक्षण कराया जिसमे 30 लोग मोतिया विंद से प्रभावित पाए गए। 30 में से 22 लोगों को लेंश प्रत्यारोपण हेतु जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट ले जाया गया है आसपास मोतियाबिंद के मरीजों के बढ़ने से लोगों में दहशत पैदा हो रही है। डॉ शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 70 लोगों ने शिविर में आकर नेत्र परीक्षण कराया 30 लोग मोतिया विंद की बीमारी से ग्रसित होने पर उन्हे आपरेशन की सलाह दी गई है। जिसमे 22 लोग नेत्र प्रत्यारोपण हेतु चित्रकूट भेजे गए हैं शेष अन्य 40 लोगों को चिकित्सीय परामर्श देकर संतुष्ट किया गया है। उन्होने बताया कि कि हर महीने के प्रथम रविवार को अब लगातार नेत्र शिविर का आयोजन होता रहेगा। लोग शिविर में आकर निशुल्क चिकित्सा का लाभ हासिल कर सकते हैं। शिविर में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए नेत्र परीक्षण किया गया।

## प्रदूषण विभाग बना लापरवाह

# वायु प्रदूषण के चलते अधिकांश लोग हो रहे हैं श्वास और दमा के शिकार

संबाददाता। हमीरपुर

**जिले** में जगह जगह चल रहे जनरेटर शाम को होटलों की भट्ठियों से उड़ रही धुएं की गुबार ज्यादातर वाहनों से निकल रहा कच्चा धुआ से लोगों को न केवल सांस लेना मुश्किल हो रहा है बल्कि लोग दमा व श्वास जैसी बीमारियों से लगातार चपेट में आते जा रहे है। इसके लिये प्रदूषण विभाग ने नगर पालिका को दोषी ठहराते हुये अपना पल्ला झाड़ ले रहा है। प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने आज तक जिले में कही पर भ्रमण नही किया है।

जानकारी के मुताबिक शासन प्रदूषण को लेकर जितना संवेदनशील होता जा रहा है, मगर प्रदूषण विभाग उतना ही संवेदनहीन होता जा रहा है। शासन ने साफ कहा है कि प्रदूषण फैलाने वाले के खिलाफ सजा व जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी मगर प्रदूषण विभाग इसे बेहद हल्के में ले रहा है।

जिले में एअर क्वालटी इंडेक्स बढ़ता जा रहा है मगर प्रदूषण अधिकारी घनश्याम का कहना है कि जिले में कोई प्रदूषण जैसी स्थिति नही है, जो नियम कानून बनाये जा रहे है वे सब एनसीआर क्षेत्र के लिये है जिले में दिल्ली जैसी कोई स्थिति नही है।जब कि हकीकत यह है कि जिले में मौरंग खदानों से चौबीस घंटे में करीब चार हजार ट्रक निकलता है जिसमे सत्तर फीसदी ट्रक कच्चा धुआ फेकते जाते है यही कच्चा धुंआ लोगों के फेफड़े मे जाकर शरीर को प्रभावित करता है जिला अस्पताल के डाक्टरों का कहना है कि हर रोज अस्पताल में दमा, श्वास, पेट के मरीज बढ़ रहे है यदि वायु प्रदूषण इसी प्रकार बढ़ता रहा तो श्वास व दमा के रोगियो की स्थिति भयंकर होती जायेगी। परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षक अश्वनी पाल का कहना है कि समय समय पर वाहनों की जांच की जाती है प्रदूषण का प्रमाण पत्र देने वाले एंजेसियों को भी चेतावनी दे दी गयी है।

वही प्रदूषण रोकने की जिम्मेदारी एआरटीओ भगवान प्रसाद की है मगर इस ओर उन्होने कोई ध्यान नही दिया है यही नही रोडवेज की कई बसे कच्चा धुवा फेक रही है मगर विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। प्रदूषण अधिकारी ने सारा दोष नगर पालिका के सर पर मढ़ दिया है। जिले में ही नही शहर मे कई होटल ऐसे है जो चार बजे के बाद कोयले की भट्ठिया धधकाने लगते है जिससे लोगों को वहा से निकलना दूभर हो जाता है।

# पूर्वजों ने विदेशी आक्रमणों से मोर्चा लेकर अपने धर्म का पालन किया: खंगार महासभा

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर में आज अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के तत्वाधान में एक सभा को संबोधित करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार ने कहा कि हम सबको मिलकर समाज के विकास में शैक्षिक एवं सामाजिक राजनीतिक में सभी सहयोग करना चाहिए वही आर्थिक रूप से पिछड़े होने के कारण हम राजनीतिक में भागीदारी में भी पीछे हैं किंतु आज समाज संगठित होकर राजनैतिक अधिकारो के लिए जागरूक हो रहा है। इस भूभाग में हमारे पूर्वज महाराजा खेत सिंह खंगार संगठित हो कर विदेशी आक्रमणों से मोर्चा ले कर अपनी मर्यादा व धर्म की रक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान किया गढ़कुंडार दुर्गा आज भी उनके शौर्य व बलिदान एवं साहस का प्रत्यक्ष प्रतीक के रूप में विद्यमान है बुंदेलखंड में आज भी उनको परंपराएं जो उनके द्वारा प्रारंभ की गई जो आज


खंगार क्षत्रिय महासभा में भाग लेते लोग

भी प्रचलित है राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक मिर्धा ने कहा कि शिक्षा एवं संगठन सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है जिसके माध्यम से हम खंगार समाज बिकास संभव है ओमकार ठाकुर विक्की पिंडारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारी भागीदारी है किंतु आज हम आगे बढ़ रहे हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष महासचिव डॉक्टर चंद्रपाल सिंह बड़ोखर बांदा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाकिम सिंह ग्वालियर, चंद्रपाल सिंह खंगार राष्ट्रीय महासचिव, करण सिंह खंगार राष्ट्रीय सचिव, रविंद्र सिंह खंगार संगठन मंत्री, लल्लू सिंह खंगार जिला अध्यक्ष बांदा, जितेंद्र सिंह खंगार, राजन सिंह खंगार, संजय सिंह खंगार, वही उत्तम सिंह खंगार ने सभा का सफल संचालन किया।

# ई लोक अदालत में सुलह-समझौते से हुआ कई वादों का निस्तारण

- लोक अदालत में तकनीकी का हुआ प्रयोग ई माध्यम से वैरीफिकेशन

**कन्नौज।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जनपद न्यायालय में रविवार ई लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत में 19 वैवाहिक वादों व 30 मोटर एक्सीडेंट क्लेम का निस्तारण हुआ। ई लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश प्रवीण कुमार जैन ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके किया। इस ई लोक अदालत हेतु एक सप्ताह पूर्व ही सभी समझौते जो दाखिल किये गए थे उनका वेरिफिक्रेशन तकनीकी का प्रयोग कर ई माध्यम से करा लिया गया था। ई लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश की कोर्ट से 8 वादों को निस्तारित कर 26,65000 रुपये, अपर जिला जज पंचम अजय कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट से 5 वादों को


ई लोक अदालत का शुभारम्भ करते जिला जज

निस्तारित कर 1905000 रुपये, नोडल अधिकारी अपर जिला जज सत्यजीत पाठक की कोर्ट से 6 वादों को निस्तारित कर 15,91000 रुपये, अपर जिला जज पाक्सो एक्ट शिव कुमार तिवारी के न्यायालय में 4 वादों को निस्तारित कर 4,71000 रुपये, अपर जिला जज एफ्टीसी प्रथम काशिफशेख के न्यायालय में 2 वादों को निस्तारित कर 5,65000 रुपये व अपर जिला जज एफ्टीसी द्वितीय गीतांजलि गर्ग की कोर्ट में 5 वादों को निस्तारित कर 1050000 रुपये सेटलमेंट अमाउंट के रूप में निर्धारित किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार दीक्षित द्वारा अवगत कराया गया कि इस ई लोक अदालत में 38 वादों को संदर्भित किया गया जिसमें से 30 वादों को निस्तारित कर कुल 8247000 रुपये सेटलमेंट अमाउंट के तौर पर पीड़ित पक्ष को प्रदत्त करने हेतु आदेशित किया गया।

परिवार न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के के निर्देशन वैवाहिक वादों को सुलह समझौते के द्वारा निस्तारित करने हेतु ई लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस ई लोक अदालत हेतु एक सप्ताह पूर्व ही सभी समझौते जो दाखिल किये गए थे उनका वेरिफिक्रेशन तकनीकी का प्रयोग कर ई माध्यम से करा लिया गया था, इस प्रकार कुल 24 वादों को ई लोक अदालत में संदर्भित किया गया था। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार दीक्षित द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 24 वादों में से 19 वैवाहिक वादों को सुलह समझौते द्वारा समाप्त कर दिया गया है साथ ही 30,15000 रुपये सेटलमेंट अमाउंट के रूप में निर्धारित किये गये।

## विकास के लिये क्षेत्रीय लोगों को राजनैतिक रूप से मजबूत होना आवश्यक: सुरेश दिवेदी

**मौदहा( हमीरपुर )।** आजाद भारत पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश द्विदी ने सिसोलर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चौबीसी क्षेत्र के उपस्थित किसानों एवं मजदूरों को अपने अपने क्षेत्र के विकास के लिए राजनैतिक रूप से स्वयं मजबूत और संघर्षशील होना पड़ेगा, आगामी पंचायत चुनाव में क्षेत्र के विकास के लिए यदि आवश्यकता महसूस करेंगे तो वह अपनी पार्टी से आपके बीच के ही संघर्षशील एवं जुझारू कर्मठ प्रत्याशी को चुनाव लड़ा कर आपके साथ क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष करने के लिए आगे लाएंगे। उन्होंने कहा कि 24 क्षेत्र आज भी पानी व सड़क के लिए लोगों की राय ताक रहा है चुनाव के बाद इस क्षेत्र से लोगों कोकोई दिलचस्पी नहीं रहती है अपनी ताकत को स्वयं खड़ी करें इसी बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पिपरोदा गांव में भी किसानों व आम नागरिकों को क्षेत्र के समस्याओं के लिए उनके साथ आजाद भारत पार्टी के खड़े रहने की संकल्प को दोहराया। राष्ट्रीय महासचिव आदित्य द्विवेदी व जिला अध्यक्ष देवेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

# जीवन अमूल्य, इसकी रक्षा हमारा मूल कर्तव्य: डीएम

- यातायात माह का हुआ शुभारंभ, आमजन को यातायात नियमों के प्रति किया जाएगा जागरूक

**कन्नौज।** यातायात नियमों का पालन सभी करें और सुरक्षित रहें। जीवन अमूल्य है और इसकी रक्षा हमारा मूल कर्तव्य। चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों से अवगत कराया जाए। मदिरापान कर वाहन न चलाएं। स्वयं की सुरक्षा सभी की सुरक्षा का नियम पालन करें। उक्त वक्तव्य जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में तिर्वा क्रासिंग पर यातायात माह नवम्बर 2020 का उद्घाटन करते हुए उपस्थित जनता को व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है और इस की रक्षा करना हमारा मूल कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि दुनिया खूबसूरत है और यह तबतक खुबसूरत रहती है जबतक हम स्वस्थ हैं और यदि हमें तकलीफहोती है तो यह नरक के समान प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि सभी को जानकर


हरी झण्डी दिखाते डीएम

आश्चर्य होगा कि जितनी मृत्यु वैश्विक महामारी कोरो ना से हमारे जनपद में अभी तक हुई हैं इस वर्ष उससे पांच गुना ज्यादा मृत्यू हमारे जनपद में रोड एक्सीडेंट से हुई है। उन्होंने सभी को हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रदेश के विभिन्न एक्सप्रेसवे पर होने वाले एक्सीडेंट का प्रमुख कारण ओवर स्पीडिंग को बताया। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि बहादुरी कम समय में किसी स्थल तक पहुंचने में नहीं है बल्कि समय से पूर्व प्रस्थान कर अपने गंतव्य तक पहुंचना ही सच्ची बहादुरी है। उन्होंने कहा की प्रदेश में बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए यातायात नियमों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है जिससे आप तो सुरक्षित रहेंगे ही साथ ही आपका परिवार भी सुरक्षित रहेगा एवं परिवार एवं राष्ट्र की होने वाली क्षति भी नहीं होगी। दुर्घटना में मरने वाले व्यक्तियों से उनके परिवार की छाती तो होती ही है साथ ही राष्ट्र के भी क्षति होती है अत: सभी जनमानस यातायात नियमों को पढ़ें व उसका अनुश्रवण भी सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने भी यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम यातायात नियमों से सभी को अवगत कराने हेतु रखा गया है इस कार्यक्रम के दौरान पूरे माह में विद्यालयों में बच्चों एवं उनके अभिभावकों को यातायात नियमों से अवगत कराने हेतु संचालित किया जा रहा है इस दौरान जगह जगह पर वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाइजर के उपयोग से चेक किया जाएगा। सभी से आग्रह किया की सभी नागरिक यातायात नियमों का अनुपालन करते हुए समाज में अपनी अहम भूमिका निभाए।

अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार झा एवं क्षेत्राधिकारी यातायात प्रभारी शिव प्रताप सिंह ने भी यातायात नियमों से सभी को अवगत कराते हुए उसके उलंघन करने पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के संबंध में अवगत कराया। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हरि झंडी दिखा कर जान जागरूकता हेतु ई रिक्शा रवाना किये।कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश पाठक, यातायात प्रभारी संतोष कुमार व विद्यालय प्रबंधक सुनील एवं जनसामान्य उपस्थित रहे।

# खुल गई अस्थाई चौकी

● सांसद ने किया उद्घाटन, उप निरीक्षक मुकेश कुमार को मिली चौकी की जिम्मेदारी



संवाददाता। सुल्तानपुर

**जिला** अस्पताल में बनी कोतवाली नगर की अस्थाई चौकी का सांसद मेनका गांधी ने उद्घाटन किया। करीब महीने भर से तैयार जिला अस्पताल की अस्थाई पुलिस चौकी का जिम्मा उप निरीक्षक मुकेश कुमार को चौकी प्रभारी बनाते हुए सौंपा गया है। उद्घाटन के मौके पर पहुंची सांसद मेनका गांधी ने कहा कि लोगों की लगातार आ रही चोरी डॉक्टरों से हाथापाई की शिकायतों को लेकर के काफी समय के बाद सीएमओ व सीओ सिटी के अथक प्रयास पर यह कार्य संभव हो सका है। उद्घाटन के अवसर पर सीओ सिटी सतीश चंद्र शुक्ल ने बताया कि इस चौकी की जिम्मेदारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार को दी जा रही है। सीएमओ डॉक्टर सीपी त्रिपाठी ने बताया कि जिला अस्पताल में आए दिन चिकित्सकों और तीमारदारों से हाथापाई की शिकायत से चिकित्सकों का की सुरक्षा मिलेगी साथ ही साथ जिला चिकित्सालय में बाहर से आए लोगों को काफी सहूलियत होगी। सांसद मेनका गांधी पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल में की मात्र छोटी तकनीकी खराबी के कारण जिला अस्पताल परिसर में झाड़ झंखाड़ के बीच स्थित पावर हाउस काफी अरसे से खराब पड़े हुए हैं। जिस पर तत्कालीन सीएमएस पीके राय ने कहा कि सिक्स लेन सड़क का विस्तार हो रहा है जिसके कारण विद्युत व्यवस्था रोक दी गई है, जैसे कार्य संपन्न होगा इसे चालू करवा दिया जाएगा। मौके पर सीएमएस पीके राय, नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह, सहित चिकित्सक व कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क जर्जर

● लम्भुआ-जमखुरी मार्ग पर बरसात में बन गए गड्ढे

● पीएमजीएसवाई के तहत बनी थी सड़क



संवाददाता। लम्भुआ, सुलतानपुर

**लगातार** बरसात इलाके की सड़कों के लिए मुसीबत बनकर आयी है। महज चार साल पहले बनकर तैयार हुई इस सड़क पर करीब चार करोड़ रुपये खर्च किये गए थे। हर साल सड़क के अनुरक्षण के नाम पर भी हजारों रुपये कागज में खर्च कर दिए जाते हैं। इसके बावजूद सड़क की जर्जर हालत का खामियाजा राहगीरों, साइकिल व बाइक सवारों को भुगतना पड़ रहा है। बीते समाजवादी पार्टी की सरकार में लम्भुआ-जमखुरी मार्ग का पुनर्निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराया जाना प्रस्तावित किया गया था। उस दौरान ही सड़क का टेंडर भी कराया गया था। तीन करोड़ 88 लाख 77 हजार से बनी यह सड़क 2017 में मौजूदा भाजपा सरकार के गठन के बाद ही पूरी हो सकी थी। एक साल बाद ही सड़क उधड़ने लगी। करीब 13 किमी की इस सड़क पर अब जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सबसे ज्यादा दुर्दशा शाहगढ़ कस्बे से आगे है। शाहगढ़ से जमखुरी तक कई स्थानों पर सड़क पर जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। दरअसल, यह सड़क आगे मोतिगरपुर होते हुए अम्बेडकरनगर तक जाती है। इसके अलावां सुलतानपुर आजमगढ़ मार्ग से भी जुड़ती है। मामपुर निवासी दिनेश सिंह कहते हैं कि कई महीनों से यह सड़क चलने लायक ही नहीं है। लोग रोजाना ही चोटिल हो रहे हैं। जमखुरी रवि तिवारी व वशिष्ठ नारायण पाठक ने बताया कि दियरा पुल से शाहगढ़ कस्बे के बीच बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बाइक व साइकिल सवारों के अलावां रात में राहगीर भी इन गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### थाने का चक्कर काटने को मजबूर पिता

**श्रावस्ती।** जमुनहा थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चमर पुरवा निवासी इदरीश पुत्र शमशेर ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिनांक 22 अक्टूबर को सुबह 9रू00 बजे मेरी नाबालिग पुत्री गांव के पश्चिम में धान का पुआल उठाने जा रही थी जिसे गांव के ही रहने वाले डब्ल्यू यादव पुत्र सुंदर यादव ने रास्ते में मेरी लड़की का हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा जिस पर मेरी लड़की द्वारा शोर मचाया गया जिससे विपक्षी मौके से भाग गये । इस संबंध में इदरीश पुत्र शमशेर ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है जिस पर पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी हैं। इस संबंध में थाना मल्हीपुर के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया मेरे संज्ञान में मामला नहीं था आप द्वारा जानकारी में आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से महिला की गई जान

**कूरेभार, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के मियागंज के पास सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात ट्रक वाहन ने टक्कर मार दिया टक्कर लगने से महिला की घटना स्थल पर मौत हो गयी सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक एस के पटेल ने शव का पंचनामा करवाया। अयोध्या प्रयागराज मार्ग पर शनिवार की रात करीब आठ बजे मियागंज के पास सड़क पार कर रही एक पैतीस वर्षीय महिला को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया टक्कर लगने से महिला की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। वही महिला के शव का शिनाख्त नही हो पायी। थाना अध्यक्ष मनबोध तिवारी ने बताया की महिला की शिनाखत नही हो पाई शव की शिनाख्त के लिए मर्च्युरी में 36 घण्टे के लिए रखा गया है। सोशल मीडिया पर पहचान के लिए वायरल किया गया हैं।

### चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत बल्दीराय पुलिस ने चोरी के दो अभियुक्तों को धर दबोचा। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया है। अभियुक्तों की शिनाख्त मुकेश तिवारी व राकेश तिवारी पुत्रगण बलदेव तिवारी निवासी लादी का पुरवा अमृतपुर थाना बल्दीराय सुलतानपुर के रूप में हुई। उधर जिले में कोविड-19 के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान में 94 लोगों के विरुद्ध मास्क न लगाए जाने व थूकने पर 94 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है।

### डेढ़ दर्जन का शांतिभंग में चालान

**सुलतानपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने पर डेढ़ दर्जन लोगों पर कार्यवाही की है। जिसमें से मोतिगरपुर से तीन, जयसिंहपुर से चार, कोतवाली नगर से दो, बल्दीराय से एक, हलियापुर से एक, कादीपुर से तीन, दोस्तपुर से चार लोग शामिल है।

### खिलाड़ियों की नीलामी 8 नवम्बर को

**रायबरेली** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष एक बार फिर से श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में रायबरेली क्रिकेट लीग का आयोजन 16 नवम्बर, 2020 से किया जा रहा है जिसका चयन ट्रायल दिनांक 01 नवम्बर 2020 रविवार को पं0 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों की प्रतिभा का परीक्षण मुख्य चयनकर्ता मो0 अयाज़ व अमित श्रीवास्तव ने किया। मुख्य आयोजक धनन्जय सिंह ने बताया कि इस ट्रायल में चयनित होने वाले खिलाड़ियों की नीलामी 8 नवम्बर, 2020 को ऑक्शन द्वारा की जाएगी। इस टूर्नामेन्ट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इस मौके पर डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. एसएम सिंह, डब्ल्यू सिंह, शत्रोहन सोनकर, शोभित सिंह, नितिन बजाज, सर्वेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, संजय बंसल, मो0 मुशीर, राजीव अग्रवाल इत्यादि मौजूद रहे।

### माता के भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**कूरेभार, सुलतानपुर।** धनपतगंज क्षेत्र के तिवारीपुर मुजौना गाँव में स्थित काली माता के मंदिर पर हर साल की भाँति इस साल भी ग्रामीणों ने माता के दरबार में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। उसके बाद भंडारे में पहुचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सहयोगी ''पत्रकार'' शिवप्रकाश तिवारी, अनिल तिवारी, मुन्ना तिवारी, अनुरुद्ध तिवारी, विरजेंद्र तिवारी, रावल तिवारी, सुमित तिवारी काली प्रसाद तिवारी, राजेंद्र तिवारी, सुनिल तिवारी, अंकित तिवारी, विपिन, विपिन मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हादसे में युवक की मौत

**लालगंज रायबरेली।** दो बाईको की आमने सामने हुई भिडंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक रेलकोच फैक्ट्री के निकट दो बाईक सवार आपस में भिड गये। जिसमें सोहवल निवासी पिंटू 40 पुत्र विश्वनाथ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि लोगो की मदद से तीन अन्य घायल युवको को इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है।

### आदिकवि महाऋषि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई

**लालगंज रायबरेली।** विश्व हिन्दू परिषद् लालगंज बैसवारा द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर आदिकवि महाऋषि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई गई कोविड 19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रांतीय सह सेवा प्रमुख श्याम जी , जिला अध्यक्ष शिवकुमार जी , जिले के सहमंत्री पंकज जी एडवोकेट , जिला कार्याध्यक्ष रुपेश आदि कार्यकर्ताओ ने महाऋषि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन करके महाऋषि जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूजनीय महाऋषि वाल्मीकि जी हम सबके आदर्श और प्रेरणास्रोत हैं। समग्र ग्राम विकास राष्ट्रीय स्वयं सेवक संग के प्रतं प्रमुख लायक सिंह के नेतृत्व मे उत्तरा गोरी गांव मे सामुहिक रूप से खीर भोज का आयोजन किया गया।शरद पूर्णिमा के अवसर पर लायक सिंह ने कहा कि आज के दिन चन्द्रमाचन 16 कलावो से युक्त पूर्णता को प्राप्त कर्ता है।इस लिए चन्द्रमा से अमृत बरसता है।इस मौके पर ब्रजेदर,धर्मेन्द्र, हरिप्रसाद, रामानंद, दीपक सिंह, शेखर साहु, सहभागी रहे।

### ट्रैक्टर ने साइकिल सवार को रौंदा , मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक साइकिल सवार वृद्ध को रौंद डाला । जिसकी ऊंचाहार सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई है मामला प्रतापगढ़ जनपद के विहार तिराहा का है । जिले के गांव महरूपुर थाना हथगंवा निवासी लल्लू 65 वर्ष पुत्र बृजलाल साईकिल से बाजार जा रहे थे । बिहार तिराहा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनको टक्कर मारते हुए रौंद डाला । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । पहले उनको पास के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया । जहां से फिर एनटीपीसी चिकित्सालय और उसके बाद ऊंचाहार सीएचसी लाया गया । सीएचसी में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है ।

### इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

**गोंडा।** बीते माह बालपुर के समीप हुये वाहन दुर्घटना में घायल हुई एक महिला सिपाही समेत तीन लोगों में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह जानकारी मृतक के बड़े भी मुन्नालाल ने देते हुए बताया कि बीते 8 सितम्बर को बालपुर के समीप एक लग्जरी वाहन की चपेट में आकर उसके छोटे भाई भुलई व भतीजी प्रियंका के साथ कोतवाली करनैलगंज कोतवाली में तैनात महिला आरक्षी सुस्मिता पाल घायल हो गये थे। भुलई 25 वर्ष को गम्भीर अवस्था मे देखकर गोंडा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां करीब एक सप्ताह तक इलाज चला। मगर सुधार न होने के कारण उन्हें लखनऊ के लिये रेफर कर दिया गया। जहां एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**रायबरेली।** नवम्बर माह शुरू होने के साथ ही यातयात माह की औपचारिकताएं भी शुरू हो जाती है। प्रत्येक वर्ष पुलिस विभाग द्वारा नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है, ताकि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हादसों में कमी लाई जा सके। इसी क्रम में यातायात माह नवम्बर-2020 का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल नपापरि अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव, द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। यातायात माह के शुभारंभ के अवसर पर सुपर मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि यातायात जागरूकता से हादसों में कमी आती है और इससे दुर्घटनाएं जानकारी के बच सकती इस अवसर पर मुख्य रूप से अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर शहर कोतवाल आदि मौजूद रहे।

# इलाज के दौरान आरक्षी ने तोड़ा दम

● किसानी-मजदूरी करके पिता ने बेटे को पहुंचाया था मुकाम तक परिवार का था इकलौता सहारा



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**किसी** ने सच ही कहा है की आगे क्या होता है किसको पता ऐसा ही मामला आज बछरावां थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी पर तैनात आरक्षी रॉबिन सिंह पुत्र जसपाल सिंह की बीती रात भीषण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए किया गया था ट्रामा सेंटर पहुंचने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई सिपाही कि मौत की खबर जिले के पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी सहित पूरे पुलिस महकमे में सिपाही की मौत पर गहरा दुख जताया बुलंदशहर के अरनिया थाना रानिया बली ढकपुरा गांव के रहने वाले रोबिन सिंह 2019 बैच के सिपाही थे बछरावां थाने की चौकी में तैनात थे बीती देर रात को चौकी से बछरावां थाने किसी काम से आ रहे थे इसी दौरान उनकी बुलेट मोटरसाइकिल चौकी से कुछ दूर पर ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई जिसमें वह और उनका साथी दोनों घायल हो गए आरक्षी को ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान वहां उसकी मौत हो गई रोबिन की मौत की खबर जैसे ही पुलिस महकमे को मिली सभी पुलिसकर्मी शोक में डूब गए जानकारी रॉबिन के परिजनों को दी गई पिता जसपाल सिंह व माता सुनीता देवी बड़ी बहन प्रतिभा सिंह छोटे भाई अनिकेत का रो रो कर बुरा हाल पूरा परिवार रोबिन पर आश्रित था पिता कृषि कार्य कर कर गुजर-बसर करता था बेटे को नौकरी में आ जाने के बाद परिवार में खुशहाली आई थी बड़ी बहन प्रतिभा की शादी आने वाली 10 नवंबर को होनी थी जिसकी तैयारियों में परिवार जोर-शोर से जुटा था अगले एक-दो दिन में शादी की छुट्टियां लेकर घर जाना चाहता था लेकिन परिवार को कुछ और ही मंजूर था खुशियां ज्यादा देर टिक न सकी और असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा रोबिन के पार्थिक शरीर को रायबरेली पुलिस लाइन ले जाया गया जहां पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लाखों की धांधली की होगी वसूली

**ऊंचाहार,रायबरेली।** गांव के प्रधान ने नाली व खडंजा निर्माण में जमकर लूट की है। यही नहीं उसने नियमों को दरकिनार करके ऐसे लोगो को आवास आवंटित कर दिया , जिनके पास पहले से ही पक्का मकान था । अब जांच में मामला का खुलासा हुआ तो सभी से आहरण किए धन की वसूली का आदेश जारी हुआ है । मामला रोंहनिया विकासखंड के गांव सराय अख्तियार का है । प्रकरण वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 का है । इस दौरान गांव की प्रधान महजबीन थी । उस समय गांव के मकबूल के दरवाजे से राम दुलारे के घर तक खडंजा का निर्माण किया गया था । इसी के साथ गांव के सुंदरलाल के दरवाजे से तालाब तक पक्की नाली का भी निर्माण हुआ था । इस मामले के जमकर खेल हुआ और घटिया सामग्री से खडंजा न नाली निर्माण की केवल औपचारिकता पूरी की गई थी । मामले की शिकायत उच्च स्तर पर हुई थी तो पूरे प्रकरण की जांच तकनीकी जानकारों के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी ने किया था । जिसमे सरकारी धन के दुरुपयोग और धांधली पाई गई थी । रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई । उसके बाद पूरा मामला मनरेगा अपर आयुक्त तक पहुंच गया । मामले में सोशल आडिट में पाई गई धांधली में कुल 92 हजार रुपए की धांधली केवल उपरोक्त नाली व खडंजा निर्माण में पाई गई है । यही नहीं वित्तीय वर्ष 2013-14 में गांव के विजय कुमार पुत्र भगवत और निर्मला देवी पत्नी मिश्रीलाल को आवास का लाभ दिया गया था । जांच टीम ने यह पाया कि आवास के दोनों लाभार्थी अपात्र है और उनके पास पहले से ही पक्के मकान है । इस प्रकार से दोनों आवासों का आवंटन नियम विरुद्ध और शासन की मंशा के विपरित हुआ है । अब करीब पांच साल बाद उपरोक्त सभी मामलों में धन के गबन का मामला मानते हुए सरकारी धन की रिकवरी का आदेश हुआ है । अपर आयुक्त मनरेगा के निर्देश पर जिला मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्व प्रधान और आवास के लाभार्थियों को नोटिस जारी करके सरकारी धन को जमा करने के निर्देश दिए है । सीडीओ ने नोटिस में यह भी कहा है कि यदि समय सीमा के अंदर धन को नहीं जमा किया गया तो राजस्व वसूली की भांति सभी से धन की वसूली की जाएगी ।

# यातायात माह पर जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली



**श्रावस्ती।** भिनगा 1 नवम्बर को यातायात माह नवंबर का शुभारंभ किया गया इस अवसर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर वा यातायात हौसला प्रसाद प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।यह बाइक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रवाना होकर कस्बा भिनगा का भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुये जागरुक किया । क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद द्वारा ईदगाह तिराहा कस्बा भिनगा पर आने वाले को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुये पम्पलेट वितरित किएए साथ ही लोगो को यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने सगे.सम्बन्धियों को भी नियमों का पालन कराने हेतु प्रेरित किया गया। यह अभियान पूरे माह चलेगा इस दौरान पुलिस द्वारा स्वयंसेवी संस्थानों व परिवहन विभाग के साथ मिलकर स्कूल कॉलेजों भीड़.भाड़ वाले स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, कई हुए जख्मी

**सुल्तानपुर।** लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाईवे पर कुड़वार थाना क्षेत्र के साहबगंज बाईपास के पास शनिवार रात दुर्गापूजा विसर्जन से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाईवे पर कुड़वार थाना क्षेत्र के साहबगंज बाईपास के पास शनिवार रात दुर्गापूजा विसर्जन से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई, जिसमें 12 लोग जख्मी हो गए। इसी क्रम में सड़क पर टहल रही तीन महिलाएं भी घटना की शिकार हुई हैं। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। प्रधान फिरोज खान ने बताया कि विसर्जन के लिए गए थे।

# डीएम ने कौशल विकास की योजनाओं के एलईडी वैन को दिखाई हरी झण्डी

संवाददाता। श्रावस्ती



**जिलाधिकारी** टीके शिबु वा मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने सतरंग कार्यक्रम के तहत आईटीआई व कौशल विकास योजनाओं के प्रचार.प्रसार के लिए कलेक्ट्रेट से एलईडी वैन व सांस्कृतिक दल को संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वैन कौशल विकास की योजनाओं के प्रचार.प्रसार के साथ ही सांस्कृतिक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रचार वाहन से लोगों को कौशल विकास की योजनाओं के प्रति जागरूकता आएगी जिससे वे रोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा सकेगें। जिलाधिकारी ने सतरंग कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास मुख्यमंत्री अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीम जिला कौशल विकास योजना कौशल पखवाड़ा अन्तर्राष्ट्रीय मानदण्ड के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आईआईटी कानपुर आइआइएम लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग से राज्य सरकार का एमओयू आरपीएल प्लेसमेन्ट एजेन्सीज व रोजगार मेले का आयोजन शामिल किया गया है।

जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से बात कर उनका हौसला बढाकर नियमित ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी और कहा कि व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास मिशन से निश्चित ही जनपद को लाभ मिलेगा।कौशल विकास योजना के जिला समन्वयक राम सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में निर्धारित स्थलों जोखवा बाजार बदला नासिरगंज तथा हरदत्तनगर गिरन्ट सहित जिले के चार स्थलों पर एक दिवसीय कौशल विकास की योजनाओं का प्रचार.प्रसार व नुक्कड़ नाटक किया जाएगा।

# ई-लोक अदालत में निपटे 71 वाद

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार रविवार को ई-लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल-29 पारिवारिक एवं 42 मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित वाद निस्तारित किये गये। इस ई-लोक अदालत में पारिवारिक एवं मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 71 वाद निस्तारित करते हुए रूपये 2294000/- समझौता राशि तय किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोण्डा के प्रभारी सचिव/सिविल जज रविशंकर गुप्ता द्वारा बताया गया कि इस ई-लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय गोण्डा दुर्ग नरायन सिंह द्वारा-10 पारिवारिक वाद एवं मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, गोण्डा के पीठासीन अधिकारी मयंक चौहान द्वारा 42 मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों का निस्तारण करते हुए 2294000/- की समझौता राशि तय की गयी।

# कभी-कभी जन्म लेता है सरदार पटेल जैसा व्यक्तित्व

संवाददाता। गोंडा

**नेहरु** युवा केन्द्र के बैनर तले राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम स्थानीय विद्यालय श्री राम शंकर अयोध्या प्रसाद बालिका इंटर कालेज कौड़िया में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष कौड़िया मनोज सिंह एवं क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी हरिश्याम दूबे ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया।

थानाध्यक्ष कौड़िया मनोज सिंह ने कहा की सरदार पटेल जैसा व्यक्तित्व इस दुनिया में कभी-कभी ही जन्म लेता है। उन्होंने देश की कितनी ही रियासतों को एक करके राष्ट्रीय एकता को जो बढ़ावा दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व राष्ट्रीय सेवा कर्मी विनय श्रीवास्तव ने नेहरु युवा केन्द्र के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगो से एक जुट होकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। वहीं समाजसेवी हरिश्याम दूबे ने सरदार पटेल के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी देते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिये सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में नेहरु युवा केन्द्र के जिला युवा समन्वयक तरंग सारस्वत ने सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा की सरदार पटेल ने देश की आजादी के बाद देश की एकता की मजबूती के लिए महान कार्य किया। कार्यक्रम प्रभारी व युवा समाजसेवी रजनीकान्त तिवारी ने कहा कि युवा ही देश की शक्ति है। अत: युवाओं को कुशल नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए इस तरह के आयोजनों का होना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान निबंध प्रतियोगिता, रैली एवं एकता के लिये दौड़ कराया गया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में मोहित शुक्ला, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक महेश कुमार, आशीष त्रिपाठी, मोनिका गुप्ता, राहुल यादव, राम अनुज आदि मौजूद रहे।

# आग लगने से आठ घर राख

**करनैलगंज ( गोंडा )।** अचानक अज्ञात कारणों से लगी आग से आठ लोगों का घर जलकर राख हो गया। जिसमे करीब दस लाख से अधिक का नुकसान का अनुमान है। मामला कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम नरायनपुर माझा के मजरा भलियन पुरवा का है। यहां के निवासी आठ ग्रामीणों के छप्पर के घर में रविवार की शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने उग्र रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक घर को अपने आगोश में लेता गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक आठ लोगो का घर जल कर राख हो गया। जिसमे किश्मत अली, हैदर अली, परवीन, हशमत अली, हसन मोहम्मद, अलताब, इम्तियाज व जुमई का घर सामिल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड का वाहन बुलाकर शेष बची आग को शांत कराया। ग्रामीणों के मुताबिक आग से करीब दस लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

# भंभुआ पुलिस चौकी पर पंचायत लगाने की चेतावनी

संवाददाता। गोंडा

**भारतीय** किसान यूनियन के कार्यकर्ता की पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने दो नवंबर सोमवार को भंभुआ पुलिस चौकी पर पंचायत लगाने की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार उपाध्याय ने अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा है कि 27 अक्टूबर को रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष पुलिस चौकी भभुआ पहुंचे। दोनों पक्षों में पुराना विवाद था उसी में संगठन के कार्यकर्ता भगवत शरण गोस्वामी निवासी ग्राम मौहर को पुलिस चौकी पर बेरहमी से पिटाई की गई। जिससे कार्यकर्ता के नाक व मुंह से खून आ गया। उसके बाद शांति भंग की धारा में उसका चालान कर दिया गया। मामला संगठन का होने के कारण इस मामले को संगठन ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस चौकी पर सोमवार को पंचायत लगाने व धरना देने का फैसला लिया है। यूनियन के नेता भूपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यकर्ता की पिटाई के विरोध में यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पुलिस चौकी पर सोमवार को धरना देंगे और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे। दूसरी तरफ भभुआ चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार गंगवार बताते हैं कि इस प्रकार की कोई घटना पुलिस चौकी पर नहीं हुई है।

### कमीशन खोरी का आरोप

**करनैलगंज ( गोंडा )।** धान क्रय केंद्रों पर किसानों की फसल की खरीद न होने एवं तौल का झांसा देकर उन्हें गुमराह करने के साथ-साथ कमीशन खोरी का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के दुखहरण सिंह ने एसडीएम को पत्र लिखा है। किसानों का धान खरीद न होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। किसानों की धान की गाड़ियां कई दिनों तक खड़ी रहती हैं।

# हर कदम पर 'आशा' का जाल

## गरीब महिलाओं के जीवन से खिलवाड़ कर रहीं आशा बहुएं

## बेहतर डिलीवरी की सुविधा का झांसा देकर पहुंचा दे रहीं प्राइवेट अस्पताल

## पीड़ित महिलाओं ने डीएम से लगाई गुहार

### हाल महिला अस्पताल का




संवाददाता। बस्ती

**महिला** अस्पताल पूरी तरह आशा बहुओं के चंगुल में है। यहां पर हर तरफ इनका जाल फैला हुआ है। गोल बनाकर सुबह नौ बजे ही अस्पताल पहुंच जाती है, और गेट पर ही उन गरीब महिलाओं को अपने जाल में फंसा लेती है, जो डिलीवरी के लिए आती है। अशिक्षित और गरीब महिलाओं को यह कहकर अपने साथ तयशुदा नर्सिंग होम में ले जाती है कि महिला अस्पताल के अधिकतर डाक्टरों को कोरोना हुआ है। यहां डिलीवरी करवाई तो तुम्हें और तुम्हारे होने वाले बच्चे को भी कारोना हो जाएगा और जान भी जा सकती है। डर के मारे गरीब महिलाएं इनके झांसे में आ जाती हैं। सभी महिलाओं की डिलीवरी आपरेशन से कराई जाती है, ताकि कमीशन का प्रतिशत बढ़ सके। ये आशा बहुएं प्राइवेट अस्पतालों के लिए दलाली का काम कर रही है। चार पीड़ित महिलाओं ने डीएम को पत्र लिखकर गरीब महिलाओं की जान बचाने की गुहार लगाई है। डीएम ने जांच के आदेश भी दिएं हैं।

सीएमएस डा. सुषमा सिन्हा का कहना है कि डीएम का पत्र उन्हें मिल गया है, और उन्होंने आषा बहुओं का और प्राइवेट अस्पताल का नाम लिखकर सीएमओ को कार्रवाई के लिए दिया है। इस बाबत सीएमएस डा. सुषमा सिन्हा का कहना है कि डीएम का पत्र उन्हें मिल गया है, और उन्होंने आषा बहुओं का और प्राइवेट अस्पताल का नाम लिखकर सीएमओ को कार्रवाई के लिए दे दिया हूं। उन्होने कहा कि वह खुद कुछ लोगों को पकड़वा चुकी है, एक को तो जेल तक पहुंचा चुकी है, बावजूद गरीब महिलाओं का षोषण जारी है। बताया कि जिन पीड़ित महिलाओं ने लिखित में दिया है, उनमें सरिता पत्नी अरविंद कुमार गिदही खुर्द, रजनी पत्नी षिवचरन गोनार, शकुंतला पत्नी घनश्याम देइसाड़ और संध्या पांडेय भानपुर का नाम शामिल है। जिन आशा बहुओं का नाम कार्रवाई के लिए दिया गया है, उनमें नीतू सिंह मरवटिया, उषा सिंह खीरीघाट और मुन्नी सिंह षमसापुर का नाम शामिल है। जिस प्राइवेट अस्पताल पर महिलाओं को डिलीवरी के लिए ले जाने की बात कही है, उनमें जिला अस्पताल के पास न्यू अवध नामक अस्पताल का नाम शामिल है।

# सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान शुरु

**बस्ती**। जिले में रविवार से तीन अलग-अलग विशेष अभियान का आगाज हुआ। सक्रिय क्षय रोगी खोजी अभियान (एसीएफ) 11 नवम्बर तक चलेगा, जबकि विशेष टीकाकरण अभियान पूरे जनवरी माह तक चलेगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत पहली नवम्बर को 83 गांवों में लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाए जाने की शुरूआत हुई। यह ऐसे गांव हैं जिनमें किसी भी लाभार्थी के पास गोल्डेन कार्ड नहीं था। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. सीएल कन्नौजिया ने बताया कि इस बार अभियान के तहत 2.83 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। सीएमओ डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए तीनों अभियान का शुभारंभ हुआ है इस बार एसीएफ कैंपेन के दौरान मेडिकल टीम दो गज दूरी बना कर लक्षण पूछेंगी। टीम के सभी सदस्य मॉस्क, ग्लब्स, हैंडकैप और सैनेटाइजर से लैस रहेंगे।

# भूमि विवाद के मामलों को रोकेगा आपरेशन मीडिएटर

## आपसी सुलह के जरिए विवादों का होगा निस्तारण, चलेगा अभियान:डीएम

संवाददाता। बस्ती

**आशुतोष** निरंजन ने बताया कि ऑपरेशन मीडिएटर अभियान के तहत निजी भूमि विवादों का निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए सभी एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं तहसीलदार को पत्र भेज दिया गया है। उन्होने कहा है कि माह नवंबर में प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शनिवार एवं रविवार को अभियान चलेगा। एक दिन में एक थाने का एक गांव चयनित कर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों को इस अभियान के तहत नहीं लिया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्राम प्रधान एवं अन्य संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में आपसी बातचीत सुलह समझौते के माध्यम से विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मध्यस्थता की जाएगी तथा भूमि विवाद का निस्तारण किया जाएगा। कहा कि जिन गांव में भूमि विवाद की शिकायत ज्यादा है, पहले उन्हीं गांव को चिन्हांकित कर निस्तारित किया जाएगा। भूमि विवादों के निस्तारण के लिए राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस विभाग के उपनिरीक्षक की संयुक्त टीम बनाई जाएगी। इस टीम में राजस्व गांव के लेखपाल के साथ-साथ चार अन्य लेखपाल भी होंगे। हल्का सिपाही या पुलिस कांस्टेबल भी साथ में होगें। संवेदनशील प्रकरणों में कार्मिकों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। टीम की रवानगी संबंधित थाने से होगी। इसके पहले पूरी टीम की बैठक कर ब्रीफिंग की जाएगी तथा मौके पर की जाने वाली कार्यवाही प्रक्रिया एवं विधिक बिंदुओं पर जानकारी दी जाएगी।

# सरदार पटेल का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है: पटेल

**मीरजापुर**। भारतीय गणराज्य को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौह पुरुष, कुशल प्रशासक, अद्भुत संगठनकर्त्ता, भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अनुप्रिया पटेल ने भरुहना चौराहा स्थित पटेल चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर श्रीमती पटेल ने कहा कि सरदार पटेल जी का त्यागमय जीवन एक भारत-श्रेष्ठ भारत-अखंड भारत के निर्माण हेतु हम सबके लिए एक महान प्रेरणा है। इस अवसर पर भरुहना स्थित जिला कार्यालय पर जिला सहकारी बैंक (मिर्जापुर- सोनभद्र) के निदेशक अरुणेश कुमार सिंह ने अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की एवं संकल्प लेते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

# बीडीए उपाध्यक्ष ने तय किए अधिकारियों के कार्य दायित्व

**बस्ती**। विकास प्राधिकरण के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डीएम और बीडीए उपाध्यक्ष आशुतोष निरंजन ने अधिकारियों व कर्मचारियों के मध्य कार्य वितरण का आदेश जारी किया है। वहीं बीडीए सचिव ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नन्द किशोर कलाल की ओर से प्राधिकरण स्टाफ के किसी साइट पर जाने के दौरान अधिकृत पहचान पत्र अनिवार्य रूप से वहां के भवन स्वामी या जो भी अधिकृत व्यक्ति मौजूद हो उसे दिखाने का आदेश दिया है।

बीडीए उपाध्यक्ष की ओर से किए गए कार्य वितरण आदेश के अनुसार बस्ती विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता पंकज पाण्डेय को प्रर्वतन, अभियंत्रण, मानचित्र, महायोजना एवं अधिष्ठान कार्य सम्पादित करने का दायित्व दिया गया है।

# रोजगार से वंचित हो रहे हैं एपीओ व कम्प्यूटर आपरेटर

## जेम पोर्टल पर तकनीकी कारणों से 112 सेवा प्रदाता क्वालीफाई नहीं कर पाए

संवाददाता। बस्ती

**प्रत्येक** ब्लॉकों में मनरेगा के कामकाज को देखने और कार्यक्रम अधिकारी की मदद करने के लिए एक-एक सहायक कार्यक्रम अधिकारी की नियुक्ति आउट सोर्सिगं के जरिए होनी है। हिसाब किताब देखने के लिए आठ कम्प्यूटर आपरेटर को भी रोजगार मिलेगा। मानव की आपूर्ति जेम पोर्टल के जरिए होनी है। मनरेगा के उपायुक्त इंद्रपाल सिंह यादव की ओर से मानव डिमांड को जेम पोर्टल पर अपलोड किया गया। बिड को फाइनल करने के लिए 29 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। मामला उस समय पेचीदा हो गया, जब सेवाप्रदाओं से तीन साल का टर्नओवर तीन करोड़ की कर दह गई। जब कि 25 अगस्त को जारी शासनादेष के तहत बिड के लागत का 30 फीसद ही टर्न ओवर की मांग करनी चाहिए। जो कि लगभग 70 लाख होता है। अधिक टर्न ओवर की डिमांड के चलते 112 सेवाप्रदाता क्वालीफाई ही नहीं कर पाए। पता चला कि तीन करोड़ के टर्न ओवर के दायरे में चार सेवाप्रदाता आ रहे है। यही कारण है कि बिड अभी तक फाइनल नहीं हो पाया। डीसी मनरेगा ने बताया कि कमेटी ही बिड को फाइनल करेगी। जानकार बताते है कि कमेटी अब कोई रिस्क नहीं लेना चाहती, और संभावना बिड के निरस्त होने की जताई जारही है। वैसे ही कोर्ट के चक्कर में नियुक्ति में इतना बिलंब हो चुका है, और अब कमेटी पुन: कोर्ट के चक्कर में नहीं फंसना चाहती।

# श्रद्धा भाव के साथ मनायी गयी महर्षि बाल्मीकि जयंती

बीजपुर ( सोनभद्र )

**सिद्ध** बेड़िया हनुमान मंदिर बीजपुर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड बीजपुर ने आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि को महाकाव्य रामायण के रचनाकार महर्षि बाल्मीकि के जयंती पर तुलसी कृत रामचरितमानस में वर्णित सुंदरकांड का पाठ कर महर्षि बाल्मीकि जी का जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्माचार्य प्रमुख उपेंद्र प्रताप सिंह ने बाल्मीकि जी के जीवनी के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। श्री सिंह ने बताया कि महर्षि बाल्मीकि के जन्म दिवस को वाल्मीकि जयंती के नाम से जाना जाता है। सबसे पहले महर्षि बाल्मीकि ने ही संस्कृत भाषा में रामायण लिखी थी, जिसे गोस्वामी तुलसीदास ने अवधी भाषा में रूपांतरित किया।

# उद्यमियों को ऋण वितरण में प्रगति लाएं बैंकर्स: डीएम

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने प्रबन्धक, लीड बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्व-रोजगार परक योजनाओं में उद्यमियों के प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता पर निस्तारण करते हुये बैंकों से वार्ता कर ऋण वितरण में प्रगति लायें। जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक में योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक उद्यामियों की मांग पर जिलाधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को भी निर्देशित किया कि औद्योगि क्षेत्र पथरहिया में साई अभियान अनवरत चलाया जाये तथा आद्योगिक परिसर के नाले की सफाई तत्कल कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि एमएसएमई एक्ट 2020 के क्रियान्वयन के लिये प्राप्त दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा उद्योग लगाने वाले प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सभी सम्बंधित विभागों के द्वारा 72 घंटें के अन्दर निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि एक उद्योग लागने से कई क्षेत्रों में लोगों को राजगार सुलभ होता है अत: उद्यामियों के समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर किया जाये बैठक में उपायुक्त उद्योग वीके चौधरी ने कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत मीरजापुर में भौतिक लक्ष्य 60 के सापेक्ष विभिन्न बैकों के द्वारा अभी तक मात्र 28 आवेदन पत्र स्वीकृत करते हुये मात्र छह लोगों को वितरण की कार्यवाही की गयी है।

इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत 110 लक्ष्य के सापेक्ष्य 123 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को भेजा गया है जिसमें 11 आवेदन पत्र स्वीकृत था चार पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत 190 पात्र आवेदन पत्रों के सापेक्ष 31 आवेदन पत्र की स्वीकृत तथा 18 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्रवाई किया गया है। जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित करते हुये कहा कि स्व्यं रूचि लेकर बैंकसै से वार्ता करें तथा आवेदन पत्रों पर ऋृण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। बैठक में औद्योगि आस्थान पथरहिया में साफ-सफाई, औदयोगिक आस्थान पथरहिया एवं चुनार एवं मिनी औदयोगिक आस्थान सिकरी रामनगर मीरजापुर में स्थिति निष्प्रयोज्य औद्योगिक इकाइयों के निस्तीकरण, आदि विषयों पर बिन्दुवार चर्चा की गयी।

## विन्ध्य कारीडोर का डीएम ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्राथमिकता विन्ध्याचल मंदिर व विन्ध्याचल को विकास पर चल रही कार्यवाही को लेकर जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ने विन्ध्य कारीडोर क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा स्थानीय निवासी व पण्डा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी से वार्ता की। इस दौरान स्थानीय लोगों व पण्डे समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी द्वारा स्थानीय लोगों के हितो का ध्यान रखते हुये विन्ध्य कारीडोर योजना का समर्थन किया गया। उन्होंने कहा कि इस योजना से क्षेत्र विकास होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि विन्ध्य कारीडोर के क्षेत्र में आने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर उन्हें उचित मुवाजा के साथ दुकानों का आवंटन किया जायेगा। तदुपरान्त जिलाधिकारी द्वारा माँ विन्ध्यवासिनी देवी का दर्ष-पूजन भी किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी यूपी सिंह, पण्डा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, शेखर उपाध्याय, राज मिश्रा के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक के हस्तक्षेप के बाद अतिक्रमण अभियान पर रोक



संवाददाता। संतकबीरनगर

**मेंहदावल** बाईपास के पास टीन शेड डाल कर ढाबा व होटल चलाने वालों के खिलाफ रविवार को नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान ढाबा संचालकों ने विरोध किया और सदर विधायक के आवास पर पहुंच कर अभियान को रोकने की मांग की। सदर विधायक के हस्तक्षेप के बाद अधिकारी वापस लौट गए। अब यह अभियान जमीन की पैमाइश के बाद चलेगा। शनिवार को डीएम दिव्या मित्तल ने मेंहदावल बाईपास का निरीक्षण किया था। उस समय सड़क के किनारे टीन शेड डालकर ढाबा चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर जमीन को खाली करने का निर्देश दिया है। जिसके क्रम में रविवार को एसडीएम सदर राजनारायण त्रिपाठी, सीओ जीडी मिश्र, नगर पालिका की ईओ बीना सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। जेसीबी से अतिक्रमण को हटाने की तैयारी चल ही रही थी कि उसी दौरान ढाबा संचालकों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद ढाबा संचालक सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे के आवास पर पहुंच गए। ढाबा संचालक रणजीत सिंह, राघवेंद्र सिंह, बाबूलाल, शिवम सिंह, जीतेंद्र ने उक्त जमीन को अपनी जमीन बताते हुए और पैमाइश होने तक अभियान को रोकने की मांग की। जिसके बाद सदर विधायक ने एसडीएम को मामले से अवगत कराया। उसके बाद अभियान रूक गया।

# संकठा प्रसाद का संपूर्ण जीवन सेवा और समर्पण का पर्याय: अनिल

संवाददाता। सोनभद्र



**घोरावल** तहसील क्षेत्र के तिलौली कला गांव के कोलानी चक में रविवार को भारतीय किसान संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आरएसएस के आजीवन प्रचारक रहे स्व. संकठा प्रसाद सिंह की स्मृति में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज्यसभा सांसद रामसकल ने कहा कि तत्कालीन सर संघ चालक गोलवलकर की प्रेरणा से संकठा सिंह पढ़ाई अधूरी छोड़कर देशसेवा के लिए प्रचारक बन गए। आपातकाल के बाद संघ ने कई संगठनों का निर्माण व विस्तार किया, जिसमें से भारतीय किसान संघ में उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश व बाद में संपूर्ण यूपी की जिम्मेदारी मिली। सन 2005 में उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। क्षेत्र प्रचारक अनिल ने कहा कि ठाकुर साहब का संपूर्ण जीवन सेवा व समर्पण का पर्याय था। किसानों के लिए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किसान नेता लालजी तिवारी, बीएचयू के प्रोफेसर रामसिंह एवं प्रो. अनूप कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन गणेशदेव पांडेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक आलोक चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्या, विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, खड्ग जंग बहादुर सिंह,रमेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, डॉ लालजी सिंह, सबल सिंह,गोविंद यादव, अजय सिंह, राजकुमार चौबे,करुणाकर पाठक, सुरभि शोध संस्थान के सूर्यकांत जालान, हरिश्चंद्र मौजूद रहे।

# पंजीकृत कलाकारों को कार्यक्रम के लिए दी जाएगी प्राथमिकता

**मीरजापुर**। **संस्कृति** विभाग द्वारा प्रदेश की विशिष्ट कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के लब्ध प्रतिष्ठ कलाकारों एवं उदीयमान प्रतिभाओं के सहयोग से विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

विभाग की गतिविधियों का सम्यक प्रचार-प्रसार तथा लोक कालाकारों को संस्कृति विभाग से जोड़ने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा ई-डायरेक्टरी लांच की गयी है। देश एवं प्रदेश के सभी कलाकार संस्कृति विभाग की उपरोक्त् वेबसाइड पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अपने सांस्कृतिक आयोजनों में उक्त डायरेकट्री में पंजीकृत कलाकारों को कार्यक्रम प्रदान किये जाने में प्राथमिकता प्रदान की जाती है। यह भी बताया कि उक्त कार्य के लिये जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम को सुगमता से कराया जा सके।

# लाभार्थियों को बनाया आत्मनिर्भर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**संतकबीरनगर**। विकास खण्ड हैसर बाजार के ग्राम राजनौली में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपना खुद का उद्यम स्थापित कर आगे बढ़ने एवं समाज मे स्वरोजगार को बढ़ावा हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कैंडल मेकिंग का समापन हुआ तथा संजय कुमार मुख्य प्रबंधक मार्ग दर्शी बैंक द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। लीड बैंक प्रबंधक ने आरसेटी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के समूह की महिलाओं एवं बेटियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक को स्वरोजगार करने का हुनर विकसित हो रहा है, जिससे लोग आत्मनिर्भर बन सकेंगे और रोजगार के अवसर आसानी से उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर आरसेटी संस्थान के निदेशक अख्तर हुसेन द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य में एक सफल उद्यमी बनने हेतु शुभकामनाएं दिया गया तथा यह भी कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से करके सीखने पर विशेष जोर दिया गया और आप सभी को अपना उद्यम स्थापित करने में आरसेटी द्वारा यथासंभव मदद किया जाएगा।

# उत्साह के साथ मनाया गया कोल इंडिया का 46वां स्थापना दिवस

## एनसीएल मुख्यालय कोयला क्षेत्रों व इकाइयों में हुए कई कार्यक्रम

संवाददाता। सोनभद्र




**नॉर्दर्न** कोलफील्ड्स लिमिटेड में रविवार को होलि्ंडग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का 46वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल प्रभात कुमार सिन्हा ने सभी कर्मियों को कोल इंडिया लिमिटेड के 46वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें गर्व है कि हम विश्व की सबसे बड़ी कोयला कंपनी के भाग है जो देश को निर्बाध कोयला आपूर्ति कर देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। उन्होने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे खनिको ने कोविड जैसी विषम परिस्थिति में भी देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित किया है। कोविड महामारी के चलते इस वर्ष कोल इंडिया का स्थापना दिवस समारोह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जरिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिससे एनसीएल मुख्यालय, सभी क्षेत्र व इकाइयों के कर्मी सीधे जुड़े एवं कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री भारत सरकार, प्रल्हाद जोशी, कोयला सचिव ए के जैन एवं अध्यक्ष कोल इंडिया प्रमोद अग्रवाल के उदबोधन से लाभांवित हुए। समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कोल इंडिया पुरस्कारों की घोषणा एवं वर्चुअल वितरण भी किया गया। एनसीएल के सभी कोयला क्षेत्रों एवं इकाइयों में भी कोल इंडिया लिमिटेड का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। एनसीएल में संपन्न हुए कार्यक्रम में एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रभात कुमार सिन्हा, निदेशक कार्मिक बिमलेंदु कुमार, निदेशक तकनीकी संचालन डा. अनिंद्यय सिन्हा, निदेशक वित्त आर एन दुबे, निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना एसएस सिन्हा उपस्थित रहे।

# यातायात माह में चला जागरूकता अभियान



संवाददाता। संतकबीरनगर

**अपर** पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा मेहदावल बाईपास यातयात कार्यालय पर यातायात माह का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात माह को सकुशल संपन्न कराने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि जनपद की यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा बारे में जनमानस को जागरुक किया जाए। उन्होंने हरी झण्डी दिखाकर यातायात पुलिस के दस्ते को रवाना किया। प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्रा ने यातायात माह में संचालित किए जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। नियमों को ध्यान में रखते हुए निरंतर चेकिंग अभियान एवं जन जागरुकता का कार्य किया जायेगा।

# जनता के साथ शालीनता से पेश आए पुलिस

संवाददाता। बस्ती



**शास्त्री** चौक पर यातायात माह-नवम्बर 2020 का शुभारंभ डीएम आशुतोष निरंजन व एसपी हेमराज मीना ने किया। इस अवसर पर लोगों से सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने हेतु सावधानी पूर्वक रोड पर चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, यातायात नियमों का पालन करने हेतु सुझाव दिया गया एवं रोड सेफ्टी के प्रति लोगो को जागरुक किया गया । कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को चेकिंग के दौरान शालीनता के साथ जनमानस के साथ पेश आने की नसीहत दी। साथ ही यातायात नियमों के संबंध में पम्पलेट आदि के माध्यम से जनता को जागरुक करने के निर्देश दिए गये । टीएसआई कामेश्वर सिंह व अशोक कुमार सिंह ने यातायात माह नवम्बर में संचालित किए जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला और बताया कि नियमों को ध्यान में रखते हुए निरंतर चेकिंग अभियान एवं जन जागरुकता का कार्य किया जायेगा। सघन चेकिंग अभियान चलाकर काली फिल्म, बिना सीट बेल्ट, बाइक पर तीन सवारियां, बिना हेल्मेट तथा नो पार्किंग व नो इन्ट्री का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जायेगी । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर यातायात गिरीश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कलवारी अनिल कुमार सिंह, जगदीश अग्रहरी मण्डल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल और विभिन्न विद्यालयों के बच्चे और कर्मचारी मौजूद रहे।

## हर किसी को यातायात नियमों का पालन करना जरूरी: चौबे

**सोनभद्र**। नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाए जाने का शुभारंभ सदर विधायक भूपेश चौबे व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें यह सिर्फकिसी व्यक्ति के लिए ही नहीं बल्कि उसके पुरे परिवार व समाज के लिए भी काफी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खासकर नए आयु के लोगों में जागरूकता लाने मे यह अभियान कारगर सिद्ध होगा। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में यातायात माह के अवसर पर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की तथा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर सुरक्षित वाहन चलाने हेतु लोगों को प्रेरित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सदर विधायक द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता बाइक रैली का शुभारंभ भी किया गया बाईक रैली में स्वयं जनपद के पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव हेलमेट पहन कर वाहन चलाते हुए स्वर्ण जयंती चौक चौराहे से होते हुए कचहरी रोड से महिला थाना तिराहा से शीतला मंदिर चौक से चंडी तिराहा तक लोगों को जागरूक किया गया।

# प्रचार के अंतिम दिन लगा दी जान

## भाजपा,सपा,बसपा व कांग्रेस ने रोड शो निकाल किया जनसंपर्क

संवाददाता। देवरिया

**प्रचार** के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने अपनी जबरदस्त ताकत दिखाया जहां भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा के प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ रोड शो निकाला । रविवार को शाम 5: 00 बजे तक प्रचार अवधि समाप्त होने तक रोड शो चलता रहा शहर में भटवालिया चौराहे पर सपा प्रत्याशी ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी ने अपने कैंप कार्यालय से रोड शो निकाला जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जन संपर्क करते हुए शाम को वापस अपने कैंप कार्यालय पहुंचा इस दौरान हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे वहीं लोगों के हुजूम में लोक जन संपर्क करते हुए चल रहे थे । भारतीय जनता पार्टी का रोड शो अलग अलग स्थानों पर निकला जहां कार्यकर्ता गुटों में हर मोहल्ले में सुबह 8 बजे से लगातार लोगों से जनसंपर्क चलाया जिसमें राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी अलग अलग क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे भाजपा के प्रत्याशी डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने गौरी बाजार से अपना रोड शो निकालते हुए देवरिया शहर में पहुंचे जिनके साथ हजारों की संख्या में समर्थक थे। बसपा प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी ने अपने विशाल जनसमूह के साथ गौरी बाजार से रोड शो निकाला जो देवरिया पहुंचा जहां हजारों की संख्या में लोग पार्टी पदाधिकारी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे ।जहां लोगों से जन संपर्क करते हुए चल रहे थे जो शहर के विभिन्न स्थानों पर होते हुए जनसंपर्क किया। कांग्रेस प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी चीनी मिल ग्राउंड से रोड शो निकाला जो हनुमान मंदिर होते हुए कॉपरेटिव चौराहा कोतवाली रोड जलकर रोड न्यू कॉलोनी होते हुए भटवालिया चौराहा कतरारी सीसी रोड हरण मंदिर होते हुए टाउन हॉल स्थित कार्यालय पहुंचा जहां उनके साथ हजारों की संख्या में समर्थक थे जो लोगों से वोट मांगते चल रहे थे। वही निर्दल प्रत्याशी अजय कुमार सिंह उफ? पिंटू जो स्वर्गीय विधायक जन्मेजय सिंह के पुत्र है इन्होंने अपना रोड शो अपने देवगांव स्थित आवास से निकाला जिनमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इनके साथ थे जो गौरी बाजार बैतालपुर होते हुए शहर में पहुंचे और पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद वापस अपने आवास चले गए जहां सभी कार्यकर्ताओं ने अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगा और प्रत्याशी ने अपने लिए जनता से वोट मांगा वहीं रविवार की शाम 5 बजे प्रचार अभियान समाप्त हो गया वह सभी प्रत्याशी अपने आवासों पर चुनाव को लेकर मतदान के दिन की रणनीति बनाने में व्यस्त हो गए ।



भाजपा समर्थकों ने बाइक,सपा प्रत्याशी ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी रोड शो करते हुए,कांग्रेस प्रत्याशी रोड शो निकालते, बसपा प्रत्याशी रोड्स निकालते

# मल्हनी: योगी व अखिलेश की प्रतिष्ठा दांव पर

संवाददाता। जौनपुर



**मल्हनी** विधानसभा के उप चुनाव के लिये प्रचार आज बन्द हो गया 03 नवम्बर को मतदान होगा। सपा और भाजपा के प्रचारकों की मल्हनी में उपस्थिति यह संकेत करती है कि इस सीट को लेकर सपा के अखिलेश यादव एवं प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। हलांकि वर्ष 2012 में मल्हनी विधानसभा का गठन हुआ था तभी से इस सीट पर सपा का कब्जा रहा है। सपा अपनी सीट बचाते हुए सपा जनों में जोश का संचार करना चाहती है तो भाजपा सत्ता की हनक पर इस सीट को उप चुनाव में छीनना चाहती है। मतदाता किसके साथ जायेगा और किसकी प्रतिष्ठा बचायेगा यह तो गणना के बाद साफ हो सकेगा। भाजपा की बात करें तो चुनाव की घोषणा के एक दिन पहले से चुनाव प्रचार बन्द होने के एक दिन पहले तक सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ मल्हनी की जनता से तीन बार रूबरू हुए दो बार तो मल्हनी में आये और एक बार वर्चुअल मिटिंग करके जनता से रूबरू हुए थे इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री मल्हनी विधानसभा सीट को लेकर कितने गम्भीर है। इसके अलावां भाजपा के दोनों उप मुख्यमंत्री एवं केशव प्रसाद मौर्यए एवं डा दिनेश शर्मा सहित प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंहए कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्यए फिल्म स्टार सांसद रवि किशन के अलावां सभी गठबंधन के नेता यहाँ भाजपा के पक्ष में वोट मांगने आये थे। इतना ही नहीं तीन मंत्री उपेन्द्र तिवारीए अनिल राजभरए गिरीश चन्द यादव अनवरत मल्हनी विधानसभा क्षेत्र में रह रहे थे। साथ ही पूरी भाजपा लगा दी गयी थी। इतना सबकुछ के बाद भाजपा के चुनाव प्रचार का असर मतदाताओं पर होता नजर नहीं आया। भाजपा का आंकलन चौथे नम्बर पर जनता आंकती रही है यूं तो परिणाम आने के बाद ही स्थित साफ़ हो सकती है। जनता के बीच सरकार के खिलाफ गुस्सा जबरदस्त है। सपा की बात करे तो पहले यह बतादे कि मल्हनी जब से बनी है तब से ही इस सीट पर सपा का कब्जा रहा है इसका कारण यह है कि इस विधानसभा में सपा के मूल मतदाता यादव समाज की संख्या सबसे अधिक है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सशरीर मल्हनी भले ही नहीं आये लेकिन इस उप चुनाव की कमान सपा की ओर से स्वयं सम्भले हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेलए सहित पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललईए एम एल सी लीलावती कुशवाहाए तथा प्रभारी के रूप में एम एल सी राम बृक्ष यादव सहित पूर्व विधायक गुलाब चन्द सरोजएजिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादवए के अलावां पूर्वांचल के जिलों में सपा के सभी नेताओं को प्रचार अभियान में लगाया गया था। सपा प्रचारकों की संख्या इतनी थी प्रत्येक गाँव में सपा जन पूरे दिन जनता से संवाद करते नजर आये। सपा ने अपनी इस सीट को बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दिया है और सफलता के आसार भी नजर आ रहें है। क्योंकि इस दल को जनता के बीच सरकार से नाराजगी का पूरा लाभ मिलने की प्रबल संभावना है। इसके अलावां बसपा की बात करे तो इस पार्टी ने ब्राह्मण कार्ड खेला लेकिन इसका पूरा लाभ बसपा की झोली में जाता नजर नहीं आ रहा है।

### गांजा तस्कर सिपाही को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सकलडीहा,चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सीओ भवनेश चिकारा के निर्देशन में शुक्रवार की देर रात तुलसी आश्रम रेलवे क्रासिंग के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ गया तस्कर लम्बे समय से गांजा की तस्करी और चोरी छिपे कस्बा में बेचता रहा।

### पोखरी में मिली लाश, सनसनी

**गाजीपुर।** जनपद के करण्डा थाना क्षेत्र के चकिया गांव स्थित दौरहिया पोखरी में लगभग बीस वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।मौके पर पहुँची पुलिस शव को बाहर निकलवाते हुए छानबीन में जुट गई है। भोर में टहलने निकले ग्रामीणों ने पोखरी में अज्ञात युवक के शव को पानी के ऊपर तैरते देखा तो सन्न रह गये।

### तमंचे के साथ दबोचा गया टॉप टेन बदमाश

**गाजीपुर।** जनपद में दिलदारनगर थाना क्षेत्र के रकसहा बाईपास पर सन्दिग्ध अवस्था में खड़े टॉपटेन अपराधी असलम कुरैशी पुत्र शाबीर कुरैशी निवासी ग्राम सभा रकसहा थाना दिलदारनगर को 600 ग्राम गांजाए एक अदद तमंचा 315 बोर व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार युवती की मौत

**गाजीपुर।** डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार युवती की मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने गाजीपुर मुहम्मदाबाद मार्ग पर आलमपट्टी चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिंदवलिया में डीहवा निवासी रामभवन कुशवाहा जो सब्जी की दुकान चलाते है उनकी चार पुत्री व एक पुत्र थे जिसमें तीसरी पुत्री कंचन कुशवाहा 22 वर्ष जो साइकिल से आलमपट्टी में ब्यूटी पार्लर सीखने जा रही थीए तभी आलमपट्टी के पास डंपर की चपेट में आ गयी और घटना स?थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

### बोलेरो की चपेट में आने से अधेड़ धायल

**जफराबाद, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया मोड़ के पास बोलेरो की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र कुछमुछ निवासी गोमटी रखकर धर्मापुर.सरैया मोड़ के पास सौन्दर्य प्रसाधन का सामान बेचता था।

### गैंगस्टर एक्ट में दो वांछित गिरफ्तार

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने अलग.अलग स्थानों से गैंगस्टर एक्ट में दो वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से पूरे दिन अफ्रा.तफरी मचा रहा।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**सकलडीहा,चन्दौली।** भाजपा की केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग की ओर से मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि सूर्यमुनी तिवारी और प्रमोद तिवारी ने ने डाण् श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दूसरें दिन शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को भाजपा और जनसंघ के उदेश्य को विस्तार से जानकारी दिया।

# मुख्तार के अवैध साम्राज्य का एक और किला ढहा

संवाददाता। गाजीपुर

## गाजीपुर में गजल होटल पर चला बुल्डोजर



**जनपद** के महुवाबग में मुख्तार अंसारी द्वारा प्रथम तल पर वर्ष 2003 मे रेस्टोरेंट के निर्माण का मानचित्र स्वीकृत कराया गया था। लेकिन उसके स्थान पर एच डी एफ सी बैंक व उसके लिए ए टीएम, जीना आदि का निर्माण भूतल पर दुकानों के स्थान पर किया गया था।

जिसकी स्वीकृति नहीं ली गयी थी। उपरोक्त निर्माण के विरूद्ध भवन स्वामी को आर डी ओ एक्ट के अधीन नोटिस संख्या 123,2020 सरकार बनाम अब्बास अंसारी व उमर अंसारी को उप जिला मजिस्ट्रेट व नियत प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया था। उक्त वाद मे उप जिला मजिस्ट्रेट व नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र गाजीपुर ने सुनवाई करते हुए 8 अक्टूबर को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया था। इस आदेश के खिलाफ भवन स्वामी उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका दाखिल किये जिसमें उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी व नियंत्रक प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने हेतु आदेश याचीगण को दिया था। उक्त आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी व नियंत्रक प्राधिकारी के न्यायालय में अपील भवन स्वामी की ओर से दाखिल किया गया था जिसमें नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड ने सुनवाई करते हुए अपील को निरस्त कर दिया और उपजिला मजिस्ट्रेट सदर व नियत प्राधिकारी के आदेश 8 अक्टूबर का क्रियान्वयन करने हेतु आदेश 31 अक्टूबर को दिया। इस आदेश का अनुपालन 1 नवम्बर को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा कराया गया। नियंत्रक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र गाजीपुर ने होटल के मालिकान अब्बास अंसारी व उमर अंसारी को नोटिस दिया कि इसका निर्माण अवैध है स्वंय अतिक्रमण को गिरा दे वर्ना प्रशासन गिरवा देगा जिसका खर्च होटल के मालिकों को देना पड़ेगा। इस नोटिस के खिलाफ अब्बास अंसारी आदि ने हाईकोर्ट इलाहाबाद में अपील किया। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी के अध्यक्षता में गठित नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड ने अपील को निस्तारित करने के लिए आदेश दिया। शनिवार को बोर्ड ने अब्बास अंसारी और उमर अंसारी द्वारा दाखिल दो अपील को तथ्यहिन करार कर खारिज कर दिया और उप जिला मजिस्ट्रेट व नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र गाजीपुर के ध्वस्तीकरण के फैसले को सही माना। रविवार की सुबह अपर जिलाधिकारी विरा राजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी भूरा सुशील कुमार श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाष कुमार, उपजिलाधिकारी सेवराई रमेश मौर्या, एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी, क्षेत्राधिकारी ओजस्वी चावला, शहर कोतवाल विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस पुलिस फोर्स के साथ महुआबाग स्थित गजल पर पहुंच कर करीब पांच बुलडोजर लगाकर सुबह सात बजे से ही ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू कर दिये।

ध्वस्तीकरण के समय महुआबाग व मिश्रबाजार को चारो तरफ से सील कर रखा गया था उक्त स्थान पर किसी को भी जाने की अनुमति नही थी।

## एसपी ने यातायात माह का किया शुभारम्भ

**मऊ** । शहर के गाजीपुर तिराहा से रविवार को पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने यातयात माह नवंबर.2020 का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान एसपी घुले ने कहा कि प्रत्येक चालक को वाहन चलाते समय पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देनी होगी। वाहन चलाते समय कान में मोबाइल.ईयर फोन लगाना न केवल कानूनन दंडनीय हैए बल्कि ऐसी हरकत जानलेवा भी साबित हो सकती है। यातायात माह के शुभारंभ के साथ ही उन्होंने नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने यातायत नियमों के बारे में विस्तार से बताया और विभागीय अधिकारियों को कड़ाई से सभी नियमों का अनुपालन कराने तथा लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। दुर्घटना विहीन यातयात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने रोड इंजीनियरिग के महत्व एवं सुरक्षित वाहन चालन संबंधित दिशा.निर्देशों से स्कूली बच्चों एवं समाज के अन्य लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक टीएन त्रिपाठीए क्षेत्राधिकारी नगर धनंज मिश्रए नरेश कुमार सिंहए एआरटीओ महेंद्र बाबूए प्रतिसार निरीक्षक विजय कुमार सिंहए टीएसआइ संतोष कुमार सिंह यादव समेत शहर के गणमान्य व्यापारीए टेम्पू यूनियन के पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यातायात माह अभियान का शुभारंभ

**सिद्धार्थ नगर** । सुरक्षित सडक पर सफर अभियान के तहत जनपद मे आज यातायात माह का अभियान शुरू हो गया है।जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान ने हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का शुभारंभ किया। हाइडिल तिराहा अशोक मार्ग से निकाली गई रैली मे कोविड. 19 का पालन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी ने सुरक्षित यातायात को लेकर लोगों को संदेश देते हुए कहा कि कानून की निगाह मे हर किसी के जान की कीमत बराबर है।आप लोग यातायात नियमों का पालन करें वाहन चलाते समय हेलमेटएसीट बेल्ट का प्रयोग करें।ओवर स्पीड गाडी न चलाएं और न ही नाबालिगों के हाथ मे गाडी दें।सुरक्षित तरीके से यात्रा करें ।

## बच्चो को यातायात के नियम बताएं अभिभावक

**चंदौली।** लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने व दुर्घटनाओं से बचने के लिए रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक हेमन्त कुटियाल ने फीता काटकर यातायात जागरूकता माह का उद्घाटन कियातत्पश्चात बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया तथा इससे सम्बन्धित पर्चे भी बांटे । इस अवसर पर एसपी ने कहा कि व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य होता हैए इसे किसी भी प्रकार की लापरवाही करके खतरे में नही डाला जाना चाहिए । कहा कि प्रत्येक माता.पिता एंव अभिभावक द्वारा अपने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए।

## यातायात सुरक्षा के लिये की साइन बोर्ड



**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर ने संस्थाध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ के अध्यक्षता में नगर के व्यस्ततम जेसीज चौराहे पर नागरिकों की सुरक्षा दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए यातायात पालन हेतु यातायात सुरक्षा नियम लिखे हुए साइन बोर्ड की स्थापित किया। इस साइन बोर्ड का लोकार्पण मंडलाध्यक्ष आलोक सेठ ने किया जिन्होंने जन कल्याण के लिए लगाए गए यातायात नियम साइन बोर्ड के लिए जेसीआई परिवार को बधाई दिया। इसी क्रम में पूर्व मंडलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने जेसीआई जौनपुर के लिए जेसीज चौराहे के महत्व को समझाते हुए कहा कि जेसीआई द्वारा ही 39 वर्ष पूर्व इस चौराहे की स्थापना की गई थी और इस चौराहे को एक भव्य रूप दिया गया था।

## यातायात माह शुरू

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह द्वारा एसपी कार्यालय से फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का शुभारंभ किया। इस मौके पर क्षेत्रधिकारी यातायात महमूद अलीएएसपी सिटी गोपीनाथ सोनीए एसपीआरए अनिल कुमार झाए प्रभारी यातायात प्रवीण यादव मौजूद रहे। नवम्बर भर चलने वाले यातायात माह में सड़क पर दुर्घटना मुक्त परिचालन के लिए 14 प्रकार के नियम सुझाव स्वरूप बताये गये है।

## मोर का ससम्मान किया अंतिम संस्कार

**सिरकोनी, जौनपुर।** स्थानीय विकास खंड के अंतर्गत गोपीपुर गांव में रविवार को बसावन तारा बगीचे में एक मोर काफी दिन से बीमार चल रहा था। गांव के लोग उसको जाकर देखे तो दवा के लिए जाने लगे कि उसकी मौत हो गयी। इस पर ग्रामवासी ने उसका अंतिम संस्कार बड़े धूमधाम से किया। गांव के किशन सिंह व विपिन सिंह ने बताया कि इसके छोटेछोटे बच्चे थे। हम लोगों ने डाक्टर को दिखाया एवं बहुत प्रयास किया लेकिन बच पाया। इससे हमें बहुत दुख है। हम गांववासी राम जानकी मंदिर के पुजारी फलाहारी बाबा बजरंगी दास त्यागी के कहने पर इसका अंतिम संस्कार बड़े धूमधाम से कर दिये। इस अवसर पर अजय सिंह, अखिलेंद्र सिंह, संतोष, दीपक,विनय सिंहए विनीत, अमित,आशीष ,अनुज सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने शीतला चौकिया मंडी में बने मतगणना स्थल एवं पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था चुस्तदुरुस्त रहे। मशीन रखने के उपरांत कोई भी व्यक्ति कमरे में प्रवेश न कर पाए । निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के लिए एक अतिरिक्त जनरेटर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कंट्रोल रूम में एकएक ,ए पुलिसकर्मी, कैमरामैन एवं जेई की ड्यूटी लगाने के निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश को दिया। साथ ही कहा कि सभी व्यवस्थाएं शाम तक पूर्ण करके ट्रायल कर लिए जाएं।

### डीएम, एसपी ने जवानों के साथ की बैठक

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर ने पुलिस लाइन में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों एवं सीआरपीएफ के जंवानों के साथ बैठक किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बूथ पर जितनी मजबूती से पुलिस बल खड़े रहेंगे, उतना ही सही चुनाव होगा। पोलिंग एजेंट बनाने की जानकारी देते हुए कहा कि पोलिंग एजेंट बूथ का मतदाता होना चाहिए। मतदाता सूची में उसका नाम होना चाहिए। पोलिंग बूथ के पास मतदाता सूची रह सकती है लेकिन वह सूची बूथ के बाहर नहीं ले जा सकता है। पासधारक पत्रकार बूथ तक जा सकते हैं लेकिन मतदान कक्ष के अन्दर न प्रवेश करेंगे और न ही वीडियो एवं फोटो लेंगे। मतदाताओं को मतदान के समय वोटर स्लिप के साथ एक पहचान पत्र लाना आवश्यक होगा। मॉक पोल 6 बजे पोलिंग एजेंट के सामने शुरू कर देना है। अगर 6 बजे तक पोलिंग एजेंट नहीं आता है तो 15 मिनट तक पोलिंग एजेंट का इंतजार करेंगे। 6:15 तक भी पोलिंग एजेंट नहीं आता है तो 6:15 पर मॉक पोल प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पैरामिलिट्री बल, नाव से नदियों में की जायेगी पेट्रोलिंग

संवाददाता। देवरिया

उप निर्वाचन विधानसभा 2020 देवरिया सदर337 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस प्रबन्ध के अन्तर्गत 5 सुपर जोन, 8 जोन व 48 सेक्टर में विभक्त करते हुए कुल 184 मतदान केन्द्र के अन्तर्गत 487 बूथ बनाये गये हैं। जिसपर नियमानुसार अन्य जनपदों से प्राप्त कुल 108 उप निरीक्षकए 150 मुख्य आरक्षी एवं 570 आरक्षीगणों व 1300 होमगार्ड की ड्यूटी बूथों पर लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल एवं पीएसी बल से भी मतदान केन्द्रों को आच्छादित किया गया है। समस्त क्रिटिकल एवं वल्नरेबल बूथों के पास छतों पर मोर्चा बनाकर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को अत्याधुनिक शस्त्रों से सुसज्जित करते हुए लगाया गया है। जनपद देवरिया को 33 बैरियर व 8 पिकेट से घेराबन्दी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैए जिससे उप निर्वाचन विधानसभा-2020 देवरिया सदर-337 सकुशल संपन्न कराया जा सके।

### मतदान पार्टियों की रेन्डमाइजेशन सम्पन्न

**देवरिया।** निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक डी डी कपाडियाए जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अमित किशोर, मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन की उपस्थिति में मतदान पार्टियों की रेन्डमाइजेशन एन आई सी में सम्पन्न हुई। ज्ञातव्य हो कि कल 2 नवंबर को प्रातः 7 बजे से मतदान पार्टियों की रवानगी विधानसभा उप निर्वाचन को सम्पन्न कराने हेतु राजकीय इंटर कालेज परिसर से होगी।

### रवानगी स्थल का निरीक्षण

**देवरिया।** देवरिया विधानसभा उप निर्वाचन हेतु 3 नवंबर को होने वाले मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों की रवानगी कल 2 नवंबर को राजकीय इंटर कालेज परिसर से होगी। मतदान कार्मिकों को प्रातः 7 बजे रवानगी स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है। मतदान कार्मिकों को यह भी आगह किया गया है कि वे निर्धारित स्थल पर समयानुसार अवश्य ही अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगें।

### निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थिति वर्जित

**देवरिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश पटेल ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष,मंत्री उप निर्वाचन2020 के संबंध में निर्वाचन लडने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया है कि मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व 1 नवंबर 2020 को अपरान्ह् 6 बज प्रचार.प्रसार अभियान बन्द होने के उपरान्त किसी भी कोई वहां की इजाजत नही है।

### भाजपा सरकार में ब्राह्मण सहित अन्य वर्गों पर होते हैं अत्याचार : पवन पाण्डेय

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय ने मल्हनी विस उपचुनाव के सपा प्रत्याशी लकी यादव के समर्थन में सवंसा बक्सा में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जब से उत्तर प्रदेश में बनी है। तब से आम जनता का जीना दुर्लभ हो गया है। बच्चियों से दुष्कर्म की घटनाओं की बाढ़ आ गया है। नौजवान बेरोजगार होते जा रहे हैं। किसान आत्महत्या कर रहा हैं। महिलाएं अब घर से निकलने से डरती हैं। योगी की पुलिस किसी को भी ठोंक दे रही है। अभी गत दिवस कानपुर में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे कि पुलिस पहुंच गयी जहां जुआरी तो भाग निकले लेकिन वहीं से गुजर रहे पप्पू वाजपेयी को पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दिया। हत्याएं तो हर समाज की हो रही हैं। मगर योगी सरकार में ब्राह्मण समाज की हत्या की बाढ़ आ गयी है। भाजपा नेताओं द्वारा लगातार ब्राह्मण समाज को अपमानित किया जा रहा है।

# महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य रचकर समाज का किया मार्गदर्शन



संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

**उत्तर** प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शनिवार को सेवखर कला गांव के हनुमान मंदिर पर भव्य धाम्रिक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम व श्री हनुमान एव रामायण से संबंधित भव्य पाठ का आयोजन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन कर डॉ अजय नारायण द्विवेदीए पं विकास अवस्थी जीए पं अंकित गर्ग जी द्वारा संस्कृत में पाठ किया। अंत में बाल्मीकि रामायण पाठए सांस्कृतिक कार्यक्रमए भजन कीर्तनए सूचना विभाग द्वारा प्रचार.प्रसार आदि का आयोजन किया गया। साथ ही महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कोविड19 प्रोटोकॉल का पालन सावधानीपूर्वक करते हुए पूजा पाठ किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने विश्व के आदि कवि हैं । इन्होंने सर्वप्रथम काव्य की रचना रामायण महाकाव्य के रूप में की थी । महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन परर्यंत उनकी रामायण कृति में एक आदर्श मनुष्य एएक आदर्श समाज को प्रस्तुत किया गया है ।

### जनपद न्यायालय मे ई लोक अदालत का सफल आयोजन

**देवरिया ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए देवरिया के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10ए30 बजे सें मोटर दुर्घटना वादों तथा परिवारिक वादों के निस्तारण हेतु ई.लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें मौके पर ही 60 वादोंध्मुकदमों का निस्तारण किया गया।

### हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने के लिये जताया विरोध

**सकलडीहा,चन्दौली।** हरियाणा के बल्लभगढ़ में सरेआम एक युवती को गोली मारकर हत्या कर दिया गया। घटना को लेकर पूरे देश में उबाल है। रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कैम्प कार्यालय से जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पर विरोध सभा किया। अंत में केन्द्र और हरियाणा सरकार से फांसी की सजा दिलाने की मांग किया। अखिल विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी महिला और छात्राओं के सम्मान व सुरक्षा को लेकर लगातार आवाज उठाया है।

### तीन दम्पत्ति एक-दूजे के साथ रहने को हुए राजी

**मऊ।** महिला ऐच्छिक ब्यूरो की बैठक रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी मधुबन राजकुमार सिंह की देखरेख में हुआ। इसमें कुल 22 मामले आए, जिसमें परामर्श केंद्र के सदस्यों के प्रयास से नौ मामलों का निस्तारण हुआ। इस दौरान तीन दम्पत्ति अपने सभी मतभेद भुलाकर साथ.साथ रहने को तैयार हो गए। वही तीन मामलों मे सुलह न होने की स्थिति में पत्रावली अग्रिम कार्यवाही कार्यवाही के लिए अग्रसारित कर दिया गया। इस दौरान एक मामले में पक्षकारों ने सुलह के लिए समय की मांग किया। वही सात मामलों में एक एक पक्षकार उपस्थित हुए तथा पांच मामलों में कोई पक्षकार उपस्थित नहीं हुआ। जिसके चलते बैठक की अगली तिथि 8 नवम्बर और 22 नवम्बर नियत करते हुए अनुपस्थित पक्षकारों को नोटिस भेजने का निर्देश दिया गया। महिला एच्छिक ब्यूरो के सदस्यों के प्रयास से निशा देवी और सुभाष राम, रीता और संजय तथा सीता और रमाशंकर ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ साथ रहने को तैयार हो गए।

## उत्पीड़न से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**निंदूरा** (बाराबंकी)। बडडूपुर थाना के झरसवां निवासी एक युवक को सट्टेबाज ब्याज पर उधार की रकम वापसी के लिए युवक को प्रताड़ित करने किया। पिता ने जेवरात बेचकर पैसे अदा की। तो ब्याज की रकम मांग कर प्रताड़ित किया जाने लगा । प्रताड़ना से आजिज युवक ने रविवार सुबह घर में फांसी लगा ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने सट्टेबाजों पर कार्रवाई की मांग की है। बडडूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झरसवां निवासी 26 वर्षीय रंजीत मौर्या सट्टेबाजों के जाल में फंस गया इसी थाना क्षेत्र निवासी चार सट्टेबाजों ने युवक को पहले उधार पैसे ब्याज पर देकर सट्टा खिलाया। हारने के बाद मूलधन के ब्याज की रकम भी जोड़ी। मृतक के पिता बलराम मौर्या ने बताया कि उधार के पैसों के साथ ब्याज की रकम वसूलने के लिए कई बार बेटे को जानमाल की धमकी दी गई थी। बीते दिनों उसने अपनी पत्नी के जेवरात बेचकर सटोरियों को दिए थे । इसके बावजूद सभी रंजीत को प्रताड़ित कर रहे थे। बड्डूपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया की मामले की जांच की जा रही है ।

## दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

जगदीशपुर ( **अमेठी** )। कोरोना महामारी को देखते हुए भक्तों ने माता रानी की प्रतिमाओं का शांति पूर्वक विसर्जन किया। वहीं विसर्जन के दौरान जगह जगह पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत विभिन्न गांवों में नवरात्रि पर्व के अवसर पर जगह.जगह पण्डालों में स्थापित माता रानी की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। वहीं कोरोना महामारी के दौरान लोगों ने प्रशासन की ओर से जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए चन्द लोग माता रानी की प्रतिमा लेकर घाट पर पहुंच कर नाव के माध्यम से नदी में विसर्जित किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हल्का इन्चार्ज अखिलेश प्रजापति, उपनिरीक्षक सरफराज अहमद दीपचंद्र यादव जोखन यादव राकेश कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मुस्तैद रहे ।

## चोरी में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी**। लोनी कटरा पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित रहे नरेंद्र यादव को गिरफ्तार करने का दावा किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव ने लम्बे समय से लोनी कटरा मे चोरी के मामले में वांछित रहे अभियुक्त नरेंद्र यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी खरसतिया कोतवाली हैदरगढ़ को त्रिवेदीगंज चौराहा थाना लोनी कटरा से गिरफ्तार करने का दावा किया है।

## बाइक की टक्कर से बालक घायल

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। सड़क पर पैदल जा रहा बालक बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गया। जिसे गम्भीर अवस्था में सीएचसी त्रिवेदीगंज से ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है द्यथाना लोनीकटरा के ग्राम हसनपुर निवासी किरसन का छह वर्षिय नाती बैंती थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली निवासी आर्यन पुत्र रामू गौतम दहिला पोखरा मार्ग पर खेत से घर की तरफ पैदल जा रहा था। जहां पड़ोस के गाँव तिवारी पुरवा निवासी एक युवक की बाइक से हुए एक्सीडेंट में गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## तीन परिवारों का कराया गया पुनर्मिलन

**ललितपुर**। पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर कैप्टन एमएम बेग की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में सीमित पांच परिवारों को बुलाया गया। नई किरण मे तीन मामले में दोनों पक्ष आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद तीन परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। तीन परिवार खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये व दो मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है ।

## बीमार किशोरी की इलाज के दौरान मौत

फतेहपुर (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत माधवपुर मजरे बल्ले पुर गांव में उल्टी दस्त से पीड़ित एक 16 वर्षीय किशोरी की इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लालपुर करौता चौकी अंतर्गत माधवपुर मजरे बल्लेपुर निवासी 16 वर्षीय अनीता पुत्री नौमीलाल जो उल्टी दस्त से पीड़ित थी जिसे देर रात अचानक काफी उल्टी होने लगी जिससे परिजनों ने उसे अनान फानन इलाज के लिए नजदीकी मोहनीपुर डॉक्टर के पास ले गए उसके बाद सीएचसी सूरतगंज ले गए, जहां पर किशोरी ने दम तोड़ दिया।

## अम्बेडकरनगर से बरामद हुआ गुमशुदा बालक

**बाराबंकी**। कुछ दिनों पूर्व एक होटल से सन्दिग्ध हालत में गुमशुदा हुए एक गुमशुदा बालक को कोतवाली नगर पुलिस ने व्यापक प्रचार प्रसार के बाद रविवार को खोज निकाला और पुलिस ने बालक को परिवार को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों पल्हरी निवासी सतीश कुमार गुप्ता ने कोतवाली नगर में बालक की गुमशुदगी दर्ज कराई थी जिसके सीओ सिटी के पर्यवेक्षण के बाद उपनिरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने विवेचना के फलस्वरूप बालक को खोजबीन शुरू की और बालक को अकबरपुर जिला अम्बेडकर नगर के सुभाष सिंह के पास से बरामद करके परिजनों के सुपूर्द कर दिया है।

## महिला श्रमिक पंजीकरण की शुरुआत



**बाराबंकी**। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को सिरौलीगौसपुर तहसील के विकास खण्ड दरियाबाद की ग्राम पंचायत जमीना की ग्राम सभा जारमऊ में ग्राम प्रधान रामफेर यादव की अध्यक्षता में नि:शुल्क महिला श्रमिक पंजीकरण की शुरुआत की गई। श्री यादव ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हम सब की पहली जिम्मेवारी हैं। यूपीबीओसीडब्ल्यू और सीएससी के सौजन्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला श्रमिकों का नि:शुल्क पंजीकरण किया गया। सीएससी प्रभारी दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत से कुल 30 श्रमिक पंजीकरण फार्म जमा किये गए। जिसमें 27 महिला एवं तीन पुरुष श्रमिकों का मौके पर ऑनलाइन फार्म भरा गया।

## संदिग्ध हालात में युवक लापता

**बाराबंकी**। सूदखोरों के उत्पीड़न से परेशान एक युवक के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की पत्नी के तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की है, किंतु समाचार प्रेषण तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर का है विजय कुमार गुप्ता की पत्नी प्रियंका गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पति 31 अक्टूबर से लापता है। शाम को घर वापस ना आने पर जब उसकी तलाश की गई। उसने आरोप लगाया है कि पति विजय गुप्ता ने सूदखोरों से ब्याज पर पैसा उधार लिया था। जिसमें जेवर एवं घर बिक्री करने के बावजूद सूदखोर उसे कर्जे को लेकर आए दिन परेशान किया करते थे, जिससे वह इधर कुछ दिनों से पुराने निबलेट तिराहा के पास स्थित जूस की दुकान पर भी नहीं जा रहा था। जिससे घर में आर्थिक तंगी का माहौल बना हुआ था ।

# भाजपा की विचारधारा और नीतियों को करें आत्मसात

### कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग में बताए मूलमंत्र

**संवाददाता** । बाराबंकी



**मण्डल** के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर मजबूत करने के लिए भाजपा की कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर रविवार को आयोजित हुआ। नगर इकाई का प्रशिक्षण शिविर एक रॉयल रिलाइट होटल में जबकि फ़तेहपुर मण्डल का शिविर बाबा मैरिज लॉन में आयोजित हुआ। इसके जरिये कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों एवं सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा गयी। इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं अन्य तकनीकी पहलुओं से भी कार्यकर्ताओं को रूबरू कराया गया। कई सत्रों में आयोजित शिविर को भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। बाराबंकी नगर में आयोजित शिविर को सम्बोधित करते हुए विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा कि जनसंघ और भाजपा द्वारा चलाये गए कई जनांदोलनों के जरिये करोड़ो लोग संगठन की विचारधारा से जुड़ते गए। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्य पद्धति से रूबरू कराते हुए पार्टी की विचारधारा को आत्मसात करने की हिदायत दी। सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भर भारत विषयक द्वितीय सत्र को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को ध्यान में रख कर अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने पोखरण परमाणु परीक्षण करके दुनिया को बता दिया था कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर विश्व के दबाव में नही आने वाला है। डा. विमल सिंह ने भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर अपना व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र को किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार सिंह सिद्धू ने सम्बोधित किया। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र जायसवाल एवं रमेश कुरील को सम्मानित भी किया। अंतिम सत्र को पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह ने सम्बोधित किया इसके पूर्व प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विष्णु प्रभाकर वर्मा ने की एवं संचालन नगर महामंत्री गुरुदीप सिंह ने किया।

## ई-लोक अदालत का हुआ आयोजन

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार रविवार को मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसों के निस्तारण हेतु ई-लोक अदालत का आयोजन किया गया। कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में जिले में स्थापित मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल द्वारा एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसेजर) के तहत ई-लोक अदालत का आयोजन किया गया। ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में गठित मोटर वाहन दुर्घटना प्रतितोष न्यायाधिकरण द्वारा आयोजित ई-लोक अदालत में कुल 22 मामले लगाए गए जिनमें से पांच का निस्तारण करते हुए 4,90000 रुपये का प्रतितोष भी वसूला गया। उक्त आयोजन में वादकारियों समेत ट्रिब्यूनल के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। आयोजन में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णतया ध्यान दिया गया।

### अदरा नहर पुल के नीचे प्लास्टिक की बोरी में मिले किशोरी के शव का मामला

# ऑनर किलिंग की आहट!

**संवाददाता** । मसौली ( **बाराबंकी** )

**तीन** दिन पूर्व बदोसराय थाना क्षेत्र के अदरा नहर पुल के नीचे प्लास्टिक की बोरी में मिले किशोरी के शव में मृतका के सगे मामा द्वारा सफदरगंज थाने में ऑनर किलिंग की तहरीर देने से नया मोड़ आ गया है। घटना को लेकर क्षेत्र में लोग दबी जुबान से ऑनर किलिंग को सही बता रहे है।

बताते चलें कि गत 29 अक्टूबर को बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अदरा नहर पुल के नीचे से एक किशोरी का शव प्लास्टिक की बोरी से पुलिस ने बरामद किया। सोशल मीडिया पर मृतक किशोरी के वायरल फोटो के दूसरे दिन सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बघौरा निवासी कृष्णानन्द सोनी ने अपनी पुत्री निष्ठा उर्फ निधि सोनी के रूप में पहचान करते हुए मृतका के सहपाठी ग्राम पल्हरी निवासी शौएब उर्फ राजा पुत्र सिराज पर हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस राजा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। वहीं घटना में उस वक्त मोड़ आ गया है, जब रामसनेही घाट थाना क्षेत्र के ग्राम सुमेरगंज निवासी गिरिराज सोनी पुत्र वीरेंद्र सोनी ने सफ्दरगंज पुलिस को तहरीर देकर मृतका के पिता कृष्णानन्द सोनी ए भाई अभिजीत एव सौतेली माँ शशि द्वारा हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। मृतका के सगे मामा गिरिराज सोनी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बहनोई कृष्णानन्द द्वारा शारीरिक एव मानसिक प्रताड़ना के कारण गत वर्ष 11 अगस्त को मेरी बहन दीपमाला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी मृत्यु के बाद कृष्णानन्द सोनी ने शशि नामक महिला से दूसरी शादी कर ली। बहन के दो जुड़वां बेटी एव पुत्र था। बहनोई द्वारा दूसरी शादी करने के बाद सौतेली मां एंव कृष्णानन्द सोनी मेरी दोनों भांजियों को आये दिन परेशान किया करते थे और उनका मकसद था कि दोनों लड़कियां अपने मामा के यहां जाकर रहे, जिसकी शिकायत अक्सर मेरी बड़ी भांजी मृतका निष्ठा सोनी किया करती थी। जब भी हम भांजियों की प्रताड़ना की बात करते तो बहनोई एव मृतका की सौतेली मां एकजुट होकर हम पर हावी हो जाते। निष्ठा उर्फ निधि सोनी की ऑनर किलिंग की घटना का सन्देह जताते हुए मृतका के मामा ने पिता कृष्णानन्द सोनी पुत्र रामसरन, भाई अभिजीत व सौतेली मां शशि सोनी द्वारा हत्या किये जाने का आरोप लगाया है इस संबंध में थानाध्यक्ष सफदरगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के मामा गिरिराज सोनी ने दो बार मुलाकात की है। तहरीर के बारे में बताया कि अभी तक हमे तहरीर का पता नही है बहरहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं किसी के साथ अन्याय नही होगा।

## कोविड-19: तिरस्कार और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवा बनेंगे चैंपियन

### केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने जारी की निर्देशिका

### सोशल मीडिया के माध्यम से करेंगे जागरूक, सही व सटीक जानकारी करें साझा

**संवाददाता** । मीरजापुर

**वैश्विक** महामारी कोरोना संक्रमण का प्रसार धीरे-धीरे कम हो रहा है। इससे ठीक होने वाले व्यक्तियों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इन सबके बीच कोरोना से ठीक हो चुके व्यक्तियों के साथ समाज में भेदभाव और तिरस्कार भी किया जा रहा है। कोविड-19 के दौर में लोगों में फैले तिरस्कार व भेदभाव के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से युवाओं की मदद ली जाएगी। इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक निर्देशिका जारी किया है। जारी निर्देशिका के अनुसार युवाओं को सामाजिक भेदभाव तिरस्कार के खिलाफखड़ा किया जाएगा। जारी निर्देशिका में बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में तिरस्कार का मतलब होता है आपकी बीमारी के चलते कोई व्यक्ति समुदाय आपको नकारात्मक तरीके से देखता है। महामारी के दौर में इसका मतलब यह होता है कि किसी एक बीमारी से जुड़े लोगों को चिन्हित कर उनके साथ भेदभाव या अलग व्यवहार किया जाए। उनकी सामाजिक स्थिति और छवि को नुकसान पहुंचाया जाए। इस तरह का व्यवहार उन लोगों को जो खुद बीमारी से जूझ रहे हो या उनकी देखभाल करने वाले परिवार सदस्य दोस्तों और समुदाय के लोगों को प्रभावित कर सकता है।

**एडवोकेसी के माध्यम से सोच में आएगा बदलाव:** एडवोकेसी का मतलब है किसी मुद्दे को पहचानना और बदलाव की ओर काम करना। जारी निर्देशिका में बताया गया है कि एडवोकेसी के जरिए हम समाज के कमजोर वर्ग की आवाज उठाने में मदद करते हैं। क्योंकि जिन विचारों और परंपराओं में हम बदलाव लाना चाहते हैंए उनका असर इन्हीं वर्गों पर सबसे ज्यादा होता है। एडवोकेसी इसी सामुहिक आवाज का प्रयोग अधिकारों के बचाव और सुरक्षा के लिए करती हैए साथ ही अलग-अलग कार्यों और नई शुरुआत में समर्थन करती है। **भेदभाव के खिलाफआवाज उठाकर बने यूथ चैंपियन:** कोविड.19 से संबंधित सही जानकारी के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालयए विश्व स्वास्थ संगठन, यूनिसेफ दस्त्रावेजों को ही फॉलो करें। जारी निर्देशिका में बताया गया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट या ट्विटर हैंडल से सोशल मीडिया संदेशों और ग्राफिक्स को अपने फेसबुकए व्हाट्सएपए स्नैपचैट इंस्टाग्राम या किसी दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा करें। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप के सभी दोस्तों के पास सही व विश्वसनीय जानकारी है। उचित दूरी बनाकर रखते हुए कोरोना वारियर्स के साथ खींची गई अपनी सेल्फी को सोशल मीडिया पर साझा करें। अपने कोरोना योद्धा को वीडियो कॉल करें और स्क्रीनशॉट ले या उचित दूरी रखते हुए तस्वीर लें।

**हमारा बिंगो गेम खेलें:** कोविड.19 युवा चैंपियन बिंगो नाम का गेम खेल सकते हैं और अपने दोस्तों और साथियों को खेलने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर लाइव होकरए लोगों के साथ मिलकर तिरस्कार और भेदभाव का सामना करने से जुड़ी जानकारी को शेयर कर सकते हैं। **मिथकों को उजागर करने वाली पोस्ट शेयर करें:** जारी निर्देशिका में बताया गया है कि कोविड.19 से संबंधित सही जानकारी देने वाली और मिथकों को उजागर करने वाली पोस्ट साझा करें। भ्रामक जानकारी न फैलाएं। इससे समाज में तिरस्कार और भेदभाव को रोकने में सहायता होगी। इस तरह के पोस्ट का प्रिंट लेकर आप उन्हें अपने आसपास चिपका सकते हैं। इसकी तस्वीरें हमारे साथ सोशल मीडिया पर शेयर करें।

# आरोपियों को गिरफ्तार करने और एनएसए लगाने की मांग

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पीड़ित परिजनों के घर पहुंचे

**संवाददाता** । अमेठी



**बन्दोईया** में दलित प्रधानपति की जलाकर की गयी हत्या ने प्रदेश में सियासी गर्मी पैदा कर दी है। जिससे मृतक प्रधान पति के घर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि घर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को शोक संवेदना के साथ यथासम्भव मदद का आश्वासन भी दे रहे हैं। शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष अमेठी छोटे लाल यादव ने मृतक के परिजनों से मिलकर हत्या के कारणों को जाना तथा रविवार को बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर पूर्व मंत्री गया चरण दिनकर के नेतृत्व में एमएलसी दिनेश चंद्रा, जिलाध्यक्ष अमेठी दिलीप कुमार, महेन्द्र यादव उर्फ मोनू, विधानसभा अध्यक्ष अमेठी सुरेश कुमार के साथ मृतक के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि ग्राम सभा के पैसे के बंदरबाट के लिये ही प्रधान प्रतिनिधि को बांधकर जलाकर बहुत ही जघन्य हत्या की है। उन्होने मुकदमें में नामजद सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश अब ओबीसी व दलित के लोगो को जीने का अधिकार नही है।

## किशोरी ने लगाया सौतेली मां पर उत्पीड़न का आरोप

**सिद्धौर**। थाना जैदपुर के अंतर्गत ग्राम जयचंद्रपुर में एक नाबालिक लड़की ने अपनी सौतेली मां पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जैदपुर थाने में लगाई न्याय की गुहार। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़ित नाबालिक लड़की का कहना है कि उसकी सौतेली में आये दिन उसे बड़ी बेरहमी के साथ मरती पीटती है तथा उसे भद्दी भद्दी गालियां भी देती है । उक्त प्रकरण को लेकर डर से सहमी हुई नाबालिक लड़की ने अपनी आत्म रक्षा के लिए कोतवाली थाना जैदपुर में न्याय की गुहार लगाई है ।

**100 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक गिरफ्तार**

**अमेठी**। जनपद में नौशाद पुत्र स्व. मो. कादिर निवासी बड़ा कजियाना थाना जायस को कंचाना शराब ठेके के पास से 100 ग्राम अवैध स्मैक साथ गिरफ्तार किया गया।

## बाराबंकी में औपचारिकता बना यातायात माह का शुभारंभ

**संवाददाता** । बाराबंकी



**हर** बार की तरह इस बार भी रविवार से जिले में यातायात माह का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ किया और लंबे चौड़े भाषण दिए। एक और जहां उनका भाषण चल रहा था तो वही ठीक सामने वाहन चालक लखनऊ के लिए भूसे की तरह सवारियां भरकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे। अधिकारियों ने अपने संबोधन में यातायात नियमों पर प्रकाश डाला बताया कि नियमों का पालन करने से होने वाली दुर्घटनाओं पर काफी हद तक विराम पाया जा सकता है जन जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है किसी एक के प्रयास से इसमें सुधार नहीं लाया जा सकता सभी को इसके लिए आगे बढ़ कर आना होगा तभी हम सब का प्रयास सार्थक सिद्ध हो सकेगा। यात्रा करते समय हेलमेट और मास्क का प्रयोग करना अनिवार्य बताया कार्यक्रम को अन्य लोगों ने भी संबोधित किया और यातायात का पालन करने पर जोर दिया कहा कि इसमें हम सबकी भलाई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर आदर्श, सिंह पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आरएस गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार पांडे, सीओ यातायात सीमा यादव व पीएसआई रितेश पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

## समाजवादी शिक्षक सभा की बैठक में हुआ मंथन



**बाराबंकी**। रविवार को समाजवादी शिक्षक सभा की एक बैठक जिलाध्यक्ष अमित यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर की गयी। बैठक में जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि वर्तमान में विधान परिषद् शिक्षक एवं स्नातक खण्ड निर्वाचन होने है। जिसके लिए हम सभी शिक्षकों का कर्त्तव्य बनता है कि हम लोग ज्यादा से ज्यादा इण्टर कॉलेजों में अध्यापकों से संपर्क करें और जिनके नाम मतदाता सूची में छूट गये हैं उनके मतदाता फार्म एकत्र करके मतदाता सूची में बढ़ाने का कार्य करें ।समाजवादी शिक्षक सभा के जिला सचिव व मीडिया प्रभारी डा. शरद वर्मा ने विधान परिषद् निर्वाचन से जुड़ी जानकारी से सबको अवगत कराया। बैठक में उपाध्यक्ष राम विलास वर्मा, मानसी यादव, रमेश चन्द्र रावत, अंकित वर्मा, अमित कुमार, अजय कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार यादव, रामसिंह, मानसिंह वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## अमेठी में निकली यातायात जागरूकता रैली

**संवाददाता** । गौरीगंज ( **अमेठी** )




**यातायात** माह के उपलक्ष्य में अमेठी पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । आयोजन के प्रथम दिन अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी दयाराम सरोज द्वारा ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पालन जैसे-नशे की हलत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने आदि के संबन्ध में शपथ दिलायी गयी। तदोपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी दयाराम सरोज द्वाराए पुलिस कार्यालय गौरीगंज से ई-रिक्शा चलकों को हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता मिशन शक्ति रैली को रवाना किया गयाए जो पुलिस कार्यालय से निकलकर हनुमान तिराहा, सब्जी मण्डी होते हुए आमजन व वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए मुसाफिरखाना तिराहा से वापस होकर गौरीगंज कोतवाली के पास समाप्त हुई । इस रैली में यातायात जागरूकता के साथ-साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद अमेठी में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से वूमेन पॉवर लाइन, महिला हेल्प लाइन, एम्बुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, चाइल्ड लाइन, स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात अजय सिंह तोमर मौजूद रहे ।

### नागरिक वाहनों को सावधानी पूर्वक चलाएं: एसपी

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक ललितपुर कैप्टन एमएमबैग ने यातायात माह का शुभारंभ करते हुए उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि वाहनों को सावधानीपूर्वक व नियमानुसार चलाएंए बाइक ड्राइव करने के दौरान हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। तेज वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करेंए साथ ही वाहन चलाते समय नशीली पदार्थों का सेवन न करने को लेकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि यातायात माह पूरे नवंबर चलाया जाएगा और इस दौरान विशेष तौर पर स्कूली वाहनों पर निगरानी रखी जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ब्रजेश कुमार सिह ने बताया कि वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, साथ ही साथ इस बार यातायात माह में चालान और जुर्माने से ज्यादा लोगों को जागरूक करेंगे।